सूर्योदय : 6:45
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 22.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-185 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 14 दिसम्बर 2023
28 जमादिउल अव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## संसद हमले की बरसी पर सुरक्षा फिर धराशायी, जिंदा हुई 2001 की आतंकी घटना

**45** मिनट का पास, दो घंटे की मौजूदगी

**22** साल बाद फिर संसद की सुरक्षा पर उठे सवाल

# संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक

- छह लोगों के शामिल होने का संदेह, चार गिरफ्तार
- लोकसभा में हुई घटना से देश स्तब्ध



### पुलिस की लापरवाही या इंटेलिजेंस चूक? अब जिम्मेदारी पर रार

**नई दिल्ली।** 22 साल पहले 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी के दिन एकाएक पुराना खौफनाक मंजर एक बार आंखों के सामने ताजा हो गया, जब संसद के नए भवन में लोकसभा के भीतर दो युवक दर्शक दीर्घा से अचानक कूद कर सदन के भीतर पहुंच गए। फर्क इतना था कि तब गोलियों और धमाकों की गूंज थी, इस बार इन युवकों ने जो धुआं किया, उससे एकाएक दहशत तो फैली, लेकिन जैसे ही पता चला कि यह धुआं खतरनाक नहीं है, तो जान में जान आई। फिलहाल पूरे मामले को लेकर जांच जारी है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि गिरफ्तार लोगों के पास से कोई मोबाइल फोन नहीं मिला, पूछताछ जारी है। 45 मिनट के पास पर दो घंटे आरोपी अंदर रहे सूत्रों ने कहा कि सभी 6 संदिग्ध गुरुग्राम में ठहरे थे और एक-दूसरे को जानते हैं। संसद के बाहर दो प्रदर्शनकारियों, एक पुरुष और एक महिला, को भी हिरासत में लिया गया है, जो पीले रंग का धुआं छोड़ने वाले डिब्बे लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी पहचान नीलम (42) और अमोल शिंदे (25) के रूप में हुई है। दिल्ली के बाहर से आए सभी पांच व्यक्ति गुरुग्राम में ललित झा नामक व्यक्ति के आवास पर एक साथ रुके थे। जबकि अन्य पांच की पहचान की पुष्टि हो गई है, छठा व्यक्ति अज्ञात है।

### घबराने की जरूरत नहींः ओम बिरला



लोकसभा में सुरक्षा में चूक को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि शून्यकाल के दौरान हुई घटना की गहन जांच की जा रही है। दिल्ली पुलिस को भी जरूरी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि यह सिर्फ धुआं था और धुएं से घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने सदन को बताया कि इन दोनों को पकड़ लिया गया है और इनके पास मौजूद सामान भी जब्त कर लिया गया है। संसद के बाहर मौजूद दो लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### लखनऊ का निकला एक युवक

संसद में घुसकर अराजकता फैलाने वाले दो युवकों में एक युवक लखनऊ के आलमबाग का रहने वाला है। सागर नाम का यह युवक ई रिक्शा चलाता है। उसकी उम्र 27 साल है। परिवार में मां, बाप के साथ एक बहन है। पिता कारपेंटर का काम करते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस आलमबाग स्थित उसके घर पहुंची। पुलिस द्वारा उसके परिवार से पूछताछ जारी है। सागर बीते दो वर्ष से बेंगलुरु में रह रहा था। जहां से इसी रक्षाबंधन में वापस आया। वापस आने के बाद उसने अपना निजी रिक्शा खरीदा। वह रोजी-रोटी के लिए रिक्शा चलाता था।

# छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री बने विष्णुदेव साय

## अरुण साव और विजय शर्मा बने डिप्टी सीएम, राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने शपथ दिलाई





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को पद और गोपनीयता की शपथ ली। रायपुर से साइंस कालेज मैदान में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन ने उन्हें शपथ दिलाई।

अरुण साव और विजय शर्मा ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई दिग्गज नेता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच में राज्यपाल के सामने रखा माइक और टेबल सेंटर में नहीं था। इसके बाद पीएम मोदी ने खुद अपने हाथ से इसे साइड किया।

- शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी समेत कई नेता मौजूद रहे

### छत्तीसगढ़ के चौथे मुख्यमंत्री हैं विष्णु देव साय

विष्णुदेव साय प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री साय छत्तीसगढ़ में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। इस बार के चुनाव में साय ने सरगुज संभाग की कुनकुरी विधानसभा सीट से जीत हासिल की है। संभाग की सभी 14 विधानसभा सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। इस बार के चुनाव में बीजेपी ने जोरदार वापसी करते हुए राज्य की 90 विधानसभा सीटों में 54 पर कब्जा कर लिया है।




### मध्य प्रदेश में शुरू हुआ मोहन राज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मोहन यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। इसी के साथ मध्यप्रदेश में अब मोहन राज की शुरुआत हो गई है। मध्यप्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री मोहन यादव बुधवार को यहां पद की शपथ ली। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने उन्हें मुख्यमंत्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई है। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और अन्य नेता शामिल हुए।

# अशोक गहलोत को झटका, चलेगा ट्रायल

- मानहानि मामले में कोर्ट से राहत नहीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि मामले में समन आदेश को चुनौती देने वाली पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा गहलोत को तलब किए जाने के बाद, उन्होंने विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल की अदालत में आदेश के खिलाफ पुनरीक्षण याचिका दायर की। शेखावत ने संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले के संबंध में कथित तौर पर उनके खिलाफ अपमानजनक बयान देने के लिए गहलोत के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया था। सहकारी समिति के लगभग 2.14 लाख निवेशकों को कथित तौर पर धोखा दिया गया क्योंकि निदेशक/पदाधिकारी लगभग 900 करोड़ रुपये लेकर भाग गए। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने गहलोत को 7 अगस्त को अदालत में पेश होने के लिए कहा था। अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड पर रखे गए सबूतों से प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता के खिलाफ विशिष्ट मानहानिकारक बयान दिए हैं।

### सीजेआई लेंगे याचिका पर फैसला

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा ने लोकसभा से अपने निष्कासन को चुनौती देने वाली याचिका दायर करने के कुछ दिनों बाद बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की। लोकसभा में आचार समिति की उस रिपोर्ट को मंजूर कर लिया गया जिसमें तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा को 'पैसे लेकर सवाल पूछने' के मामले में 'अनैतिक एवं अशोभनीय आचरण' का जिम्मेदार ठहराया गया था। वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुनवाई जल्द करने की मांग की थी। न्यायमूर्ति एसके कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने सिंघवी को सूचित किया कि उल्लिखित याचिका को दोपहर में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के समक्ष रखना होगा और वह मामले की लिस्टिंग पर फैसला लेंगे। लोकसभा की आचार समिति द्वारा कैश-फॉर-क्वेरी मामले पर एक रिपोर्ट पेश करने के बाद 8 अक्टूबर को लोकसभा ने महुआ मोइत्रा को संसद से निष्कासित करने का प्रस्ताव पारित किया।

# प्राण प्रतिष्ठाः राम मंदिर दर्शन अभियान शुरू करेगा संघ

- 5000 विहिप कार्यकर्ताओं को रोजाना दर्शन कराने की तैयारी



**अयोध्या।** गणतंत्र दिवस से पूरे देश को रामलला के दर्शन का आमंत्रण श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से दिया जा रहा है। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद देश के पांच लाख गांवों में घर-घर हल्दी लगा अक्षत भेज रहा है। यह अक्षत गणतंत्र दिवस के बाद अयोध्या आने का आमंत्रण है।

संघ हर रोज पांच हजार कार्यकर्ताओं को दर्शन कराने की तैयारी कर रहा है। यह दर्शन अभियान 26 जनवरी से शुरू होकर 23 फरवरी तक चलेगा। एक दिन में दो राज्यों को दर्शन कराया जाएगा। हल्दी अक्षत के साथ एक निवेदन पत्रक भी भेजा जा रहा है। यह पत्रक देश के सभी प्रमुख भाषाओं में छापा गया है, ताकि पत्रक का संदेश रामभक्त आसानी से समझ सकें। विश्व हिंदू परिषद ने संगठन की दृष्टि से देश को 45 प्रांतों में बांट रखा है। हर राज्य में दो से तीन इकाइयां हैं। उत्तर प्रदेश में छह इकाइयां हैं। संघ सभी इकाइयों को अयोध्या दर्शन के लिए आमंत्रित करेगा। संघ के एक पदाधिकारी ने बताया कि संघ ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह की कमान संभाल ली है। विभिन्न प्रांतों से करीब तीन हजार पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में कैंप किया है।

### असम से आई खाद्य सामग्री


अयोध्या में भक्तों के लिए 36 स्थानों पर भोजनालय की व्यवस्था की जा रही है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से हर रोज 25 हजार भक्तों को निःशुल्क भोजन कराने की तैयारी की जा रही है। बड़ी संख्या में समाजसेवी संस्थाएं और रामभक्त भी भक्तों की सेवा के लिए जलपान आदि का शिविर लगाने की इच्छा जता रहे हैं। यही नहीं खाद्य सामग्री भी भक्त अयोध्या भेज रहे हैं।

इन सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। गणतंत्र दिवस से दर्शन अभियान शुरू किया जाएगा।

# सीएम के हाथों मिलेंगे दो खास उपहार

अवधनामा संवाददाता

- गोरखपुर में टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को मिलेगी नई ऊंचाई




**गोरखपुर।** नए साल के आगमन से एक पखवारे पूर्व शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों गोरखपुर को दो खास उपहार मिलने जा रहे हैं। ये दोनों उपहार गोरखपुर में टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को नई ऊंचाई देंगे। मुख्यमंत्री 15 दिसंबर को रामगढ़ताल में क्वीन लेक क्रूज का शुभारंभ और ताल के सामने बने बहुसितारा होटल कोर्टयार्ड मैरियट का उद्घाटन करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर रामगढ़ताल का कायाकल्प हुआ तो दशकों तक उपेक्षित रहा यह ताल पर्यटन और सेवा क्षेत्र में रोजगार का बड़ा माध्यम भी बनने लगा। सीएम की मंशा के अनुरूप अब यहां क्रूज की सुविधा मिलने जा रही है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री के कदम पड़ने के साथ ही सुरम्य ताल में क्रूज सेवा शुरू हो जाएगी। शुभारंभ करने के साथ सीएम क्रूज से ताल का भ्रमण भी करेंगे। रामगढ़ताल में जिस क्रूज को उतारा गया है उसे लेक क्वीन नाम दिया गया है। क्रूज का संचालन करने वाली फर्म का कहना है कि लेक क्वीन के निर्माण पर 12 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आया है।

क्रूज में पंचसितारा होटल जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। क्रूज संचालन से करीब सौ लोगों को रोजगार भी मिलने जा रहा है। लेक क्वीन पर शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजन मिलेंगे। मॉकटेल काउंटर और बार की भी सुविधा होगी, हालांकि बार को बाद में शुरू किया जाएगा। 2700 वर्गफीट के क्षेत्रफल वाले क्रूज पर तीन तल बनाए गए हैं। इसके अलावा एक वेटिंग प्लेटफार्म भी है। क्रूज पर 150 लोगों की क्षमता के तीन हाल और 15 लोगों की क्षमता का एक अति विशिष्ट कक्ष बनाया है। एक ट्रिप में दो घण्टे तक क्रूज पर सवारी का आनंद उठाया जा सकेगा। रामगढ़ताल में क्रूज सेवा का शुभारंभ करने के साथ ही सीएम योगी ताल के सामने बने अत्याधुनिक सुविधाओं वाले होटल कोर्टयार्ड मैरियट का भी उद्घाटन करेंगे। मैरियट होटल इंडस्ट्री का अंतरराष्ट्रीय ब्रांड है। गोरखपुर में रामगढ़ताल के सामने 7.5 एकड़ में विकसित इस ब्रांड के होटल में विश्वस्तरीय रूम और डाइनिंग सुविधा के साथ फिटनेस सेंटर, स्पा आदि की सेवा भी मिलेगी। निवेश के बेहतरीन गंतव्य के रूप में उभरे गोरखपुर आने वाले उद्यमियों को कारोबारी टूर पर ठहरने के लिए एक और शानदार विकल्प उपलब्ध होगा।

# अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर होगा गोमतीनगर रेलवे स्टेशन

- तैयार किया गया प्रस्ताव
- 15 को नगर निगम कार्यकारिणी की होगी बैठक




**लखनऊ।** लखनऊ शहर के सबसे प्रमुख चौराहे हजरतगंज के बाद अब गोमतीनगर रेलवे स्टेशन का नाम भी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किया जाएगा। इसका प्रस्ताव तैयार हो गया है।

15 दिसंबर को होने वाली नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में इसे मंजूरी के लिए लाया जाएगा। बैठक का एजेंडा जारी कर दिया गया। इसमें कुल 11 प्रस्ताव शामिल हैं। इनमें पांच प्रस्ताव नामकरण के और चार प्रस्ताव प्रतिमा लगाने और द्वार निर्माण के हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 25 दिसंबर को जयंती है। इससे पहले नगर निगम गोमती नगर रेलवे स्टेशन का नाम उनके नाम पर करने जा रहा है।

महापौर ने कार्यकारिणी और सदन की स्वीकृति की प्रत्याशा में दो दिसंबर को ही इसका प्रस्ताव मंजूर कर दिया था। अब कार्यकारिणी की बैठक में इस पर मुहर लगाई जाएगी। इससे पहले वर्ष 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री की मृत्यु के बाद नगर निगम ने हजरतगंज चौराहा का नाम अटल चौक किया था। अयोध्या रोड पर सुरेंद्र नगर स्थित नगर निगम डिग्री कॉलेज का नामकरण भी अटल बिहारी वाजपेयी डिग्री कॉलेज किया गया था। वहीं, कानपुर रोड पर सरोजनीनगर क्षेत्र में एक अटल वन विकसित किया गया है। **इनका होगा नामकरण**- कुंवर ज्योति प्रसाद वार्ड राजाजीपुरम के एफ ब्लॉक में राधाकृष्ण मैरिज हॉल के सामने वाले चौराहे का नाम प्रज्ञान रोवर (चंद्रयान-3) के नाम पर किया जाएगा। लालकुआं से नाका चौराहे तक फ्लाईओवर का नाम गुरु गोविंद सिंह के नाम पर होगा। अलीगंज सेक्टर-सी अल्कापुरी में डीपी श्रीवास्तव के मकान से सुलभ कार्यालय तक की सड़क का नामकरण डॉ. बिंदेश्वरी पाठक के नाम पर। हुसैनगंज चौराहे का नामकरण महाराणा प्रताप के नाम पर होगा।

**विकास**

## ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 का आयोजन

# उद्योग में निवेश से बिहार अग्रणी राज्य बनेगा

- बिहार आएगी गुजरात कंपनी
- नीतीश सरकार पहले दिन 15570 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए




> उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक ने कहा बिहार, नार्थ ईस्ट के राज्य, नेपाल और बांग्लादेश मिलाकर 40 करोड़ की आबादी के बाजार के रूप में है। कच्चे माल और कुशल श्रमिक उपलब्ध हैं। आधारभूत संरचना के साथ-साथ सरकार का सहयोग भी है। जमीन भी उपलब्ध है। प्लग-एंड प्ले के तहत जिस तरह से शेड उपलब्ध कराए जा रहे, वह अनोखा है। वहीं, अल्ट्राटेक सीमेंट लि. एक हजार करोड़, स्टार सीमेंट 650 करोड़, भारत ऊर्जा 614 करोड़, मेडिकल वर्ल्ड प्रा.लि. 600 करोड़, भारत प्लस एथनाल प्रा. लि. 565 करोड़, शिव इंडस्ट्री 480 करोड़, भारती एयरटेल 250 करोड़, आरकेडी स्पोर्टस इंडिया प्रा. लि. 245 करोड़, नुपूर वेंचर्स 200 करोड़ व सर्वेश इंटरप्राइजेज ने 200 करोड़े के समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया है।

**पटना।** ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट बिहार बिजनेस कनेक्ट-2023 का दो दिवसीय आयोजन बुधवार को आरंभ हो गया। पहले दिन टेक्सटाइल, लेदर, खाद्य प्रसंस्करण व जेनरल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की 15 प्रमुख कंपनियों ने 15,570 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

उद्योग मंत्री समीर महासेठ ने उद्यमियों को कहा कि बिहार से जुड़कर देखिए, यह पूरे देश में बेहतर है। विकास आयुक्त विवेक कुमार सिंह ने उद्यमियों को एडवांटेज बिहार की बातें समझाई। वहीं, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक अलग-अलग सेक्टर में बिहार में उद्योगों के लिए किस तरह से पॉलिसी के माध्यम से मदद दी जा रही है, इस बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार में बताया। नामी-गिरामी उद्योग समूहों के अतिरिक्त, अमेरिका, हंगरी, यूएई, वियतनाम और बांग्लादेश के उद्यमी भी इस दौरान मौजूद रहे। उद्योग मंत्री समीर महासेठ ने ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में मौजूद उद्यमियों को कहा कि उद्योग में निवेश से बिहार अग्रणी राज्य बन जाएगा। सरकार उद्यमियों को आरंभ से लेकर उत्पादन शुरू होने तक वह सभी प्रकार की मदद करेगी, जिसकी उन्हें अपेक्षा है। बिहार से बस जुड़कर देखिए। देश में जो औद्योगिक इकाइयां हैं उन्हें चलाने वाले बिहार से हैं। वहीं, नीचे के स्तर पर 25 प्रतिशत लोग बिहारी हैं। लक्ष्य यह है कि अगले तीन वर्षों के भीतर बिहार को एक से दस के बीच जो अग्रणी राज्य हैं उसमें शामिल करना है। सबसे अधिक 7,386.15 करोड़ का निवेश भारतीय पेट्रोलियम कारपोरेशन करेगा, जबकि दो हजार करोड़ रुपये का निवेश इंडो यूरोपियन रिसर्च एंड हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड करेगाा। सावी लेदर्स द्वारा मधुबनी के पंडौल में 274 करोड़ रुपये के निवेश पर टेक्सटाइल व लेदर सेक्टर का उत्पाद बनाया जाएगा। गुजरात की कंपनी कोमल टेक्सटाइल द्वारा 100.50 करोड़ रुपये के निवेश पर एमओयू हुआ।

# खेती के काम को आसान बना देंगे ये कृषि यंत्र, खरीद पर सरकार दे रही 50 फीसदी तक सब्सिडी



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** अब खेती के काम पारंपरिक नहीं बल्कि आधुनिक तौर तरीकों से किया जा रहा है। खेती के कार्य मे उपयोग होने वाले कई यंत्र आ चुके है। जिससे कम मेहनत और कम समय में ज्यादा का मुनाफा हो रहा है। हालांकि ये यंत्र अधिक महंगे होने के कारण ज्यादातर किसानों की पहुंच से बाहर है और वह पुराने तौर-तरीकों से ही आज भी खेती कर रहे हैं। ऐसे लोगो की मदद के लिए राज्य सरकार भी किसानों को कृषि यंत्र खरीदने पर 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दे रही है।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि उप्र सरकार किसानों को खेती की मशीनें खरीदने पर 50 प्रतिशत तक का अनुदान दे रही है। अगर आप भी प्रदेश सरकार की इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो 14 दिसंबर से पहले अप्लाई कर दें। लाभार्थियों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।कृषि विभाग की अधिकारिक वेबसाइट www.agriculture.up.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### डीडी कृषि ने बताई लाभ लेने की पूरी प्रक्रिया

डीडी (कृषि) अरविंद मोहन मिश्र ने पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विभाग के विभागीय दर्शन पोर्टल www. agriculture.up.gov.in पर यंत्र पर अनुदान हेतु टोकन निकालें लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। कृषि यंत्रों के आवेदन हेतु बुकिंग किये जाने के लिए विभागीय पोर्टल पर पूर्व से उपलब्ध मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त करने का विकल्प होगा, यदि पोर्टल पर उपलब्ध मोबाइल नम्बर बन्द होगा तो लाभार्थी के नये मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने का विकल्प दिया जायेगा। आवेदक द्वारा एक मोबाइल नम्बर अपना अथवा परिवार के सदस्य (माता, पिता, भाई, बहन, पुत्र, पुत्री एवं पुत्रवधू) के मोबाइल से ही आवेदन किया जा सकेगा। सत्यापन के समय इसकी पुष्टि भी की जायेगी।

### इन यंत्रों की खरीद पर मिलेगी सब्सिडी

लेजर लैण्ड, लेवलर, पोस्टहोल, डीगर, पोटेटो प्लान्टर, पोटेटो डीगर, शुगर केन कटर प्लान्टर, शुगर केन थ्रेस कटर, शुगर केन रेटून, मैनेजर, डैरो, कल्टीवेटर, पावर स्प्रेयर, मल्टीक्रॉप थ्रेसर, पावर चेफ कटर, स्ट्रा रीपर, ब्रश कटर, मिनी राइस मिल, मिनी दाल मिल, मिलेट मिल, सोलर ड्रायर, ऑयल मिल विथ फिल्टर प्रेस, पैकिंग मशीन, रोटा वेटर, ट्रैक्टर, माउण्टेड, स्प्रेयर, ब्रिकेट मेकिंग मशीन, यूरिया डीप प्लेसमेंट एप्लीकेटर, सेल्फ प्रोपेल्ड यंत्र, पावर टीलर, पावर वीडर, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर एस.एम.एस, राइस ट्रांसप्लान्टर, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, जीरोटिल मल्टीक्रॉप प्लान्टर, मेज शेलर, हैप्पी सीडर, रीपर कम बाइन्डर, HDPE पाइप, PVC पाइप, HDPE लैमिनेटेड ओविन, फ्लैट ट्यूब (लपेटा), सामुदायिक थ्रेसिंग फ्लोर, छोटा गोदाम इत्यादि।

## संदिग्ध अवस्था मे बिगड़ी छात्र की हालत, हुई मौत

**लखीमपुर-खीरी।** शहर के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में संदिग्ध अवस्था में एक छात्र की हालत बिगड़ गई आनन-फानन में विद्यालय प्रशासन उसे अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार ईसानगर क्षेत्र के ग्राम मितौला निवासी अनिल वर्मा का 17 वर्षीय पुत्र शिवांश वर्मा शहर के मीरपुर में स्थित चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में 12वीं कक्षा का था छात्र था। जो प्रतिदिन की भांति विद्यालय आया था। बताया जाता है कि विद्यालय में फिजिकल एक्टिविटी के चलते दौड़ प्रतियोगिता चल रही थी, जिसमें शिवांश ने भी हिस्सा लिया था। इसी दौरान उसकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। जहां विद्यालय प्रशासन द्वारा उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अधिशाषी अधिकारी मोहम्मदी ने रिक्शा स्टैण्ड को बगैर किसी सुविधाओ के रैन बसेरा घोषित किया

अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर में बने स्थाई रैन बसेरा में फायर ब्रिगेड की टीम ने कई वर्षो से कब्जा कर रखा है। दूर दराज से आए यात्रियों को रात में वाहन न मिलने पर सड़क के किनारे रात गुजारने को मजबूर होना पड़ता है। वही तहसील प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन ने अस्थाई रैन बसेरा बनाने के लिये अभी तक कोई कदम नहीं उठाए है और न ही नगर में कही अलाव ही लगवाए गये है। जिस कारण बाहर से आए यात्रियो को इस ठण्ड में खासी दुश्वारियो का सामना करना पड़ रहा है। बताते चले कि हर वर्ष नगर पालिका परिषद की ओर से अस्थाई रैनबसेरा स्थानीय रोडवेज बस स्टेशन के निकट व नगर पालिका के अन्दर बनाया जाता है जिससे बाहर से आने वाले यात्रियो को ठण्ड से निजात मिल सके और ठण्ड की रात आसानी से गुजार सके। परन्तु इस बार रोडवेज के निकट रिक्शा स्टेन्ड पर रैनबसेरा बनाया जाता था उस पर नगर पालिका की मिली भगत से अतिक्रमण कर लिया गया। इस अतिक्रमण के चलते इस बार नगर पालिका प्रशासन रैनबसेरा कहा बनाएगी कुछ कहा नहीं सकता है। वही अधिशाषी अधिकारी गुंजन गुप्ता ने रिक्शा स्टैण्ड को बगैर किसी सुविधाओ के रैन बसेरा घोषित कर दिया है। परन्तु यह रैनबसेरा धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा। कस्बे में तत्कालीन विधायक कृष्णा राज द्वारा गुलोली रोड पर स्थाई रैन बसेरा का निर्माण कराया गया था। जिसमें तहसील प्रशासन द्वारा जबरन कब्जा कर लेने के बाद स्थाई रूप से फायर ब्रिगेड की टीम ने अपना कार्यालय बनाकर कब्जा कर रखा है। परन्तु प्रशासन द्वारा इस स्थायी रैन बसेरे को खाली कराये जाने की ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त पवन कुमार पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम सिसैया कलुआपुर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को 950 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार मु0अ0सं0 598/2023 धारा 8/20 NDPS Act का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

## स्किल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**सहारनपुर।** स्किल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मनमोह लिया। जवाहर पार्क स्थित स्किल्ड स्कूल ने वार्षिकोत्सव जनमंच प्रेक्षागृह में हर्षोल्लास के साथ मनाया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महापौर डा.अजय सिंह द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। महापौर डा. अजय सिंह ने सभी छात्र व छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य हेतु व वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन के लिए स्किल्ड स्कूल के प्रयासो की प्रशंसा की। स्कूल की प्रबन्धन समिति से अनुज त्यागी ने स्कूल की गतिविधियों व शिक्षा नीतियों पर जानकारी उपलब्ध कराई। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में स्किल्ड स्कूल के छात्र व छात्राओं द्वारा डांस, म्यूजिक व अन्य प्रेरक विषयों पर मनोहर प्रस्तुतियां दी गयी। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में नीरू त्यागी, प्रधानाचार्या केएलजी पब्लिक स्कूल, रूची गुप्ता, प्रधानाचार्या स्किल्ड ग्लोबिजेंस, श्यामली गुप्ता, प्रधानाचार्या आशा मार्डेन स्कूल, स्किल्ड स्कूल सहारनपुर से दीपाली सिंघल, प्रीति सिंघल, अनुज त्यागी, लक्ष्य सिंघल, कृष्ण राजीव सिंघल व सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही स्किल्ड ग्लोबिजेंस स्कूल, बेहट रोड की प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी सभी विद्यार्थियो को आशीष देकर उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाए दी।

## बालीवॉल प्रतियोगिता में मदन टेरेसा सरसावा व सरस्वती विहार स्कूल बने चैम्पियन

**सहारनपुर।** दो दिवसीय बालीवॉल प्रतियोगिता का आज पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया, जिसमें मदन टेरेसा सरसावा ने बालक वर्ग एवं सरस्वती विहार स्कूल सहारनपुर ने बालिका वर्ग मे चैम्पियनशिप पर अपना कब्जा किया। गांधी पार्क के डॉ.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता का आज पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ समाज सेवी सूर्य प्रताप राणा ,भाजपा महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष आरती शर्मा एवं अनीमेश सक्सेना, हरेंद्र त्यागी, चौधरी परमिल द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका की टीम पूरे जनपद से 16 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बालक वर्ग में फाइनल मैच में मदर टेरेसा स्कूल सरसावा ने ब्राइट होम पब्लिक स्कूल नानौता को 21-14 ,18-21,21-10 से हराकर चैम्पियनशिप जीती। बालिका वर्ग में सरस्वती विहार स्कूल सहारनपुर ने मदर टेरेसा स्कूल सरसावा को 21-8, 21-12 से हराकर चैम्पियनशिप जीती।

# नगर पंचायत धौरहरा में स्वच्छता जन जागृति दिवस मनाया गया



अवधनामा संवाददाता

**धौरहरा खीरी।** स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के अन्तर्गत नगर विकास मंत्री की अध्यक्षता में नगर पंचायत धौरहरा द्वारा नफीस खां अध्यक्ष, नगर पंचायत धौरहरा तथा स्वच्छ वातावरण प्रोहत्सन समिति÷के अध्यक्षों व सदस्यों की उपस्तिथि में स्वच्छता जन जागृति दिवस मनाया गया जिसमें समिति के अध्यक्षों व सदस्यों को कैप व बैज आदि वितरित किया गया तथा उपस्थित सभी लोगो को श नगर विकास मंत्री को लाइव सुनने हेतु Live Stream के माध्यम से जोड़ा गया।

# आज सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 482 नव दंपतियों को आशीर्वाद देंगे प्रभारी मंत्री

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** समाज कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह जीआईसी मैदान में 14 और 16 दिसंबर को आयोजित होगा। गुरुवार को प्रभारी मंत्री आशीष पटेल की मौजूदगी में होने जा रही 482 गरीब बेटियों की शादी बेहद खास होने जा रही है। प्रभारी मंत्री इन्हें आशीर्वाद के साथ ही हजारों रुपये के उपहार भी देंगे। इसके पहले प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ब्लॉक बेहजम के ग्राम सरैया में करीब सुबह 10÷30 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रशासन ने कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों संग मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तय की। बैठक में यातायात व्यवस्था, रूट प्लान/डायवर्जन, खानपान और वाहनों को खड़ा करने आदि का खाका तैयार कर लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि इस आयोजन में वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने वाले जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए प्रभारी मंत्री आशीष पटेल स्वयं उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत प्रति विवाह पर सरकार की तरफ से 51 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें से 35 हजार रुपये विवाह बंधन में बंधने जा रही कन्या के बैंक खाते में अंतरित कर दिए जाते हैं। 10 हजार रुपये उपहार व शेष राशि अन्य व्यवस्थागत खर्चों के मद में है। उन्होंने बताया कि जीआईसी मैदान में 16 दिसंबर को भी 402 नव दंपति परिणय सूत्र बंधन में बंधेंगे।डीएम ने सीएमओ को कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस मय चिकित्सक की उपलब्धता और ईओ नगर पालिका को वॉटर टैंक एवं मोबाइल शौचालय की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम स्थल पर लाभार्थी जोड़ो एवं उनके परिजनों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता एवं टेस्टिंग खाद्य एवं औषधि विभाग सुनिश्चित कराएगा।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि विवाह स्थल तक जोड़ों को समय से लाने की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम सचिव की होगी। सभी जोड़े 9÷30 बजे तक विवाह स्थल पर अनिवार्य रूप से पहुंच जाएं। इसे सभी खंड विकास अधिकारी स्वयं मॉनिटर करेंगे। विभिन्न व्यवस्थाओं में लगाए गए अफसर अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करेंगे। एएसपी नेपाल सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती समेत यातायात व्यवस्था के संबंध में जरूरी जानकारी दी।जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि 14 दिसंबर को बॉकेगंज, धौरहरा, ईसानगर, गोला, लखीमपुर, मितौली, मोहम्मदी, फूलबेहड़ के 482 जोड़ो एवं 16 दिसंबर को बेहजम, बिजुआ, नकहा, पसगवाँ, रमियाबेहड़, निघासन, पलिया के 402 जोड़ों का विवाह जीआईसी ग्राउंड में होगा।बैठक में एएसपी नेपाल सिंह, सीओ सिटी संदीप सिंह, कार्यक्रम के संयोजक जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे। डीएम के निर्देश पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह की अगुवाई में जिला स्तरीय अधिकारियो संग स्थल का निरीक्षण कर संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

## गौकशी के मुकदमें में वांछित तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने गौकशी के मुकदमें मे वांछित 03 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद की हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देश पर गौकश व पशु तस्करों पर लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना फतेहपुर पुलिस ने आज थाना चिलकाना पर पंजीकृत गौवध अधिनियम में वांछित अभियुक्त अतीक पुत्र गफूर निवासी ग्राम पिठौरी थाना बेहट को ग्राम बिशनपुर के पास से घटना मे प्रयुक्त मोटर साईकिल सहित गिरफ्तार किया तथा अभियुक्त अरशद पुत्र लियाकत निवासी फरकपुर नवादा थाना फतेहपुर व शेखु पुत्र मटरी निवासी ग्राम झिझौली थाना बेहट हाल पता बाग आम ग्राम शेखुपुर कन्धेला थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर को उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया।

# नगर निगम ने मनाया स्वच्छता जन जागृति दिवस

## नगर निगम सफाई मित्रों की सुविधाओं और सम्मान के लिए सदैव प्रतिबद्धः महापौर



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जनमंच में आज स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति एव स्वच्छ सारथी क्लब द्वारा स्वच्छता जन जागृति दिवस का आयोजन किया गया। महापौर डॉ.अजय कुमार व नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में सफाई मित्रों को आई टी सी के सहयोग से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट ट्रेनिंग के अलावा सर्दी ट्रैक सूट का वितरण किया गया। पार्षदों को भी टी शर्ट और कैप देकर सम्मानित किया गया। निगम एवं आईटीसी द्वारा कचरा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए एक 'स्वच्छ मित्र' पोर्टल लांच किया गया। नगर निगम द्वारा आईटीसी के सहयोग से आयोजित स्वच्छता जन जागृति दिवस को सम्बोधित करते हुए महापौर डॉ.अजय कुमार ने कहा कि सफाई मित्र हमारी स्वच्छता की रीढ़ हैं, नगर निगम उनकी सुविधाओं और सम्मान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उसी दृष्टि से आज सफाई मित्रों को सर्दी के ट्रैक सूट वितरित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने आईटीसी मिशन सुनहरा कल से कहा कि अभी वह शहर के 60 वार्डो में कचरा कलेक्शन में सहयोग कर रहे है, हम चाहते हैं कि सभी 70 वार्डो में सहयोगी बनें। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज ने स्वच्छता समितियों को स्वच्छता कार्यक्रम से जुड़ने के लिए बधाई देते हुए लोगों से होम कम्पोस्टिंग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन को और बेहतर करने की दिशा में निगम ठोस काम कर रहा है ताकि जल्दी ही हमारा शहर कचरा मुक्त शहर की श्रेणी में आ सके। आईटीसी द्वारा नगर निगम के सहयोग से 'स्वच्छ मित्र' पोर्टल भी लांच किया गया। इसके माध्यम से यह जानकारी रहेगी कि कौन से घर से कितने बजे कूड़ा कलेक्शन किया गया है। मिशन सुनहरा कल द्वारा एक वीडियो द्वारा होम कंपोस्टिंग की भी विस्तार से जानकारी दी गयी। मौहल्ला समितियों से गुलशन खां व रामचंद्र पाण्डेय ने भी समितियों द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी।

# 15 दिसम्बर को होगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में सहारनपुर में आगामी 15 से 31 दिसम्बर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जाएगा, जिसके तहत 15 दिसम्बर को जनमंच सभागार में उद्घाटन समारोह व सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा।

स्थानीय ट्रांसपोर्ट नगर स्थित संभागीय परिवहन कार्यालय में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए आरटीओ प्रवर्तन वी.के. सिंह ने बताया कि आगामी 15 दिसम्बर को जनमंच सभागार में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान सड़क सुरक्षा कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. विपिन ताड़ा सहित पुलिस व परिवहन विभाग के अधिकारी भी शामिल होंगे, जो वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने का काम करेंगे ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। जबकि विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी जागरूक करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों के पालन के अभाव में अनेक लोग प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मौत का शिकार हो जाते हैं जिसकी कमी उसका परिवार सदैव महसूस करता है। इसलिए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करना जरूरी है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। बैठक में एआरटीओ प्रवर्तन महेंद्र प्रताप सिंह, पीटीओ के.एन. पांडेय, यातायात प्रभारी अमित तोमर, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसायटी के संयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र चौहान, महासचिव सुधीर जोशी, चीफ ट्रैफिक वार्डन डा. योगेंद्र दुधेरा, स. तेजपाल सिंह, रजनीश कुमार, रोबिन मोगा, पंकज हरजाई आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में मण्डल बना विजेता

**सहारनपुर।** जूनियर प्रदेश स्तरीय बालक कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद की टीम जीत हासिल कर ट्राफी पर अपना कब्जा किया और प्रदेश स्तर पर जिले को गौरवान्वित किया। ठुगौरतलब रहे कि 08 से 10 दिसम्बर, 2023 तक जिला खेल कार्यालय, जौनपुर द्वारा आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय जूनियर बालक प्रतियोगिता में सहारनपुर मण्डल की कबडडी टीम ने ट्राफी हासिल कर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया। सहारनपुर कबडडी टीम ने सेमी फाइनल में मेरठ को 42-17 से हराकर फाईनल में प्रवेश किया तथा फाइनल में सहारनपुर मण्डल की टीम ने मुरादाबाद मण्डल टीम को 43-27 अंको से बढ़त बनाकर जीत हासिल कर विजेता रही तथा मुरादाबाद मण्डल की टीम उप विजेता रही और सहारनपुर मण्डल विजेता स्थान प्राप्त कर ट्राफी हासिल की।

# डॉ आसिफ को यूथ आईकॉन आफ होम्योपैथी से किया जाएगा सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** लखनऊ के ऑडिटोरियम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले होम्योपैथिक रेव्यूलेशन के आयोजन में डॉ आसिफ सिद्दीकी को यूथ आईकॉन आफ होम्योपैथ से आगामी 24 दिसंबर को सम्मानित किया जाएगा। आपको बताते चलें कि बताते की डॉ आसिफ कई सालों से डलमऊ में होम्योपैथी का इलाज कर रहे हैं और कई बड़ी-बड़ी बीमारियों से ग्रसित मरीजों को होम्योपैथी इलाज से ठीक भी किया इसी का परिणाम है कि लखनऊ के सबसे बड़े ऑडिटोरियम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होमियोपैथी रिवॉल्यूशन जिसमें वो चिकित्सक जिनका भारत वर्ष में अद्भुत योगदान रहा है और जो इस युग के नये चिकित्सक जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अपने देश में अहम भूमिका निभा रहे है। देश के कई महान होम्योपैथिक चिकित्सक इस कार्यक्रम में सम्मानित किए जाएंगे जिसमें अपने रायबरेली जिले से डॉ. आसिफ़ सिद्दीक़ी को चुना गया जिनको यूथ आइकॉन ऑफ़ होम्योपैथी से सम्मानित किया जायेगा जो पूरे ज़िले के लिये गौरव की बात है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अश्वनी चौबे (केन्द्रीय मंत्री),ब्रजेश पाठक(उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ मंत्री उत्तरप्रदेश)दयाशकर मिश्रा (आयुष मंत्री उत्तर प्रदेश) दिनेश शर्मा (राज्य सभा सदस्य सह पूर्व उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश) होंगे इस कार्यक्रम में नवनीत सिकेरा आई पी एस (भौकाल वेब सीरीज, रामजी सिंह अध्यक्ष (एच एम ए आई), कपिल देव (पूर्व क्रिकेट कप्तान) मदन लाल (पूर्व क्रिकेट) कुमार विश्वास (कवीराज) डॉ हरिओम पवार पवनदीप और अरुणिता (इंडियन आइडल) व अन्य अधिकारी एवं मंत्री मौजूद रहे।

# बम विस्फोट से एक किशोर की दर्दनाक मौत

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** चंद रुपयों के लालच में एक बार फिर एक घर का चिराग बुझ गया। फायरिंग अभ्यास के दौरान मिस हुए सेना के बम से धातु निकलते समय विस्फोट होने से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस व प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे और घटना की बाबत जानकारी ली। पुलिस ने मृतक किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। दरअसल, हादसा थाना मिर्जापुर इलाके का है। थाना क्षेत्र के गांव। शाहपुर गाड़ा के जंगल में वन गुर्जरों का डेरा है। पास ही सेना का फायरिंग अभ्यास आरक्षित क्षेत्र है। बताया जाता है कि करीब 12 वर्षीय किशोर हनीफ पुत्र तालिब जंगल में अपने पशुओं को चराने गया था जहां उसे सेना अभ्यास के दौरान मिस हुआ बम मिला जिसे वह उठकर अपने घर ले आया। बताया जाता है कि बुधवार की अलसुबह किशोर हनीफ मिस बम को फोड़कर उसमे से धातु निकालने का प्रयास कर रहा था।



जैसे ही बम पर चोट मारी तो वह फट गया जिससे किशोर के चीथड़े उड़ गए। बम की आवाज सुनकर परिजन व पड़ोसी और पास के ही गांव शाहपुर गाड़ा के ग्रामीण भी मौके कर आ पहुंचे। घटना की खबर लगते ही थाना मिर्जापुर पुलिस मौके पर पहुंची और आला अफसरों को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही एसडीएम बेहट दीपक कुमार व सीओ बेहट भी घटनास्थल पर पहुंचे।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि मृतक किशोर पास ही सेना के फायरिंग अभ्यास क्षेत्र से बम उठाकर लाया था जिसमे विस्फोट होने से हादसा हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जांच की जा रही है।

## श्रद्धाभाव से मनाया गुरूनानक देव का प्रकाश पर्व

**सहारनपुर।** पंजाबी समाजिक संस्था सम्भाल परिवार द्वारा गुरूनानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान रागी जत्थेदारों ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया और गुरू का अटूट लंगर भी बरपा गया। आज लिंक रोड स्थित शिवाजी कालोनी में संभाल परिवार द्वारा गुरू नानक देव महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सुखमणी साहिब सेवा सोसायटी व संगत द्वारा सुखमणी साहिब का पाठ किया। तत्पश्चात सहारनपुर से नूर जी के जत्थे द्वारा गुरूनानक देव महाराज की वाणी का गुणगाण किया। दिल्ली से पधारे भाई चरणजीत सिंह हीरा और जालंधर से पधारे भाई मेहताब सिंह ने बाबा जी की वाणी से संगत को निहाल किया। समागम मे सम्भाल परिवार द्वारा सहारनपुर की सुखमणी साहिब सेवा सोसायटी व नाम रस कीर्तनी जत्था के साथ-साथ नुमाईश कैम्प गुरूद्वारे के पाठी स.अमन सिंह को सिरोपा देकर अभिन्दन किया।

# निगम ने चलाया पॉलीथिन, होर्डिंग व अतिक्रमण के खिलाफ अभियान



**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज शहर के अम्बाला रोड पर पॉलीथिन व अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सरकारी खम्भों पर लगे 50 से ज्यादा बोर्ड और होर्डिंग भी हटाये गए। अतिक्रमण करने वाले करीब एक दर्जन दुकानदारों से 12 हजार और पॉलीथिन का उपयोग करने वाले दुकानदारों से चार हजार रुपये जुर्माना वसूला गया।

नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर आज निगम अधिकारियों ने अम्बाला रोड व मण्डी समिति रोड पर पॉलीथिन व अतिक्रमण तथा सरकारी खम्भों पर लगे बोर्ड और होर्डिंग हटाने का अभियान चलाया। घंटाघर से कुतुबशेर के बीच 56 स्थानों से अवैध रुप से लगाए गए बोर्ड और होर्डिंग हटाए गए। जन सुनवाई में आयी शिकायत की जांच के बाद अतिक्रमण हटाया गया और अतिक्रमण करने वाले दुकानदार से 5500 रुपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा दस अन्य दुकानों से भी अतिक्रमण हटाते हुए जुर्माना वसूला गया। कुल एक दर्जन दुकानों से 12 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा मंडी समिति रोड और अम्बाला रोड पर दो दुकानों से प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद कर चार हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल बी एस नेगी, कर अधीक्षक सुधीर शर्मा व साहब सिंह तथा प्रवर्तन दल के प्यार सिंह, हेमराज, रणदीप, नवाबुद्दीन व पवन आदि शामिल रहे।

# बच्चों की स्कूल बस अनियंत्रित होकर खाई में पलटी, कई घायल

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र में बुधवार को सुबह स्कूल बस अनियंत्रित होकर खाई में गिरकर पलट गई। बस में 37 छात्र सवार थे।बस पलटने से दो सगे भाई -बहन घायल हो गए। बस में फंसे अन्य छात्र-छात्राओं की चीज पुकार सुन आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग दौड़कर घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने बस में फंसे बच्चों को बाहर निकाला।

सूचना मिलते ही उप जिलाधिकारी अमृतपुर रवीन्द्र सिंह,थानाध्यक्ष मीनेश पचौरी मौके पर पहुंची और घायल छात्र आदित्य व उसकी बहन दिव्यांशी को राजेपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु भेजा। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया।यह बस ग्राम नगला हूशा के निकट अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे शाहजहांपुर के थाना



मिर्जापुर के ग्राम ढाई निवासी कक्षा 10 का छात्र आदित्य 15 वर्ष पुत्र वीरेंद्र राजपूत साथ में उसकी बहन दिव्यांशी 12 वर्ष कक्षा 7 घायल हो गई।बस के चारों पहिए खाई में पलटने से ऊपर हो गए।बस के अंदर चीख पुकार मच गई। बस पलटने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए।अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह भी मौके पर पहुंच गए।उन्होंने जांच पड़ताल की।बस को मिर्जापुर ग्राम थरिया निवासी सुनील पुत्र राजपाल चला रहा था।हालाकि बस में कुल 55 छात्रों की जगह थी।आज बुधवार को उसमे मात्र 37 बच्चे सवार थे।थाना अमृतपुर के ग्राम नगला हूसा के पास पलट गई। बाइक चालक को बचाने के प्रयास में बस खाई में जा गिरी।बस में सवार सभी बच्चों को उनके घर भिजवाया गया। चालक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। यह बस रोजी पब्लिक स्कूल के बच्चों को लेकर जा रही थी जो कि पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के कस्बा जलालाबाद में संचालित है। छात्र

**चीख सुनकर लोगों ने बच्चों को बस से बाहर निकाला**

छात्राओं के परिजनों नें चालक पर तेज गति से वाहन चलानें का आरोप लगाया है।चालक को पुलिस नें हिरासत में ले लिया।वहीं छात्र को सीएचसी व उसकी बहन का निजी चिकित्सक से उपचार कराया गया। एसडीएम रवीन्द्र सिंह नें बताया कि दो बच्चो का उपचार कराया गया है अन्य बच्चे सुरक्षित है।संजय सिंह अपर पुलिस अधीक्षक फर्रुखाबाद द्वारा मीडिया को बताया गया कि ओवरटेक करने के कारण बस खाई में गिर गई। बस में सवार सभी बच्चों को उनके घर भिजवाया जा रहा है। चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।दो सगे भाई बहन घायल हुए हैं। यह बस एसबी रोजी पब्लिक स्कूल के बच्चों को ले जा रही थी। जो कि पड़ोसी जिला शाहजहांपुर के जलालाबाद में कार्यरत है।

## नगर पालिका के बंद नाले जर्जर अवस्था में

**फर्रुखाबाद।** नगर पालिका के वार्ड नागरिकों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करने के बाद अपर जिलाधिकारी सुभाष प्रजापति को ज्ञापन सौंपा है। वार्ड के नागरिकों ने अपर जिलाधिकारी को अपनी समस्या से अवगत कराया कि मछली बाजार से एचपी गैस शोरूम तक वार्ड नंबर 12 तुलसी नगर, व वार्ड 14 लक्ष्मण नगर, के मध्य सालों से नल की सफाई नहीं की गई है। जिसके कारण नाला चोक है। नाला चोक होने के कारण गंदा पानी वार्डवासियों के घरो में भर रहा है। बरसात होने पर हालात और भी बदतर हो जाते हैं। गंदगी के चलते मोहल्ले में डेंगू, मलेरिया, चिकन, पॉक्स जैसी बीमारियां पैर पसार रही हैं। नाला टूटा होने के कारण के कई बार यहां से गुजरने वाले लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। बच्चे भी नाली में गिरकर चोट खा चुके हैं। सभासद अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष को कई बार अवगत कराया गया। लेकिन नल की सफाई तक नहीं कराई गई। जिलाधिकारी को इस संबंध में ज्ञापन भी दिया गया है था।

# उप्र की राजनीति में बड़ी सियासी हलचल, नैतिक पार्टी बनी कांग्रेस की साथी पार्टी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी लोकसभा को लेकर सभी दल अपनी अपनी तैयारियों में जुट गए हैं ऐसे में बड़ी सियासी हलचल होना स्वाभाविक है बुधवार को उत्तर प्रदेश की राजनीति में फिर एक नया मोड़ आया। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र भूषण पांडेय द्वारा संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई।

प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया गया कि कांग्रेस पार्टी और नैतिक पार्टी में आपसी सहमति बनी है कि नैतिक पार्टी चुनाव में कांग्रेस पार्टी का सहयोग करेगी और कांग्रेस पार्टी, नैतिक पार्टी का संवैधानिक मुद्दा गांव सरकार/ गांव स्वराज को अपने मुद्दे में शामिल करेगी तथा सत्ता में आने पर उसे लागू करेगी। प्रेस कोंफ्रेंस के दौरान पूर्व जस्टिस और नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्र भूषण पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी



के राष्ट्रीय अध्यक्ष, शीर्ष नेतृत्व व उप्र कांग्रेस कमेटी के कर्मठ व दूरदर्शी अध्यक्ष अजय राय का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने नैतिक पार्टी को साथी पार्टी के रूप में स्वीकार किया है। आज से दोनों पार्टी मित्र पार्टी की तरह काम करेंगे।

नैतिक पार्टी संवैधानिक नैतिकता में विश्वास करती है। भारत का संविधान शासन व्यवस्था चलाने के लिए मात्र नियमावली नहीं है बल्कि सामाजिक, आर्थिक राजनैतिक व आध्यात्मिक विकास का महान ग्रंथ है। यह अनेक नैतिक मूल्यों को प्रतिपादित करता है। बहुत सारे मूल्य है लेकिन दो महत्वपूर्ण मूल्य है। पहला यह कि मां के गर्भ से शमशान तक नागरिकों के जीवन की सुरक्षा, संरक्षण व विकास की गारंटी। दूसरा यह कि सत्ता का हर स्तर पर विकेन्द्रीयकरण। पहले मूल्य पर अभी काम नहीं हुआ है लेकिन दुसरे मूल्य को लागू कराने में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। गांव सरकार को लागू कराने के लिए जन अभियान ही एक मात्र विकल्प है। इसके लिए नैतिक पार्टी जनवरी के तीसरे सप्ताह से पूरे प्रदेश में गांव - गांव जा कर गांव सरकार, गांव देवता अभियान चलायेगी।

## डायट के प्रशिक्षुओं ने किया बच्चों का निपुण आंकलन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** निपुण आंकलन उत्सव पिछले महीने समाप्त होने के बाद अभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षु शिक्षकों की ओर से आवंटित किए गए स्कूलों में कक्षा एक दो और तीन के बच्चों का निपुण आंकलन पूरा नहीं हो पाया है। निर्धारित तिथि पर आवंटित स्कूलों में निपुण एसेसमेंट के लिए जो प्रशिक्षु नहीं पहुंच पाए वे अभी भी बच्चों का निपुण आकलन कर रहे हैं। बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षुओं ने विकास खंड भादर के कई स्कूलों में निपुण आकलन किया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से आए अक्षय कीर्ति और रविशंकर ने कम्पोजिट विद्यालय भादर-1 में कक्षा एक से तीन तक के बच्चों का निपुण आकलन किया। हिंदी भाषा के अनुच्छेद पढ़ाए और गणित के जोड़ और घटाव गुणा और भाग के प्रश्न पूछे। यहां पैंतीस बच्चों में 34 उपस्थित रहे। 28निपुण पाए गए हैं। इस मौके पर संकुल शिक्षक देवांशु सिंह इं प्र अ संजीव कुमार कक्षाध्यापक विजय प्रताप यादव लालती देवी शिवकरन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों का सत्याग्रह जारी




**गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले जिले के शिक्षकों का अनिश्चितकालीन सत्याग्रह दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। बेसिक शिक्षा अधिकारी और वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा की कथित भ्रष्ट कार्यप्रणाली के विरोध में बुधवार को भी शिक्षक स्कूल बंद करने के बाद शाम चार बजे बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और एक घंटे तक धरने पर बैठे।बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने शिक्षक एकता जिंदाबाद हर जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है अभी तो ये अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है आदि नारों की गूंज देर तक होती रही। शिक्षकों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी और लेखाधिकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली पर जमकर आक्रोश व्यक्त किया। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अब्दुल रसीद सहित तमाम शिक्षक नेताओं वक्तव्य देते हुए जमकर हुंकार भरी।

## वार्षिक जूनियर स्पोर्ट्स दिवस नवाकृति का आयोजन



**कानपुर अवधनामा संवाददाता।** श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर विद्यालय के क्रीड़ांगन में किया गया। स्पोर्ट्स मीट ए टाइम ट्रेवल टूर्नामेंट थीम पर आधारित था। लिट्ल फॉक्स प्रीस्कूल की डायरेक्टर माननीय राधिका भूषण जी ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति के साथ समारोह की शोभा बढ़ाई ।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को सम्मान देने के लिए कक्षा 5 के छात्रों ने मार्च पास्ट से की साथ में छात्रों ने सामूहिक नृत्य व विद्यालय गान जोयफुल एसएसडीसियंस की प्रस्तुति दी ।ब्लूमिंग बडीज़ ड्रिल के द्वारा नर्सरी के नन्हे छात्रों ने वसुदैव कुटुंबकम अर्थात सामूहिक परिवार में रहने का संदेश दिया। पीजी के छात्रों ने डक्सएंड डकलिंग्स ,फैमिलीज़ डे आउट व फिटनेस बफ्स प्रतियोगिता का सुंदर प्रदर्शन करके स्वस्थ रहने का परिवार के साथ मिलजुल कर रहने का संदेश दिया। कविद्यालय प्रबंधन तंत्र के सदस्यों सुरेंद्र धवन, राजीव सोनी, विनय अजमानी, सुभाष मक्कर, कुंज बिहारी एवं प्रधानाचार्या, शोभा दास व मुख्य अतिथि जी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को इनाम देकर प्रोत्साहित किया।

## शिक्षकों ने समस्याओं को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया



**कानपुर नगर अवधनामा संवाददाता।** कानपुर नगर के तदर्थ शिक्षक, संजय सिंह के प्रकरण से / निर्णय से आच्छादित न होने के कारण वेतन अवरुद्ध करने के पात्र नही, शिक्षक संघ ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री, शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार उ0प्र0 सरकार एवं अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हरिश्चन्द्र दीक्षित ने एक ज्ञापन प्रेषित किया बताया गया कि संजय सिंह प्रकरण में कतिपय अध्यापक जिनकी नियुक्तियाँ अधिनियम की धारा-16ई (11) के अन्तर्गत की गयी है उन्हें ही आच्छादित मानते हुये माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के कारण वेतन अवरुद्ध करने का उ0प्र0 शासन का 09 नवम्बर 2023 का आदेश किया गया है। जिस सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन का 09.11.2023 का आदेश किया गया है परन्तु कतिपय जिला विद्यालय निरीक्षक तथा उनके कार्यालय के वित्त एवं लेखाधिकारी इनके वेतन को अवरुद्ध कर रहे हैं। संगठन ने 30.11.2023, 04.12.2023 एवं 10.12.2023 को प्रत्यावेदन देते हुये वेतन अवरुद्ध न करने का अनुरोध किया गया है।

## छात्रों ने सामूहिक परिवार में रहने का दिया संदेश

**कानपुर।** श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर विद्यालय के क्रीड़ांगन में किया गया। स्पोर्ट्स मीट ए टाइम ट्रेवल टूर्नामेंट थीम पर आधारित था। लिट्ल फॉक्स प्रीस्कूल की डायरेक्टर राधिका भूषण ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति के साथ समारोह की शोभा बढ़ाई । कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को सम्मान देने के लिए कक्षा 5 के छात्रों ने मार्च पास्ट से की साथ में छात्रों ने सामूहिक नृत्य व विद्यालय गान जोयफुल एसएसडी सियंस की प्रस्तुति दी। ब्लूमिंग बडीज़ ड्रिल के द्वारा नर्सरी के नन्हे छात्रों ने वसुदैव कुटुंबकम अर्थात सामूहिक परिवार में रहने का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन तंत्र के सदस्यों सुरेंद्र धवन, राजीव सोनी, विनय अजमानी, सुभाष मक्कर, कुंज बिहारी एवं प्रधानाचार्या शोभा दास व मुख्य अतिथि ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को इनाम देकर प्रोत्साहित किया। वैभवी वर्मा 5-द स्वीकृति टंडन 5-द ने असीम उत्साह एवं आत्मविश्वास से सराबोर होकर उद्घोषिका की भूमिका का निर्वाह किया।

# अब तुर्कहां सीएचसी पर उपलब्ध हुई ऑपरेशन से प्रसव की सुविधा

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** ऑपरेशन से संस्थागत प्रसव की सुविधा की उपलब्धता बढ़ाने पर भी स्वास्थ्य विभाग का जोर है। इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एफआरयू को क्रियाशील करते हुए 13 दिसम्बर को ऑपरेशन से प्रसव कराया गया था और इस माह से तुर्कहा सीएचसी पर भी यह सुविधा शुरू कर दी गयी है।

यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश पटारिया ने दी। उन्होंने बताया यहां आपरेशन से प्रसव की सुविधा होने से लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ने के साथ संस्थागत प्रसव का ग्राफ भी बढेगा। सीएमओ ने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस सुविधा को समुदाय के नजदीक पहुंचाया जाए ताकि लोगों को निजी अस्पतालों में इस प्रकार के प्रसव के लिए अधिक रुपये



**ऑपरेशन से प्रसव की सुविधा होने से बढ़ेगा संस्थागत प्रसव**

खर्च न करना पड़े। सीएमओ ने बताया गया कि खड्डा विधायक विवेकानंद पांडेय की उपस्थिति में महिला सर्जन डॉ. सुभद्रा सिंह द्वारा खड्डा क्षेत्र के ग्राम भैसहा निवासी राधिका गुप्ता का सफल आपरेशन करके प्रसव कराया। जबकि महिला को एनेस्थेसिया उन्होंने खुद (मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश पटारिया) दिया। आपरेशन के बाद जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ बताएं गए। सीएमओ ने कहा कि सुदूर ग्रामीण अंचल के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुर्कहा पर ऑपरेशन से प्रसव की सुविधा शुरू होने से आम जनमानस में खुशी है। इस अवसर पर विधायक विवेकानंद पांडेय ने लोगों में फल और मिष्ठान वितरित कराया। वहीं पर तुर्कहा सीएचसी के अधीक्षक को बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।

## 37 हजार महिलाओं को कुकिंग के क्षेत्र में बढ़ाया गया है आगे: शालिनी



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ शेफ्स पंख फाउंडेशन 2014 से महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत है। कुकिंग एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें सभी महिलाएं पारंगत होती है पर किसी को उनकी यह प्रतिभा दिखाई नहीं देती है।

यह बातें लखनऊ शेफ्स संस्था द्वारा आयोजित अन्नपूर्णा अवॉर्ड में अध्यक्ष शालिनी लाल ने कही। शालिनी लाल ने बताया कि हमारी संस्था द्वारा लगभग 37 हजार महिलाओं को कुकिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ाया गया है। संस्था हर वर्ष अपना वार्षिक उत्सव मनाती है, जिसमें महिलाओं को अन्नपूर्णा अवार्ड व बिजनेस आइकन अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी करीब 100 महिलाओं को अन्नपूर्णा अवार्ड, बिजनेस आईकन अवार्ड और एनजीओ से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवाब मसूद अब्दुल्ला, अंशु भटनागर, अलका सिंह तोमर, नीलिमा कपूर रहीं। इसके साथ ही ममता जिंदल, मीना भारती, गौरी सांवरिया, अनीता वर्मा और मुरलीधर आहूजा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे। कार्यक्रम का संचालन विनीता जौहरी ने किया।

# मलिक विजय कपूर एसोशिएसन आफ इण्डिया का अध्यक्ष निर्वाचित कर भव्य स्वागत हुआ

अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** आर्य नगर स्थित गैजेस क्लब में नानचाकू एसोसिएशन आफ इण्डिया के पदाधिकारियों की उपस्थित में अध्यक्ष पद का कार्यभार प्रदान कर भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर एसोसिएशन के चेयरमैन डा0 रोहित सक्सेना ने मलिक विजय कपूर को बुके देकर सम्मानित किया और कहा कि आप के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में नानचाकू खेल भारत वर्ष में नये आयाम स्थापित करेगा एवं वर्ष 2024 में नीदरलैण्ड में आयोजित होने वाली नानचाकू चैम्पियनशिप को ध्यान में रखते हुए खिलाडियों की हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया और कहा कि खिलाडियों को किसी भी प्रकार का अभाव महसूस नही होने दिया जायेगा।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष मलिक विजय कपूर ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी का खेल




उसकी घरेलू और आर्थिक परिस्थितियों के अभाव के कारण प्रभावित नहीं होने दिया जायेगा उनकी हर प्रकार से मदद कर प्रोत्साहित किया जायेगा। इस अवसर पर नानचाकू एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के जनरल सेक्रेटरी बाबुल वर्मा ने सम्पूर्ण भारत में नानचाकू की बारीकियों के बारे में निःशुल्क प्रशिक्षण देकर देश के शहरों से ग्रामीण स्तर तक खेल को आगे बढाया जायेगा उन्होने बताया कि नानचाकू एसोसिएशन ऑफ इण्डिया वर्ल्ड नानचाकू एसोसिएशन से भारत में मान्यता प्राप्त एक मात्र एसोसिएशन है इस मौके पर अजय वैस्य, सेकेटैरी योगेन्द्र शर्मा, उ0प्र0 कोषाध्यक्ष शालिनी गुप्ता, यू0एस0 गौतम, रविकान्त उत्तम विधिक सलाहाकार, सिद्धार्थ, जगदीश नारायण, मीडिया कोआडिनेटर विजय कुशवाहा,संजय कुमार, सोनू वर्मा, निवराज कुमार,आशुतोष गुप्ता, कैलाश वर्मा, जगत बाबू, शर्मा, पुष्पा जायसवाल, सहित अनेको नानचाकू के खिलाड़ी एवं उनके अभिभावकगणों उपस्थित रहे एवं मलिक विजय कपूर को अपने बीच अध्यक्ष के रूप में मार्गदर्शक प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त किया।

## बिना मुआवजा बिना नोटिस के सीज कर दिया दुकान

**गोरखपुर।** नगर पंचायत सहजनवा वार्ड 13 जुड़ियान निवासी साधु शरण पुत्र निरहू जो आराजी नम्बर 54 भूमि का स्वामी है। जिसे गीडा ने अधिग्रहित कर रखा है। इस भूमि में टीनशेड डाला है और चाय पानी बेचकर जीवकोपार्जन करता था। गीडा प्रशासन के आदेश पर अमीन ने जाकर दुकान को सीज कर दिया गया। जब की पीड़ित को nto मुआवजा दिया गया न ही नोटिस दिया गया। बिना प्रक्रिया पूरी किए है। गीडा प्रशासन ने अपनी ताकत दिखाते हुए दुकान को सीज करा दिया है। जब की पूछने पर अधिकारियों के पास कोई जवाब नही है। केवल ऐक ही बात कही जा रही है की अधिग्रहित भूमि पर अवैध तरीके से निर्माण कराया गया है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाया है।

इस संदर्भ ने गीडा अमीन सुधीर कुमार अकेला ने कहा की गीडा अधिग्रहित भूमि में अवैध निर्माण करा कर दुकान का संचालन किया जा रहा था। जिसे आदेश पर सीज किया गया है।

## सेक्टर ऑफिसरों को दिया गया प्रशिक्षण



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत वरनेबुल बूथो को चिन्हित किए जाने सम्बन्धित सेक्टर ऑफिसर तथा सेक्टर पुलिस आफिसर का प्रशिक्षण उप जिलाधिकारी न्यायिक पडरौना/सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मो. जफर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण में वरनेबुल बूथों के बारे में विस्तार से सभी लोगो को बताया गया साथ ही अवगत कराया गया है कि भयमुक्त एवम निष्पक्ष चुनाव के दृष्टिगत ऐसे बूथों को चिन्हित किया जाना है जहां पर मतदाताओं को मतदान से डरा धमकाकर रोका गया हो या रोका जा रहा हो। ऐसे सभी व्यक्तियों को चिन्हित किया जाना है। तथा उनकी सूची सेक्टर आफिसर तथा पुलिस सेक्टर आफिसर द्वारा बूथवार तैयार किया जाना है। इस सम्बंध में 329 खड्डा 330 पडरौना, 331 तमकुहीराज, 332 फाजिलनगर का प्रशिक्षण कराया गया तथा आज गुरुवार को 333 कुशीनगर 334 हाटा, 335 रामकोला तथा रिर्जव सेक्टर आफिसर प्रशिक्षण कराया जाएगा। उक्त के अतिरिक्त प्रशिक्षण जिला निर्वाचन कार्यालय के वरिष्ठ सहायक कमाल असगर रिजवी, मुरलीधर शुक्ला वरिष्ठ सहायक तथा शशि मद्धेशिया कंप्यूटर सहायक उपस्थित रहे।

# परिवारवाद से ऊबे आमजन, एमपी राजस्थान में बदलाव राजनीति में सुखद संकेत: वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भाजपा ने दो राज्यों में सीएम पद के लिए नए चेहरों को सामने लाकर दूसरे दलों को आईना दिखाया है। वह दल जो परिवारवाद के दलदल में अभी तक फंसे हुए हैं। खासकर मध्य प्रदेश में बिल्कुल नया यादव चेहरा एक मिसाल है। राजनीति में बदलाव की मुहिम चलाने की कोशिश बेहतर लोकतंत्र की राह खोल रही है।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही है। उन्होंने कहा कि चाहे उत्तर प्रदेश में स्व मुलायम सिंह रहे हों या बिहार में लालू प्रसाद दोनों ने सिर्फ परिवारवाद की हवा चलाई और घर के सदस्यों को ही राजनीति में आगे बढ़ाया। किसी और वर्ग जाति व चेहरे को आगे आने ही नही दिया। नतीजा यह हुआ कि दोनों ही राज्य परिवारवाद के श्राप में फंसकर तरक्की से दूर हो गए। अन्य राज्यों की प्रगति की तुलना यूपी व बिहार से की जा सकती है। इस परिवारवाद की बेल को रोकने का काम वास्तव में भाजपा ने ही किया। यूपी में परिवारवाद बल्कि यादव वाद की राह रुकी तो बिहार में बदलाव की बयार बहने लगी है। आमजन भी अब इस वाद से ऊब गए हैं। इसी सिलसिले में भाजपा ने एक नई मिसाल पेश कर दी। एमपी में पुराने चेहरो की ही चर्चा हो रही थी पर पार्टी नेतृत्व ने यादव जाति के एक ऐसे चेहरे पर भरोसा



किया जिस पर कम से कम किसी राजनीतिक परिवार का ठप्पा नही है और वह व्यक्ति जमीन से जुड़ा कार्यकर्ता है। यह चयन परिवारवाद की बेल को अमर बनाने में जुटे राजनीतिक घरानों के लिए आईना व मुंह पर तमाचे जैसा है। जिनके लिए राज्य से बढ़कर परिवार तक ही राजनीति सीमित करना रहा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि बदलाव के इस सिलसिले में अब पसमांदा मुसलमान में भी आस जगी है कि भाजपा इस दलित से भी बदतर समाज की सुध लेते हुए राजनीतिक पहचान देने की पहल करेगी। तीन राज्यों में हुए बदलाव में पसमांदा की भूमिका कम नही है। वैसे भी अन्य दलों ने इस समाज का वोटबैंक के तौर पर सिर्फ इस्तेमाल ही किया है।सिर्फ पीएम मोदी ने समाज को साथ जोड़ने की बात की।

## वितरण समारोह आयोजित

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में बुधवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त योग्यता छात्रवृत्ति वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भटौली महाविद्यालय उनवल के पूर्व सह आचार्य डॉ. बलवान सिंह ने मेधावियों को छात्रवृत्ति प्रदान करते हुए चरित्र निर्माण व आंतरिक मानवीय गुणों की पहचान कर सुयोग्य नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

## सूचना

मैं राबिया बानो (RABIA BANO) पत्नी मो हनीफ, 346/25 एन, मेहंदी गंज लखनऊ की निवासी हूं। मैंने अपना नाम राबिया बानो (RABIA BANO) से बदलकर राबिया बानो (RABIYA BANO) रख लिया है, भविष्य मे अब मुझे राबिया बानो (RABIYA BANO) के नाम से जाना, पहचाना और पुकारा जाए।

## राजकीय सम्मान के साथ दी गयी अंतिम विदाई



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के जालौन में ड्यूटी पर जा रहे सैनिक की झांसी में ट्रेन हादसे में हुई मौत से गांव में महताम छा गया है। हादसा उस समय हुआ जब अवकाश से ड्यूटी पर जा रहे एक फौजी की ट्रेन हादसे में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहरा मच गया। वही सैनिक को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। वही सैनिक के अंतिम दर्शन के लिए लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा है। आपको बता दे कि जालौन के कुठौंद थाना क्षेत्र के मालपुर गांव निवासी 34 बर्षीय दिलदार प्रजापति 19 राष्ट्रीय राइफल्स रेजीमेंट में अनंतनाग जम्मू कश्मीर मैं तैनात थे। दीपावली के दो दिन पहले वह छुट्टी पर घर आए थे। छुट्टी खत्म होने के बाद ड्यूटी पर जा रहे थे तभी झांसी वीरांगना लक्ष्मीबाई स्टेशन पर ट्रेन पर चढ़ते समय पैर फिसल गया वह पटरी पर गिर गए, जिससे ट्रेन हादसे में उनकी मौत हो गई। मृतक फौजी दो भाइयों में बड़ा था पति की मौत से पत्नी रंजना देवी और दो बेटे महेंद्र, अर्पित जिनका रो-रो कर बुरा हाल है, वही सैनिक को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई है। सैनिक के अंतिम दर्शन को लोगों का जनसैलाब उमड़ा है।

## कुएं में गिरे तेंदुए को किया गया रेस्क्यू

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** सामाजिक वानिकी प्रभाग मुरादाबाद रेंज के अन्तर्गत ग्राम पचोकरा में किसान के खेत के कुऐं में गिरे तेंदुए को दिनांक 10.12.2023 को वन विभाग द्वारा रेस्क्यू किया गया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेष द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में रेस्क्यू किये गये तेंदुए को नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में दिनांक 12.12.2023 की सांय को प्राप्त हुआ। यह तेंदुआ घायल अवस्था में है। इस तेंदुए को प्राणि उद्यान के वन्य जीव चिकित्सालय में वन्य जीव चिकित्सकों की देखरेख में रखा गया है। प्राणि उद्यान के वन्य जीव चिकित्सकों द्वारा तत्काल इलाज प्रारम्भ करते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे यह तेंदुआ स्वस्थ हो सके।

# प्रधान पति ने निजी आवास पर लगवाए आईसीसी ईट ग्राम पंचायत निधि से भुगतान पर अड़े

## सचिव को दे डाली धमकी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मया बाजार विकासखंड ग्राम पंचायत सारंगपुर में तत्कालीन खंड विकास अधिकारी गौरीशा की



कृपा दृष्टि से ग्राम पंचायत में प्रधान नेहा गौड के पति कुलदीप गौड़ ने भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है। वैभव पांडे ग्रा.वि.अधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी वि.ख-मया बाजार जनपद-अयोध्या को सात बिंदुओं का दिनांक 06/12/2023 प्रार्थना पत्र दिया गया है। ग्राम पंचायत सारंगपुर में राज्य अमत सरोवर देवरिया तलाब की आई डी मनरेगा साइट पर मौजूद है। आखिर विवेक तकनीकी सहायक ने लगभग 48 लाख का स्टीमेट कैसे बनाकर स्वीकृत दि गई। तलाब को मनरेगा नियम के विरुद्ध मशीन से खुदाई की गई जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल है। दिनांक 03/06/2023 को ग्राम प्रधान नेहा गौड़ ने सरकार द्वारा दिए जा रहे मानदेय को एडवांस नियम विरुद्ध निकाल लिया गया है। वही प्रधान पति ने निजी आवास पर लगी इण्टरलाकिंग को ग्राम पंचायत के मद से भुगतान कराने का पर अणे सचिव को दे डाली धमकी दोषियों के विरुद्ध पंचायती राज एक्ट के अनुसार कार्यवाही करने की मांग शिकायतकर्ता ने की है। वही प्रधान पति ने ट्रान्सफर कराने की धमकी व सरकारी कार्य में बाधा डालने की बात शिकायती पत्र में कही गई है।पूर्व सचिव अनिमेश त्रिपाठी ने पंचायत भवन में आफिस स्थापना के लिए कम्प्यूटर सिस्टम क्रय किया गया था जिस ग्राम प्रधान पति ने अपने घर पर रखे हुए है। नोटिस देने के बाद भी मिनी सचिवालय नहीं पहुंचा कम्प्यूटर सिस्टम।शासनादेश के अनुसार ग्राम पंचायत का भुगतान पंचायत सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर गेटवे के माध्यम से अनिवार्य रुप से करने की व्यवस्था है पूर्व में कराये गये सभी भुगतान संदेहात्मक है। ग्राम प्रधान पति ने सचिव का ट्रान्सफर कराने व सरकारी कार्यों/दायित्वों में लगातार बाधा पहुचाया जा रही है। ग्राम प्रधान के विरुद्ध 95 जी के तहत आवश्यक कार्यवाही व दोषियों की विरुद्ध सुसंगत धारओं में प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग शिकायतकर्ता ने प्रार्थना पत्र में की है।

## जरूरतमंद तक पहुंच कर उसकी समस्या को दूर करना ही मुख्य उद्देश्यः प्रतीक

**अयोध्या।** अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रामघाट अयोध्या स्थित श्री राम जानकी मंदिर माइवाड़ा में ट्रस्ट के संरक्षक अनूप कुमार तोलानी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कंचन तोलानी जी की मैरिज एनिवर्सरी के शुभ अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित करके को कंबल वितरण भोज करवा के मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली से आई समाजसेविका बालवीर मान ने कंबल वितरण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में शामिल होकर जीवन धन्य हो गया तथा ट्रस्ट द्वारा जो कार्य किया जा रहा है असली में यही समाज सेवा है।

ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने कहा कि आज माइवाड़ा में भारी संख्या में कमल वितरण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है जो कार्यक्रम प्रतिदिन ठंडा के मौसम तक चलता रहेगा ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने राम जानकी मंदिर माई वाड़ा में बैठने के लिए 10 कुर्सी देने की घोषणा किया है कार्यक्रम संयोजक भारती सिंह ने कहा कि आज हमें ऐसे ही लोगों की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है जिन्हें हम सब की आवश्यकता है ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा ने कहा कि जरूरतमंद तक पहुंच कर उसकी समस्या को दूर करना ही मुख्य उद्देश्य है कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ट्रस्ट के संरक्षक प्रीतम सिंह विनोद कुमार शर्मा उपाध्यक्ष भारती सिंह एडवोकेट कविंद्र साहनी उपाध्यक्ष सचिन सरीन महामंत्री प्रतीक वैश्य पूनम शर्मा कंचन राठौर आरती शुक्ला मीना अवस्थी रंगमंच के कलाकार पीके गौर आकांक्षा सिंह रमेश चंद्र शास्त्री श्रीमती रश्मि चौरसिया विजय कुमार शुक्ला निर्मला सिंह संजय यादव मुख्य रूप से शामिल थे आए हुए लोगों का आभार राम जानकी मंदिर माई बाड़ा की महंत कृष्णदासी ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट की उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक भारती सिंह एडवोकेट व संचालन ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा ने किया

# आदर्श नगर पंचायत कुमारगंज में मनाया गया स्वच्छता जन जागृति दिवस

*अवधनामा संवाददाता*

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के आदर्श नगर पंचायत कार्यालय के मीटिंग हाल में बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह छोटू की अध्यक्षता में स्वच्छता जन जागृति दिवस मनाया गया। स्वच्छता वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक के दौरान चेयरमैन विकास सिंह ÷छोटू÷ एवं अधिशासी अधिकारी कुमारगंज संजय शुक्ला ने वार्ड स्तरीय स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के सदस्यों एवं सभासदों को बैच, टी-शर्ट, कैप देकर उनका उत्साहवर्धन किया। जन जागृति दिवस पर हुई स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक में सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया। कि नगर पंचायत अध्यक्ष, संबंधित वार्डो के सभासद, अधिशासी अधिकारी सफाई नायक, संबंधित सफाई कर्मी तथा स्वच्छता वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्य सभी मिलकर माह में एक दिन सामूहिक रूप से संबंधित वार्ड में पहुंचकर साफ-सफाई के प्रति विचार विमर्श करेंगे तथा वार्ड के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी करेंगे। ताकि वार्डों में स्वच्छता बनी रहे।

## हं हनुमते नमः मंत्र के जाप से कष्टों से मिलती मुक्तिः राम कृष्ण सोलम

**अयोध्या।** रायल हेरीटेज होटल में चल रहे ज्योतिष महोत्सव के तृतीय दिवस ज्योतिषियों ने रामायण के मंत्र प्रयोग एवं प्रभाव पर विस्तार से चर्चा करते हुए भगवान राम के जीवन को ज्योतिष विज्ञान से जोड़ा। पांच दिवसीय ज्योतिष महोत्सव का आयोजन मिल्कीपुर के पूर्व भाजपा विधायक गोरखनाथ बाबा द्वारा कराया गया है। महोत्सव में भारत सहित 28 देशों के सैकड़ो ज्योतिषाचार्य अपना व्याख्यान दे रहें हैं। महोत्सव के आयोजक गोरखनाथ बाबा व विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचे देश-विदेश के ज्योतिषियों का स्वागत सम्मान किया।लास एंजिल्स के ज्योतिषी पंडित समा वेदुला ने रामायण के मंत्र पर विधिवत चर्चा एवं इसके प्रयोग से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से अपनी बात रखी। लंदन के रामकृष्ण सोलन ने हनुमान मंत्र ? हं हनुमते नमः की ऊर्जा एवं पाराशर ऋषि द्वारा लिखित पाराशर संघिता पर गहन चर्चा की। उन्होंने हनुमान मंत्र का वर्णन करते हुए कहा कि इसके प्रभाव से इस मंत्र के जाप करने से मनोवांछित फल मिलता है। रोग और कष्टों से मुक्ति मिलती है। यूरोप के सुलेवेनिया शहर से जास्मिन पेट्रा काव्या अपने बीस सदस्यीय टीम के साथ अयोध्या प्रवास पर हैं। उन्होने भगवान राम की कुंडली के ग्रहो की दशा अंतरदशा का अध्ययन करते हुए कहा कि एक व्यक्ति का जीवन कैसे पूरे भारत को मर्यादा व संस्कार में जीना सिखाता है।

# अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज -अयोध्या।** अवैध मादक पदार्थ द्रव्यों की बिक्री तश्करी के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत



थाना प्रभारी परशुराम ओझा के नेतृत्व में 13 दिसंबर 2023 को थाना गोसाईंगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिरखास की सूचना पर अभियुक्त राकेश वर्मा पुत्र मंसाराम वर्मा निवासी पकरेला थाना गोसाईगंज जनपद अयोध्या को 650 ग्राम अवैध गांजा के साथ थाना क्षेत्र के रसूलपुर मोड़ बेहद ग्राम रसूलपुर थाना गोसाईगंज के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है जिसके विरूद्ध थाना स्थानीय पर धारा-8/20 एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।गिरफ्तार करने वाले टीम में पुलिस टीम-उप-निरीक्षक उपेंद्र कुमार सिंह आरक्षी चंदन यादव।

# शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नई शिक्षा नीति 2020 का अध्ययन कर निश्चित कार्य योजना के तहत कार्य करने का निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय सहित अन्य तीन विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो डीपी सिंह द्वारा मण्डलायुक्त सभागार में मण्डल के बेसिक, माध्यमिक, उच्च शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास आदि से जुड़े शिक्षा विभाग के मण्डलीय, जनपदीय एवं क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ बैठक की। प्रो सिंह ने कहा कि वर्ष 2020 में कोविड काल में नई शिक्षा नीति प्रधानमंत्री के निर्देशन में अनेक शिक्षाविद् आदि से परामंश लेकर जारी किया गया था इसके पूर्व शिक्षा नीति वर्ष 1986 में बनायी गयी थी। इस शिक्षा नीति का स्थानीय संस्कृति एवं भारतीय दर्शन के तथा सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने के उद्देश्य से बनाया गया था। सभी को



अपने-अपने क्षेत्र में शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई न हो तथा अपने क्षेत्र की जड़ों से एवं परम्पराओं से जुड़ने का मौका मिले तथा सभी के लिए शिक्षा सुगम, प्रेरक एवं रोजगार देने वाली हो। साथ ही मनुष्य के अंदर प्रारम्भिक काल से ही मानवीय संवेदना एवं मौलिक ज्ञान की आधारभूत तथ्य हो, जिससे कि प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने पर वह व्यक्ति जहां भी हो राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सके। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति किसी व्यक्ति या केवल सरकार की नही यह राष्ट्र की मूल शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सभी से सहयोग एवं उनके क्षमताओं को विकास देने वाली हो, इसलिए शिक्षा विभाग के अधिकारी पूरे राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अध्ययन करें। अध्ययन के उपरांत उसका मनन और चिन्तन कर स्थानीय स्तर पर इसको किस प्रकार से बेहतर ढंग से लागू करेंगे इसके लिए कार्यवाही करें। विभागीय स्तर पर प्रो सिंह ने बेहतर समन्वय बनाने के लिए जिलाधिकारी एवं मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विभिन्न शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों के लिए एक समिति बनाने का भी सुझाव दिया जो शासन स्तर पर विचाराधीन है इस पर शीघ्र कार्यवाही होने वाली है। प्रो सिंह ने यह भी कहा कि हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के प्रति संकल्पबद्धता उनके द्वारा समय समय पर विभिन्न विभागों के साथ समीक्षा की जाती है जिससे कि इसको और बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जा सके आम जनमानस को लाभान्वित किया जा सकें। शिक्षा के अलावा खेलकूद तथा पर्यावरण के प्रति जागरूकता एक्स्ट्राकरिकूलर एक्टिविटी बढ़ाने पर भी जोर दिया। प्रो सिंह ने यह भी किया कि मुख्यमंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश की वन ट्रिलियन इकानॉमिक करने का लक्ष्य है इसमें 9 सेक्टर है इसमें शिक्षा का भी सेक्टर महत्वपूर्ण है इसलिए हम सभी को शिक्षा को रोजगार दिलाने वाली और आत्मनिर्भर बनाने वाली भावना से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य शिक्षार्थी को इमोशनल इंटेलिजेंट बनाना है जिससे किसी भी क्षेत्र में चाहे वह प्रशासन हो चाहे वह बिजनेस हो व्यापार हो या शिक्षा हो उस क्षेत्र में वहां के नियम और कानून को लागू करने के साथ-साथ व्यावहारिक स्तर पर उसके उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए उसमें भावनाओं को सम्मिलित किया जा सके, ताकि बुद्धिमत्ता के साथ भावनाओं का बेहतर ताल मिले स्थापित करके किसी भी परिस्थिति में सर्वोत्तम निर्णय लिया जाना संभव हो सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विशिष्टता के साथ समता पर भी बल दिया गया ताकि विशिष्ट प्रकार के योग्यता को विकसित करने के साथ-साथ उसको समान रूप से सभी के लिए सुगम बनाया जाना संभव हो सके।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संख्या के साथ गुणवत्ता पर बल दिया गया ताकि न केवल सभी को शिक्षा की व्यवस्था में सम्मिलित किया जा सके बल्कि शिक्षा के विभिन्न उद्देश्यों के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके और वह व्यक्ति अपना सर्वांगीण विकास करते हुए क्षेत्र, समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सके। शिक्षा नीति में दृढ़ता के साथ लचीलेपन पर भी बोल दिया गया ताकि कोई भी व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में काम करते समय वहां के मूल्य और मानकों को लागू करने के साथ-साथ शिक्षा प्राप्त करने के विभिन्न आयामों में चयन को भी अपना सके और उनमें अपने लिए बेहतर माध्यमों का चयन कर सके।

# सीएम योगी के निर्देश पर अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों को जांचने पहुंचे लोक निर्माण मंत्री



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राम के धाम में समय से हर काम हो। योगी सरकार की इस पर नजर है। हर विकास कार्यों के लिए अफसरों को समयसीमा व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिया है। उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद एवं राज्य मंत्री लोक निर्माण कुंवर ब्रिजेश सिंह, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चैहान तथा विभाग के मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता आदि अभियन्ताओं तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस बैठक कक्ष में विभागीय कार्यो की समीक्षा की गयी। मंत्री द्वारा अयोध्या शहर एवं आसपास तथा राम जन्मभूमि के आसपास बन रहे कार्यो की पुल आदि की गहन समीक्षा की गयी। मंत्री ने बताया कि जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ आदि के अलावा जो भी पुल एवं सड़के बनायी जा रही हो वह मानक के अनुसार बनायी जाय उस पर लाइट एवं फसाद आदि की भी व्यवस्था समय से हो सम्बंधित कार्यो को गुणवत्ता के साथ 25 दिसम्बर 2023 तक पूरा करने के निर्देश भी दिये गये।

## उत्तर प्रदेश की जूनियर बालिका हैंडबाल टीम घोषित

**अयोध्या ।** वाराणसी में 16 दिसम्बर से आयोजित होने वाली 46 वी जूनियर राष्ट्रीय बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए उत्तर प्रदेश की टीम आज डॉ भीमराव अंबेडकर अन्तर्राष्ट्रीय कीड़ा संकुल में 15 दिवसीय विशेष ?प्रशिक्षण सिविर के उपरान्त घोषित कर दी गयी। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के संयुक्त सचिव परमेन्द्र सिंह ने उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव डॉ आनदेश्वर पाण्डेय के निर्देश पर राज्य टीम घोषित की। उन्होंने बताया उत्तर प्रदेश टीम की कप्तान अयोध्या की आराधना त्रिपाठी व उफ कप्तान गोरखपुर की समृद्धि सिंह बताया गया है , दोनों ही अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी है। परमेन्द्र सिंह बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देशक में स्पोर्ट्स स्टेडियम डाभासेमर मे 30 नवम्बर से चल रहा था। उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश की टीम गत वर्ष की कांस्य पदक विजेता रही है। खिलाड़ी के प्रर्दशन के आधार पर उम्मीद है कि राज्य की टीम और बेहतर प्रदर्शन करने में कामयाब होगी। सिविर के समापन क्षेत्रीय कीड़ा अधिकारी श्री मति चंचल मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त उत्तर प्रदेश की टीम इस प्रकार से हैं आराधना त्रिपाठी, मुस्कान तिवारी, निक्की, सुबी सविता, राजपति सभी अयोध्या रेशमा यादव, नैना यादव, प्रीती यादव, सुमन यादव, निहारिका ठाकुर, सुमन सभी वाराणसी समृद्धि सिंह, मुस्कान चौहान, निक्की चौहान सभी गोरखपुर अंशिका सिंह, चंदा पाण्डेय प्रयागराज सौम्या मिश्रा, अनन्या श्रीवास्व लखनऊ टीम कोच अंकिता रतन लखनऊ टीम मैनेजर परमेन्द्र सिंह अयोध्या शामिल है।

# दूसरे दिन भी जारी रहा कोल्ड स्टोरेज की मनमानी के विरोध में भाकियू का धरना

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** मेसर्स जयशंकर कोल्ड स्टोरेज लक्षबर बजहा के गेट पर भारतीय किसान यूनियन का चल रहा अनिश्चित कालीन धरना



दूसरे दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पहुँचे राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम पटेल ने कार्यकर्ताओ मे उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जब तक किसानों के उपज की अदायगी नही हो जाती है तब तक धरना जारी रहेगा। उल्लेखनीय हो कि लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम लक्षबर बजहा मे स्थित मेसर्स जयशंकर कोल्ड स्टोरेज मालिक ने बिचौलिए से मिलकर किसानों का आलू बेच लिया है और जब किसान पैसे की मांग करते है पैसा देने मे आनाकानी करते है। गत 9 दिसंबर को मंडी समिति सफदरगंज मे भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित मासिक बैठक मे आलू किसान रामराज, सहदेव, संतोष कुमार, आकाश, वीरेंद्र कुमार सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि मेसर्स जयशंकर कोल्ड स्टोरेज लक्षबर बजहा के मालिक किसानों का आलू हम लोगो की बगैर जानकारी मे बेच लिया है लेकिन पैसा नही दिया जा रहा हैं। जिस पर किसानों का पैसा वापस न होने पर 12 दिसंबर से होने वाले अनिश्चित कालीन दर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम पटेल ने कोल्ड स्टोरेज मालिक को ललकारते हुए कहा कि जब तक किसानों की उपज का पाई पाई तक हिसाब नही हो जाता है तब धरना जारी रहेगा तथा यदि जरूरत पड़ी तो मंडल स्तर के कार्यकर्ता भी धरने मे शामिल होंगे। धरने मे प्रदेश उपाध्यक्ष राम किशोर पटेल, प्रदेश सचिव उत्तम वर्मा, जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा, उपाध्यक्ष लायकराम, शांतिभूषण, ओमप्रकाश, जागेधवर चौधरी, सिरौलीगौसपुर तहसील अध्यक्ष डा0 राम सजीवन वर्मा, रामसेवक रावत, ब्लाक अध्यक्ष भगौती प्रसाद वर्मा, सिद्धौर ब्लाक अध्यक्ष प्रमोद कुमार, हरिराम पाल, रामानंद सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत किसानों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**बीकापुर- अयोध्या।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को बीकापुर विकासखंड की ग्राम पंचायत ढेहरियावा तथा शिवतर में पहुंची तो कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति पेश की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित भाजपा नेता राम मोहन भारती तथा वीरभान सिंह सुनील राजपूत ने प्रतिभावान छात्र एवं छात्राओं तथा किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव राजकुमार यादव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान गण राहुल पाल तथा जैना देवी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बाबत लोगों को जागरूक किया तथा जानकारी उपलब्ध कराई।

## पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता में बाराबंकी के खिलाड़ियों ने बनाया दबदबा

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** प्रदेश स्तरीय पुलिस बैडमिंटन प्रतियोगिता में बाराबंकी के



खिलाड़ियों ने दबदबा बनाया। खेलने गए खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण के साथ चार पदक अपने नाम लिए। खासतौर से कवि हृदय निरीक्षक धर्मराज उपाध्याय ने बैडमिंटन में भी अपने हुनर से लोगों का ध्यान आकर्षित किया। बताते चलें कि मुरादाबाद में बीते दिनों 40वीं प्रदेश स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन बीते दिनों हुई थी। इसमें सिविल पुलिस के कुल आठ जोन, पीएसी के तीन जोन, जीआरपी जोन तथा रेडियो जोन मिलाकर कुल 13 जोन की टीमों के कुल 250 महिला व पुरूष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। उक्त प्रतियोगिता में बाराबंकी में नियुक्त रेडियो निरीक्षक अशोक गुप्ता, मीडिया सेल प्रभारी निरीक्षक धर्मराज उपाध्याय और टीएसआई आनन्द सिंह ने लखनऊ जोन की टीम के तहत प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता के दौरान हुए मैचों में टीएसआई आनन्द सिंह ने जहां सभी को पछाड़ते हुए एक गोल्ड मेडल जीता वहीं रेडियो निरीक्षक अशोक गुप्ता को भी एक कांस्य पदक मिला। वहीं मीडिया सेल प्रभारी धर्मराज उपाध्याय ने अपनी खेल प्रतिभा का भी प्रदर्शन करते हुए एक सिल्वर पदक जीता।

# शराब दुकान में चोरी का खुलासा, 3 चोर गिरफ्तार दो फरार हजारों का माल बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** एक सप्ताह पूर्व वीयर की दुकान मे सेंन्ध मारी कर चोरी की गयी हजारों रुपये की अंग्रेजी शराब व वीयर की बिक्री कर तीन अभियुक्तों को आबकारी एव मसौली पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर भारी मात्रा मे वीयर एव शराब बरामद की है। चोरी की घटना मे शामिल दो अन्य अभियुक्त फरार हो गये है। बताते चले कि गत 6 एव 7 दिसंबर की रात्रि को अज्ञात चोरो ने कस्बा सहाबपुर स्थित वीयर एव अंग्रेजी शराब की दुकान नम्बर 6642 मे सेंधमारी कर अज्ञात चोरो ने भारी मात्रा मे वीयर व विभिन्न ब्रांडो की अंग्रेजी शराब उठा ले गये थे। चोरी की सूचना अनुज्ञापी अवनीश जयसवाल ने मसौली थाने मे दी थी। 11 दिसंबर को आबकारी निरीक्षक राम श्याम त्रिपाठी को जरिये मुखबिर



सूचना मिली कि ग्राम पहलीपार के निकट खेतो मे छिपकर कुछ लोग अंग्रेजी शराब की दुकान से चोरी की गयी वीयर व शराब की बिक्री कर रहे है। प्रभारी निरीक्षक राम श्याम त्रिपाठी अपने हमराही अमजद खान, सत्यप्रकाश उपाध्याय, आशुतोष कुमार थाना मसौली के आरक्षी राजीव सिंह, रत्नेश पाण्डेय के साथ ग्राम पहलीपार मे खेतो के बीच लगे पयालो मे छिपी शराब को बिक्री करते हुए अली अहमद पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम रसौली, मुन्नन पुत्र इदरीश निवासी ग्राम प्रतापगंज कासिम पुत्र वसीम निवासी ग्राम शहाबपुर को दबोच कर अभियुक्तों की निशानदेही पर पयाल मे छिपा कर रखी गयी 500 मिली की स्ट्रांग वीयर की 120 केन, 500 मिली की टूयुबर्ग स्ट्रांग की 120 केन, कांच की 21 बोतल हिलसबर्ग 45 वाइन व धरीता अंग्रेजी शराब बरामद की। इस दौरान पहलीपार निवासी राहुल व रसौली निवासी जावेद पुत्र मुन्ने फरार हो गये। पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## समाचार पत्र प्रतिनिधि को मातृ शोक, दी सांत्वना

**बनीकोडर बाराबंकी।** ब्लॉक बनीकोडर के क्षेत्र अंतर्गत कस्बा कोटवा सड़क के निवासी पत्रकार सतीश कुमार कनौजिया की माता के निधन पर समाज सेवा फाउंडेशन के चेयरमैन आशीष सिंह सिसौदिया ने पीड़ित पत्रकार के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार का हाल जाना। पत्रकार को आर्थिक सहायता प्रदान की और परिवार को सांत्वना संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए परिवार को इस दुख की घड़ी से निकालने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस मौके पर आषीश सिंह सिसौदिया के पुत्र अभिनव सिसौदिया, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुधाकर मिश्रा, जयप्रकाश वरिष्ठ पत्रकार दिवाकर बाबा, दीपक कुमार वर्मा ,अवधेश वर्मा, अनिल कुमार, संतोष सिंह सहित परिवार के लोग मौजूद रहे।

## निपुण विद्यार्थियों ने लिया देश सेवा का संकल्प, सिसौंडा में यात्रा का स्वागत

**बाराबंकी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के महादेवा मंडल क्षेत्र के सिसौंडा गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े बजाकर स्वागत किया। घाघरा तट स्थित गांव के प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में कई वंचितों को पीएम आवास, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि जैसी कई योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अमन, अर्पित, अनव्या, अभिषेक, अंशिका आदि



बच्चों के चेहरे निपुण विद्यार्थी का प्रमाण पत्र पाकर खिल उठे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय आनंद बाजपेई ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से शुरू की गई विकसित भारत यात्रा देशवासियों की सुरक्षा,समृद्धि और खुशहाली की गारंटी देती है।कहा कि 2014 से पहले चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ दिया जाता था, लेकिन पिछले साढ़े नौ वर्षो में मोदी सरकार गरीबों- वंचितों और महिलाओं को बिना भेदभाव हर योजना का लाभ मुहैया करा रही है। पूर्ववर्ती सरकारों ने जाति के नाम पर लोगों को बांट कर विकास को बाधित किया था, मोदी सरकार बाधाओं को दूर कर एक भारत श्रेष्ठ भारत का निर्माण कर रही है। कहा कि यह यात्रा पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं से शत प्रतिशत संतृप्त करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा।सभी ने पंच प्रण का संकल्प लिया। मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

# सड़क सुरक्षा नियमों का विद्यालयों में हो व्यापक प्रचार-प्रसार: डीएम

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय परिवहन यान सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा समस्त ब्लैक स्पॉटों का सुधारात्मक कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि समस्त विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये। प्रवर्तन कार्यवाही के समय सड़क सुरक्षा जागरूकता का प्रचार प्रसार किया जाये। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्त विद्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अनिवार्य रूप से कराई जाए। कोई भी अनफिट वाहन का संचालन विद्यालय में न किया जाय जिसकी निगरानी पुलिस विभाग, परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा की जाय। यदि कोई अनफिट वाहन का प्रयोग विद्यालय में किया जाता है, उसपर त्वरित कार्यवाही कर सीज किया जाय। जिलाधिकारी द्वारा जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिया गया कि कोई भी ट्रेक्टर गन्ना ढुलाई के दौरान ओवर लोड न हो। बैठक दौरान चिकित्सा विभाग से आए अधिकारी को निर्देश दिया गया कि एम्बुलेंसों की सेवा गुड रिपोर्टिंग टाईम में बढ़ाई जाय। वहीं आरटीओ, पीडब्लूडी, एनएचएआई, पुलिस विभाग, चिकित्सा, शिक्षा आदि विभागों में दिनांक-15 दिसंबर से 3 तक सड़क सुरक्षा पखवारा के अन्तर्गत जागरूक्ता अभियान चलाया जाय।

**इंटरसेप्टर वाहन से ओवर लोड वाहनों का आटोमेटिक चालान-** परिवहन विभाग के अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कुशीनगर को प्रवर्तन कार्यवाही हेतु इन्टरसेप्टर वाहन उपलब्ध कराया गया है जो ओवर स्पीड वाहनों का आटोमेटिक चलान करेगा।

नेशनल हाईवे पर कार की अधिकतम स्पीड 100 किमी प्रति घण्टा, ट्रक की अधिकतम स्पीड 80 किमी प्रति घण्टा रहेगी एवं स्टेट हाईवे पर कार की अधिकतम स्पीड 65 किमी प्रति घण्टा एवं ट्रक की अधिकतम स्पीड 40 किमी प्रति घण्टा है, ब्लैक स्पॉट एरिया में कार की अधिकतम स्पीड 50 किमी प्रति घण्टा, ट्रक की अधिकतम स्पीड 40 किमी प्रति घण्टा रहेगी इससे अधिक गति होने पर ऑटोमेटिक चलान होगा।

**डीएम की अध्यक्षता में पेंशनर दिवस 17 दिसम्बर को-** राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण हेतु 17 दिसम्बर 2023 (रविवार) को पूर्वान्ह 11 बजे पेंशनर दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार (रविन्दरनगर धुस) में जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने उक्त पेंशनर दिवस के अवसर पर समस्त कार्यालयाध्यक्ष को उपस्थित रहने का निर्देश दिये हैं।

### 9 फरवरी तक जिले में प्रभावी रहेगी निषेधाज्ञा

**कुशीनगर।** जिले में आगामी नौ फरवरी तक निषेधाज्ञा प्रभावी कर दी गई है। यह जानकारी एडीएम वैभव मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि किसमस-डे, नववर्ष दिवस, मकर संक्रांति, मोहम्मद हजरत अली का जन्म दिवस, जननायक कपूरी ठाकुर जन्म दिवस, गणतंत्र दिवस, विभिन्न परीक्षा और आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को देखते हुए जिले में निषेधाज्ञा लागू की गई। उन्होंने बतायाकि इस दौरान कोई भी व्यक्ति राजमार्ग सड़क जाम नहीं करेगा। बिना पूर्व अनुमति के धरना प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। रात दस बजे से सुबह आठ बजे तक तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्र नहीं बजेंगे।

## बांसी के सिसई कला गांव मे आयोजित की गई श्रामणेर प्रवज्या शिविर

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** मंगलवार देर शाम स्थानीय क्षेत्र के सिसई कला गांव मे भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान मे श्रामणेर प्रवज्या शिविर का आयोजन किया गया। चैत्य भूमि दादर मुंबई से पधारे भिक्खु संघ के राष्ट्रीय सचिव भन्ते विनय दत्त जी ने उपस्थित लोगो को त्रिशरण एवं पंचशील ग्रहण कराया एवं बौद्धाचार्य रामधनी को प्रवज्जित कर आजीवन बौद्ध भिक्षु बनाया।

शिविर को संबोधित करते हुए भन्ते बुद्ध रतन ने कहा कि आज पूरा विश्व बारूद के ढेर पर बैठा हुआ है। किसी न किसी देश मे आये दिन युद्ध होते रहते हैं, जिससे कई लोगों की जान भी चली जाती है। यदि युद्ध को रोकना है तो विश्व को बुद्ध के शरण मे जाना ही होगा।भारतीय बौद्ध महासभा के मण्डल महासचिव केदारनाथ आजाद ने कहा बौद्ध धर्म को जन-जन तक पहुंचाने मे भिक्षुओं का महत्वपूर्ण योगदान है। हमारे संगठन द्वारा श्रामणेर प्रवज्या शिविर का आयोजन कर निरंतर योग्य लोगों को बौद्ध भिक्षु बनाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है।जिलाध्यक्ष राममिलन गौतम ने कहा कि बौद्ध धर्म एक भारतीय वैज्ञानिक धम्म है जिसमे जाति-पाति, ऊंच-नीच, छुआछूत, ढोग-पाखंड के लिए कोई स्थान नही है। बौद्ध धर्म से ही समाज में भाईचारा एवं बंधुता को कायम किया जा सकता है। चैत्य भूमि दादर मुंबई से पधारे भिक्षु संघ के राष्ट्रीय सचिव भन्ते विनय दत्त ने बौद्धाचार्य रामधनी को दस शील एवं पचहत्तर सेखियां ग्रहण कराये। इस अवसर पर बौद्ध भिक्षु विवेकानन्द, डा. शीश कुमार, राजकुमार राव, डा. जेपी बौद्ध, जयकिशोर गौतम, संतोष कुमार आजाद, राधेश्याम बौद्ध, डा. पहलाद, लुचई बौद्ध, रामभवन, जोगेंद्र बौद्ध, माधवराम, पप्पू, बलजीत कुमार, राकेश गौतम, सचिन भाष्कर, डब्ल्यू, राहुल रत्न, राम जियावन, जगराम, मनोहर, जगजीवन राम, राम बचन, तिलकराम, बेचई, अरूण कुमार भारती, वीरेन्द्र, रामप्रकाश, नन्दकिशोर, सुबाष आदि सहित भारी संख्या मे महिलाएं एवं बच्चे मौजूद रहे।

## श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अक्षत कलश पहुंचा डुमरियागंज



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बुधवार को अयोध्या से भगवान श्रीराम मंदिर का अक्षत कलश डुमरियागंज पहुंचा तो पूरा इलाका जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्सव का माहौल है। इसने देश में पर्व का रूप ले लिया है। श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ा अक्षत कलश डुमरियागंज के बैदौला चौराहा पहुंचा। बुधवार की दोपहर को अक्षत कलश के पहुंचने पर बैदौला चौराहे पर पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में फूल माला और गाजे बाजे से भव्य स्वागत किया गया। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरों पर है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए देश के विभिन्न राज्यों में न्यौता भेजा जा रहा है। इसके लिए 121 कलश भेजे गए हैं और निमंत्रण दिया गया है। जिनमें से एक अक्षत कलश बुधवार के दिन खण्ड कार्यवाह वेद प्रकाश पांडेय नेतृत्व बैदौला चौराहा पहुंचा। बैदौला चौराहे पर अक्षत कलश का विधिवत पूजा अर्चना और आरती करने के बाद अन्य जगहों में निमंत्रण देने के लिए कलश यात्रा सिद्धार्थनगर निकल गई। इस दौरान जिला कार्यवाह मोहित, मधुसूदन अग्रहरि, लवकुश ओझा, चंद्र प्रकाश चौधरी, धर्मराज वर्मा, पप्पू श्रीवास्तव, दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे, अमरेंद्र त्रिपाठी, लालजी शुक्ला, कमलेंद्र त्रिपाठी, विंद्रराम सोनी, शत्रुहन सोनी, संतोष अग्रहरि, विवेक श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव आदि सहित भारी संख्या में हिन्दू जनमानस उपस्थित रहा।

## स्वच्छता जनजागृति दिवस पर क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिये जागरूक किया



अवधनामा संवाददाता

**किछौछा अम्बेडकरनगर।** नगर पंचायत में साफ सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ कर एक मॉडल नगर पंचायत के रूप में प्रदेश में नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा को स्थापित करने का दायित्व नगर पंचायत के सभी कर्मचारियो के साथ हम सभी का बनता है। जिसमें सभी नगर वासियों का सहयोग भी जरूरी है। उक्त बातें नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने जन जागृत दिवस के अवसर पर स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा विश्व पटल पर अपनी पहचान बिखेर रहा है। इसलिए हम सब का दायित्व बन जाता है कि इस स्वच्छ भारत, स्वच्छ किछौछा के तहत साफ सफाई की व्यवस्था को सुदृढ़ कर नगर पंचायत को एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत करें। बैठक में चेयरमैन के द्वारा स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों को टोपी व शर्ट आदि सामान देकर उनका उत्साह वर्धन करते हुए अभियान की प्रगति हेतु जरूरी दिशा निर्देश भी दिए गए। इस दौरान नगर विकास मंत्री एके शर्मा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश को भी टेलीविजन पर लोगों ने सुना। इस दौरान बड़े बाबू अभिषेक यादव, राकेश प्रजापति, सफाई नायक परमेश्वर दत्त पांडे, प्रदीप दुबे, सभासद निरंजन, मायाराम, सुभाष निषाद, अमन गुप्ता, प्रदीप कुमार, राम जी, लालमन सहित स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्य व नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ कई स्थानीय लोग भी मौजूद है।

### 15 दिसम्बर से हज़रत मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी की शहादत पर मजलिसों का शुरू होगा सिलसिला

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** हज़रत मुहम्मद साहब की इकलौती बेटी हजरत फातिमा जहरा की शहादत दिवस के मौके पर नगर समेत तहसील क्षेत्र के शिया बाहुल्य क्षेत्रों में मजलिस व जुलूसों का आयोजन शुरू हो गया है। नगर के जाफराबाद स्थित छोटे इमाम बाड़ा में आगामी 15 दिसंबर की रात्रि में अंजुमन जाफरिया द्वारा आयोजित यौम -ए- बुतूल कार्यक्रम में स्थानीय अंजुमने नौहा मातम कर हज़रत फातिमा जहरा की शहादत की याद को ताज़ा करेंगी। अंजुमन मासूमिया,अंजुमन पंजतनी, अंजुमन अजादार हुसैनी, अंजुमन जुल्फेकार हैदरी उस्मानपुर देर रात्रि तक नौहा मातम करेगी। जुलूस के पूर्व हैदर मेहंदी हदीस ख्वानी करेंगे। अंजुमन जाफरिया के वफ़ा अब्बास ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं के बैठने व पर्दे का माकूल इंतजाम किया गया है। वहीं उस्मानपुर स्थित बारगाह हुसैनी में हुसैनी कमेटी के बैनर तले आयोजित पांच दिवसीय अजाए फातिमया कार्यक्रम में उलमा ए कराम हज़रत फातिमा जहरा के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त करेंगे। कमेटी के मोहम्मद शारिब ने बताया कि रात्रि 7 बजे आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 15 दिसंबर को मौलाना नय्यर जुलकरनैन,16 दिसंबर को मौलाना रईस हैदर,17 दिसंबर को मौलाना इमाम हैदर जैदी दिल्ली,18 दिसंबर को मौलाना किरतास एवं अंतिम दिन 19 दिसंबर को मौलाना मोहम्मद आमिर काजमी मजलिस को खिताब करेंगे।

### कूड़ी में खेल प्रतियोगिता का आयोजन आज

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** युवा कल्याण विभाग द्वारा आगामी 14 दिसंबर को 14 वर्ष, 20 वर्ष व खेल प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व माध्यमिक विद्यालय कूड़ी में किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए बीओ पीआरडी राघवेंद्र बहादुर पाल ने बताया की अंडर 14, अंडर 20 व ओपन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है जिसमें कबड्डी वालीवाल दौड़, कूद, फेक आदि प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ियों को आधार कार्ड/ जन्म प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होना होगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा।

### स्वच्छता जन जागृति दिवस पर समिति के सदस्य को किया गया सक्रिय

**गोरखपुर।** नगर पंचायत सहाजनवा में स्वच्छता जन जागृति दिवस पर स्वच्छ वार्ड प्रोत्साहन समिति के सदस्य को सक्रिय करने के लिए शंखनाद किया गया। चेयरमैन संजू सिंह ने कहा स्वच्छता से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। जब हम स्वस्थ होगे तो तभी हमारा विकास होगा। नगर के सभी वार्ड स्वच्छ और सुंदर होगे। यह हमारी जिम्मेदारी है। घर के कूड़े को कूड़ेदान में डाले किसी तरह की गंदगी न फैलाए। ऐसा करने से नगर स्वच्छ और सुंदर होगा। इसके पश्चात नमस्ते योजना के अंतर्गत एक कार्यालय का आयोजन किया गया जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिविर सेक्शन द्वारा मिशन चलाने वाले कर्मचारियों शौचालय सफाई के दौरान किन किन बातों को ध्यान रखना है और नही रखना जागरूक किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी सूर्यकांत,पूजा राय, कौशल सिंह, गिरीश यादव, वेद प्रकाश सिंह, मनोज कुमार जायसवाल, रविंद्र कुमार, जयनाथ यादव, लक्ष्मण, अखिलेंद्र सहित अनेक सभासद और स्वच्छता वार्ड समिति के सदस्य मौजूद थे।

## बिजली पानी व अन्य व्यवस्थाओं से महरूम हैं छोटे उद्योगों के क्षेत्र

अवधनामा संवाददाता

- भूमि आवंटन के बाद कोई भी उद्यमी उद्योग लगाने से काट रहा है कन्नी
- किसी भी अधिकारी को अपनी जिम्मेदारी का नहीं हो रहा है एहसास

**आलापुर (अंबेडकर नगर)।** सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से हर जिले में छोटे-छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जमीन का आवंटन किया था लेकिन आवंटित हुए क्षेत्र में सड़क नाली जल और बिजली की कोई व्यवस्था न उपलब्ध हो रही है और जिम्मेदार अधिकारी सरकार की मंशा पर पलीता लगा रहे हैं। मालूम हो उद्योगों को बढ़ावा देने की जिम्मेदारी शासन ने जिन अधिकारियों को सौंपी है वह अधिकारी अपनी जिम्मेदारी उठाने और सहूलियत देने के बजाय उल्टे उद्यमियों पर ही दबाव बना रहे हैं कि आप जल्द ही कोई उद्यम स्टार्ट कीजिए नहीं तो आपकी जमीन का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। जिन उद्यमियों ने फैक्ट्रियां बनाकर मशीन लगा दी है उन्हें वहां पर जनरेटर से काम करना पड़ रहा है क्योंकि वहां बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है।

यही हाल विकास खण्ड मुख्यालय जहांगीरगंज में जिला उद्योग केंद्र द्वारा आवंटित की हुई तेंदुआई कला इंडस्ट्री एरिया का है जहां पर बिजली पानी की कोई व्यवस्था नहीं है रोड नाली का भी बुरा हाल है। भूमि आवंटन के बाद कोई भी उद्यमी उद्योग लगाने से कन्नी काट रहा है क्योंकि वहां बिजली की कोई व्यवस्था नहीं है और जिस किसी ने उद्योग लगा लिया है उसका बहुत बुरा हाल है। जिला उद्योग द्वारा आवंटित भूमि पर आवंटी कंचन पांडेय ने जूता चप्पल बनाने की मशीन लगा दिया लेकिन काम शुरू करने के लिए चार महीनों से अधिकारियों का चक्कर लगा रही हैं लेकिन किसी भी अधिकारी को अपनी जिम्मेदारी का एहसास नहीं हो रहा है क्योंकि बिजली की कोई व्यवस्था न होने के कारण इसका उद्गम बंद पड़ा है जबकि विभाग द्वारा उद्यमियों पर दबाव बनाया जा रहा है की जल्द ही उद्यम स्थापित करें नहीं तो आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा उद्यमी परेशान है क्योंकि उसके एक तरफ कुआं दूसरी तरफ खाई है। उद्यमी कंचन पांडेय ने बताया कि जिला प्रशासन एवं जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों का उद्योग और उद्यमियों से कोई लेना-देना नहीं है सारे अफसर योगी सरकार की इस सरकारी और महत्वाकांक्षी योजनाओं पर पलीता लग रहे हैं और निदान पाने के लिए हम जिम्मेदार अधिकारियों की गणेश परिक्रमा करने पर मजबूर हैं।

### किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**देवरिया।** बनकटा मिश्र के मल्हना में कृषि विज्ञान केंद्र में हिल इंडिया (भारत सरकार) के तत्वाधान में केमिकल एवं फर्टिलाइजर किमिस्ट्री द्वारा कीटनाशकों के सुरक्षित एवं विवेकपूर्ण उपयोग पर किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाटपार रानी विधायक सभा कुंवर कुशवाहा रहे। वही इस कार्यक्रम में हील इंडिया के निदेशक शशांक चतुर्वेदी एवं कुक अध्यक्ष डॉक्टर मन्धता रहे। कार्यक्रम में आए विशिष्ट अतिथियों को माल्यार्पण कर उनका सम्मान समारोह भी किया गया। विधायक सभा कुंवर ने भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित के लिए चलाई जा रही किसान हितैषी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। हील इंडिया के निर्देशक शशांक चतुर्वेदी ने बताया कि किसानों को प्रशिक्षण एवं शिविर का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। इस योजना से किसानों को लाभ भी मिल रहा है। साथ ही साथ किसानों को हील इंडिया कंपनी की तरफ से फ्री सेफ्टी किट भी दिया जा रहा है।

## आबकारी विभाग द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत निकाली गयी संयुक्त रैली

अवधनामा संवाददाता





**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43 वीं वाहिनी एस.एस.बी, की सीमा चौकी खुनुवा, पुलिस चौकी खुनुवा और आबकारी विभाग द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत संयुक्त रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। बुधवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के सीमा चौकी खुनुवा, पुलिस चौकी खुनुवा और आबकारी विभाग द्वारा खुनवा बाजार में रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे की लत के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया।

जानकारी देते हुए शक्ति सिंह, प्रचालन अधिकारी, 43वीं वाहिनी ने बताया कि विश्व में रोजाना सैकड़ों लोग नशे की लत के कारण अपनी जान गवां रहे है। युवाओं में नशे की लत हमारे समाज को खोखला कर रही। इसलिए हमारा का कर्तव्य है कि हम अपने समाज के लोगों को जागरूक करें तथा नशा मुक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दे। इसी उद्देश्य से 43वीं वाहिनी की सीमा चौकी खुनुवा, पुलिस चौकी खुनुवा और आबकारी विभाग के साथ संयुक्त नशा मुक्ति रैली का आयोजा किया गया। यह रैली खुनुवा चेक पोस्ट से बाज़ार होते हुए सीमा चौकी खुनुवा तक आयोजित किया गया। पोस्टर बैनर के माध्यम से सीमाई क्षेत्र के नागरिकों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। इस अभियान में 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सीमा चौकी प्रभारी खुनुवा निरीक्षक के.पी.एम वेंजिनाथन के नेतृत्व में, अन्य कार्मिको के साथ साथ जिला आबकारी विभाग से वीर अभिमन्यु, जिला आबकारी अधिकारी, प्लान इंडिया गैर सरकारी संस्था मधु कुमारी, सुभावती देवी, प्रसून शुक्ला, काजल श्रीवास्तव और विजय शंकर यादव व अन्य स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

## स्काउट-गाइड संस्था को बदनाम करने वालों को बेनकाब करें: संजय द्विवेदी

अवधनामा संवाददाता




- प्रादेशिक चुनाव प्रक्रिया को शून्य घोषित करके पुनः चुनाव कराया जाये
- स्काउट गाइड की शुल्क वृद्धि आदेश को वापस लिया जाये

**संत कबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय संयोजक (आईटी सेल) संजय द्विवेदी आरोप लगाया है कि भारत स्काउट गाइड संस्था भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। प्रदेश मुख्यायुक्त प्रभात कुमार (आईएएस) की मनमानी से संस्था की साख को नुकसान हो रहा है। उन्हें तुरंत पद से हटा का फिर से निष्पक्ष चुनाव कराया जाना चाहिए। चुनाव में सभी सक्रिय आजीवन सदस्य को मताधिकार का अधिकार दिया जाये। बढ़ाए गए पंजीकरण व प्रशिक्षण शुल्क को वापस लिया जाय, और प्रदेश के सभी 75 जनपदों में स्काउट गाइड दल पंजीकरण शुल्क, रैली के नाम पर एकत्रित शुल्क व प्रशिक्षण के नाम पर वसूले गए शुल्क की जांच कराई जाये।

मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव, महा निदेशक स्कूल शिक्षा, शिक्षा निदेशक माध्यमिक से की गई है। श्री द्विवेदी ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने भारत स्काउट गाइड संस्था को अपनी जागीर बना लिया है, जो राजनीति करके पवित्र संस्था को बदनाम कर रहे रहे हैं। मंडल व जनपद स्तर पर ऐसे ऐसे लोगों को पदाधिकारी बना दिया गया है जिसका स्काउट गाइड से कोई लेना देना नही है। जनपदों में स्काउट गाइड संस्था अधिकारियों की चापलूसी तक सिमट के रह गया है। प्रदेश, मंडल व जनपद स्तर पर सेवानिवृत्त व निष्क्रिय पदाधिकारियों को तुरंत हटाया जाए। जनपद में जनपदीय स्काउट गाइड संस्था की गतिविधियों को संचालित करने के लिए प्रत्येक विद्यालय अपने पंजीकृत छात्र संख्या के सापेक्ष तीन माह का शुल्क जिला कोश में करते हैं जिससे जनपदीय व मंडलीय रैली होती है उसके अतिरिक्त छात्र छात्राओं से कोई भी शुल्क नही लिया जाता था किंतु इस बार रैली में प्रतिभाग करने वाले बच्चों से 50 रुपया प्रति छात्र शुल्क मांगा जा रहा है। श्री द्विवेदी ने कहा कि स्काउट गाइड संस्था के प्रथम सोपान में 20 रुपया व द्वितीय सोपान के प्रशिक्षण में 30 रुपया शुल्क लगता था जिसे अब बढ़ाकर 50 व 60 रुपया प्रति छात्र कर दिया गया है। वसूल किए गए शुल्क का संस्था के पास कोई हिसाब नही है।

## बदलते मौसम में बच्चे और बुजुर्गो का रखें खास ख्याल: डॉ प्रदीप वर्मा




अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लॉक में तैनात डॉ प्रदीप वर्मा ने बताया कि धीरे-धीरे मौसम बदल रहा है कि ठंडक का असर आ रहा है गर्मी से ठंडी के बीच जलवायु परिवर्तन होता है उसका सीधा असर मनुष्य पर पड़ता है नौजवान लोग इस बदलाव को आसानी से खेल जातें हैं उन्हें कम पता ही नहीं चलता है कि वही बच्चे और बुजुर्गो पर मौसम में परिवर्तन होता है और सीधा असर पड़ता है बच्चों पर निमोनिया हो जाता है और बुजुर्गो को फालिज का अटैक बढ़ जाता है। पी.एच.सी.बढनी में तैनात डॉ. प्रदीप वर्मा ने बताया है कि ठंडक का सबसे ज्यादा असर बच्चों को ज्यादा पड़ता है इसलिए उनकी देखभाल परिवार जनों को ध्यान देने कि आवश्यकता है इस दौरान बच्चों और बुजुर्गो को गर्म कपड़े जाकिट, पहनाएं पैर में जूते और सर में टोपी अवश्य लगाएं जिससे बच्चों और बुजुर्गो को ठंडी हवा से बचाया जा सके। ठंडक के मौसम में देखभाल की कमी से बच्चों को ठंडी हवा लग जाती है और बच्चों को खासी, जुकाम हो जाता है रात में सोते समय उनके सीने से घरघराहट की आवाज आने लगती है पसली भी चलने लगती है। यदि इस तरह कि दिक्कत दिखाई देती है तो लापरवाही न करें तत्काल डॉ को दिखाएं।

### आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि

**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा देवरिया के कार्यकर्ताओं द्वारा वर्ष 2001में संसद भवन पर हुए आतंकी हमले की बरसी पर हमले में शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों को सैनिक भवन परिसर स्थित अमर जवान स्थल पर पुष्पांजलि कर श्रद्धाजंलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि 2001 में संसद भवन पर हुए कायरतापूर्ण हमले को विफल करते हुए शहीद हुए जवानों को देश सदैव याद करेगा। उन्होंने कहा कि आतंकियों ने संसद भवन पर हमला करके हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आघात करने का प्रयास किया था, लेकिन संसद सुरक्षा सेवा, दिल्ली पुलिस सेवा और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के आठ जवानों ने अपना बलिदान देकर इस हमले को विफल कर दिया। यह देश के इतिहास का वो काला दिन था जब लोकतंत्र के मन्दिर पर आतंकी हमला हुआ था। मीडिया प्रभारी भाजपा अम्बिकेश पांडेय ने कहा आतंकी हमले की बरसी उसको विफल करने वाले शहीदों को पूरा देश याद कर रहा है।

### 39 महिलाओं ने स्वास्थ्य केंद्र लोटन में कराया नसबंदी



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोटन मे नसबंदी कैम्प लगाया गया। जिसमे तमाम महिलाओं ने अपना नसबंदी कराया। अधीक्षक अमित कुमार चौधरी ने बताया कि शासन द्वारा परिवार नियोजन को लेकर जागरूक किया गया छोटा परिवार सुखी परिवार के तहत बुधवार को कैम्प लगाया गया। जिसमे 39 महिलाओं ने नसबंदी कराया जिसमे नसबंदी कराने के पहले एल टी द्वारा सुगर, ब्लड प्रेशर के साथ अन्य जाँचकर मेडिकल कालेज से आये सर्जन डाक्टर सी एल कन्नौजिया ने आपरेशन किया। आपरेशन करने के बाद महिलाओं को दवा देने के साथ एम्बुलेंस से सभी महिलाओं को उनके घर तक पहुँचाया गया। घर उनके देख रेख के लिए अधीक्षक द्वारा दो लोगों का टीम भी गठित की गयी है।

### अवैध गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर पुलिस ने एक युवक के पास से 1 किलो 50 ग्राम नाजायज गांजे के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है। क्षेत्राधिकार देवेंद्र कुमार मौर्य के मार्गदर्शन व प्रभारी निरीक्षक दर्शन यादव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राजकुमार भदौरिया हमराही हेड कांस्टेबल दुर्गेश सिंह व रोहित सिंह द्वारा एक युवक को हाथ में प्लास्टिक की पन्नी में सामान लेकर कहीं जा रहा था जिसे नगर के कच्चा पुल के पास रोक कर जामा तलाशी ली गई तो उसके पास से 1 किलो 50 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ पूछताछ में उसने गांजा बेचे जाने की बात स्वीकार किया। पूछताछ में अपना नाम तुषार उर्फ पिंटू पुत्र कन्हैयालाल मोहल्ला छाछू कोतवाली जलालपुर बताया। इसके ऊपर पूर्व में भी कई मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया।

## सामाजिक राजनैतिक सन्तुलन

मोदी के फैसले और निर्णय दूरगामी होते है। इसीलिये कहते है कि मोदी है तो सब सम्भव है। अभी हुये विधानसभा चुनाव में मोदी ने अपने व्यक्तित्व और नाम का करिश्मा दिखाया है। अब जब मुख्यमंत्री चुनने की बारी आयी तो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कई नेता होड़ में थे। वसुन्धरा राजे ने तो दिल्ली में डेरा डाल दिया था। समर्थको से भारी प्रदर्शन करवा रही थी। पर मोदी ने लोकसभा के असन्न चुनाव के परिप्रेक्ष में बहुत सटीक और सही निर्णय ले कई समीकरणों को साधा है। तीन राज्यो में एक मुख्यमंत्री और दो मुख्यमंत्री का निर्णय सम्बन्धित प्रदेशो में नये लोगो को मुख्यधारा में लाने के लिये यह निर्णय सटीक दिखाता है। इसके अलावा जातिगत समीकरण भी साधा है। कांग्रेस के जाति जनगणना के काट में गरीबो, महिलाओं, नौजवानो को जाति का मिसाल देकर जातिगणना के धार को कुन्द कर दिया है। क्योकि बिहार का देख कई राज्यों में इसे लेकर सगबुगाहट हो रही है। मोदी के निर्णय से पार्टी का समीकरण सधता दिख रहा है। क्योंकि तीनो राज्यों में एक में आदिवासीय एक में पिछड़ा वर्ग एक में उच्च जाति का मुख्यमंत्री बनाकर सम्बन्धित जातियों को सन्देश दिया है भाजपा सभी जातियो की कद्र करती है और उन्हें उचित अवसर देने का प्रयास करती है।

छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज के विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाकर वहां के 32 प्रतिशत आदिवासियों को उत्साहवर्धक सन्देश दिया है जिसका असर लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। मध्यप्रदेश में मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर ओबीसी समाज को सन्देश दिया है मोदी ने कि बारी बारी से सभी जातियों को अवसर देने के पक्षधर है। मध्यप्रदेश में कई दिग्गज नेता है। पर मोदी के व्यक्त्वि को देखते हुये वे खामोश है। बल्कि फैसले के पक्ष में बोल रहे है। निवर्तमान मुख्यमंत्री तो कह रहे है वह किसी पद की मांग नहीं करेगे। लोकसभा चुनाव जीताने में योग देगे। मोदी ने दिग्गज नेताओं के प्रभाव को कम करते हुये नवयुवक नेताओं को एक तरह से अश्वासन दिया है। प्रदेश, देश, पार्टी के पक्ष में जो लोग तनमन से प्रभावशाली काम करेगे, उन्हें बारी-बारी से महत्वपूर्ण पद दिये जाते रहेगे। राजस्थान में मुख्यमंत्री के रूप में मोहन शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर ब्राह्मण समुदाय को खुशी प्रदान की है। राजस्थान में वसुन्धरा राजे बहुत उत्सुक थी मुख्यमंत्री बनने के लिये। यह भी कहती सुनी गयी है कि वो सिर्फएक साल के लिये मुख्यमंत्री बनना चाहती है। इसके लिये कार्यकत्ताओं द्वारा भारी प्रदर्शन भी करा रही थी। यह भी सुनने में आ रहा है स्पीकर के पद के लिये तैयार नहीं हुई। हर राज्य में दो दो उपमुख्यमंत्री देकर ज्यादे से ज्यादे लोगो को समाहित करने का सन्देश है। स्पीकर के चुनाव में भी स्थानीय कारको को देखते हुये निर्णय लिया गया है।

लोकसभा चुनाव में सम्भावना बनती है कि तीनो प्रदेशो में जिन सीनियर नेताओं को मुख्यमंत्री पद नहीं दिया गया है उन्हें लोकसभा चुनाव में उतारा जाये। इस कवायद में मोदी का आत्मविश्वास झलकता है पार्टी पर पकड़ तो है ही। नौजवान नेता मोदी की नजरों में आने के लिये अच्छा से अच्छा काम करेगे। पार्टी को जिताने में जो प्रभावशाली भूमिका निभायेगे उन्हें मोदी जरूर पुरस्कृत करेगें। बड़े और अच्छे नेताओं का दयित्व बनता है नया नेतृत्व तैयार करने का। नये निपुण मुख्यमंत्रियों, उप मुख्यमंत्रियों के काबलियत की पहचान उनके द्वारा सम्पादित कार्यो से होगी। देखना दिलचस्प होगा कि मोदी का चुनाव कितना सही बैठता है। अच्छे नेता की पहचान है कितना नया नेतृत्व तैयार कर पाते है। मोदी ने इसका सबूत दे दिया है। 2024 के लिये अश्वस्त है प्रदेश चुनाव में अपने ट्रेलर दिखा कर अपना सन्देश दे दिया है।

## उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019-2020 में निहित प्राविधान व उनकी उपयोगिता



मुहम्मद क़मर खाँ

उपभोक्ता के रूप में यदि आप निम्न समस्याओं से ग्रसित हैः-

क्रय की गयी सामग्री की गुणवत्ता से असन्तुष्ट हैं। किसी चिकित्सीय शिथिलता से प्रतिकूल रूप से प्रभावित हैं। भ्रामक विज्ञापनों व लुभावनी स्कीमों से प्रभावित होकर ले लिये गये निर्णय से प्रभावित हैं। अनुचित व्यापार पद्धति से हानि उठा रहे हैं। आवास विकास परिषद एवं लखनऊ विकास परिषद की आपके साथ अपनाई जाने वाली दोषपूर्ण कार्य प्रणाली के फलस्वरूप नकारात्मक रूप से प्रभावित हैं। बैंक स्तर पर होने वाली सर्विस इरर, के कारण आपको कोई आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। बिल्डर की लापरवाही के फलस्वरूप आवासीय दोष एवं क्षति उठानी पड़ी है।

परिवहन विभाग की त्रुटि से कोई भी क्षति हुयी हो। रेलवे विभाग की त्रुटि युक्त कार्य प्रणाली से हुयी व्यक्तिगत/पारिवारिक हानि हुयी। बीमा कम्पनी की दोष पूर्ण कार्य प्रणाली से आपको हानि का सामना करना पड़ा हो।

उपरोक्त समस्याओं के निवारण में जनसाधारण को समुचित सहयोग देने हेतु प्रदेष सरकार द्वारा वर्ष 1986 में सर्वप्रथम उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का गठन किया गया। परन्तु इस अधिनियम के क्रियान्वयन में काफी समय लग जाया करता था। अस्तु जनहित को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने वर्ष 2020 में पुराने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की तुलना में अधिक तीव्रता से एवं कम समय में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु कदम उठाया। उक्त क्रम में पुराने अधिनियम में त्रिस्तरीय उपभोक्ता निवारण तन्त्र के अन्तर्गत (राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग) गठित किया, जिसके अन्तर्गत राज्य और जिला स्तर पर, कार्यवाही किय जाने की व्यवस्था निहित है। इस प्रकार आवष्यकता को दुष्टिगत रखते हुए, नये अधिनियम के गठन की उपभोक्ता संरक्षण विधेयक 2019 द्वारा केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सी.सी.पी.ए.) के गठन का प्रस्ताव रखा गया। विधेयक के अनुसार सी.सी.पी.ए. को निम्नानुसार अधिकार प्रस्तावित किये गयेः-

उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन और संस्थान द्वारा की जाने वाली समस्त शिकायतों की जांच करना। असुरक्षित वस्तुओं और सेवाओं को वापस लेना और इस सम्बन्ध में समुचित व्यवस्था करना। भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाना। भ्रामक विज्ञापनों के निर्माताओं एवं प्रसारकों पर जुर्माना लगाना। पांच लाख रू0 तक का मामला दर्ज कराये जाने पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। इलेक्ट्रानिक माध्यम से षिकायतें दर्ज कराये जाने हेतु भी समुचित व्यवस्था करना। न पहचाने जाने वाले उपभोक्ताओं को देय राषि को कन्ज्यूमर वेलफेयर फण्ड में जमा कर दिये जाने का प्राविधान है। नौकरियों से सम्बन्धित लम्बित प्रकरणों को लेकर, राज्य आयोग हर तीसरे माह, केन्द्र सरकार को जानकारी देता रहता है। उपरोक्त सामान्य नियमों के अतिरिक्त केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद गठित कर दी गयी है। जिसके संचालन के संदर्भ में निम्नानुसार समाधान क्रियान्वित किये जाते हैः-

यह कि परिषद उपभोक्ता मुद्दों पर कार्य करने वाला एक 'सलाहकार निकाय' है, जिसकी अध्यक्षता, केन्द्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मन्त्री द्वारा की जाती है एवं उपाध्यक्ष के रूप में सम्बन्धित राज्य मंत्री तथा विभिन्न क्षेत्रों से चौंतीस (34) अन्य सदस्य भी सम्मिलित रहते हैं। इस परिषद का कार्यकाल तीन वर्ष का होता है और परिषद में उत्तर दक्षिण पूरब पष्चिम और एन.ई.आर., प्रत्येक क्षेत्र से दो राज्यों के उपभोक्ता, मामलों के प्रभारी मन्त्री सम्मिलित रहते हैं। विषिष्ठ कार्यो हेतु इन सदस्यों के बीच कार्य समूह का भी प्राविधान यहाँ है। इस नये अधिनियम के अन्तर्गत, सामान्य नियमों के अतिरिक्त 'उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग' भी गठित किया जा चुका है। जहाँ उपभोक्ता के हितों पर नज़र रखी जाती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

भाजपा ने न केवल नए चेहरों पर भरोसा किया है बल्कि राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों को भी उनकी जमीन दिखाने की कोशिश की है, इस तरह की राजनीति के दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं, वहीं राजनीति में नये चेहरों के आने से ताजगी का अहसास किया जा सकता है। राजनीति किन्हीं नेताओं की बपौती नहीं है, यह बात मोदी जैसे नेता ही सिद्ध कर पाये हैं। वरना भारतीय राजनीति में परिवारवाद, धन एवं ताकत का बोलबाला रहा है, जमीन से जुड़े लोग तो राजनीति से घबराने लगे थे।

# भाजपा गढ़ रही है राजनीति की नयी परिभाषा



ललित गर्ग

भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान में ऐतिहासिक जीत के बाद जिस प्रकार मुख्यमन्त्री पद पर चौंकाने वाले नामों के फैसले लेकर सबको चकित किया हैं, उनसे स्पष्ट है कि यह पार्टी राजनीति की नयी परिभाषा गढ़ने के साथ जमीनी कार्यकर्ताओं को भविष्य के नेता बनाने के लिये तत्पर है। पार्टी एवं विशेषतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आम जनता को सन्देश दे रहे हैं कि साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी पार्टी में एक दिन ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुंच सकता है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश में मोहन यादव और आज राजस्थान में श्री भजनलाल शर्मा को जिस तरह मुख्यमन्त्री का पद सौंपा गया है उससे यह भी साफ करने की कोशिश की गई है कि कोई भी अपनी लोकप्रियता का ढिंढोरा पीटकर और विधायकों को अपनी जेब में रखने का भ्रम दिखा कर मुख्यमन्त्री बन सकता है तो भाजपा आलाकमान उसकी यह दादागिरी बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा में गढ़ी जा रही नयी राजनीतिक परिभाषाएं ही उसके प्रचंड जीत का आधार बन रही है। भाजपा नेतृत्व में सिर्फ औरो पर हुकूमत नहीं की जाती, बल्कि सबका साथ, सबका विकास के आधार राजनीति धरातल को मजबूती दी जाती है। सबके अस्तित्व को नकार कर सिर्फ स्वयं के होने की प्रस्तुति कभी नेतृत्व एवं कर्तृत्व के कद को ऊंचाई दे सकती।

भाजपा ने न केवल नए चेहरों पर भरोसा किया है बल्कि राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों को भी उनकी जमीन दिखाने की कोशिश की है, इस तरह की राजनीति के दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं, वहीं राजनीति में नये चेहरों के आने से ताजगी का अहसास किया जा सकता है। राजनीति किन्हीं नेताओं की बपौती नहीं है, यह बात मोदी जैसे नेता ही सिद्ध कर पाये हैं। वरना भारतीय राजनीति में परिवारवाद, धन एवं ताकत का बोलबाला रहा है, जमीन से जुड़े लोग तो राजनीति से घबराने लगे थे। लेकिन भाजपा की राजनीति ने सिद्ध कर दिया कि यहां कुछ भी असंभव नहीं। अनेक विधायकों की उम्र बीत जाती है मुख्यमंत्री पद का इंतजार करते, पर राजस्थान में भाजपा ने पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर एक ऐसा संदेश दिया है, जिसका असर पार्टी में निचले स्तर के कार्यकर्ताओं तक एक खुशखबरी की तरह पहुंचा है। ऐसे फैसले कम होते हैं, पर जब होते हैं, तब लोकतंत्र और उसकी जमीनी राजनीति के प्रति आम लोगों का भरोसा बढ़ता है। इससे लोकतंत्र भी मजबूत होता है और अपने वास्तविक एवं आदर्श स्वरूप को आकार देने का पात्र बनता है। मोदी ने अपने नाम पर प्रादेशिक चुनाव लड़कर एवं जीतकर एक नयी प्रकार की राजनीति को विकसित करने का धरातल तैयार कर दिया है। इसी का परिणाम है कि राजस्थान की राजनीति में अब पीढ़ी परिवर्तन का बिगुल बज गया है। राजस्थान में अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे बारी- बारी सत्ता संभालते आ



रहे थे और सत्ता छोड़ने को तैयार नहीं थे, ऐसे में उनको निराशा हाथ लगी है। अब व्यक्तिवादी राजनीति का युग समाप्ति की ओर अग्रसर है, यह भारत में राजनीति को अधिक स्वच्छ, आदर्श एवं दमदार बनायेगा।

इस बार के चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि जिस व्यक्ति को भी श्री मोदी का आशीर्वाद प्राप्त होगा और जिसे नवनिर्वाचित विधायक पसन्द करेंगे वही मुख्यमन्त्री होगा। भाजपा ने ये चुनाव प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा आगे रख कर लड़े थे और स्वयं श्री मोदी ने अपनी गारंटी देकर लोगों से वोट मांगे थे। तीनों मे से किसी एक राज्य में भी संभावित मुख्यमन्त्री का चेहरा रखकर मतदाताओं को लुभाने की कोशिश नहीं की गई थी। इससे चुनाव प्रचार के दौरान ही यह साफ हो गया था कि इस बार मुख्यमंत्री के नाम न केवल चौंकायेंगे बल्कि सुखद अहसास का सबब भी बनेंगे। राजस्थान में इसके कहीं कोई आसार नहीं दिख रहे थे कि पहली बार विधायक बने भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री बन सकते हैं। वैसे तो भाजपा इस तरह के चकित करने वाले फैसले पहले भी करती रही है, लेकिन इस बार उसने कुछ ज्यादा ही चौंकाने एवं चमत्कृत करने वाले फैसले लिए। भाजपा ने इन तीनों राज्यों की कमान केवल नए चेहरों को ही नहीं थमाई, बल्कि उन नेताओं को मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री बनाया, जो अपेक्षाकृत युवा हैं और पार्टी की विचारधारा से गहरे से जुड़े रहने के साथ जमीनी स्तर पर काम करते रहे हैं। महिला नेतृत्व को भी आगे लाया गया है। ऐसे नेताओं को आगे करके भाजपा ने यही संदेश दिया कि वह एक ऐसा दल है, जिसके सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और लगन से उच्च पद पर पहुंच सकते हैं। ऐसा कोई संदेश न तो परिवारवाद को प्रश्रय देने वाली कांग्रेस दे सकने में समर्थ है और न ही क्षेत्रीय दल।

अनेक नये प्रयोगों के माध्यम से भाजपा खुद को मजबूत बना रही है एवं राजनीति की विसंगतियों एवं विडम्बना को दूर करने की गाथा भी लिख रही है। उसने इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्रियों के चयन में समाज के विभिन्न वर्गों की आकांक्षाओं का भी ध्यान रखा। इन तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों के चेहरों के जरिये भाजपा ने जिस तरह अपने सामाजिक समीकरण मजबूत किए, उससे उसके विरोधियों के इस तरह के आरोपों की हवा निकल गई कि वह अमुक अमुक वर्ग की उपेक्षा करती है। दलित, आदिवासी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के नेताओं को उचित प्रोत्साहन देकर भाजपा ने यह और अधिक अच्छे से रेखांकित किया कि वह समाज के सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व करती है। भाजपा न केवल मतदाताओं के दिलों को जीतने के मामले में अन्य दलों से कहीं अधिक आगे नजर आने लगी है, बल्कि नेताओं की नई पीढ़ी को तैयार करने और उन्हें अवसर देने के मामले में भी उसने नई लकीरें खींची है। स्पष्ट है कि इससे उसके सामान्य कार्यकर्ताओं में उत्साह का कहीं अधिक संचार हुआ है और मतदाता भी उत्साहित एवं हर्षित दिख रहा है। जहां राजनीति दलों के नेताओं एवं मतदाताओं की निष्ठा का समन्वय नहीं होता, वहां उनकी मानसिकता में या तो दब्बुपन, कायरता, हीनता, भय, तनाव पैदा हो जाती है या फिर वे अति लापरवाह, निस्संकोच, मुंहफट, ढीठ हो जाते है, ऐसी स्थितियों में असंतोष, विरोध, विद्रोह ही पनपते हैं।

नरेन्द्र मोदी के साथ अमित शाह ने भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं को पिछले कुछ वर्षों में यही संदेश दिया है कि वे पार्टी की मजबूती के लिए बूथ लेवल पर मेहनत करेंगे तो समय आने पर उनको उनका मेहनताना दिया जाएगा। भले ही वह विष्णुदेव साय जैसा जमीनी कार्यकर्ता हों। अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा भी था, विष्णुदेवजी हमारे अनुभवी कार्यकर्ता हैं, नेता हैं, सांसद रहे, विधायक रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे। एक अनुभवी नेता को भाजपा आपके सामने लाई है। आप इनको विधायक बना दो, उनको बड़ा आदमी बनाने का काम हम करेंगे।' मुख्यमंत्री बनाकर अमित शाह ने सचमुच उन्हें बड़ा आदमी बना दिया है। इसी तरह की सोच की वजह है कि भाजपा केंद्र में भी 2014 से लगातार सत्ता में बनी हुई है और राज्य स्तर पर भी अपनी धमक दिखा रही है।

# जम्मू और कश्मीर : रियासत से केंद्र शासित राज्य तक

26 अक्टूबर को महाराजा हरि सिंह ने विलय पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए। दुनिया के सबसे ज्यादा उलझे हुए विवादों में से एक कश्मीर विवाद की जड़ इस विलय पत्र की शर्तों में ही निहित थी। लेकिन देखने में यह विलय पत्र बिल्कुल साधारण एवं छोटा था। इसमें महज दो पेज थे। दिल्ली के गृह मंत्रालय ने एक फॉर्म तैयार किया था। भारत के गृह मंत्रालय के उस समय के सचिव बीपीमेनन 26 अक्टूबर 1947 को जम्मू गए और विलय पत्र पर महाराज ने हस्ताक्षर कर दिए।



सुनील यादव

सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 370 को केंद्र सरकार द्वारा हटाए जाने के फैसले को वैध ठहराया है। शीर्ष अदालत नेकहा कि राष्ट्रपति केपास ऐसा करने कीपर्याप्त शक्ति है। अदालत ने संवैधानिक प्रावधानों की ऐतिहासिक व्याख्या करते हुए कहा कि जम्मू और कश्मीर के पास अन्य राज्यों से अलग कोई अतिरिक्त शक्तिया संप्रभुता नहीं है। ज्ञातव्य हो कि अगस्त 2019 में केंद्र सरकार ने जम्मू और कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा प्रदान करने वाली धारा 370 को हटा दिया था तथा जम्मू कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों लद्दाख एवं जम्मू कश्मीर में बांट दिया था। केंद्र सरकार के इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। 1947 में स्वतंत्रता के तुरंतबादवेकौन सी परिस्थितियां उत्पन्न हुई कि जम्मू कश्मीर रियासत का भारत में विलय हुआ? कश्मीर विलय किन शर्तों पर हुआ? क्या मजबूरी थी कि जम्मू कश्मीर को अनुच्छेद 370 के तहत विशेष राज्य का दर्जा दिया गया? इसके लिए थोड़ा स्वतंत्रता के बाद की घटनाओं पर नजर डालनी होगी।

भारत के स्वतंत्र होने के साथ ही सभी रियासतें भीस्वतंत्र हो गई थी।कश्मीर रियासत के शासक महाराजा हरि सिंह भारत और पाकिस्तान दोनों में से किसी में भी विलय से बचना चाहते थे।भारतीय नेताओं ने कश्मीर के भारत मेंविलय के लिए अपनी तरफ से कोई कदम नहीं उठाया। महाराजा हरि सिंह ने सबसे पहले भारत और पाकिस्तान दोनों से एक यथास्थिति करारया ठहराव समझौता (Standstill agreement) पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव रखा। इस समझौते के अनुसार भारत और पाकिस्तान दोनों को वादा करना था कि वेकभीभी कश्मीर पर आक्रमण नहीं करेंगे। पाकिस्तान ने इस समझौता पर हस्ताक्षर कर दिया। लेकिन भारत अभी इस मसले पर विचार कर ही रहा था कि पाकिस्तान के पख्तून ख्वाके कबाइली लड़ाके कश्मीर में घुसपैठ कर दिए। पाकिस्तानी सेनाका इन कबाइलीलड़ाको को पूरा समर्थन प्राप्त था।पाकिस्तानीसेना इन घुसपैठियों को प्रशिक्षण एवं हथियार दोनों प्रदान कर रही थी। जब कबाइली फौज श्रीनगर की ओर बढ़ीऔर गैर मुसलमानों की हत्या और उनके साथ लूटपाट की खबरें आने लगी तब हरि सिंह 25 अक्टूबर को श्रीनगर छोड़कर भाग गए और अपनी गाड़ियों के काफिले के साथ जम्मू के सुरक्षित महल में पहुंच गए। कांग्रेसी नेता एवं हरि सिंह के बेटेकर्ण सिंह उन दुखद घटनाओं को याद करते हैं।ऐसी स्थिति में महाराजा हरि सिंह ने भारत से सैनिक सहायता की मांग की। लेकिन भारत के प्रधानमंत्री नेहरू और लॉर्डमाउंटबेटन ने कहा कि कश्मीर एक स्वतन्त्र रियासत है। इसलिए हम कश्मीर में अपनी सेना नहीं भेज सकते।माउंटबेटन ने महाराजा हरि सिंह से पहलेपरिग्रहणका साधन (Instrument of accession) पर हस्ताक्षर करने को कहा अर्थात भारत मेंकश्मीरविलय काप्रस्ताव रखा। 26 अक्टूबर को महाराजा हरि सिंह ने विलय पत्र पर



हस्ताक्षर कर दिए। दुनिया के सबसे ज्यादा उलझे हुए विवादों में से एक कश्मीर विवाद की जड़ इस विलय पत्र की शर्तों में ही निहित थी। लेकिन देखने में यह विलय पत्र बिल्कुल साधारण एवं छोटा था। इसमें महज दो पेज थे। दिल्ली के गृह मंत्रालय ने एक फॉर्म तैयार किया था। भारत के गृह मंत्रालय के उस समय के सचिव बीपीमेनन 26 अक्टूबर 1947 को जम्मू गए और विलय पत्र पर महाराज ने हस्ताक्षर कर दिए। इस विलय पत्र की शर्तों के अनुसार रक्षा, संचार और वित्त विभाग भारतीय संघ के अधिकारमें आ गए तथा शेष शक्तियां एवं अधिकारकश्मीर के महाराज के पास रहे। विलय पत्र की इन शर्तों को ही अनुच्छेद 370 के नाम से भारतीय संविधान में जोड़ दिया गया। कश्मीर विलय तो हो गया लेकिन तभी सेयह अनुच्छेद 370 भारत के गले की फांसबना हुआ था। जिसे केंद्र सरकार ने 5 अगस्त 2019 को हटाने का ऐतिहासिक कदम उठाया।

कश्मीर के भारत में विलय के तुरंत बाद 27 अक्टूबर को करीब 100 हवाई जहाजो में सैनिकोंऔर हथियार को भरकर श्रीनगर भेजा गया।भारतीय सेना ने आक्रमणकारियों को घाटी के बाहर खदेड़दिया। फिर भी राज्य के कुछ क्षेत्रों पर आक्रमणकारियों का नियंत्रण बना रहा। भारत और कबाइलियोंके रूप में पाकिस्तानीसेना के बीच व्यापक एवं लंबे चलने वाले युद्ध की आशंका को देखते हुए पंडित नेहरू ने 30 दिसंबर 1947 को माउंटबेटन की सलाह पर कश्मीर समस्या को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रखा। हालांकि अपने इस फैसले पर पंडित नेहरू ने बाद में बहुत पश्चाताप व्यक्त किया। सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तानीनियंत्रण को हटाने के बजाय ब्रिटेन और अमेरिका के निर्देशों पर कश्मीर मुद्दे को भारत-पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा बना दिया। सुरक्षा परिषद ने प्रस्ताव पास करके 31 दिसंबर 1948 को युद्ध विराम कर दिया जो अब तक लागू है। इस युद्ध विराम प्रस्ताव सेअसल में राज्य का दो भागों में विभाजन नियंत्रण रेखा(LOC) के द्वारा हो गया। नियंत्रण रेखा के उस पार पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (POK) को पाकिस्तान ने अपना राज्य घोषित कर दिया।1951 में संयुक्त राष्ट्र ने पाक अधिकृत कश्मीर अर्थात गुलाम कश्मीर से पाकिस्तानीसेना को वापस हटाने का प्रस्ताव पास किया लेकिन पाकिस्तान ने आज तक इस पर अमल नहीं किया। अब वर्तमान में केंद्र में एक सशक्त सरकार है जो कश्मीर मसले को पूर्ण रूप से हल करने की क्षमता रखती है।

अपनेवर्तमानफैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को यह भी निर्देश दिया है कि अगले वर्ष सितंबर माह तक जम्मू कश्मीर में चुनाव कराए जाने चाहिए। शीर्ष अदालत ने जम्मू कश्मीर को यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा प्रदान किए जाने पर भी बल दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से देश की एकता को बल मिलेगा। लेकिन अलगाववाद का राग अलापने वाले कुछ नेता अदालत के इस फैसले से खुश नहीं है। ऐसे नेताओं को सोचना चाहिए कि जाति,धर्म,क्षेत्र और भाषा की राजनीति करने वाली पार्टियोंकी अभी हाल ही के विधानसभा चुनावो में किसप्रकार पराजय हुई है। अनुच्छेद 370 निरस्त होने के बाद जम्मू कश्मीर आरक्षण और पुनर्गठन विधेयक पारित हो चुके है। जम्मू कश्मीर की राजनीति एक बार फिर चर्चा का विषय बनी हुई है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले येदोनों विधेयक पारित होने से जम्मू कश्मीर में भाजपा का ग्राफ बढ़ सकता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन को आधार बनाकर भाजपा सितंबर 2024 या उसके बाद होने वाले जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में बहुमत सुनिश्चित करना चाहती है। नई विधानसभा में 90 सीटों(कश्मीर 47, जम्मू 43) पर चुनाव होंगे। उपराज्यपाल पांच व्यक्तियों(दो कश्मीरी पंडित, दो महिला तथा एक पाकिस्तानी शरणार्थी) को विधानसभा सदस्य के रूप में नामितकरेंगे। इस प्रकार कुल 119 सीटों में से 95 सीटें प्रभावी होंगी तथा पाक अधिकृत कश्मीर के लिए 24 सीटेंख़ालीरहेंगी।क्योंकि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भारत सरकार आज या कल उसे पाकिस्तान के कब्जे से मुक्त करके ही रहेगी।

# भयावह दौर से गुजरता युवा वर्ग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुद्रा योजना से युवाओं को स्वरोजगार के लिए कई योजनाओं की घोषणा कर रखी है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों में जनहित के प्रति उपेक्षात्मक रवैया व बैंकों के असहयोग के चलते उनकी योजनाएं परवान नहीं चढ़ पा रही है। अभी हाल कई उद्योग ने हजारों कामगारों को काम न होने के कारण निकाल दिया। इस तरह की हजारों कंपनियों ने रास्ता अख्तियार किया है, जिससे लाखों लोगों की नौकरियां चली गई और सरकारें इस पर चुप्पी साधे हुई है।



प्रेम शर्मा

पिछले लम्बे अरसे से देश का युवा भयावह दौर से गुजर रहा है। कोरोना काल और सरकारी नौकरी पर विश्व बैंक के दबाव ने केन्द्र और राज्य सरकार की भारी भरकम नौकरियॉ खत्म कर दी है। रही सही कसर ठेका प्रणाली ने पूरी कर दी है। सरकारी क्षेत्रों में रिक्तियॉ होने के बावजूद नौकरी के विज्ञापन न आने के कारण लाखों युवा नौकरी की उम्र पार कर गए है। कुल मिलाकर देश का युवा वर्तमान समय में भयावह दौर से गुजर रहा है। उसकी मानसिक हालत दिन पर दिन बिगड़ रही है। महंगाई और बेरोज़गारी, 2022 की सबसे बड़ी चिंताएं थीं जो विरासत में 2023 में भी एक ख़तरनाक, लंबी और तकलीफदेह मंदी बनी रही। 2008 की आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी करने वाले अर्थशास्त्री नूरिएल रुबिनी तो कह चुके हैं कि दुनिया 1970 के दौर जैसी विकट आर्थिक स्थिति की ओर जा रही है। आर्थिक, सामाजिक बदलावों के साथ मध्यवर्ग का स्वरूप बदल रहा है। यह अब 30-40 करोड़ लोगों का देशव्यापी वर्ग है, जो प्रभावशाली है, जिसकी आवाज मजबूत है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय फलक पर बड़े नेता के तौर पर उभरे तो इसके पीछे मध्यवर्ग का बड़ा हाथ था। यह वर्ग देश की बागडोर मजबूत, निर्णायक नेतृत्व के हाथ में देखना चाहता था। इसके पीछे मध्यवर्ग के अपने स्वार्थ थे। मध्यवर्ग की ख्वाहिश थी कि आर्थिक तरक्की उस दिशा में हो, जिसकी उपलब्धियों का लाभ उसे मिले। लेकिन मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भी रोजी-रोजगार के घटते अवसर, सरकारी भर्तियों पर अघोषित रोक व बंद होते कल-कारखानों के कारण युवा पीढ़ी भटकाव की तरफ बढ़ रही है। कुछ लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए जरायम पेशा अपनाने को मजबूर हैं। वहीं उच्च शिक्षा प्राप्त युवा वर्ग रोजी-रोजगार के लिए नेताओं के पीछे-पीछे चलने को मजबूर हैं। बावजूद इसके उन्हें रोजगार नहीं मिल पा रहा है लेकिन नेताओं की तिजोरियां जरूर भर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुद्रा योजना से युवाओं को स्वरोजगार के लिए कई योजनाओं की घोषणा कर रखी है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों में जनहित के प्रति उपेक्षात्मक रवैया व बैंकों के असहयोग के चलते उनकी योजनाएं परवान नहीं चढ़ पा रही है। अभी हाल कई उद्योग ने हजारों कामगारों को काम न होने के कारण निकाल दिया। इस तरह की हजारों कंपनियों ने रास्ता अख्तियार किया है, जिससे लाखों लोगों की नौकरियां चली गई और सरकारें इस पर चुप्पी साधे हुई है। अगर यही क्रम जारी रहा है तो आगे क्या होगा, यह कहना कठिन होगा। इसी मुद्दे पर क्षेत्र के प्रमुख लोगों से बात करने पर उनके अंदर से कुछ इस तरह के विचार सामने आए। भले सरकार विकसित भारत या खुशहाल भारत का ढिंढोरा पीटे, किंतु आज रोजी-रोजगार के नाम पर देश की स्थिति भयावह है। जो नीतियां इस संदर्भ में मनमोहन सिंह की सरकार ने लागू की थी, उसी




को मोदी सरकार आगे बढ़ा रही है और काफी तेजी से आगे बढ़ा रही है। इससे युवाओं को नौकरियां नहीं मिल पा रही है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी छोटी-छोटी नौकरियों के लिए युवा लाइन लगा रहे हैं। बावजूद उन्हें नौकरियां नहीं मिल पा रही है। ऐसे में समृद्ध भारत का नारा किस तरह साकार होगा, समझ में नहीं आ रहा है।सबसे खास बॉत यह कि जब सरकार स्वंय इस बॉत को स्वीकार कर रही है कि देश की आधी से अधिक आबादी के भरण पोषण के लिए निःशुल्क गेहूँ चावल दे रही है तो पता चलता है कि देश की आधी से अधिक आबादी के हालत कितनी बद्दतर है।

यूपीए-2 सरकार के मुकाबले नरेंद्र मोदी के रूप में मजबूत और निर्णायक नेतृत्व सामने आया, जो देश की रक्षा और अर्थव्यवस्था से जुड़े बड़े फैसले लेने में सक्षम था। मध्यवर्ग को मिली इस कामयाबी से देश में खुशनुमा माहौल बना था। लेकिन आज यह उत्साह ठंडा पड़ता दिख रहा है। मध्यवर्ग में उदासी है। मोदी जैसे सशक्त नेतृत्व से उसकी जो अपेक्षाएं थीं, वे पूरी नहीं हो पाई। सबसे ज्यादा परेशानी नौकरियों और अर्थव्यवस्था को लेकर है। ऐसा नहीं कि पिछले तीन-चार साल में आर्थिक तरक्की कतई नहीं हुई, मगर जैसी उम्मीद थी, वैसे नतीजे नहीं आए। हालांकि, इस दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ, कच्चे तेल के दाम भी काबू में रहे। मगर भारत में यह रोजगारहीन विकास का दौर रहा। नई नौकरियों के पैदा होने की रफ्तार बेहद सुस्त पड़ गई।कुल मिलाकर मोदी सरकार के वायदों और उनके पूरा होने के बीच एक फासला है! रही-सही कसर नोटबंदी और जीएसटी ने पूरी कर दी। नोटबंदी के दौरान जो मध्यवर्ग मोदी सरकार का पक्का समर्थक बनकर लाइनों में खड़ा रहा, जीएसटी ने उसकी भी सोच बदल दी। जिन-जिन वजहों से मध्यवर्ग ने अपनी आकांक्षाओं के लिए नरेंद्र मोदी में भरोसा किया था, उससे मोहभंग हुआ है। वैसे, माना जाता है कि मध्यवर्ग थोड़ा स्वार्थी और खुद में सिमटा वर्ग है। वह समाज की व्यापक पीड़ा से जुड़ता नहीं है। लेकिन मीडिया के असर और कई दूसरी वजहों से भी यह स्थिति बदल रही है। अब मध्यवर्ग देशव्यापी है। शहर की तरह गांवों में भी एक मध्यवर्ग है। किसानों के बीच भी एक मध्यवर्ग बन गया है जो कृषि की दुर्दशा और आरक्षण के झगड़ों से खुद को जोड़कर देखता है। मध्यवर्ग अब शहरी-ग्रामीण फिनॉमिना बन गया है। सबसे छोटा शहर, एक बड़ा गांव है। बहुत बड़ा गांव, एक छोटा शहर। शहर और गांव का विभाजन मिटता जा रहा है। इसलिए अब ऐसा नहीं कहा जा सकता कि कृषि संकट से मध्यवर्ग का कोई लेना-देना नहीं है। इस लिहाज से देखें तो मध्यवर्ग का विस्तार हो रहा है। इसलिए उसकी अनदेखी करना और भी मुश्किल है।हालांकि, मध्यवर्ग बड़ा व्यावहारिक तबका है। वह चाहता है कि नौकरियां मिलें, सुरक्षा मिले, आर्थिक अवसर बढ़ें, आय बढ़े, उसकी खुशहाली के अवसर पैदा हों। अगर यह सब होता रहे तो वह अति राष्ट्रवादी या सांप्रदायिक एजेंडे को भी निभा लेगा। लेकिन धंधे पर चोट हो, आमदनी न बढ़े, महंगाई बढ़ती रहे, तब सवाल उठता है कि मध्यवर्ग में सांप्रदायिक और अति राष्ट्रवादी मुद्दों से कब तक उत्साह भरा जा सकता है। मौजूदा सामाजिक अस्थिरता, हिंसक भीड़ की सरेआम हत्या की घटनाओं, बढ़ती सांप्रदायिकता ने मध्यवर्ग में बेचौनी को बढ़ा दी है। यह भी मध्यवर्ग के मोहभंग का एक कारण है। एक तरफ भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी है वहीं देश विश्व भूख सूचकांक में अभी तक बहुत नीचे बना हुआ है। उज्ज्वला योजना में लोगों को रसोई गैस सिलेंडर तो दे दिये गये किंतु उनके पास उसे भरवाने के लिए पैसे नहीं हैं। सबसे खॉस बॉत यह कि आज देश में अनपढ़ मजदूर तो तीन से चार सौ रूपये दिन की मजदूरी तो हासिल कर ले रहा है लेकिन पढ़ा लिखा वर्ग इससे भी वंचित है। कुल मिलाकर सरकार के लाख दावों के बीच बेरोजगारी और महंगाई के चलते देश का 90 प्रतिशत युवा विचलित और भटकाव के दौर से गुजर रहा है।

# अगर ट्रेंडी के साथ दिखना है स्टाइलिश तो ट्राई करें ये ड्रेसिंग टिप्स



आज के समय में हर कोई सबसे अलग और स्टाइलिश दिखना चाहता है। लड़कियों के लिए तो ये काफी आसान होता है। उनके पास कपड़ों से लेकर मेकअप और इसके अलावा भी कई तरह की एक्सेसरीज होती हैं, जिसे कैरी करके वो स्टाइलिश और ट्रेंडी दिख सकती हैं। पर, लड़कों के साथ कई तरह की समस्या सामने आती हैं। लड़कों के लिए सिर्फ कपड़े ही ऐसा ऑप्शन हैं, जिन्हें कैरी करके वो ट्रेंडी और स्टाइलिश दिख सकते हैं। अगर आप कहीं जाते समय गलत तरीके के आउटफिट का चयन करेंगे तो इससे आपकी पर्सनेलिटी भी दिखाई देगी। इसी के चलते आज हम आपको ड्रेसिंग के कुछ ऐसे तरीके बताने जा रहे हैं, जिनको अपनाकर आप अपना पूरा लुक बदल सकते हैं। हर लड़के के लिए ये टिप्स जानना बेहद जरूरी है तो आइए देर ना करते हुए आपको भी इन टिप्स के बारे में बताते हैं।

### कपड़ों की फिटिंग का रखें ध्यान

कपड़े खरीदते वक्त इस बात का खास ध्यान रखें कि इनकी फिटिंग सही हो। अगर आपका आउटफिट ढीला होगा तो ये देखने में बेहद अजीब लगेगा। वहीं ज्यादा टाइट आउटफिट देखने में तो अजीब लगते ही हैं और इसे पहन कर आप कंफर्टेबल भी नहीं रह पाएंगे।

### कपड़ों के रंगों का रखें ध्यान

फंक्शन के हिसाब से कपड़ों के रंगों का चयन करें। जींस या पैंट के साथ किस रंग की टी-शर्ट या शर्ट सही तरीके से मैच करेगी इस बात का खास ध्यान रखें।

### कपड़ों पर ना दिखें सिलवटें

कपड़े पहनते वक्त इस बात का खास ध्यान रखें इन पर जरा भी सिलवटे ना हों। इन्हें फोल्ड करते वक्त भी सही से करें ताकि इसकी शेप खराब ना हो

### जूतों का रखें खास ध्यान

लड़कों के लुक में उनके जूतों का काफी अहम रोल होता है। ऐसे में अपने जूतों को साफ रखें। जूते आपके आउटफिट के हिसाब से ही होने चाहिए।

### कपड़ों के हिसाब से करें हेयर स्टाइल का चयन

लड़कों को कपड़ों के हिसाब से ही अपनी हेयर स्टाइल का चयन करना चाहिए। इससे उनकी पर्सनेलिटी ज्यादा बेहतर दिखेगी।

### जिसे मिला सबसे स्टाइलिश पॉलिटिशियन का खिताब

आप नेता राघव चड्ढा आज-कल अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। दरअसल, ऐसी खबर सुनने में आ रही है राघव जल्द ही एक्ट्रेस बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा से शादी करने वाले हैं। दोनों ने एक साथ स्कूल में पढ़ाई की है। खबर ये भी है कि आज यानि की 10 अप्रैल को सगाई करने जा रहे हैं। जिस तरह से परिणीति स्टाइल के मामले में किसी से कम नहीं हैं, ठीक उसी तरह अगर आप नेता राघव की बात की जाए तो उनका अंदाज भी किसी हीरो से कम नहीं है। राघव सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। उनके लुक्स ऐसे होते हैं, जिन्हें देखकर हर कोई उनकी तारीफ करता है। राघव सिर्फ भाषण ही नहीं देते बल्कि उन्होंने कुछ समय पहले लैक्मे फैशन वीक के लिए रैंप वॉक की थी। आज की खबर में हम आपको राघव के ऐसे लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जिनको देखकर आप भी उनसे टिप्स ले सकते हैं।

एक नेता होने के नाते उनके कुर्ता लुक काफी परफेक्ट होते हैं। चाहे व्हाइट कुर्ता हो या फिर ब्लैक राघव का हर रंग के कुर्ते में काफी हैंडसम दिखते हैं। अगर बात करें राघव के फॉर्मल लुक की तो उसमें वो काफी स्मार्ट लगते हैं। जब भी राघव किसी कॉन्फ्रेंस में जाते हैं तो फॉर्मल लुक ही कैरी करते हैं। राघव का ये लुक बेहद कूल है।

इसमें उन्होंने जींस के साथ ब्लू रंग की टी शर्ट कैरी की है। इस लुक में वो बेहद स्मार्ट लग रहे हैं। कुछ समय पहले राघव ने लैक्मे फैशन वीक में रैंप वॉक किया था। इस दौरान उन्होंने डिजाइनर पवन सचदेव के शो में लेदर का आउटफिट पहन कर रैंप वॉक किया था।

# आगरा की पहली फूड डिलीवरी गर्ल के बारे में जानें



अगर आप आगरा के रहने वाले हैं और आपने ऑनलाइन फूड आर्डर किया है तो हो सकता है कि आपके दरवाजे पर एक फूड डिलीवरी गर्ल खड़ी हो। किसी लड़की को खाना डिलीवरी करते चौंकने की जरूरत नहीं। महिलाएं अब तक डॉक्टर, इंजीनियर और रक्षा विभाग में कार्य कर रही हैं, प्लेन उड़ाने से लेकर ट्रेन पटरी पर दौड़ा रहीं हैं, लेकिन अब महिलाएं लड़कों की तरह की फूड डिलीवरी करने के लिए घर-घर जा रही हैं। आगरा की पहली फूड डिलीवरी गर्ल के तौर पर कार्य करने वाली इस महिला का नाम सपना है।

### फूड डिलीवरी गर्ल सपना

उत्तर प्रदेश के आगरा जिले की रहने वाली सपना ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी में काम करती हैं। अभी तक देशभर में ऑनलाइन फूड डिलीवरी का काम पुरुष करते रहे हैं। घर-दफ्तर में खाना पहुंचाने के लिए लड़के कार्य करते हैं। लेकिन धीरे धीरे इस क्षेत्र में लड़कियां भी काम करने लगी हैं।

### सपना का परिचय

सपना गुरुग्राम में अपने पति के साथ रहती थी, जहां वह अपने पति के साथ उनके काम में हाथ बंटाया करती थीं। सपना अपने पति के साथ मिठाई बनाया करती थीं। सपना के तीन बच्चे हैं। सपना और उनके पति मिलकर जो कमाते थे, उससे बच्चों की पढ़ाई लिखाई व घर का खर्च उठाना मुश्किल होता था। बाद में कोरोना काल आने पर लॉकडाउन लग गया और उनका काम भी बंद हो गया। आर्थिक स्थिति बिगड़ी तो सपना ने घर की जिम्मेदारियां उठाने के लिए पति की मदद का फैसला लिया।

### फूड डिलीवरी कंपनी में काम

सपना ने एक ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी में ऑनलाइन आवेदन कर दिया। कंपनी ने सपना का आवेदन स्वीकार करते हुए फूड डिलीवरी गर्ल के तौर पर नौकरी पर रख लिया। सपना के पति गुरुग्राम में ही मिठाई का काम करते हैं और खुद सपना ने आगरा में फूड डिलीवरी गर्ल के तौर पर जॉइनिंग ली है।

### फूड डिलीवरी के तौर पर अनुभव

जब वह लोगों का आर्डर लेकर उनके घर जाती हैं तो हर कोई हैरान रह जाता है। उनकी ड्रेस के कारण लोग समझ जाते हैं कि सपना एक फूड डिलीवरी गर्ल हैं। जो काम लड़कों का माना जाता है, उसे एक लड़की को करता देख अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा मिलती है।



### मिलिए भारत की पैड वुमेन माया विश्वकर्मा से

मध्य प्रदेश त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में महिलाओं की स्थिति मजबूत होती दिखाई दी। 570 सरपंच निर्विरोध निर्वाचित हुए, जिसमें से 380 महिलाएं हैं। इन महिला सरपंचों में 21 साल की महिलाएं शामिल हैं तो वहीं 79 साल बुजुर्ग महिला भी शामिल है। 79 वर्षीय बुजुर्ग रामरानी सबसे अधिक उम्र की महिला सरपंच हैं। इन सभी को निर्विरोध चुना गया है। वहीं एक महिला सरपंच तो ऐसी भी हैं जो अमेरिका से पढ़ाई करके आईं हैं।

अमेरिका से वापस आई माया विश्वकर्मा किसी पहचान की मोहताज नहीं। वह भारत में पैड वुमेन या पैड जीजी के नाम से भी मशहूर हैं। ग्रामीणों के विकास और स्वास्थ्य के लिए उनके प्रयासों और कार्यों के चलते हुए निर्विरोध सरपंच चुना गया है। माया विश्वकर्मा को मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर के साईं खेड़ा तहसील में निर्विरोध सरपंच चुना गया है। माया विश्वकर्मा ने अपनी शिक्षा अमेरिका से पूरी की है। उन्होने साल 2008 में पीएचडी की थी। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सैन फ्रांसिस्को में ब्लड कैंसर पर रिसर्च करके लौटी माया विश्वकर्मा अमेरिका में एक अच्छी जिंदगी जी रही थीं। हालांकि अपने देश- प्रदेश के विकास के लिए कार्य करने का जज्बा उन्हें वापस भारत ले लाया।

### माया विश्वकर्मा ने अमेरिका की छोड़ी नौकरी

स्वदेश वापसी के बाद माया विश्वकर्मा ने गरीब लोगों के लिए काम करना शुरू किया। इसके लिए उन्होंने अमेरिका में अपनी नौकरी भी छोड़ दी।

उन्हें लगा कि राजनीति में आकर वह समाज के लिए कुछ सार्थक कर सकेंगी। इसी सोच के साथ साल 2014 में माया ने आम आदमी पार्टी के टिकट से नर्मदापुरम लोकसभा क्षेत्र (नरसिंहपुर-होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र) से चुनाव लड़ा था, हालांकि उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

### क्यों पैड वुमेन के नाम से मशहूर

माया विश्वकर्मा को पैड जीजी व पैड वुमेन के नाम से भी जाना जाता है। सुकर्मा फाउंडेशन के जरिए माया विश्वकर्मा समाजसेविका के तौर पर कार्य करती हैं। महिलाओं को मासिक धर्म, हाइजीन और स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करने के लिए वह कार्य करती हैं। गांवों और कस्बों में जाकर गरीब बस्तियों की महिलाओं को माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं के बारे में जागरूक करती हैं। उनकी समाजसेवा और जागरूकता कार्यक्रमों के कारण माया विश्वकर्मा को कई सामाजिक पुरस्कार भी मिल चुके हैं। उन्होंने अरुणाचलम भारत के पैडमैन मुलाकात करके प्रेरणा ली और गांव में सेनेटरी पैड बनाने का काम शुरू किया।

# एमए-एलएलबी पास रेखा बनीं महिला टैक्सी ड्राइवर



कठिन परिस्थिति में हार न मानने वाला इंसान योद्धा बन जाता है। जीवन में संघर्ष आता है लेकिन कई लोग उसके सामने झुक जाते हैं और हार मान लेते हैं, तो कई ऐसे भी हैं जो अपनों को सहारा देने के लिए हर संभव कोशिश करते हैं और नई राह तलाशते हैं। महिलाओं को कमजोर, पिता या पति पर निर्भर मानने वालों की सोच में आज की महिलाओं ने बदलाव लाया है। ऐसा ही एक बदलाव उत्तराखंड में देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड की एक महिला ने कुछ ऐसा कर दिखाया, जिसकी हर कोई तारीख कर रहा है। यह महिला कई महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। इस महिला का नाम रेखा लोहनी पांडे हैं। रेखा लोहनी पांडे की कहानी बहुत ही प्रेरणादायक और परिस्थितियों के सामने घुटने न टेकने का संदेश देने वाली है।

### कौन हैं रेखा लोहनी पांडे

रेखा लोहनी पांडे उत्तराखंड की रहने वाली हैं। रेखा के नाम एक उपलब्धि जुड़ गई है, जिसके कारण परिवहन मंत्री चंदन रामदास ने भी उनकी प्रशंसा की है। इन दिनों वह उत्तराखंड की स्टार बन चुकी हैं।

### रेखा पांडे की उपलब्धि

रेखा लोहनी उत्तराखंड की पहली महिला टैक्सी ड्राइवर हैं। महिलाओं का ड्राइविंग करना कोई बड़ी बात नहीं लेकिन एक उच्च शिक्षित महिला एक ऐसे पेशे में आई, जिसे अमूमन पुरुषों तक सीमित माना जाता है। उन्होंने बिना किसी शर्म के इस पेशे को अपनाया और लोगों की सोच को बदलने में बड़ा योगदान दिया।

### रेखा की शिक्षा

रेखा लोहनी पांडे के पास डबल एमए की डिग्री है। उन्होंने मास्टर्स इन सोशल वर्क किया है और एलएलबी की पढ़ाई भी पूरी की है। वकालत की डिग्री होने के बावजूद रेखा ने एक ड्राइवर बनने का फैसला लिया। यह फैसला किसी मजबूरी में नहीं लिया गया, बल्कि उनकी प्राथमिकता आत्मनिर्भर बनना था, साथ ही वह अन्य महिलाओं को यह संदेश देना चाहती हैं कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। घर की दहलीज को पार कर खुद की पहचान बनाएं। खुद को सशक्त करें।

### क्यों बनीं टैक्सी ड्राइवर

रेखा का घर रानीखेत में है, जहां वह अपने पति और तीन बेटियों के साथ रहती हैं। वह रानीखेत से हल्द्वानी के बीच टैक्सी चलाती हैं। रेखा के पति का नाम मुकेश चंद्र पांडे है, जो कि फौज से रिटायर हो चुके हैं। टैक्सी ड्राइवर बनने की नौबत तब आई जब अचानक उनके पति की तबीयत खराब हुई। फौज से रिटायर होने के बाद उनके पति ने टैक्सी चलाने का काम शुरू किया। अचानक उनकी तबीयत खराब हुई तो टैक्सी चलाने के लिए एक ड्राइवर को रख लिया गया लेकिन इससे उन्हें काम में नुकसान होने लगा। बाद में रेखा ने परिवार को संभालने और पति की मदद के लिए खुद ही स्टेयरिंग अपने हाथों में ले ली। उन्होंने शुरू में जब टैक्सी चलानी शुरू की तो मुश्किलें आईं। पति की देखरेख, बच्चों को संभालने के साथ ही दिनभर घर से बाहर रहकर काम करना आसान नहीं था। रिश्तेदारों और लोगों की बातें भी सुननी पड़ी लेकिन उनका मनोबल कभी कम नहीं हुआ। आज उनकी हिम्मत की तारीफ हो रही है। परिवहन मंत्री ने उन से फोन पर बात की और मदद का आश्वासन दिया है।

## मिलिए अमेरिका के सिक्योरिटी सिस्टम में बड़ा बदलाव लाने वाली मैरी वैन ब्रिटन ब्राउन से

आज हर गली-चौराहे से लेकर बड़े-बड़े मॉल, कार्यालय में सीसीटीवी लगे हुए हैं, ताकि लोगों को अप्रिय घटनाओं से बचाया जा सके। सुरक्षात्मक तौर पर आसपास का वातावरण बेहतर बनाने के लिए अब तो लोग घरों में भी सीसीटीवी कैमरा लगवाते हैं। इससे अनजान या असामाजिक तत्वों से अपने परिवार और कीमती सामान की सुरक्षा की जा सकती है। लेकिन क्या आपको पता है कि दुनिया का पहला सीसीटीवी किसने बनाया था? सिक्योरिटी सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए जिस सीसीटीवी का उपयोग लगभग हर क्षेत्र में हो रहा है, उसकी आविष्कारक एक महिला हैं।



### कौन हैं मैरी वैन ब्रिटन ब्राउन

मैरी वैन ब्रिटन ब्राउन अमेरिका की रहने वाली थीं। वह पेशे से नर्स थी। उनके पति अल्बर्ट एक इलेक्ट्रिशियन थे। अल्बर्ट की मदद से मैरी वैन ने एक ऐसी मशीन बनाई थी, जिसमें कैमरा, टेलीविजन स्क्रीन और माइक्रोफोन की इस्तेमाल किया गया था। इस मशीन का नाम होम वीडियो सिक्योरिटी सिस्टम रखा गया। इसके तहत घर के दरवाजे पर चार अलग अलग जगहों पर छेद करके वहां कैमरे फिट किए गए थे और सभी कैमरा को एक टेलीविजन स्क्रीन से जोड़ा गया था।


### मैरी वैन ने बनाया सीसीटीवी

इस सिस्टम के साथ एक माइक्रोफोन भी लगा था, जिसके जरिए दरवाजे के बाहर खड़े व्यक्ति से बात की जा सकती थी। हालांकि यह कैमरा ऑटोमैटिकली ऑन नहीं रहता था, दरवाजे पर दस्तक होने पर ही भीतर से उसको ऑन करना और फिर स्क्रीन पर देखना होता था।

### अमेरिका के सिक्योरिटी सिस्टम में बड़ा बदलाव

काफी मेहनत और कोशिश के बाद 1966 में यह मशीन बनकर तैयार हुई थी। मैरी और अल्बर्ट के आवेदन पर 1969 में अमेरिकी सरकार से उन्हें पेटेंट मिल गया। मैरी वैन ब्रिटन ब्राउन के इस आविष्कार ने अमेरिका में सिक्योरिटी सिस्टम को पूरी तरह से बदल दिया। आज सीसीटीवी सिक्योरिटी हमारी जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है।

# शहीद मेजर की बेटी ने संभाली परिवार की विरासत, ऐसे कर रही पिता के सपने को पूरा





देश की रक्षा के लिए सीमाओं पर तैनात सैनिक न तो अपने परिवार की और न ही जान की परवाह नहीं करते हैं। सैनिक जितने साहसी होते हैं, उनका परिवार उससे अधिक मजबूत होता है। किसी के पिता, तो किसी के पति देश की रक्षा के लिए शहीद हो जाते हैं। ऐसी ही एक बेटी ने अपने पिता को आतंकवाद विरोधी अभियान में खो दिया लेकिन उस बेटी ने अपने पिता के नक्शेकदम पर चलने की ठान ली और खुद भी सेना में शामिल हो गई। आज यह बेटी इस परिवार की तीसरी पीढ़ी है, जो देश की रक्षा के लिए सेना में भर्ती हुई है। देश की इस बेटी का नाम इनायत वत्स है।

### शहीद मेजर की बेटी हैं इनायत वत्स

इनायत वत्स हरियाणा के पंचकूला की रहने वाली हैं। इनायत अपने माता पिता की इकलौती बेटी हैं। इनायत के पिता का नाम नवनीत वत्स है जो कि सेना में मेजर के पद पर कार्यरत थे। जब इनायत महज ढाई साल की थीं, तब 2003 में मेजर नवनीत वत्स ने जम्मू कश्मीर के एक आतंकवाद विरोधी अभियान में जान गवां दी थी। इनायत वत्स के पिता को मरणोपरांत सेना पदक से सम्मानित किया जा चुका है। इनायत के नाना भी फौज में कर्नल थे।

### ढाई साल की उम्र में इनायत ने पिता को खोया

20 साल पहले अपने पिता को खो चुकी इनायत ने अपने पिता की विरासत को जारी रखने का फैसला लिया और भारतीय सेना में शामिल हो गईं। अप्रैल में इनायत चेन्नई में स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी में शामिल होने वाली हैं।

### इनायत वत्स की शिक्षा

इनायत वत्स ने दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से स्नातक किया और बाद में डीयू के हिंदू कॉलेज से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर किया। इनायत को शहीदों के परिजनों के लिए राज्य की नीति के तहत राजपत्रित पद पर नियुक्ति मिल सकती हैं, लेकिन उन्हें पिता की तरह ही सेना में भर्ती होना था। इनायत की मां और उनके परिवार ने भी इस फैसले में उनका साथ दिया। शहीद मेजर नवनीत वत्स और शिवानी की शादी को महज चार साल हुए थे जब वह शहीद हो गए थे। शिवानी उस समय सिर्फ 27 साल की थीं। उसके बाद वह चंडीमंदिर में एक आर्मी पब्लिक स्कूल में शिक्षिका के तौर पर कार्य करने लगीं।

### समलैंगिकों को मिले विवाह व बच्चा गोद लेने का अधिकार

समलैंगिकों के अधिकार पर छिड़ी बहस के बीच मनोचिकित्सकों ने समलैंगिक विवाह का समर्थन किया है। भारत के मनोचिकित्सकों का कहना है कि समलैंगिक समुदाय के साथ देश के सभी नागरिकों के समान ही व्यवहार किया जाना चाहिए। समलैंगिक समुदाय को विवाह, बच्चा गोद लेने, शिक्षा, रोजगार, संपत्ति का अधिकार और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंचने का अधिकार मिलना चाहिए। हाल ही में भारतीय मनोरोग सोसायटी ने समलैंगिक समुदाय के बेहतर स्वास्थ्य और मनोस्थिति के बचाव के लिए कुछ सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि समलैंगिकों को अन्य नागरिकों के समान ही अधिकार मिलने चाहिए। उनका व्यक्तित्व दूसरे नागरिकों के समान ही है। ऐसे में उन्हें भी अधिकार है कि वह विवाह करें, परिवार बनाने के लिए बच्चा गोद लें और घर व संपत्ति बनाएं। गुरुग्राम मुख्यालय स्थित भारतीय मनोरोग सोसायटी ने 3 अप्रैल को समलैंगिकों की मन स्थिति के प्रति सचेत करते हुए अपने बयान में कहा कि समलैंगिक, ट्रांसजेंडर या अलैंगिक व्यक्ति को अन्य नागरिकों की तरह ही रहने से रोकना भेदभाव को दर्शाता है। समलैंगिकों के साथ इस तरह का भेदभाव पूर्ण व्यवहार उनके मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित बीमारियों को जन्म दे सकता है।



### समलैंगिकों संबंध वैधानिक, विवाह अधिकार कानून की मांग

वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 377 के तहत समलैंगिकता को अपराध के दायरे से बाहर कर दिया था। फिलहाल देश में समलैंगिक संबंध वैधानिक है। मनोचिकित्सक समुदाय के वर्ष 2018 के कोर्ट के फैसले की याद दिलाते हुए समलैंगिकता को सामान्य कामुकता बताई और कहा कि यह निश्चित तौर पर बीमारी नहीं है।

### मनोचिकित्सकों ने किया समान लिंग के विवाह का समर्थन

मनोचिकित्सक बॉडी का कहना है कि एक समान लिंग वाले परिवार के लिए बच्चा गोद लेने के लिए चुनौती, कलंक और भेदभाव का सामना करना पड़ता है। लेकिन विवाह का अधिकार मिलने के बाद समलैंगिक अभिभावक बच्चों को लिंग तटस्थ, निष्पक्ष वातावरण में पालने लायक हो जाएंगे। उनका कहना है कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि परिवार, समुदाय, स्कूल और समाज सामान्य तौर पर ऐसे बच्चो के विकास को बचाने और बढ़ावा देने के लिए संवेदनशील हों और उनके साथ भेदभाव होने से रोकें।

# नगरपालिका में मनाया गया स्वच्छता जनजागृति दिवस

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** नगरपालिका परिषद परिसर में स्वच्छता जनजागृति दिवस मनाया गया, सर्वप्रथम अधिषासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी नें नगरपालिका स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर आलोक दीक्षित को बुके एंव माला पहना कर सम्मानित किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ईओ नगरपालिका नें सभी चालीस वार्डो के सफाई नायकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर वार्ड में स्वच्छता वातावरण प्रोत्साहन सिमिति बनाना आवश्यक है, बहुत से वार्डो में सिमितियां बन चुकी हैं जिनमें नहीं बनीं हैं उनमें बनायी जायें, अकेला एक सफाई नायक पूरे वार्ड को कवर नहीं कर सकता, कमेटी के मेम्बर उसका सहयोग करें, नगरपालिका उन मेंबर्स को टी शर्ट और टोपी उपलब्ध करायेगी,

मुख्य अतिथि स्वच्छता अभियान के ब्रांड ऐबेंसडर आलोक दीक्षित नें कहा कि हमें नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता के नेतृत्व में अपनें शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाना है, इसके लिए आम नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता जरूरी है, स्वच्छता होगी तभी लोग स्वस्थ रहेंगे, नगरपालिका लगातार एंटी लार्वा एंव फोगिंग करा कर शहर को स्वच्छ एंव स्वस्थ बनानें के प्रति प्रयासरत है, हमारे सफाई नायक एंव सफाई कर्मी इसके लिए धन्यवाद के पात्र हैं। इस अवसर पर मुख्य सफाई निरिक्षक राकेश कुमार भी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन डीपीएम सुनील कुमार कठेरिया नें किया। पूरे प्रदेश की हर नगरपालिकाओं में हुये इस कार्यक्रम की मानीटरिंग प्रदेश के नगर विकास एंव ऊर्जा मंत्री डा.ऐ के शर्मा द्वारा आनलाइन माध्यम से की गयी।

# वासुदेव देवनानी बने राजस्थान के स्पीकर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** भाजपा ने नये चेहरों को राजस्थान की कमान देकर जहां सबको चौकाया, वहीं अजमेर से जीते विधायक वासुदेव देवनानी को स्पीकर बनाकर सिंधी समाज को भी खुश कर दिया। मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि भाजपा ने सिंधी समाज के चार प्रतिनिधियों को चुनाव में मौका दिया, जिसमें श्रीचंद कृपलानी और प्रोफेसर वासुदेव देवनानी राजस्थान से तथा भगवान सगवानी और अशोक रोहानी मध्यप्रदेश से विधायक निर्वाचित हुए हैं। इन्हीं में प्रोफेसर वासुदेव राजस्थान विधानसभा के स्पीकर बनाए गए हैं, जिससे सिंधी समाज में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है। सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी ने सभी जीते विधायकों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा ने प्रोफेसर वासुदेव देवनानी को स्पीकर बनाकर सिंधी समाज का मान बढ़ाया है। लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत के राष्ट्रीय सचिव रामचंद्र खत्री ने कहा कि भाजपा का यह कदम सिंधी समाज में जान फूंकेगा, जिससे नया स्वरूप देश की सुंदरता बढ़ाने में अहम भूमिका निभायेगा। तीन राज्यों में भाजपा की नये चेहरों के साथ सरकार बनने और प्रोफेसर वासुदेव देवनानी के स्पीकर बनाए जाने पर सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी, मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री, बसंत मंगलानी, तुलसीदास गंगवानी, जीवतराम चंदानी, गुरूमुखदास गंगवानी, प्रदीप उकरानी, चंदनलाल आडवानी, झामनदास नाथानी सहित समस्त सिंधी समाज ने हर्ष व्यक्त किया है।

# के के कालेज के छात्र साहिल ने अंतरमहाविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** के.के.कालेज के बीए पंचम सेमेस्टर के छात्र साहिल ने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्विद्यालय, कानपुर में आयोजित अंतरमहाविद्यालय दस हजार मीटर ऐथिलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। साथ ही छात्र साहिल ने पांच हजार मीटर ऐथिलेटिक्स प्रतियोगिता में भी दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में कानपुर विश्विद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों के विद्यार्थियो ने बड़ी संख्या ने प्रतिभाग किया था। साहिल ने इन प्रतियोगिताओं में के. के.कालेज की ओर से भाग लेकर प्रथम एवम द्वितीय स्थान प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर के. के. कालेज के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह, क्रीड़ा प्रभारी लेफ्टीनेंट प्रो.सुनील सिंह सेंगर, मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो.शिवराज सिंह यादव, प्रो.ओमकुमारी, प्रो.मनोज गुप्ता, प्रो. उदयवीर, डॉ.अनिल यादव, डॉ.सुजीत, डॉ.अनुपम कार्यालय अधीक्षक मधुसूदन सिंह, अखिलेश वर्मा, अवनींद्रमोहन वर्मा, पवन वर्मा, आशीष पटेल, आलोक पटेल, शालू आदि शिक्षकों व कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी है।

# नि:शुल्क कैम्प का एसडीएम ने किया शुभारंभ



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** इटावा महोत्सव एवं प्रदर्शनी में बुधवार को पंडाल के सामने लगे ऊँ नवजीवन हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर की ओर से नि:शुल्क कैम्प का उप ज़िलाधिकारी सदर/जनरल सेक्रेटरी प्रदर्शनी विक्रम सिंह राघव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शुभारंभ से पूर्व हॉस्पिटल की प्रबंधक निदेशक डॉ.संजोली वर्मा ने उप ज़िलाधिकारी श्री राघव का बुके देकर स्वागत किया। उद्घाटन के पश्चात डॉ.संजोली वर्मा ने बताया कि इटावा नुमाइश में हॉस्पिटल की ओर से पहली बार नि:शुल्क कैम्प लगाया गया है इसके लिए ज़िलाधिकारी व एसडीएम साहब का आभार व्यक्त करती हूं कि लोगों की सेवा करने का अवसर दिया। उन्होंने बताया कि नुमाइश में लगे कैम्प से नि:शुल्क दवा दी जाएगी, नि:शुल्क कैम्प नुमाइश भर लगा रहेगा। इस अवसर पर डॉ.शिवओम वर्मा नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ, डॉ.पंकज गुप्ता हड्डी रोग विशेषज्ञ के अलावा हॉस्पिटल के स्टाफ में मनोज कुमार, रजनीश कुमार, भूपेंद्र सिंह, पल्लवी शर्मा, सुरेश चंद्र, मेघा जादौन, छाया, हर्षित, आदि मौजूद रहे।

# जीएलए का 12वां दीक्षांत समारोह 17 दिसंबर को

अवधनामा संवाददाता

- 3535 विद्यार्थियों को दी जाएंगी उपाधियां
- 22 गोल्ड और 22 सिल्वर मेडलिस्ट छात्र होंगे सम्मानित

**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह 17 दिसंबर को मनाया जाएगा। समारोह में वर्ष 2023 में विभिन्न पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्राप्त कर चुके 3535 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा प्रतिभाशाली छात्रों को 22 गोल्ड और 22 सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया जागाएगा।

यह जानकारी देते हुए कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल ने बताया कि विश्वविद्यालय के ऑडीटोरियम में होने वाले इस समारोह में मुख्य अतिथि परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डा. अजीत कुमार मोहंती होगे। उन्होंने आगे बताया कि जीएलए से वर्ष 2023 में पीएचडी के 58, बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर के 92, बीएससी ऑनर्स बायोटेक के 31, बीएससी ऑनर्स कैमिस्ट्री के 31, बीएससी ऑनर्स फिजिक्स के 31, बीए ऑनर्स इकॉनोमिक्स के 13, बीबीए के 163, बीबीए ऑनर्स 124, बीबीए फैमिली बिजनेस 27, बीकॉम ऑनर्स ग्लोबल एकाउंटिंग के 11, बीकॉम ऑनर्स 80, बीटेक सिविल इंजीनियरिंग के 49, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 45, इलेक्ट्रॉनिक्स के 18, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 120, बीटेक एमई ऑटोमोबाइल के 4. एमई मेकाट्रॉनिक्स के 4, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के 94, कम्प्यूटर साइंस के के 933, बीटेक सीएस एआईएमएल के 105, बीटेक सीएस सीसीवी के 29, बीटेक सीएस डीए के 28, बीटेक सीएस सीएसएफ के 24, बीटेक सीएस आइओटी के 10, बीसीए के 216, बीफार्म के 81, बीएड के 40, एमएससी बायोटेक के 17, एमएससी माइक्रो एंड इम्यूनोलॉजी के 13, एमएससी कैमिस्ट्री के 11, एमएससी फिजिक्स के 3, एमएससी मैथमेटिक्स के 3, एमटेक सीई ट्रांसपोर्टेशन के 5, एमटेक सीई स्ट्रक्चरल के 2, एमटेक सीएस के 6, एमटेक ईई के 4, एमटेक ईसी के 2, एमटेक एमई प्रोडक्शन के 7, एमबीए के 341, एमबीए ऑनर्स के 17, एमबीए कंस्ट्रक्शन के 7, एमबीए एफएमबी के 35, एमबीए एलएससीएम के 14, एमसीए के 102, एमफार्म फार्माकोलॉजी के 13, एमफार्म फार्मास्यूटिक्स के 15, एलएलएम बीएफआइएल के 1, एलएलएम सीडीपीएल के के 7 विद्यार्थियों की उपाधि अनुमोदित की गई है। इसके अलावा डिप्लोमा कैमिकल के 10, डिप्लोमा सिविल इंजी. के 63, डिप्लोमा सीएस के 62, डिप्लोमा ईई 87, डिप्लोमा ईसी के 9, डिप्लोमा एमई के 146 तथा डिप्लोमा इन फार्मेसी के 45 विद्यार्थियों को डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे । कुलपति ने बताया कि विशिष्ट अतिथि कम्प्यूटेशनल सिस्टम्स और साइबर सिस्टम के महानिदेशक एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक सुमा वरूघीस अपना संबोधन देंगी। उनके बाद परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डा. अजीत कुमार मोहंती दीक्षांत भाषण देंगे। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल करेंगे। कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शैक्षिक शोभायात्रा के आगमन, दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ठंडक से जोड़ों का कोई भी दर्द हो बड़ जाता है: दुबे



**इटावा।** बदलते मौसम सर्दी में ठंडी हवाओं से करें बचाव। ठंडक में जोड़ों का कोई भी दर्द हो बढ़ता है। अधिक सर्दी अथवा ठंडी हवाऐं चलने पर इस प्रकार के कष्ट वाले व्यक्ति कम निकले, गर्दन, सर ढक कर रखें। यह बात डॉ.डी.के.दुबे एम एस अर्थो सीनियर कंसल्टेंट आर्थोपेडिक सर्जन श्री गंगा अर्थो केअर ने ख़ास बात-चीत में कही। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति ठंडे पानी से बचे गर्म पानी का इस्तेमाल करें, सावधानी बरते। आगे उन्होंने कहा कि उम्र दराज़ व्यक्तियों को ठंडक में दर्द और घाव हो जाने का ख़तरा रहता है क्योंकि उनकी त्वचा काफी नरम हो जाती है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से अपील करते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में ग़रीब व्यक्तियों की अधिक से अधिक मदद करें जिनके पास कपड़े, खाना व रहने को जगह नहीं है। अंत में उन्होंने कहा कि सावधानी ही बचाव है।

### गोवर्धन पुलिस ने 10 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने रात्रि में अभियान चलाकर 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा ने बताया कि भीम उर्फ अजयपाल पुत्र हरप्रसाद निवासी भवनपुरा थाना गोवर्धन मथुरा, प्रताप सिंह पुत्र रघुवीर सिंह निवासी भवनपुरा थाना गोवर्धन मथुरा, लक्खो पुत्र रामजीलाल निवासी गामेती मोहल्ला अडींग थाना गोवर्धन मथुरा, जगदीश पुत्र होतीलाल निवासी जतीपुरा थाना गोवर्धन मथुरा, सतीश पुत्र नत्थी निवासी गांठौली थाना गोवर्धन मथुरा, दीपू पुत्र राजन निवासी डींग अड्डा कस्बा व थाना गोवर्धन मथुरा, नाहर सिंह पुत्र राधारमन निवासी सकीतरा थाना गोवर्धन मथुरा, लक्ष्मण पुत्र सोहनलाल निवासी बडा बाजार कस्बा व थाना गोवर्धन मथुरा, आनन्द कुमार पुत्र हीरालाल निवासी पलसो थाना गोवर्धन जनपद मथुरा, कपिल शर्मा पुत्र महेन्द्र निवासी मंडोरा थाना गोवर्धन जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया गया है।

### पुलिस ने शातिर वाहन चोर दबोचा, बाइक बरामद

**मथुरा।** नौहझील थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौकी यमुना पुल से पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को चोरी की बाइक के साथ बरामद किया है। जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चौकी प्रभारी यमुना पुल आदेश कुमार पुलिस टीम के साथ यमुना पुल पर बैरियर लगाकर संदिग्धों की चेकिंग कर रहे थे।उसी दौरान एक बाइक सवार पुलिस की चेकिंग देखकर वापस भागने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर बाइक सवार जगदीश पुत्र बिजेंद्र सिंह निवासी मुडलिया थाना नौहझील को बाइक सहित पकड़ लिया। पूछताछ करने पर शातिर ने बाइक चोरी की होना स्वीकार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की गई है।

### ग्लास, प्लेट बनाने की फैक्ट्री पर कार्यवाही

**मथुरा।** प्लास्टिक के दोना, गिलास, पत्तल बनाने की फैक्ट्री पर नगर निगम ने कार्यवाही की है। निगम ने कार्यवाही करते हुए 25 हजार का जुर्माना भी वसूला है। नगर आयुक्त शशांक चौधरी के निर्देशों के क्रम में औरंगाबाद जोन में सहायक नगर आयुक्त कल्पना चौहान के निर्देशन में सिविल लाइन से लेकर औरंगाबाद तक प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं गंदगी फैलाने को लेकर अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करने एवं गंदगी फैलाने पर कुल 5250 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया। भूतेश्वर जोन में राकेश कुमार त्यागी संयुक्त नगर आयुक्त के निर्देशन में इंडस्ट्रियल एरिया में प्रतिबंधित प्लास्टिक से गिलास एवं प्लेट आदि सामग्री बनाने वाली फैक्ट्री के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 25 हजार का जुर्माना वसूला गया। वृंदावन जोन में संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव के निर्देशन में परिक्रमा मार्ग में अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए पांच हजार का जुर्माना वसूला गया।

# कैडेटों ने निकाली जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर वर्ष 2023 को अंतराष्ट्रीय मिलेट (मोटा अनाज) वर्ष मनाया जा रहा है जिसके उपलक्ष्य में किशोरी रमण महाविद्यालय, मथुरा में 11 यू.पी. एन सी सी वाहिनी के कमानाधिकारी कर्नल रजत पाण्डेय के निर्देशन में मोटे अनाज के प्रचार प्रसार के लिए एन सी सी कैडेटों द्वारा डेम्पियर चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। ईसमे कैडेटों द्वारा मोटे अनाज पर पोस्टर बैनर और नारे लगाकर वहां मौजूद जनमानस को मोटे अनाज के प्रयोग के लिए कहा। कैडेटों ने वहां मौजूद लोगो को मोटे अनाज के फायदे बताकर ज्यादा से ज्यादा सेवन करने की अपील की।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ. )प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कैडेटों को आशीर्वचन के साथ रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोटे अनाज खाने से बीपी , शुगर जैसी गंभीर बिमारियों से बचा जा सकता है। ये बहुत ही संतुलित और पौष्टिक आहार होते हैं जिसका हमे अपने भोजन में ज्यादा से ज्यादा मात्रा में सम्मिलित करना चाहिए।

एन सी सी प्रभारी लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक ने मोटे अनाज को अपनाने और कैडेटों से कहा की आस पड़ोस में भी इसका प्रचार करें तथा उन्होंने मोटे अनाज उगाने से पर्यावरण को होने वाले फायदे भी बताए।

जी सी आई गायत्री सोरौत ने कैडेटों से कहा कि पौष्टिक मोटे अनाज ही सुखी और निरोगी जीवन की कुंजी है।उन्होंने कहा कि जैसा आप अनाज खाओगे वैसे ही आप के विचार आयेंगे। कैडेट मल्लिका चक्रवती के निर्देशन में 15 कैडेटों ने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया जिसका बहा पर मौजूद दर्शकों ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. राजेश अग्रवाल , डॉ राजेश गौतम, डॉ उमेश शर्मा, प्रो. विनोद कुमार खंडेलवाल, डॉ राजेश सारस्वत, एन.एस.एस प्रभारी डॉ. अशोक कुमार कौशिक एवं डॉ. नवीन अग्रवाल, डॉ रामदत्त मिश्रा,डॉ. अजय कुमार उपाध्याय ,डॉ. विजय नारायण आदि ने कैडेटों की सराहना की। अंडर ऑफिसर सौरभ कुमार, अंडर ऑफिसर भावना, अंडर ऑफिसर वेदांत कौशिक, संतोष कुमार शर्मा, दिव्यांश वार्ष्णेय, शिवम दुबे, पवन वसिष्ठ, प्रशांत चौहान, ईशा, सोनिया मोहिनी चतुर्वेदी आदि कैडेटों का विशेष सहयोग रहा।

## राजस्थान के नए मुख्यमंत्री का ब्रज से है गहरा नाता

**मथुरा।** राजस्थान के नए मुख्यमंत्री का ब्रज से गहरा नाता रहा है। यहां तक कि उनकी नाते रिश्तेदार भी ब्रज क्षेत्र में हैं और उनका ब्रज क्षेत्र से गहरा लगाव रहा है। राजस्थान प्रदेश में पं. भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनने पर बृजवासियों में हर्ष की लहर है। उनका बृजवासी होना एवं मथुरा वृंदावन गोवर्धन से उनका गहरा लगाव होने के कारण मथुरा वृंदावन सहित ब्रज के तमाम लोग उनसे जुड़े हैं। हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा ने भागवत मंदिर पर मिष्ठान वितरण कर आतिशबाजी की गई। इस अवसर पर आचार्य बद्रीश एवं दिनेश शर्मा ने कहा कि जल्द ही राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री धाम वृंदावन एवं गोवर्धन पधारेंगे। बृजवासी उनका भव्य स्वागत करेंगे। भजनलाल शर्मा का पैतृक गांव भरतपुर जिले के नदबई तहसील का अटारी गांव है। राजनीति में करीब 35 वर्षो से सक्रिय भजनलाल शर्मा पहली बार 27 वर्ष की उम्र में वर्ष 2000 में अपने गांव अटारी में सरपंच बने थे। यहीं से उनकी राजनीति आगे बढ़ी और आज सीएम के लिए उन्हें चुना गया। गांव में प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने वाले भजनलाल शर्मा नदबई में माध्यमिक शिक्षा के लिए आए।

# टमाटर से लदी डीसीएम में जा घुसी रोडवेज बस

अवधनामा संवाददाता

- रोडवेज बस चालक की मौत, दर्जन भर यात्री भी हुए हैं घायल

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेस वे पर मंगलवार की रात हुए सड़क हादसे में रोडवेज बस के चालक की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक सवारियां घायल हुई हैं। एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 112 पर टमाटर से लदी एक डीसीएम पंचर हो गई थी। चालक ने डीसीएम को किनारे खडा कर दिया। दिल्ली जा रही आजमगढ़ डिपो अनियंत्रित बस ने टमाटर से लदी पंक्चर खड़ी डीसीएम में पीछे से टक्कर मार दी। डीसीएम में लदे टमाटर सडक पर बिखर गये। इस दौरान हादसे में बस चालक की मौत हो गई। वहीं बस में सवार दर्जनभर से अधिक सवारियां बुरी तरह घायल हो गई। जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना कीं सूचना पर यमुना एक्सप्रेस वे सुरक्षकर्मी, राया पुलिस और परिवहन निगम के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। आजमगढ़ डिपो की बस मंगलवार की सायं आजमगढ़ से दिल्ली को रवाना हुई थी। जिसमें करीब 35 यात्री सवार थे, देर रात्रि के करीब डेढ़ बजे यमुना एक्सप्रेस वे के माईल स्टोन 112 पर आजमगढ़ डिपो की बस संख्या यूपी 78 जेएन 7553 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी डीसीएम गाड़ी संख्या यूपी 14 एलटी 1231 में जा घुसी जिसमें टमाटर भरे हुए थे। हादसे के बाद बस में चीख पुकार मच गई। हादसे में बस चालक परशुराम ( 57 ) निवासी आजमगढ़ की मौके पर मौत हो गई। वही बस में सवार अखण्ड प्रताप, दिनेशचंद्र, एसपी सिंह, पूजा, नीलम, राकेश, अनिल कुमार एक दर्जन से अधिक महिला एवं बच्चे गंभीर घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे की सूचना पर थाना राया प्रभारी अजय किशोर, क्षेत्रीय प्रबन्धक आगरा बीपी अग्रवाल, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ईदगाह डिपो राजेंद्र सिंह राजपूत, एआरएम मथुरा मदनमोहन शर्मा मौके पर पहुच गए। पुलिस ने मृतक चालक के शव को पोस्टमार्टम को भेज परिजनों को सूचना दे दी थी।

# ओटीएस: उपभोक्ताओं की पीडा सुनने की जरूरत हुई महसूस

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** ओटीएस योजना में अपेक्षित प्रगति नहीं होने से विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बिलिंग एजेंसी के अधिकारियों के साथ बैठक की है। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं पर बिल जमा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है तो उपभोक्ताओं की अपनी परेशानियां और शिकायतें हैं जिन्हें सुनने वाला कोई नहीं है। खराब मीटर, ओडीएफ, बढे हुए लोड, गलत बिलिंग और अनसुनी की शिकायतें आम हैं, यहां तक कि अधिकारी मौके पर पहुंच कर भी उपभोक्ता की सुनने और उसकी समस्या का समाधान करने की बजाय बिल जमा करने पर ही जोर देते हैं, यह बात अब अधिकारियों को भी समझ आने लगी है। मथुरा कैंट कार्यालय पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने बिलिंग एजेंसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान कहा गया कि खराब मीटरों को बदल कर सही बिल भेजे जाएं। आईडीएफ बिल नहीं बनने चाहिए और उपभोक्ताओं की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान होना चाहिए। इस दौरान चीफ इंजीनियर मथुरा जोन ने बिलिंग कार्य की समीक्षा की। बैठक में एसई शहरी मनोज कुमार, एसई प्रभाकर पांडेय आदि अधिकारी और इंजीनियर मौजूद रहे। आकर्षक ओटीएस योजना के दौरान भी विद्युत विभाग के बकायेदार बिल जमा करने और योजना का लाभ लेने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। यहां तक कि बिजली चोरी के मामलों में उलझे उपभोक्ता भी पहली बार आई ओटीएस योजना का लाभ लेने के लिए उत्सुक नहीं हैं। विभाग ने अब बकायेदार उपभोक्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए गांव गांव कैंप लगाने की प्रक्रिया शुरू की है। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों की भी मदद ली जा रही है और योजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। गांव पिसावा, गांव बढ़ाना, सिहोवा, धानौता, गढी बुद्धा आदि गांवों में विद्युत विभाग ने कैंप लगाकर उपभोक्ताओं से बकाया जमा करने की अपील की और ऐसे उपभोक्ताओं के ओटीएस में पंजीकरण कराये। शहरी क्षेत्र में ऑनलाइन बिलिंग है, यहां उपभोक्ताओं से मोबाइल पर संपर्क साधा जा रहा है।

## दो तेज रफ्तार मोटरसाइकिल टकराई, दो युवकों की मौत

**मथुरा।** छाता में मंगलवार की देर शाम गोवर्धन चौराहे से रनवारी गांव के बीच में प्रगति पब्लिक स्कूल के निकट दो मोटरसाइकिलों में आमने सामने की सीधी टक्कर हो जाने से दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार दो दो व्यक्ति काफी गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलने पर एंबुलेंस पीआरबी और थाना मोबाइल तीनों पहुंचीं। सभी घायलों को सीएचसी भिजवाया गया। खबर लिखे जाने तक नगला बिरजा गांव के मोहित पुत्र सुरेंद्र उम्र लगभग 18 वर्ष और खिल्लु पुत्र दुर्गापाल उम्र 16 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। खुल्ली का दाह संस्कार परिजनों द्वारा कर दिया, जबकि मोहित का शव केडी मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखा है और पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जाएगी। जबकि रियाज पुत्र मुंशी निवासी आजमपुर और आमिर पुत्र स्वर्गीय मानसिंह निवासी मंडी चौराहा मथुरा जो दूसरी मोटरसाइकिल पर थे और उमराया गांव से लौट रहे थे, इलाज के लिए उनके परिजन जयपुर लेकर जा रहे हैं। थानाध्यक्ष छाता त्रिलोकी सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र लेकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गोवर्धन सीओ के ट्रांसफर पर लोगों ने ली राहत की सांसं

अवधनामा संवाददाता

**गोवर्धन (मथुरा)।** पुलिस लाइन में आर आई बन पुलिसकर्मियों की डायट चार्ट में हेराफेरी कर गिनती करने वाले से गोवर्धन सी ओ बने और गोवर्धन सेसेवानिवृत होने का दावा करने वाले हिटलर शाही निरंकुश हो गए और सर्वोच्च न्यायालय से लेकर अवर न्यायालयों को ताक पर रखकर लोगों का जीना हराम कर अपराधियों के शरणदाता को शासन द्वारा गैर जनपद ट्रांसफर कर दिया गया और जब इस बारे में स्थानीय लोगों को जानकारी मिली तो कस्बे में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी और लोगों द्वारा राहत की सांस लेते हुए गिर्राज प्रभू को कोटि कोटि आभार प्रकट करते हुए मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई गई तो एक तथाकथित छस्मकार कालनेमी रूपी दलाल को ऐसा धक्का लगा कि जैसे पिताजी मर गए हों तो दूसरी तरफ दो अन्य विवादित चेहरे वाले नेताओं सहित तीनों लोगों से लेकर घर परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। विदित हो कि विगत वर्ष से अधिक समय से गोवर्धन सीओ गोवर्धन राममोहन शर्मा ने कुर्सी पर बैठकर हर तरह के अपराधियों को खुला संरक्षण दिया जाता रहा था और भले आदमी का जीना दुश्वार कर रखा था जिससे भले लोगों के साथ साथ आम जनता में रोष व्याप्त था लेकिन सीओ गोवर्धन राममोहन शर्मा ने कुर्सी पर अपना राज्य समझ रखा था और तीन प्रमुख दलाल पाल रखे हुए थे और जो कुछ भी उक्त दलाल कहते थे सीओ गोवर्धन राममोहन शर्मा वही किया करते थे और उन्होंने अपने विभीषणों रूपी दलालों के चक्कर में कई थाना प्रभारी निरीक्षको को बड़े बेआवरू होकर गोवर्धन थाने से हटना पड़ा था और उक्त क्रम में वर्तमान थाना प्रभारी निरीक्षक गोवर्धन को भी अपने उल्टे सीधे कृत्यों में लेकर खिलवाड़ करना शुरू कर दिया गया था लेकिन जब तक सीओ गोवर्धन राममोहन शर्मा और कुछ ज्यादा उल्टा तीर चला पाते उससे पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर सरकार के आदेश पर शासन द्वारा ओकात दिखाते हुए ट्रांसफर कर दिया गया और सीओ गोवर्धन राममोहन शर्मा के सपनों को चकना चूर कर दिया गया। विदित हो कि सीओ गोवर्धन राममोहन शर्मा के द्वारा संचालित अनर्गल हरकतों के कारण और हठधर्मिता वा आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे रहने के चलते नेकदिल स्पष्ट वादी मानसिकता के धनी तत्कालीन नितिन कसाना जैसे प्रभारी निरीक्षक को लाइन हाजिर होना पड़ा था।

## मांट, गोवर्धन, छाता सीओ का हुआ गैर जनपद तबादल

**मथुरा।** जनपद से मांट गोवर्धन छाता सर्किल के सीओ के भी तबादले गैर जनपद के लिए हुए हैं। इसके अलावा सीओ ट्रैफिक का भी स्थानांतरण हुआ है। वहीं मथुरा में पत्रकार रहे भारतेंदु सिंह के पुत्र अमेठी में तैनात गौरव चौधरी को शासन ने आगरा में सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर तैनाती दी है। सरकारी प्रवक्ता के अनुसार मांट सर्किल के सीओ रविकांत पाराशर का सहारनपुर गोवर्धन सर्कल के सीओ राममोहन शर्मा का औरैया छाता सर्कल के सीओ गौरव कुमार त्रिपाठी का गोरखपुर तबादला किया गया है। इनके अलावा श्री कृष्ण जन्म स्थान पर तैनात और सीओ ट्रैफिक नीलेश मिश्रा को बरेली भेजा गया है। मेरठ से आशीष शर्मा, बलिया से भूषण वर्मा, अयोध्या से सत्येंद्र भूषण तिवारी मथुरा आ रहे हैं। तबादला सूची में 167 पुलिस उपाधीक्षकों के नाम शामिल है। इससे पहले एसपी सिटी एमपी सिंह का तबादला हरदोई हुआ है जबकि श्री कृष्ण जन्मस्थान ईदगाह पर तैनात पुलिस अधीक्षक सुरक्षा आनंद कुमार द्वितीय तबादला कमिश्नर रेट गाजियाबाद में अपर पुलिस उपायुक्त के पद पर हुआ हैं।

# मथुरा रिफाइनरी में सुरक्षा सप्ताह 2023 का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

- 13 से 19 दिसम्बर तक मनाया जाएगा सुरक्षा सप्ताह

**मथुरा।** 13 से 19 दिसम्बर तक पूरे देश में सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी आयोजन का हिस्सा बनते हुए मथुरा रिफाइनरी में सुरक्षा सप्ताह की शुरुआत निगम की मूल्यवान संपत्तियों की रक्षा करने और तोड़फोड़ के संभावित प्रयासों के प्रति सतर्क रहने की प्रतिज्ञा के साथ हुई। यह प्रतिज्ञा हिंदी में श्री अजय कुमार तिवारी, कार्यकारी निदेशक और रिफाइनरी प्रमुख द्वारा सभी रिफाइनरी कर्मियो, मुख्य महाप्रबंधकों, महाप्रबंधकों, उपमहाप्रबंधकों मथुरा रिफाइनरी कर्मचारी संघ, ओफिसर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सीआईएसएफ के अधिकारियों को दिलाई गई। यही शपथ अंग्रेज़ी में मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ व एचएसई) अजय कैला ने सभी को ग्रहण कराई। उद्घाटन समारोह के दौरान श्री के गोपीनाथ, उपमहाप्रबंधक (एचआर) ने सभी का स्वागत करते हुए, पूरे देश में सुरक्षा सप्ताह मनाने के कारण पर प्रकाश डालते हुए बताया की वर्ष 2001 में संसद भवन पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए सुरक्षा कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए ये दिवस मनाया जाता है साथ ही सुरक्षा के प्रति जन जागरूकता फैलाना इसका मुख्य उद्देश्य हैस उन्होने मथुरा रिफाइनरी में सुरक्षा सप्ताह के दौरान निर्धारित गतिविधियों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष आईओसीएल एसएम वैद्य, निदेशक (रिफाइनरीज़) सुश्री शुक्ला मिस्त्री के संदेश क्रमशः भास्कर हाजरिका, सीजीएम (एच आर) और वीके आनंद, जीएम (वित्त) द्वारा पढ़े गए। कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख अजय कुमार तिवारी ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा एक व्यक्तिगत पहल है और हम सभी को निगम और राष्ट्र की संपत्ति की सुरक्षा के लिए जो भी संभव हो, योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा सप्ताह 2023 के पालन ने हमें अपनी रिफाइनरी की सुरक्षा और विशेष रूप से राष्ट्र के प्रति सुरक्षा जागरुकता को नए सिरे से विकसित करने का अवसर प्रदान किया है।

# वर्ल्ड कप 2023 हार के बाद रोहित शर्मा का रिएक्शन, कहा आगे बढ़ना पड़ता है



रोहित ने कहा कि फाइनल के बाद, वापस आना और आगे बढ़ना शुरू करना बहुत कठिन था। यही कारण है कि मैंने फैसला किया कि मुझे अपना दिमाग इससे बाहर निकालना होगा। लेकिन फिर, मैं जहां भी था, मुझे एहसास हुआ कि लोग मेरे पास आ रहे थे और वे सभी हमारे प्रयास की सराहना कर रहे थे।

वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार को अभी भी भारतीय फैंस भूल नहीं पाए हैं। इस हार से सिर्फ फैंस ही नहीं बल्कि खिलाड़ी भी अछूते नहीं रहे। वहीं अब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का बयान सामने आया है। ऑस्ट्रेलिया से खिताब हारने के बाद रोहित शर्मा ने पहली बार खुलकर बात की और एक वीडियो में बताया कि उन्होंने इस हार से बाहर आने के लिए क्या किया?

इस दौरान रोहित ने कहा कि फाइनल के बाद, वापस आना और आगे बढ़ना शुरू करना बहुत कठिन था। यही कारण है कि मैंने फैसला किया कि मुझे अपना दिमाग इससे बाहर निकालना होगा। लेकिन फिर, मैं जहां भी था, मुझे एहसास हुआ कि लोग मेरे पास आ रहे थे और वे सभी हमारे प्रयास की सराहना कर रहे थे। हमने कितना अच्छा खेला है। मैं उन सभी के लिए महसूस कर सकता हूं। वे सभी, हमारे साथ उस वर्ल्ड कप को उठाने का सपना देख रहे थे।

भारतीय कप्तान ने आगे कहा कि, इस पूरे अभियान के दौरान हम जहां भी गए, वहां सबसे पहले स्टेडियम में आने वाले सभी लोगों और घर से देखने वाले लोगों से भी बहुत समर्थन मिला। उस डेढ़ महीने की अवधि में लोगों ने हमारे लिए जो किया है मैं उसकी सराहना करना चाहता हूं। लेकिन फिर, अगर मैं इसके बारे में ज्यादा से ज्यादा सोचता हूं तो मुझे काफी निरासा होती है कि हम पूरे रास्ते तक जाने में सफल नहीं हो पाए।

रोहित ने खुलासा किया कि फैंस ने उन पर प्यार बरसाना जारी रखा और जब भी वह उनसे मिले तो उन्होंने टीम और उनकी सराहना की है।

# सीरीज में बराबरी के लिये भारतीय गेंदबाजों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन




दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा टी20 मैच जीतकर सीरीज में बराबरी के लिये भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा क्योंकि चयनकर्ताओं की नजरें अगले साल इस प्रारूप के विश्व कप के लिये सही संयोजन तलाशने पर भी लगी है।

गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरा टी20 मैच जीतकर सीरीज में बराबरी के लिये भारतीय गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा क्योंकि चयनकर्ताओं की नजरें अगले साल इस प्रारूप के विश्व कप के लिये सही संयोजन तलाशने पर भी लगी है।

दूसरे टी20 मैच में भारतीय गेंदबाज लय के लिये जूझते नजर आये। बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और दाहिने हाथ के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने क्रमशः 15.50 और 11.33 रन प्रति ओवर की दर से रन दिये। बारिश और ओस ने उनका काम मुश्किल किया लेकिन दोनों की गेंदबाजी में कल्पनाशीलता और नियंत्रण का अभाव भी साफ नजर आया। निजी कारणों से सीरीज से बाहर दीपक चाहर की कमी भी टीम को खली। जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर की गैर मौजूदगी में टीम प्रबंधन का भरोसा अर्शदीप और मुकेश पर ही था। लेकिन दोनों अभी तक इस भरोसे पर खरे नहीं उतर सके और दबाव के क्षणों में लय के लिये जूझते दिखे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में 4.1 से जीत के बावजूद गेंदबाजी ईकाई की कमियां नजर आई। अर्शदीप ने बेंगलुरू में पांचवें टी20 में बेहतरीन आखिरी ओवर डाला लेकिन उसके अलावा उसने बाकी चार मैचों में 10.68 की औसत से रन दिये और उसे चार ही विकेट मिले। मुकेश ने रफ्तार बढाई है लेकिन रनगति पर काबू नहीं रख पा रहे हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों में उन्होंने 9.12 की इकॉनामी रेट से रन दिये और चार विकेट लिये। गक्बेरहा में दूसरे टी20 में भी दोनों ने निराश किया और श्रृंखला गंवाने से बचने के लिये उन्हें कल उम्दा प्रदर्शन करना होगा। टी20 विश्व कप से पहले भारत को अब सिर्फ चार टी20 मैच खेलने हैं और चयनकर्ताओं का ध्यान खींचने के लिये अब उनके पास ज्यादा मौके नहीं हैं। एक साल और चार महीने बाद टी20 मैच खेलने वाले रविंद्र जडेजा भी प्रभावित नहीं कर सके। रिंकू सिंह ने इस प्रारूप में पहला अर्धशतक बनाया और वह आखिरी मैच में फिनिशर की भूमिका निभाना चाहेंगे। कप्तान सूर्यकुमार ने भी एक और शतक जमाया और उनकी नजरें बल्ले तथा कप्तानी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए श्रृंखला भारत की झोली में डालने पर लगी होंगी।

भारत को सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। दोनों पिछले मैच में अतिरिक्त उछाल का सामना नहीं कर सके और खाता खोले बिना रवाना हो गए। जोहानिसबर्ग में हालांकि भारत ने तीनों प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है और टी20 में आंकड़े 3.1 से उसके पक्ष में हैं। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोत्जी , मार्को जानसेन और लुंगी एंगिडि कल का मैच नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उन्हें टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिये प्रथम श्रेणी मैच खेलने हैं।

***टीमें***

भारतः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रूतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन (विकेटकीपर), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा (उप कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, दीपक चाहर।

दक्षिण अफ्रीका एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, मैथ्यू ब्रीट्जस्के, नांद्रे बर्गर,डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, हेनरिच क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एंडिले फेलुकवायो, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और लिजाड विलियम्स।

# अर्जुन अवार्ड से नवाजे जाएंगे मोहम्मद शमी! वर्ल्ड कप में की थी घातक गेंदबाजी




वहीं अब शमी को वर्ल्ड कप में बेहतरीन गेंदबाजी करने का तोहफा मिलने जा रहा है। दरअसल, रिपोर्ट का कहना है कि शमी को अर्जुन ऑवर्ड से नवाजा जाएगा।

वर्ल्ड कप 2023 में बेहतरीन गेंदबाजी का उदहारण पेश करने वाले भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की हर तरह वाह वाही हो रही है। देश ही नहीं बल्किन दुनिया के क्रिकेट फैंस उनकी गेंदबाजी के कायल हो चुके हैं। वहीं अब शमी को वर्ल्ड कप में बेहतरीन गेंदबाजी करने का तोहफा मिलने जा रहा है। दरअसल, रिपोर्ट का कहना है कि शमी को अर्जुन ऑवर्ड से नवाजा जाएगा। एएनआई की एक रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने खेल मंत्रालय से मोहम्मद शमी को अर्जुन पुरस्कार देने के लिए खास तौर से अनुरोध किया है। पहले शमी का नाम पुरुस्कार मिलने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में नहीं था। शमी ने भारत के लिए हाल ही में संपन्न हुए वर्ल्ड कप में प्रभावी प्रदर्शन किया था, जिसने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा।

इस दौरान इस दाएं हाथ के गेंदबाज ने 7 मैचों में कुल 24 विकेट अपने नाम किए। इसी के साथ वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट झटकने वाले खिलाड़ी भी बने हैं।

फिलहाल, शमी साउत अफ्रीका दौरे से टीम इंडिया में अपनी वापसी करेंगे। हालांकि, कार्यभार प्रबंधन के चलते उन्हें सफेद गेंद के खेल से दूर रखा जा सकता है। जबकि शमी टेस्ट सीरीज में नजर आ सकते हैं, जो 26 दिसंबर से शुरू होगी।

# विश्व चैंपियन बैडमिंटन खिलाड़ी ने सुनाई भारत में खराब अनुभव की दास्तां, बीएआई ने कहा दुर्भाग्यपूर्ण





नोजोमी ओकुहारा ने हाल ही में भारत यात्रा का अपना खराब अनुभव साझा किया जहां दिल्ली के एक कैब ड्राइवर ने उन्हें चूना लगाया और ओडिशा के कटक में होटल में उन्हें कमरे के लिये चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

जापान की पूर्व विश्व चैम्पियन और ओलंपिक पदक विजेता नोजोमी ओकुहारा ने हाल ही में भारत यात्रा का अपना खराब अनुभव साझा किया जहां दिल्ली के एक कैब ड्राइवर ने उन्हें चूना लगाया और ओडिशा के कटक में होटल में उन्हें कमरे के लिये चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा।

28 वर्ष की ओकुहारा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फैंसनेट डॉट जेपी पर लिखा कि दिल्ली हवाई हड्डे पर एक कैब ड्राइवर ने उन्हें परेशान किया और चूना लगाया। उन्होंने लिखा कि ओडिशा ओपन के लिये सोमवार को कटक पहुंचने पर उन्हें आधिकारिक परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई थी। उन्होंने लिखा कि होटल में चेकइन के लिये उन्हें चार घंटे इंतजार करना पड़ा और अभ्यास सत्र के लिये सुबह आठ बजे भी उन्हें बस या कार नहीं मिली थी।

वहीं भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) महासचिव संजय मिश्रा ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। उन्होंने स्थानीय आयोजन समिति का बचाव करते हुए कहा कि जापान की इस अनुभवी बैडमिंटन खिलाड़ी ने लॉजिस्टिक का ब्यौरा (स्थानीय यात्रा और होटल) देने वाला कोई ईमेल नहीं भेजा वरना ऐसी नौबत नहीं आती। उन्होंने कहा मैं समझ सकता हूं कि ओकुहारा पर क्या गुजरी होगी लेकिन हमें उनकी ओर से होटल या परिवहन को लेकर कोई ईमेल नहीं मिला। यह तकनीकी मसला है और संवादहीनता के कारण हुआ। हमें कोई सूचना नहीं थी।

साथ ही मिश्रा ने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन जब मुझे पता चला तो मैने आयोजकों से बात की और पूरी मदद की गई। वह बड़ी खिलाड़ी है और हमारी मेहमान है। आइंदा से इस तरह की घटना नहीं होगी। दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ओकुहारा ने लखनऊ में सैयद मोदी सुपर 300 टूर्नामेंट जीता था। वह रविवार की रात हांगकांग के रास्ते दिल्ली आई। इसके बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर एक अजनबी ने उनका सामान एक ट्रॉली पर रख दिया। फिर एक निजी टैक्सी ड्राइवर ने पास ही के होटल तक पहुंचाने के लिये उबर की तुलना में उनसे दस गुना अधिक पैसा लिया।

आयोजन सचिव निलीन कुमार ने कहा कि उन्होंने होटल में ओकुहारा से मुलाकात की और बीएआई संयुक्त सचिव प्रभाकर राव भी वहां थे।

उन्होंने कहा खिलाड़ियों ने बीडब्ल्यूएफ फॉर्म पर होटल के लिये अनुरोध भेजे थे लेकिन ओकुहारा ने ऐसा कोई अनुरोध नहीं भेजा। इसलिये उनके लिये कमरा बुक नहीं किया गया। बाकी 30 देशों से आये खिलाड़ियों को कोई दिक्कत नहीं हुई और आधिकारिक होटल में नहीं रूकने पर शटल बस नहीं मिलती है। उन्होंने कहा अगर आप आधिकारिक होटल में रूकते हैं तो ही शटल बस मिलती है। आयोजकों के लिये शहर भर के होटलों से खिलाड़ियों को पहुंचाना संभव नहीं है।

ओकुहारा के भारतीय दोस्तों बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय और पी वी सिंधू ने स्थानीय सदस्यों से बात करके उनके लिये होटल की व्यवस्था की। प्रणय ने अभ्यास के लिये पहुंचने के लिये उन्हें कार उपलब्ध कराई।

# पति करण ग्रोवर का फर्स्ट लुक देख देखकर हैरान हुई बिपाशा बसु, बांधे तारीफों के पुल, कहा-हैंडसम हॉट हब्बी



ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर के बाद, आखिरकार करण सिंह ग्रोवर का फर्स्ट लुक पोस्टर फाइटर के निर्माताओं द्वारा जारी कर दिया गया है। करण की पत्नी बिपाशा बसु ने भी इंस्टाग्राम पर स्क्वाड्रन लीडर सरताज गिल के रूप में उनका पहला लुक साझा किया।

ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर के बाद, आखिरकार करण सिंह ग्रोवर का फर्स्ट लुक पोस्टर फाइटर के निर्माताओं द्वारा जारी कर दिया गया है। करण की पत्नी बिपाशा बसु ने भी इंस्टाग्राम पर स्क्वाड्रन लीडर सरताज गिल के रूप में उनका पहला लुक साझा किया। फ़र्स्ट लुक पोस्टर में करण को वायु सेना के पायलट की वर्दी में दिखाया गया है और कैप्शन में, बिपाशा ने उनके कॉल साइन का उल्लेख किया है, जो ताज है। कैप्शन में लिखा है, स्क्वाड्रन लीडर सरताज गिल, कॉल साइन ताज, पद स्क्वाड्रन पायलट, यूनिट~ एयर ड्रैगन्स। पोस्टर साझा करने के अलावा, बिपाशा ने टिप्पणी अनुभाग में कई दिल-आंखों वाले इमोजी के साथ, हैंडसम हॉट हब्बी भी लिखा।

पिछले हफ्ते, आगामी एक्शन फिल्म का पहला टीज़र इसके निर्माताओं द्वारा जारी किया गया था। टीज़र में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और सदाबहार अनिल कपूर की तिकड़ी को दुर्जेय दुश्मनों के खिलाफ अपनी मातृभूमि, भारत के सम्मान की रक्षा के लिए एक साहसी मिशन पर निकलने के लिए एक सामान्य उद्देश्य के साथ एकजुट होते दिखाया गया है। टीज़र हाई-एंड एक्शन दृश्यों के साथ सामने आता है जो शैली के उत्साही लोगों के लिए एक दृश्य दावत होने का वादा करता है।

फिल्म में ऋतिक रोशन ने स्क्वाड्रन लीडर शमशेर पठानिया का किरदार निभाया है। इससे पहले, फिल्म के निर्माताओं द्वारा मीनल राठौड़ के रूप में दीपिका पादुकोण का पहला लुक जारी किया गया था।

दीपिका ने कैप्शन में लिखा, स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़, कॉल साइन~ मिन्नी, पद~ स्क्वाड्रन पायलट, यूनिट एयर ड्रैगन्स। फाइटर एक आगामी एक्शन फिल्म है, जो सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित और वायाकॉम 18 स्टूडियोज और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स द्वारा निर्मित है।

फिल्म में ऋतिक रोशन के अलावा दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी हैं। फाइटर एक योजनाबद्ध हवाई एक्शन फ्रेंचाइजी में पहली फिल्म के रूप में काम करती है। फाइटर अगले साल 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# या एजाज खान और पवित्रा पुनिया के रिश्ते में आई दरार? सोशल मीडिया पर उड़ रही है ब्रेकअप की अफवाह



अक्सर रियलिटी शोज में देखा जाता है कि कंटेस्टेंट्स को अपने साथियों से प्यार हो जाता है, जिसका कारण होता है कि वह बाहरी दुनिया से कई ज्यादा वक्त आपस में बिता रहे होते हैं।

इस लिस्ट में सबसे पहले बिग बॉस शो का नाम आता है। इन दिनों का 17वां सीजन चल रहा है और पिछले कई सीजन में घर के अंदर कई जोड़ियां बनती देखी गई है, जिसमें से एक कपल था एजाज खान और पवित्रा पुनिया। ये दोनों बिग बॉस 14 में नजर आए थे। शुरुआत में दोनों के बीच खूब लड़ाई झगड़े देखने को मिले, लेकिन शो से बाहर जाने तक ये रिश्ता प्यार में बदलता नजर आया। सालों तक डेट करने के बाद अब खबर है कि इस कपल के रिश्ते में दरार आ गई है।

**क्या अगल हो रहे हैं एजाज और पवित्रा ?**

बिग बॉस हाउस में अब तक कई जोड़ियां बनी और टूटी भी है। इस लिस्ट में आसिम रियाज-हिमांशी खुराना, माहिरा शर्मा- पारस छाबड़ा, बंदगी कालरा-पुनीश शर्मा का नाम शामिल है। वहीं अब खबर है कि एजाज खान और पवित्रा पुनिया का रिश्ता भी खत्म हो चुका है।

ऐसा हम नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर यूजर और %टाइम्स नाऊ की एक रिपोर्ट में कहा जा रहा है। रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि इस कपल की लव-स्टोरी खत्म हो गई है। पिछले काफी समय से दोनों के बीच चीजें कुछ सही नहीं चल रही हैं।

**साथ रह रहे हैं एजाज और पवित्रा**

बता दें, डेटिंग के कुछ समय बाद ही ये कपल एक साथ रहने लगा था। अभी भी दोनों साथ रह रहे हैं, लेकिन दोनों के बीच का माहौल ठीक नहीं है। दोनों अपने रिश्ते को बचाने की पूरी-पूरी कोशिश कर रहे हैं। पिछले कुछ समय से दोनों इंस्टाग्राम पर एक-दूजे संग को तस्वीर भी पोस्ट नहीं की है।

दोनों से अकाउंट पर अगस्त में एक-दूसरे के साथ तस्वीर नजर आ रही हैं, लेकिन 11 दिसंबर को ये कपल मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में शामिल हुआ था। बता दें कि एक्टर पवित्रा से 11 साल बड़े हैं।

# इस दिन रिलीज होगा फाइटर का पहला गाना, दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की दिखेगी जबरदस्त केमिस्ट्री



दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की फिल्म फाइटर काफी समय से चर्चा में है। हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था और मंगलवार को एक्टर करण सिंह ग्रोवर का लुक भी सामने आया था। वहीं अब फिल्म के गाने की चर्चा जोरो पर है।

फाइटर का टीजर देखने के बाद फैंस पर्दे पर दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन को देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच फिल्म को लेकर एक नया अपडेट आया है। फिल्म का पहला गाना दो दिन बाद रिलीज होने जा रहा है।

सोशल मीडिया पर मूवी समीक्षक रोहित जायसवाल ने दीपिका और ऋतिक एक फोटो शेयर कर लिखा, ऋतिकरोशन और सदीपिकापादुकोण अभिनीत सफाइटर की संगीत यात्रा इस शुगिवार, 15 दिसंबर को सविशाल और सशेखर द्वारा रचित पहले गाने के लॉन्च के साथ शुरू होगी। आगे पोस्ट में लिखा, निश्चित नहीं, लेकिन मैंने सुना है कि इस फिल्म में एक बेशरम रंग लेवल का गाना है। आप कभी नहीं जानते शायद यही वाला हो चलो देखते हैं।

सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फाइटर अगले साल 25 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली। पर्दे पर पहली बार ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की जोड़ी नजर आएगी। फिल्म की बात करें तो इसे 3डी में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी हो रही है।

ये फिल्म एक्शन से भरपूर है। इसमें ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर भी नजर आएंगे। मूवी में दोनों ही एक्टर स्क्वाडर्न लीडर का किरदार निभा रहे हैं।

# रणबीर कपूर-स्टारर बनीं अब तक की 5वीं सबसे बड़ी हिंदी फिल्म







रणबीर कपूर की एनिमल विश्व स्तर पर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है, फिल्म ने रिलीज के 10 दिनों के भीतर दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 700 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म ने अपने पहले हफ्ते में दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर कुल 660.89 करोड़ रुपये की कमाई की और दूसरे शुक्रवार को 37.37 करोड़ रुपये, दूसरे शनिवार को 60.22 करोड़ रुपये और दूसरे रविवार को 56.57 करोड़ रुपये की कमाई की। अब तक इसने कुल 737.98 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है

एनिमल ने सनी देओल की गदर 2 के लाइफटाइम ग्लोबल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। लगभग 80 करोड़ रुपये के बजट में बनी, सनी देओल की 2023 की ब्लॉकबस्टर ने वैश्विक स्तर पर 686 करोड़ रुपये की कमाई की।

फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर रजनीकांत की जेलर और थलपति विजय की लियो को भी पीछे छोड़ दिया है। फिल्म ने दुनिया भर में 650 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की। दूसरी ओर, थलपति विजय की सुपरहिट फिल्म ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की।

एनिमल अब सिर्फ शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान और पठान से पीछे है। जहां जवान ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर कुल 1,160 करोड़ रुपये की कमाई की, वहीं पठान ने कुल 1,055 करोड़ रुपये की कमाई की। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर, संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित इस फिल्म ने आमिर खान की ब्लॉकबस्टर 2016 फिल्म दंगल के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है।

फिल्म ट्रेड पोर्टल सैकनिल्क के अनुसार, एनिमल ने रिलीज के 10 दिनों के भीतर 431.27 करोड़ रुपये कमाए। दूसरी ओर, दंगल ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अपने पूरे जीवनकाल में कुल 387.38 करोड़ रुपये कमाए। अपने दूसरे सप्ताहांत संग्रह के मामले में, एनिमल ने शाहरुख खान की पठान, प्रभास की बाहुबली 2 द कन्क्लूजन, आमिर खान की दंगल और विवेक अग्निहोत्री निर्देशित द कश्मीर फाइल्स को पीछे छोड़ दिया है। एनिमल ने दूसरे सप्ताहांत में शुद्ध घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के मामले में कुल 87.56 करोड़ रुपये कमाए हैं। नेट दूसरे वीकेंड कलेक्शन के मामले में एनिमल गदर 2 और जवान से पीछे बनी हुई है। हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर पसंदीदा रही है, लेकिन इसे समीक्षकों और फिल्म देखने वालों से मिली-जुली समीक्षा मिली। कुछ लोगों ने रणबीर कपूर के अभिनय की जमकर तारीफ की, तो कुछ ने फिल्म को स्त्री द्वेष और अत्यधिक हिंसा की आलोचना की।

संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित यह फिल्म अंडरवर्ल्ड की पृष्ठभूमि में दिल्ली के बिजनेस दिग्गज बलबीर सिंह और उनके बेटे रणविजय सिंह के बीच तनावपूर्ण संबंधों पर केंद्रित है। एनिमल में रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, बब्लू पृथ्वीराज, शक्ति कपूर, प्रेम चोपड़ा और सुरेश ओबेरॉय महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# गुजरात में आप को झटका, विधायक भूपेंद्र भयानी का इस्तीफा, सबरीमाला भक्तों ने किया रास्ता जाम

**नई दिल्ली।** गुजरात में आम आदमी पार्टी (आप) को झटका देते हुए विधायक भूपेंद्र भयानी ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। जूनागढ़ जिले के विसावदर सीट के प्रतिनिधि भूपेंद्र भयानी ने बुधवार की सुबह गांधीनगर में विधानसभा के स्पीकर शंकर चौधरी को अपनी इस्तीफा सौंप दिया।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा उनका इस्तीफ पत्र में बताया गया कि भयानी ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है, लेकिन इसके पीछे का कारण नहीं बताया है। गुजरात विधानसभा सचिव डीएम पटेल ने कहा, स्पीकर भयानी के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है। भयानी आम आदमी पार्टी के उन पांच विधायकों में से एक थे, जिन्हें पिछले साल विधानसभा चुनाव के लिए चुना गया था। हालांकि, इस चुनाव में भाजपा ने 182 में से 156 सीटें जीतकर राज्य में अपनी सरकार बनाई थी।

**चुना गया**

**भयानी आम आदमी पार्टी के उन पांच विधायकों में से एक थे, जिन्हें पिछले साल विधानसभा चुनाव के लिए चुना गया था।**




केरल के निलक्कल में भारी भीड़ के विरोध में सबरीमाला भक्तों ने पंबा-एरुमेली रोड को अवरुद्ध कर दिया। सबरीमाला कुप्रबंधन पर भाजपा युवा ने मोर्चा ने केरल सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता वीडी सतीशन ने सबरीमाला कुप्रबंधन पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

कांग्रेस नेता सतीशन ने कहा, वहां क्या हो रहा है, इसके लिए यूएफडी ने अपना प्रतिनिधि भेजा था। उन्होंने इस मामले में अपनी रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार वहां की स्थिति गंभीर है। तीर्थयात्रियों के प्रबंधन में शामिल विभिन्न एजेंसियों से कोई बात नहीं हुई है।

उन्होंने आगे कहा, कुछ तीर्थयात्रियों को मंदिर के भीतर जाने के लिए 20 घंटे तक इंतजार करना पड़ता है। वहां अनुभवी पुलिसकर्मियों की तैनाती में कमी के कारण यह स्थिति पैदा हुई है। देवासोम रोड में भी यही शिकायत है। मैं सरकार से तीर्थयात्रियों के लिए व्यवस्था करने की मांग करता हूं।

गुजरात के पातन जिले में सड़क पार करने के दौरान एक कार जंगली सुअर से टकराकर पानी से भरे गड्ढे में गिर गया। इस हादसे में कार में सवार दो नाबालिग समेत चार लोग पानी में डूब गए। यह घटना बुधवार की सुबह साढ़े छह बजे फंगली गांव में घटी।

परिवार एक शादी में शामिल होने के लिए कच्छ जा रहा था। इसी दौरान जंगली सुअर कार के सामने आने से चालक का नियंत्रण खो गया और कार पानी से भरे गड्ढे में गिर गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इस घटना की जानकारी दी। पुलिस ने सभी शवों को गड्ढे से बाहर निकालकर पोस्ट मॉर्टम के लिए भेज दिया है। दोनों नाबालिग की उम्र 12 से 15 वर्ष बताई गई है।

पश्चिम बंगाल के बर्धमान रेलवे स्टेशन में एक ओवरहेड पानी की टंकी गिरने से दो की मौत हो गई। वहीं इस हादसे में 15 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को तुरंत बर्धमान मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेज दिया गया है।

बर्धमान स्टेशन के संयुक्त प्लेटफॉर्म दो और तीन पर बड़ी धातु की पानी की टंकी गिर गई। अधिकारी ने बताया कि इस हादसे के बाद रेलवे के तीन कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में ट्रेन यातायात भी बाधित रही।

# एचडीएफसी लाइफ ने गारंटीकृत लाभ के साथ 'एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव' लॉन्च किया

**बरेली।** भारत की अग्रणी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने एक नया प्रोडक्ट - एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव लॉन्च किया है। यह एक गारंटीड सेविंग्स लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। यह प्लान अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने एवं उनके वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। इस लॉन्च पर बोलते हुए, अनीश खन्ना, हेड - प्रोडक्ट्स एंड सेग्मेंट्स, एचडीएफसी लाइफ ने कहा, ÷हर काम की शुरुआत एक सपने से होती है, और सपना कितना ही बड़ा क्यों ना हो, इसे सच बनाने के लिए आपको तुरंत एक सुरक्षित कदम के साथ शुरुआत करनी होगी।इसी प्रकार, जीवन लक्ष्य भी नियमित बचत एवं योजना बनाने से ही पूरे होते हैं। आप भी एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव प्रोडक्ट के साथ आज ही अपने सपनों को पूरा करने के लिए पहला सुरक्षित कदम उठा सकते हैं। यह एक ऐसा प्लान है, जो गारंटीकृत रिटर्न्स की सुरक्षा के साथ अनलिमिटेड कॉम्बिनेशन



प्रदान करता है।

आपको अपने पोर्टफोलियो में एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव क्यों शामिल करना चाहिए?

पॉलिसी खरीदने के अगले महीने से ही एक गारंटीकृत तत्काल आमदनी का लाभ उठाने का विकल्प

यह पूरी तरह लचीला (सुविधाजनक) होगा, जिसे आप अपने प्लान को तत्काल आमदनी, लंबी-अवधि की आमदनी, एकमुश्त या पीरियड लम्पसम (मनी बैक) जैसे लाभ प्राप्त करने के लिए कस्टमाइज़ कर सकते हैं

आप इसमें अपनी इच्छा के अनुसार सुरक्षा स्तर और फ्लेक्सिबल सम एश्योर्ड एवं राइडर बेनिफिट्स चुन सकते हैं

एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव के कुछ खास फीचर्स क्या हैं?

अपने नगद प्रवाह निर्धारित करने की क्षमता, जिसे आप अपने सभी सपने पूरे कर सकेंगे और साथ ही गारंटी के रूप में अतिरिक्त सुरक्षा

आप अपनी आमदनी पर महंगाई का प्रभाव कम करने के लिए इन्क्रीसिंग इनकम विकल्पट्ट चुन सकते हैं

अपने सर्वाइवल बेनिफिट्स को सेविंग्स बैंक अकाउंट + 1.5% की दर से बढ़ाने की सुविधा

अपनी ROP राशि (रिटर्न ऑफ प्रीमियम) और जब से आप इसे प्राप्त करना चाहते हैं, उस वर्ष को चुनने की सुविधा

# वैष्णव ने एक ही सवाल कई सदस्यों के पूछे जाने पर जताई चिंता



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि यह बहुत चिंता का विषय है कि कुछ सांसद एक ही तरह के सवाल पूछ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मामले को पहले ही अध्यक्ष के सामने लाना चाहते थे। दरअसल, बसपा सदस्य रितेश पांडे ने नेट निरपेक्षता से संबंधित एक सवाल पूछा था। इस पर वैष्णव ने कहा कि यही सवाल अन्य सदस्यों ने भी पूछा है। इतना ही नहीं, यहां तक कि शब्द भी यही हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में कांग्रेस के सदस्य मुरलीधरन और विंसेंट एच पाला के साथ-साथ राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह और प्रियंका चतुर्वेदी ने भी यही सवाल पूछा था। पांडेय के सवाल पूछे जाने पर वैष्णव ने कहा कि यह बहुत चिंता का विषय है। साथ ही उन्होंने इसे अध्यक्ष ओम बिरला के संज्ञान में लाने की मांग की। इस पर पांडे ने कहा कि अगर एक ही सवाल तीन से चार सदस्यों द्वारा पूछा जाता है तो इस पर चर्चा करने की अधिक संभावना होती है। इसलिए सदस्य सवालों को साझा करते हैं और यह नियमों के अनुसार हो रहा है। इस बीच, ओटीटी (ओवर द टॉप) इकाइयों से नेटवर्क उपयोग शुल्क लगाने के प्रस्ताव के बारे में पूछे गए सवालों के जवाब में वैष्णव ने कहा कि भारत में नेट निरपेक्षता का सिद्धांत अच्छी तरह से स्थापित है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि यूपीए के कार्यकाल में दूरसंचार क्षेत्र, खासकर बीएसएनएल की हालत खराब हो गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में दूरसंचार क्षेत्र उभरता हुआ क्षेत्र बन गया है।

# हमारे साथ कुछ भी हो सकता था: संसद हमले की 22वीं बरसी पर हुई घटना को लेकर डरे सांसद

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बुधवार को दर्शक दीर्घा से दो लोगों के कूदने की घटना ने सांसदों को डरा दिया। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और डिंपल यादव ने इसे लेकर बयान दिया है। दोनों ने कहा कि यह सुरक्षा में बड़ी चूक का मसला है। कांग्रेस सांसद कार्ति चितंबरम ने मीडिया से बात करते हुए लोकसभा में हुए इस घटना का विवरण दिया। उन्होंने कहा, अचानक दर्शक दीर्घा से दो 20 वर्षीय लड़कों ने छलांग लगा दी। दोनों के हाथों में कनस्तर था, जिसमें पीले रंग का पाउडर था। उनमें से एक स्पीकर की तरफ बढ़ रहा था। उनलोगों ने नारेबाजी भी किए। धुंआ हानिकारक भी हो सकता था। यह संसद में सुरक्षा में हुई चूक का गंभीर मामला है। घटना 13 दिसंबर को हुई है. यह वही दिन है जब 2001 में संसद भवन पर हमला किया गया है। संसद में सुरक्षा में हुई चूक पर समाजवादी पार्टी की



सांसद डिंपल यादव ने कहा, जो भी संसद में आए, वे या तो दर्शक थे या पत्रकार। उनके पास टैग नहीं था। मुझे लगता है कि सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से सुरक्षा में चूक है। लोकसभा के अंदर कुछ भी हो सकता था।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, दो युवाओं ने लोकसभा में छलांग लगा दी। उन्होंने कुछ फेंका जिससे गैस निकलने लगा। सांसदों ने उन्हें पकड़ा, बाद में सुरक्षाकर्मी उन्हें बाहर ले गए। सदन को दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह एक गंभीर मामला है, क्योंकि आज 2001 में संसद भवन में हुए हमले की बरसी है।

शिवसेना सांसद अरविंद सावंत ने बताया कि इस घटना में कोई भी घायल नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, जब उनलोगों ने छलांग लगाई तब पीछे की सभी बेंच भरी हुई थी, इसलिए वह पकड़े गए। दो मंत्री सदन के अंदर थे।

टीएमसी सांसद सुदीप बंधोपाध्याय ने इस घटना को भयानक अनुभव बताया है। उन्होंने कहा, किसी को भी उनके मकसद का अंदाजा नहीं था। वह ऐसा क्यों कर रहे हैं यह भी नहीं मालूम। हम सदन से तुरंत बाहर निकल गए। यह सुरक्षा में चूक है। वह सदन के भीतर धुंआ छोड़ने वाले उपकरण लेकर कैसे आ सकते हैं?

# टीएमसी के पूर्व विधायक और अन्य नेताओं के परिसरों पर आयकर के छापे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बुधवार सुबह आयकर विभाग के अधिकारियों ने तृणमूल कांग्रेस के एक पूर्व विधायक और कई अन्य व्यापारियों के परिसरों पर छापेमारी की। आरोप है कि व्यापारियों ने पिछले कई वर्षों से टैक्स का भुगतान नहीं किया है। इसी के चलते उनके आसनसोल,




दुर्गापुर और रानीगंज के परिसरों पर छापे मारे गए।

आयकर विभाग के एक अफसर ने कहा, ''हमारे अधिकारी कल दुर्गापुर पहुंचे थे और बुधवार को सुबह से ही इन व्यापारियों के आवासों की तलाशी शुरू कर दी गई। वे बैंक खातों का ब्योरा और उनकी संपत्ति से जुड़े अन्य विवरण और दस्तावेज तलाश रहे हैं।'' उन्होंने बताया कि आयकर विभाग के अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के पूर्व विधायक सोहराब अली और अन्य व्यापारियों से भी पूछताछ कर रहे हैं। सभी के परिसरों के बाहर बड़ी संख्या में केंद्रीय बल के जवान तैनात हैं।

# अमेरिका में पहली बार लॉन्च हुई मेड इन इंडिया साइकिल, वॉलमार्ट पहुंचे भारतीय राजदूत

**वॉशिंगटन।** भारत सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मेक इन इंडिया जैसे प्रयास



शुरू किए गए। उनका असर अब भारत समेत पूरी दुनिया में दिखने लगा है। मेड इन इंडिया प्रोडक्ट्स ने अमेरिकी बाजार में धीरे-धीरे चीन में बने सामानों की जगह लेना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में, अमेरिका में वॉलमार्ट के एक स्टोर में मंगलवार को पहली बार भारत में बनाई गई साइकिल लॉन्च की गई। इस मौके पर शामिल हुए भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने भी खुशी जाहिर की।

संधू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड! अमेरिका में वॉलमार्ट के स्टोर में पहली बार मेड-इन इंडिया साइकिल के लॉन्च होने पर खुशी हो रही है।% साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इस साइकिल को भारत के लुधियाना में स्थित हीरोसाइकिल कंपनी द्वारा बनाया गया है।

इससे पहले, वॉलमार्ट ने घोषणा की थी कि भारत में बनी साइकिलें पहली बार अमेरिका के कुछ स्टोर पर पहुंचने वाली हैं। बता दें, भारत की जाने माने हीरो इकोटेक लिमिटेड ने वॉलमार्ट के लिए एक क्रूजर-स्टाइल बाइक तैयार की है।

हीरो इकोटेक लिमिटेड कई भारतीय निर्माताओं में से एक है जो वॉलमार्ट के साथ व्यापार संबंधों को ऊंचाईयों पर ले जा रहा है। इससे कंपनी को साल 2027 तक भारत से माल के निर्यात को सालाना 10 अरब डॉलर तक पहुंचाने के अपने लक्ष्य में तेजी लाने में मदद मिलेगी। जानकारी के अनुसार, वॉलमार्ट अमेरिकी स्टोर में बेचे जाने वाले क्रूजर भारत से प्राप्त 90 प्रतिशत से अधिक कच्चे माल के साथ बनाए गए हैं।

## अमेरिका में यहूदी विरोध पर रार

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया या मध्य पूर्व में इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष में 18 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा पट्टी पर अंधाधुंध गोलाबारी के कारण 50 हजार से अधिक लोग घायल भी हुए हैं। इस अभूतपूर्व मानवीय संकट के साथ-साथ दूसरे देशों में यहूदी विरोध की घटनाएं भी चिंता का सबब हैं। ताजा मामला अमेरिकी यूनिवर्सिटी में यहूदी विरोध का है। दरअसल, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी परिसर में यहूदी लोगों के नरसंहार का आह्वान किए जाने की खबरों पर विवाद हो रहा है। विवाद होने के बावजूद इस मामले में हार्वर्ड बोर्ड विश्वविद्यालय महिला अध्यक्ष क्लॉडइन गे के साथ खड़ा है। उनके साथ दूसरी यूनिवर्सिटिज के अध्यक्षों ने भी निंदा नहीं की है। इस मामले में आई एक रिपोर्ट के मुताबिक हार्वर्ड परिसर में यहूदी नरसंहार का आह्वान डराने-धमकाने के साथ-साथ उत्पीड़न का प्रयास था, विश्वविद्यालय अध्यक्ष क्लॉडइन गे इस बात को स्वीकार करने और स्पष्ट निंदा करने में नाकाम रहीं।

# अमेरिका ने भारत के साथ रक्षा साझेदारी को और मजबूत किया, पेंटागन का बयान

**वॉशिंगटन।** भारत और अमेरिका के रक्षा संबंधों में लगातार गहराई और मजबूती देखने को मिल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के मजबूत संबंधों पर बहुत फोकस किया है। पेंटागन ने कहा कि अमेरिका ने भारत के साथ अपने रक्षा संबंधों को मजबूत करने की दिशा में बड़ी प्रगति की है और आने वाले समय में भी वह सैन्य संबंधों में और प्रगति करने को लेकर आशान्वित है। पेंटागन के प्रेस सचिव पैट राइडर ने एक प्रेस क्रान्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, हम रक्षा स्तर पर भारत के साथ अपने संबंधों की बहुत सराहना करते हैं। हम भारत के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी को बढ़ावा देना जारी रखेंगे और मुझे लगता है कि आप हमें आगे भी ऐसा करते हुए देखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका और भारत के बीच संबंधों का खासकर रक्षा क्षेत्र में यह एक बहुत अच्छा वर्ष रहा है। अपने संबंधों एवं सहयोग को और मजबूत करने के मामले में बड़ी प्रगति की है। उन्होंने मंगलवार को एक सवाल के जवाब में कहा, आपने हमें इंडस-एक्स जैसी चीजों के बारे में बात करते हुए सुना है और भारत में जेट इंजन जैसी चीजों को

**फोकस**

**अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के मजबूत संबंधों पर बहुत फोकस किया है।**



औद्योगिक आधार में शामिल करने के लिए रक्षा सहयोग के प्रयासों पर काम कर रहे हैं। इतना ही नहीं, भारत में बख्तरबंद वाहनों का उत्पादन करने के लिए भी मिलकर काम कर रहे हैं। इसके अलावा, हमारी नौसेना के जहाज मरम्मत के लिए भारत जाएंगे।

राइडर ने कहा, दोनों देश एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के साझा दृष्टिकोण की दिशा में काम कर रहे हैं, जहां संप्रभुता का सम्मान किया जाता है। इससे देश अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में काम कर सकते हैं। साथ ही साथ अंतराष्ट्रीय जलमार्गों को स्वतंत्र रूप से और बिना किसी डर के पार ले जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, हम भारत के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

## निज्जर हत्याकांड मामले में भारत के खिलाफ आरोपों पर बोले ट्रूडो

**ओटावा।** भारत कनाडा गतिरोध के बीच कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उन्होंने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के खिलाफ सार्वजनिक आरोप लगाए थे। उन्होंने बताया कि भारत में जो भी रिपोर्ट किया जा रहा था, उसपर अंकुश लगाने की जरूरत थी। सोमवार को मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा कि उन्होंने 18 सितंबर को घोषणा की थी, क्योंकि उन्हें मीडिया के जरिए जानकारी लीक होने का संदेह था। जस्टिन ट्रूडो ने कहा, बहुत सारे कनाडाई चिंतित थे कि वह असुरक्षित है। निज्जर की हत्या के तुरंत बाद से ही चिंताएं जताई जा रही थी।

हमने सुनिश्चित किया कि हमारी सुरक्षा सेवाएं लोगों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए है। हालांकि कनाडाई सरकार के आरोपों को भारत के विदेश मंत्रालय ने बेतुका बताते हुए खारीज कर दिया था।

# दुनिया के सामने संतुलन बनाना चुनौती, इस्राइल-हमास सीज फायर पर भारत, महासचिव गुटेरस ने पहली बार दिखाई ताकत

**न्यूयॉर्क।** भारत ने इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष को खत्म करने के प्रस्ताव का समर्थन किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच पर भारत उन 153 देशों में शामिल रहा, जिन्होंने पश्चिम एशिया में बीते दो महीने से अधिक समय से जारी युद्ध रोकने की वकालत कर रहे हैं। इस्राइल और अमेरिका सरीखे देशों के मजबूत प्रतिरोध के बावजूद भारत ने युद्धविराम प्रस्ताव का समर्थन किया। भारत का रूख स्पष्ट करते हुए संयुक्त राष्ट्र में राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा, टकराव बढ़ने के इस कठिन दौर में दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती फैसलों के बीच सही संतुलन कायम करना है।

उन्होंने हमास और इस्राइल के टकराव को असाधारण और कठिन समय करार दिया। संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि और भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने कहा, 193 सदस्यीय यूएनजीए में भारत ने महासभा में अभी अपनाए गए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है। पत्र का भी जिक्र किया गया। खास बात यह कि करीब छह साल पहले-




उन्होंने कहा, यूएनजीए महासचिव ने संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 99 को लागू किया है। महासभा ने इस पहल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाली चुनौतियों की गंभीरता और जटिलता को रेखांकित किया है।

गौरतलब है कि यूएनजीए के प्रस्ताव में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 99 के तहत लिखा गया महासचिव गुटेरस के 6 दिसंबर के 2017 में महासचिव बनने के बाद पहली बार उन्होंने इस अनुच्छेद का इस्तेमाल किया है। अनुच्छेद 99 में कहा गया है कि अगर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव की राय में अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा खतरे में हो, तो महासचिव किसी भी मामले को सुरक्षा परिषद के ध्यान में ला सकते हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के 78 साल लंबे इतिहास में अनुच्छेद 99 का इस्तेमाल बेहद दुर्लभ घटना रही है। सात दशक से अधिक समय बीतने के बाद भी अतीत में ऐसे केवल 10 उदाहरण मिलते हैं, जब महासचिवों ने अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के मामले सुरक्षा परिषद में लाए गए हैं।

बता दें कि युद्धविराम का प्रस्ताव मिस्र ने पेश किया। प्रस्ताव में तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग की गई। मिस्र ने अपनी मांग दोहराते हुए कहा, सभी पक्ष अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून सहित अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का पालन करें। ऐसा खास तौर पर, नागरिकों की सुरक्षा के मामले में होना चाहिए। प्रस्ताव में सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग भी की गई। हालांकि, इस्राइल ने इस प्रस्ताव में हमास का नाम शामिल न होने को लेकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर इमरान खान ने दी प्रतिक्रिया कहा- अब कश्मीर मुद्दा और जटिल हो जाएगा

**कराची।** जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने प्रतिक्रिया दी है। इमरान खान का मानना है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला कश्मीर मुद्दे को और जटिल बना देगा।

रावलपिंडी के अदियाना जेल में बंद इमरान खान ने एक संदेश के जरिए बताया कि भारतीय शीर्ष अदालत का फैसला यूएनएससी प्रस्तावों का उल्लंघन था। उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसे साझा किया है।

पाकिस्तान के पूर्व पीएम ने कहा, यह स्पष्ट हो गया कि भारतीय शीर्ष अदालत का फैसला सदियों से चले आ रहे संघर्ष को सुलझाने में मदद करने की बजाय कश्मीर मुद्दे को और अधिक जटिल बना देगा। उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी कश्मीर के लोगों को राजनीतिक समर्थन



प्रदान करना जारी रखेगी। उन्होंने कश्मीर मुद्दे को भारत-पाकिस्तान के बीच विवाद का मुख्य जड़ बताया है। इमरान खान ने बताया कि साल 2019 में कश्मीर के विशेष दर्जे को बदलने की कोशिश करने पर उनकी तत्कालीन पीटीआई सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। उन्होंने बताया कि वे राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए भारत के साथ मजबूत संबंध स्थापित करना चाहते थे। हालांकि, पांच अगस्त 2019 के बाद से यह संभव नहीं हो पाया, क्योंकि वह कश्मीर के लोगों की इच्छा के साथ समझौता नहीं करना सकते थे।

अवधनामा



# लंबी कूद सीनियर वर्ग में यलो हाउस ने मारी बाजी

## सिटी पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** सिटी पब्लिक स्कूल में बुधवार को चार दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। कक्षा 1 से लेकर 12 तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। लंबी कूद के सीनियर वर्ग में येलो हाउस ने बाजी मारी।

खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों ने क्रिकेट, कबड्डी, दौड़,को खो,रस्साकसी वॉलीबॉल व लंबी कूद में चार हाउस में हिस्सा लिया। दौड़ में येलो हाउस ने प्रथम स्थान हासिल किया। क्रिकेट मैच रेड व ग्रीन हाउस के बीच शानदार मुकाबला हुआ। जिसमें ग्रीन हाउस प्रथम स्थान पर रहा। कबड्डी के लड़कियों में ब्लू हाउस तथा लड़कों में रेड हाउस प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग रेड व ग्रीन हाउस के बीच हुआ। जिसमें 4 पॉइंट से रेड हाउस प्रथम रहा। खो खो प्रतियोगिता बालक व बालिका दोनों वर्गों में रेड हाउस की टीम अव्वल रही। रस्साकसी बालिका वर्ग में रेड हाउस अव्वल रही। खेल प्रतियोगिता में आयुषी गुप्ता, आदर्श सिंह, विनय मौर्य, शुभम विश्वकर्मा, आयशा, दृष्टि सिंह, ध्रुव, देव, शिल्पी यादव व हर्षवर्धन आदित्य छात्राओं ने उत्कृष प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता (पिंटू) व प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा ने झंडारोहण कर खेल की शुभारंभ कराई। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।रेफरी की भूमिका अभिषेक सिंह नीरज मिश्रा व कमलेश मिश्रा व कोच रंजीत गुप्ता ने निभाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिव चन्द्र तिवारी, इंद्रजीत यादव, सतीश सोनी, सुभाष मिश्रा, पल्लवी, इक्रा, नेहा, सुमन, सपना, प्रभा, प्रज्ञा, किरण, हिना व सरीबा आदि लोग लोगों ने खेल में सहयोग किया।

## मुठभेड़ में पशु तस्कर को लगी गोली, एक फरार

**जौनपुर।** जिले के खेतासराय पुलिस और पशुतस्करों के बीच खुटहन के पोटरिया गाभिरन मार्ग पर मुठभेड़ हो गयी। जवाबी कार्यवाही में एक अंतर्जनपदीय बदमाश को गोली लग गई। घायल अवस्था मे उसे पीएचसी खुटहन में उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया। एक अन्य तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। तलाशी में उनके पास प्रयुक्त असलहा, मोबाइल बरामद हुअ । सीओ शाहगंज शुभम कुमार तोदी ने बताया कि खेतासराय और खुटहन पुलिस पोटारिया मोड़ पर मंगलवार की रात्रि तलाशी अभियान चला रही थी। इसी दौरान बदमाशो के आने की सूचना मिली। तभी एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्धों को आते देख पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो पुलिस टीम पर ही बदमाश ने फायर झोंक दिया। पुलिस के जवाबी फायरिंग में एक के पैर गोली लगने से जमीन पर गिर पड़ा।

# दूल्हा जूलुस पर लगें रोक: विकास तिवारी

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** लगन शुरू होने के साथ शहर में जाम की समस्या बढ़ गई है। बरातों की वजह से सुगम यातायात के इंतजाम बिगड़ जा रहे हैं। नाचते झूमते बाराती पूरे सड़क पर कब्जा जमा ले रहे हैं और बिना किसी परमिशन के ही दुल्हा जूलुस नगर की लगभग सभी सड़कों पर निकल रहा है और उनके पीछे राहगीर बेबस बारात गुजरने का इंतजार कर रहे हैं। इमरजेंसी की परिस्थितियों में भी एम्बुलेंस को जाम के कारण आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।रही - सही कसर लान , मैरिज लान के बाहर बेतरतीब खडे वाहन पूरी कर दे रहे हैं। लगता है लगन शुरू होने से पहले ट्रैफिक पुलिस ने लान,मैरिज हाल संचालकों को आवश्यक निर्देश नहीं दिया था कि वैवाहिक आयोजन के दौरान वाहन पार्किंग का इंतजाम कर लिया जाए। यहां तक की सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश का भी पालन नहीं हो रहा है। जाम से सर्वाधिक प्रभावित इलाका बदलापुर पड़ाव,बलुआघाट निकट शास्त्री पुल,सिपाह, वाजिदपुर ,नवाब यूसुफ रोड हैं। नगर क्षेत्र में लगभग सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान के पास अपनी पार्किंग नहीं हैं इसलिए उनके ग्राहकों के वाहन भी सड़क पर ही खडे होते है यह भी जाम का एक प्रमुख कारण हैं।दीवानी न्यायालय जौनपुर के अधिवक्ता विकास तिवारी ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को पत्रक देकर ध्वनि नियंत्रण के लिए सर्वोच्च न्यायालय व राष्ट्रीय हरित अधिकरण ( एनजीटी ) के आदेश के अनुसार ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की है साथ ही स्टेट हाइवे और नेशनल हाइवे पर स्थित सभी मैरेज लान व होटलों के बाहर बिना अनुमति के निकाले जाने वाले दुल्हा जूलुस और पटाखों के प्रदुषण युक्त शोर तथा भारी जाम की समस्या के साथ धूल से राहत दिलाने की जो गाइड लाइन एनजीटी द्वारा अमल में लाये जाने के लिए आदेशित किया गया है उसका अक्षरशः पालन करने व वायु प्रदूषण को रोकने के लिए कार्ययोजना लागू करने का आग्रह किया हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### संतोष बिन्द बने सपा के जिला सचिव



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की अनुमति जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने संतोष कुमार बिन्द को गंगापार इकाई का जिला सचिव मनोनीत किया है। आज सपा के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष द्वारा उनको मनोनयन पत्र देते हुए फूल मालाओं से स्वागत किया गया। संतोष कुमार बिन्द फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के जमुनीपुर गाँव के निवासी हैं तथा चर्चित समाजसेवी हैं। इनके मनोनयन पर जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पप्पू लाल निषाद, एम एल सी डॉ मान सिंह यादव,विधायक श्रीमती विजमा यादव, पूर्व विधायक मुजतबा सिद्दीकी, डॉ राजेश यादव,राम अवध पाल,ब्लाक अध्यक्ष राजन यादव, सुरेश यादव, जगदीश, मोहित बिन्द, प्रभाकर सिंह, अनिल यादव, अनिल बिन्द, अरुण बिन्द,, प्रदीप, गोलू सिंह, हरिश्चन्द्र पप्पू, राम कुमार सोनकर, आनंद बिन्द प्रमोद बिन्द आदि ने बधाई दी है।

### मेगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, इनर व्हील क्लब ऑफ़ ईस्ट एवं मैक्स हॉस्पिटल, साकेत नई दिल्ली के सहयोग से न्यूरो एंड स्पाइन कैंप आयोजित किया जा रहा है। निशुल्क कैंप मे मैक्स सुपर स्पेशलिटी के न्यूरो और स्पाइन सर्जरी के सीनियर कंसलटेंट डॉ वीरेंद्र कुमार उपस्थित रहेंगे। इसके बाद स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज के नेफ्रोलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर संतोष कुमार मौर्य किडनी रोग से संबंधित मरीज का उपचार परामर्श करेंगे। लालू मित्तल ने बताया कि डॉक्टर की सलाह पर अनेक खून की जांच ब्लड प्रेशर आरबीएस आदि निशुल्क की जाएगी। पैथ काईड द्वारा इस शिविर पर मरीज को एक जांच करने पर दूसरी जांच निशुल्क प्रदान की जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त डॉ शिखा दरबारी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती सुषमा अग्रवाल जिला चेयरपर्सन इनर व्हील क्लब की उपस्थिति रहेगी।

### एसके साहू क्लब को मिली जीत

**प्रयागराज।** एसके साहू क्लब ने गंगा डिग्री कॉलेज को तीन विकेट से हराकर मनीष देब/स्कंद गुप्त अंडर-16 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में गंगा डिग्री कॉलेज ने 39.3 ओवर में 211 रन (मोहम्मद आदिल 58, मोहम्मद फैज़ान 51, विकास कुमार 28, यश राज 4/19, प्रिंस यादव 3/31, मनीष राजभर 2/52) बनाये। जवाब में एसके साहू क्लब ने 33.4 ओवर में 7 विकेट पर 212 रन (प्रिंस यादव 40, मनीष राजभर 38, सूरज चौहान 36, हर्षित सिंह 26 नाबाद, मोहम्मद आदिल 3/28, आकाश सिंह 2/45) बना लिए। मैच में अभिषेक मिश्र व तौसीफ शेख अंपायर और आशीष भारतीय स्कोरर रहे।

### सौरभ ने विराट स्पोर्ट्स क्लब को जिताया

**प्रयागराज।** विराट स्पोर्ट्स क्लब ने फोर्ड पब्लिक स्कूल को पांच विकेट से हराकर डॉ. रवि वर्मा अंडर-19 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में सौरभ प्रताप सिंह की अचूक गेंदबाजी (8-2-20-5) ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केपी कॉलेज मैदान पर बुधवार को खेले गए मैच में फोर्ड पब्लिक स्कूल ने 25.3 ओवर में 105 रन (शशांक मिश्र 36, सौरभ प्रताप सिंह 5/20) बनाये। जवाब में विराट स्पोर्ट्स क्लब ने 17.5 ओवर में 8 विकेट पर 108 रन (बालकेश कुमार 27 नाबाद, सूर्य प्रकाश 21, युग यादव 2/09, वेंकटेश पांडेय 2/35) बना लिए। मैच में मोहम्मद आरिफ व श्याम यादव अंपायर, अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

## विष्णु भगवान स्कूल को पूरे अंक

**प्रयागराज।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने स्टेडियम ब्वॉयज को 119 रन से हराकर शशि द्विवेदी बालक/बालिका अंडर-14 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। बुधवार को विष्णु भगवान स्कूल ने अपने मैदान पर 40 ओवर में 224 रन (पीयूष चौरसिया 59, अनिकेत कुमार 40, विवेक कुमार व अर्णव गर्ग 30-30, सृजल प्रकाश 3/17, विकास कोहली 2/57, शिवांश दुबे 2/57) बनाकर स्टेडियम ब्वॉयज को 28.3 ओवर में 105 रन (आदित्य कुमार 22, सृजल प्रकाश 20, उज्ज्वल शर्मा 3/07, अर्णव गर्ग 3/16, निखिल सिंह यादव 2/26) पर समेट दिया। मैच में मोहम्मद नबी व रवि केसरवानी अंपायर और अनूप कुमार शर्मा स्कोरर रहे।

# राष्ट्र निर्माण में स्वस्थ नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण: कुलपति

**फिट इंडिया वीक के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रम का समापन**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में फिट इंडिया मूवमेंट कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। फिट इंडिया कार्यक्रम के समापन समारोह की मुख्य अतिथि तथा पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा कि स्वस्थ नागरिक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अतः विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जरूरत है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में निखार आता है। अतः विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए।

इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक डॉ. प्रमोद यादव ने कहा कि योग और खेल के माध्यम से विद्यार्थी अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। फिट इंडिया के नोडल अधिकारी प्रोफेसर मिथिलेश सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया तथा फिट इंडिया वीक के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नितेश जायसवाल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अन्नू त्यागी ने किया। इस अवसर पर डॉ प्रमोद कुमार, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ नीरज अवस्थी, डॉक्टर धीरेंद्र चौधरी, डॉ सुजीत चौरसिया डॉ. श्याम कन्हैया सिंह डॉ. अजीत सिंह, डॉ शशिकांत यादव, डॉ श्रवण कुमार आदि उपस्थित रहे। विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निकिता कुशवाहा, द्वितीय स्थान विपिन गौतम तथा तृतीय स्थान यशवंत को प्राप्त हुआ। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशुतोष रंजन, द्वितीय स्थान विनायक श्रीवास्तव और तृतीय स्थान तनिष्क मौर्य को प्राप्त हुआ। पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकुर मौर्य, द्वितीय स्थान वात्सल्य और तृतीय स्थान सृष्टि विश्वकर्मा को प्राप्त हुआ। 100 मीटर महिला वर्ग के दौड़ में बबीता पाल ने प्रथम स्थान, प्रियंका मौर्य ने द्वितीय स्थान तथा आरुषि जौहरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ में प्रथम स्थान विशाल यादव, द्वितीय स्थान अंकित यादव और तृतीय स्थान अहम सिंह ने प्राप्त किया। 200 मीटर की रेस में प्रथम स्थान, विशाल यादव, द्वितीय स्थान अहम सिंह और तृतीय स्थान अंकित यादव ने प्राप्त किया।

# आतंकवादियों के लिए काल बन चुकी है मोदी सरकार: महापौर

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जल कल कंपाउंड जीटी रोड खुसरो बाग एवं बलुआ घाट चौराहे पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत को हर क्षेत्र में मजबूत बनाएगी। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद अब तक भारत विकसित राष्ट्र बन चुका होता लेकिन कांग्रेस ने सत्ता के बल पर अपने परिवार को विकसित किया, तुष्टिकरण की राजनीति करके देश को तोड़ने का काम किया और लोकतंत्र के स्थान पर लूट तंत्र भ्रष्टाचार की स्थापना की। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र विरोधी ताकतों और आतंकियों के लिए काल बन चुके हैं। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, मुरारी लाल अग्रवाल, ज्ञानेश्वर शुक्ला, पार्षद किरन जायसवाल, विवेक अग्रवाल, ने अपने विचार रखे। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर स्वास्थ्य मेला निशुल्क आयुष्मान योजना का रजिस्ट्रेशन, निशुल्क उज्जवला गैस कनेक्शन, आधार रजिस्ट्रेशन, दिव्यांग, विधवा, एवं वृद्धा पेंशन का कैंप लगाया गया और मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत लाभार्थियों ने अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष अजय अग्रहरि एवं गौरव गुप्ता ने किया। इस अवसर पर अपूर्व चंद्रा, कमलेश पाल, मुकेश जोशी, प्रमोद मोदी, रविंद्र जायसवाल, गिरजेश मिश्रा, पार्षद नीरज गुप्ता, त्रिलोकी, सुनील जायसवाल, विनय जायसवाल, अर्चना केसरवानी, प्रतीक मालवीय, यश विक्रम त्रिपाठी, राधा श्रीवास्तव, सीमा जायसवाल, गीता सिंह ,सुशील जैन, ममता, सुशील निषाद, शत्रुघ्न जायसवाल, संदीप जैन, दिलीप साहू, गोपाल पाठक, रितेश केसरी, लव कुश केसरवानी, हरीश मिश्रा, पद्माकर श्रीवास्तव, मधुर माथुर, कमलेश केशरवानी, अनिल गुप्ता, मोहम्मद मुस्तफा आदि रहे।

# मंडई में लगी आग पशु झुलसे, दो की मौत

अवधनामा संवाददाता



**अहरौला,आजमगढ़।** अहरौला क्षेत्र के करनपुर इटौरा गांव के दलित बस्ती में कुंजु झिनक की मंगलवार की रात 8 बजे पशुशाला की मंडई में अंगीठी की आग से आग लगने से दो बकरियां जलकर मर गई। एक बकरी पूरी तरह झुलसी वही एक भैंस और पडिया आग की लपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गई गांव के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन देखते-देखते पशु की मंडई जलकर खाक हो गई। इस आग लगी में लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है गांव के प्रधान प्रतिनिधि अजय सिंह यादव ने बताया कुंजु काफी गरीब किस्म का आदमी है मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा अधिकारियों के इंतजार में असफल

अवधनामा संवाददाता

**बुढनपुर,अहरौला।** बुधवार को विकासखंड के मतलूबपुर ग्राम सभा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया था कार्यक्रम 2रू00 बजे रखा गया था कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे थे घंटों तक इंतजार करने के बाद मौके पर मात्र एक राजस्व कर्मी मौके पर मौजूद थे जब कोई विकासखंड और अन्य विभागों से जुड़ा अधिकारी नहीं पहुंचा तो भारतीय जनता पार्टी के लालगंज के उपाध्यक्ष विकसित भारत संकल्प यात्रा के अतरौलिया विधानसभा के प्रभारी चंद्रजीत तिवारी के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी को फोन कर मामले में शिकायत की गई और मौके पर किसी भी आधिकारिक कर्मचारियों के न पहुंचने की भी बात कही गई सीडीओ को फोन के बाद वीडियो से भाजपाइयों ने संपर्क किया जिस पर लगभग घंटे भर बाद ऐडीओ पंचायत संजय श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे लेकिन भाजपाइयों के द्वारा कार्यक्रम पूरी तरह से फेल होने से काफी आक्रोश दिखा और अधिकारियों पर सरकार को बदनाम करने का आरोप लगाया और मौके पर जनता को मिलने वाली सुविधाओं पर अधिकारियों के द्वारा बट्टा लगाया जा रहा है जबकि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्राम सभा में वृद्धा, विधवा, विकलांग, और अन्य योजनाओं से संबंधित पात्र व्यक्तियों को लाभ पहुंचाना है लेकिन अधिकारीयों के गैर जिम्मेदाराना रैवैया ठीक नही हैं। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह राजेश श्रीवास्तव, राजनाथ यादव, सूबेदार गिरी, भाजपा के पदाधिकारी ने अधिकारी और कर्मचारियों के न पहुंचने पर भारी आक्रोश हुआ।

## लड़कियों की सौदागर आरोपी महिला गिरफ्तार

**आजमगढ़।** बहला-फुसलाकर अगवा कर लड़कियों को सौदा करने वाली महिला अन्ततः पुलिस की चंगुल में फंस ही गयी। अगवा किशोरी को पुलिस ने बदायूं जिला से सितम्बर माह में बरामद कर उसे 60 हजार रूपये में खरीदकर अपनी पत्नी के तौर पर रखने वाले युवक को गिरफ्तार किया था। किशोरी का सौदा करने वाली महिला को पुलिस ने गाजीपुर जनपद के बहरियाबाद थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

बताते चलें कि कप्तानगंज थाना में स्थानीय निवासी एक व्यक्ति ने तहरीर दिया कि 20 मई को उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया गया है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। विवेचना के दौरान अगवा की गई किशोरी को बीते 19 सितंबर को पुलिस ने बदायूं जिले के कुंवर गांव थाना अंतर्गत ग्राम सिंगोई से बरामद करते हुए उसे 60 हजार रुपए में खरीद कर पत्नी के रूप में अपने साथ रखने वाले सिंगोई ग्राम निवासी अक्षित शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

# सालाना दो दिवसीय उर्स हाफिज-ए-मिल्लत और कल, देश-विदेश से आते हैं

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** अरबी यूनिवर्सिटी अल जामियातुल अशरफिया मुबारकपुर के संस्थापक हाफिज-ए-मिल्लत अल्लामा शाह अब्दुल अजीज मोहद्दिस मुरादाबादी का 49वां उर्स बृहस्पतिवार को अल सुबह बाद नमाज फज्र उनके आवास पुरानी बस्ती में कुरान ख्वानी के साथ शुरू होगा। उर्स की सारी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। देश के कोने कोने अनेकों प्रकार की दुकानें सजी हुई हैं। यहां देश-विदेश से जायरीनों का हुजूम उमड़ पड़ता है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस बल की तैनाती जगह जगह की जाती है। मुबारकपुर-सठियांव मार्ग पर स्थित अरबी यूनवर्सिटी अल जामियातुल अशरफिया के परिसर में हाफिज-ए-मिल्लत का मजार है। विश्वप्रसिद्ध धार्मिक शिक्षण संस्थान अरबी यूनिवर्सिटी के संस्थापक हाफिज मिल्लत का दो दिवसीय उर्स बृहस्पतिवार से शुरू होकर शुक्रवार को देर रात तक सम्पन्न होगा। उर्स हाफिज-ए-मिल्लत में देश-विदेश से जायरीनों की पहुंचने का सिलसिला पहले दिन से ही शुरू हो जाता है। भवन व परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। साफ-सफाई रंग रोगन का पूरा हो गया है ।इस अवसर पर दिल्ली, मेरठ बाम्बे आगरा मद्रास भारत के कोने कोने से अनेकों प्रकार की दुकान सज गई हैं।हलवा पराठा, कपड़ो, खिलौने टोपी झूला चर्खी के अलावा जगह जगह पुस्तकों का स्टाल लगा हुआ है। भारत के कोने कोने से जायरीन पहुंच रहे हैं। यही नही इंग्लैंड हालैंड, अफ्रीका आदि देश से जायरीन आते हैं। जायरीनों की आमद से चहल-पहल बढ़ गई है। शुक्रवार को अल सुबह मजार पर कुरान ख्वानी के बाद चादर व गुल पोशी रात को जलसा दस्तारबन्दी और अन्त में 11 बजकर 53मिनट पर कुल्ल शरीफ का कार्यक्रम और दुआ के साथ उर्स सम्पन्न होगा।

# राहुल के आतिशी शतक से ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज जीता

**शेरवानी लीग में ताहा का शतक व्यर्थ, फाफामऊ क्लब भी विजयी**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** राहुल राज पाल के आतिशी शतक (183 नाबाद, 105 गेंद, 19 चौके, 12 छक्के) की बदौलत ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने डीएसए-एनसीआर को आठ विकेट से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। डीएसए-एनसीआर के ताहा अली की शतकीय पारी (102 रन नाबाद, 85 गेंद, पांच चौके, सात छक्के) भी उनकी टीम को लगातार दूसरी हार से न बचा सकी। डीएसए-एनसीआर ने बुधवार को अपने मैदान पर 40 ओवर में 7 विकेट पर 238 रन (ताहा अली 102 नाबाद, बलराम यादव 48, फ़ैज़ अहमद 32, सक्षम अवस्थी 3/38, दिव्यांश त्रिपाठी 2/56) बनाये। जवाब में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने 29.3 ओवर में दो विकेट पर 240 रन (राहुल राज पाल 183 नाबाद, प्रिंगल अवस्थी 37, सुशील ओझा 1/43) बना लिए। हितेश श्रीवास्तव व अरुण कुमार अंपायर, प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे।

फाफामऊ क्रिकेट क्लब नर अपने मैदान पर 34.3 ओवर में 234 रन (अभिषेक कौशल 51, सौरभ प्रताप सिंह 50, गौरव पाठक 45, रॉकी राज 31, अजय यादव 3/10, अनुज शर्मा, आदेश शर्मा व शिवम शुक्ल दो-दो विकेट) बनाये। जवाब में जमुना क्लब की टीम 36 ओवर में 127 रन (निखिल शर्मा 36, सिद्धार्थ सिंह 31, आदेश शर्मा 28, गौरव पाठक 3/06, प्रियांशु यादव 3/20, नितिन यादव 2/11, दीपक यादव 2/29) पर सिमट गई। राहुल सिंह व अजय कुमार अंपायर, मोहम्मद सैफ स्कोरर रहे।

# बीएसए के निरीक्षण में भारी संख्या में शिक्षक मिले नदारत

**सभी का रोका गया वेतन**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा विकासखण्ड महराजगंज के परिषदीय प्राथमिक विद्यालय उमरीपुर, कम्पोजिट विद्यालय उमरीपुर खुर्द, प्राथमिक विद्यालय बैहारी, प्राथमिक विद्यालय सकहुआँ, कम्पोजिट विद्यालय सराय पड़री, प्राथमिक विद्यालय तुरकौली, कम्पोजिट विद्यालय बनवीरपुर, प्राथमिक विद्यालय बेसार,, प्राथमिक विद्यालय बाभनपुर, व कम्पोजिट विद्यालय बरहूपुर का औचक निरीक्षण कर शासन द्वारा विद्यालयों मे संचालित योजनाओं, विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षणिक परिवेश एवं अध्ययनरत छात्रों के अधिगम स्तर की जाँच की गयी।

औचक निरीक्षण मे प्राथमिक विद्यालय उमरी खुर्द के अध्यापको को समय से न आने पर विद्यालय मे कार्यरत समस्त अध्यापको का वेतन बीएसए द्वारा अवरूद्ध कर दिया गया। बीएसए द्वारा प्राथमिक विद्यालय मे प्रार्थना सभा आयोजित कराते हुये उपस्थित छात्रों से सामान्य ज्ञान आदि के प्रश्न प्रार्थना सभा मे पूँछे गये। कम्पोजिट विद्यालय उमरी खुर्द के सहायक शिक्षक अखिलेश तिवारी की जनपद स्तर पर लागातार प्राप्त हो रही शिकायत एवं निरीक्षण मे लगातार अनुपस्थित पाये जाने के कारण बीएसए द्वारा शिक्षक का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया। इसी विद्यालय मे कार्यरत संतोष कुमार यादव सहायक अध्यापक द्वारा विद्यालय मे अनधिकृत रूप से अनुपस्थित एवं विभागीय कार्यों मे प्रधानाध्यापक का सहयोग न किये जानें के कारण बीएसए द्वारा शिक्षक का अग्रिम आदेश तक वेतन अवरूद्ध करते हुये प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण निर्गत किया गया।

प्राथमिक विद्यालय बैहारी में रंगाई पुताई एवं बाला पेंटिंग का अभाव पाये जाने पर बीएसए द्वारा प्रधानाध्यापक को स्पष्टीकरण निर्गत किया गया। प्राथमिक विद्यालय सकहुँवा में रंगाई पुताई एवं बाला पेंटिंग का अभाव पाये जाने, विद्यालय का गेट होने व सहायक अध्यापक रमेश चंद्र का आकस्मिक अवकाश स्वीकृत न किये जाने के कारण बीएसए डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा शिवशहाय सिंह प्रधानाध्यापक का अग्रिम आदेश तक वेतन बाधित कर दिया गया। कम्पोजिट विद्यालय सरायपड़री मे कार्यरत सहायक अध्यापिका रूची मिश्रा के दिनांक 04 दिसम्बर से निरीक्षण तिथि तक बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहनें के कारण बीएसए द्वारा उक्त शिक्षिका का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया। इसी विद्यालय मे कार्यरत शिक्षामित्र श्रीमती रीवां सिंह के अनुपस्थित पाये जाने पर अनुपस्थित तिथियों का मानदेय बीएसए द्वारा अवरूद्ध कर दिया गया। प्राथमिक विद्यालय तुरकौली, कम्पोजिट विद्यालय बनवीरपुर, प्राथमिक विद्यालय बेसार के निरीक्षण मे प्राप्त कतिपय कमियों के सम्बंध में सम्बंधित प्रधानाध्यापकों को स्पष्टीकरण निर्गत कर एक सप्ताह मे सुधार किये जाने हेतु निर्देश बीएसए द्वारा निर्गत किये गये।

प्राथमिक विद्यालय बाभनपुर मे छात्रों द्वारा अपने विद्यालय का नाम न लिख पाने पर बीएसए डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा सम्बंधित प्रधानाध्यापक का अग्रिम आदेश तक वेतन अवरूद्ध कर दिया गया। कम्पोजिट विद्यालय बरहूपुर मे कार्यरत शिक्षक अजीत कुमार यादव द्वारा चिकित्सकीय अवकाश नियमानुसार न स्वीकृत कराये जाने के परिणाम स्वरूप अनुपस्थित तिथियों का वेतन बीएसए द्वारा अवरूद्ध करते हुये स्पष्टीकरण निर्गत किया गया। बीएसए डा0 गोरखनाथ पटेल द्वारा विद्यालयों मे कार्यरत प्रधानाध्यापकों सहित उपस्थित समस्त शिक्षकों को विद्यालय का भौतिक वातावरण शिक्षण अनुकूल एवं छात्र नामांकन एवं उपस्थित के साथ-साथ छात्रों के अधिगम स्तर में वृद्धि किये जाने हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये गये।

# एचडीएफसी बैंक ने उत्तर प्रदेश में रु. 2.75 लाख करोड़ के बिजनेस का आंकड़ा पार किया



**लखनऊ।** भारत के निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक का उत्तर प्रदेश में कुल कारोबार ने रु. 2.75 लाख करोड़ के आंकड़े को पार किया है 30 सितंबर, 2023 तक कुल कारोबार 2,81,639 करोड़ रुपये था, जो साल-दर-साल 53 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह घोषणा आज लखनऊ में एक संवाददाता सम्मेलन में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के ब्रांच बैंकिंग प्रमुख श्री अखिलेश कुमार रॉय ने की। राज्य स्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, 30 सितंबर 2023 तक, राज्य में बैंक की अग्रिम राशि रु. 1,44,170 करोड़ जबकि जमा राशि रु. 1,37,469 करोड़, क्रमशः 74.6 प्रतिशत और 35.6 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज की गई। बैंक की राज्य स्तरीय जमा में रैंकिंग तीसरी (मार्च 2023 में पांचवीं) और कुल अग्रिम में दूसरी (मार्च 2023 में तीसरी) हो गई है। 30 सितंबर, 2023 तक 31,267.87 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि के साथ यह एमएसएमई क्षेत्र का सबसे बड़ा ऋणदाता है। एमएसएमई क्षेत्र आर्थिक विकास के लिए एक महत्वपूर्ण इंजन के रूप में कार्य करता है और अर्थव्यवस्था में सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है। 30 सितंबर, 2023 तक ऋण जमा अनुपात 104.9 प्रतिशत है। 1997 में लखनऊ शहर के हजरतगंज में अपनी पहली शाखा के शुभारंभ के साथ राज्य में अपनी यात्रा शुरू करने के बाद से उत्तर प्रदेश बैंक के लिए एक महत्वपूर्ण सक्षम राज्य रहा है। तब से, बैंक ने उत्तर प्रदेश में अपने शाखा नेटवर्क को तेजी से 777 शाखाओं और 1,603 एटीएम (30 सितंबर, 2023 तक) तक विस्तारित किया है। इसने ग्राहकों को सुविधा और लचीलापन प्रदान करने के लिए राज्य में अपनी डिजिटल बैंकिंग रणनीति को भी बढ़ावा दिया है। बैंक की योजना वित्त वर्ष 2023-24 में राज्य में लगभग 125 शाखाएँ जोड़ने और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 1,200 नौकरियाँ पैदा करने की है। एचडीएफसी बैंक के उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड ब्रांच बैंकिंग प्रमुख अखिलेश कुमार रॉय ने कहा कि एचडीएफसी बैंक में, हमने हमेशा अपने ग्राहकों के लिए एक सहज बैंकिंग अनुभव सक्षम करने के लिए ग्राहक केंद्रित नवाचारों, बेहतर डिजिटल क्षमताओं और एक कुशल शाखा बैंकिंग नेटवर्क पर ध्यान केंद्रित किया है।

## एचडीएफसी लाइफ ने गारंटीकृत लाभ के साथ 'एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव' लॉन्च किया

**झाँसी।** भारत की अग्रणी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने एक नया प्रोडक्ट - एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव लॉन्च किया है। यह एक गारंटीड सेविंग्स लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। यह प्लान अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने एवं उनके वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। इस लॉन्च पर बोलते हुए, अनीश खन्ना, हेड - प्रोडक्ट्स एंड सेग्मेंट्स, एचडीएफसी लाइफ ने कहा, ÷हर काम की शुरुआत एक सपने से होती है, और सपना कितना ही बड़ा क्यों ना हो, इसे सच बनाने के लिए आपको तुरंत एक सुरक्षित कदम के साथ शुरुआत करनी होगी। इसी प्रकार, जीवन लक्ष्य भी नियमित बचत एवं योजना बनाने से ही पूरे होते हैं। आप भी एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव प्रोडक्ट के साथ आज ही अपने सपनों को पूरा करने के लिए पहला सुरक्षित कदम उठा सकते हैं। यह एक ऐसा प्लान है, जो गारंटीकृत रिटर्न्स की सुरक्षा के साथ अनलिमिटेड कॉम्बिनेशन प्रदान करता है।

आपको अपने पोर्टफोलियो में एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव क्यों शामिल करना चाहिए?

पॉलिसी खरीदने के अगले महीने से ही एक गारंटीकृत तत्काल आमदनी का लाभ उठाने का विकल्प, यह पूरी तरह लचीला (सुविधाजनक) होगा आप अपने प्लान को तत्काल आमदनी, लंबी-अवधि की आमदनी, एकमुश्त या पीरियड लम्पसम (मनी बैक) जैसे लाभ प्राप्त करने के लिए कस्टमाइज़ कर सकते हैं, आप इसमें अपनी इच्छा के अनुसार सुरक्षा स्तर और फ्लेक्सिबल सम एश्योर्ड एवं राइडर बेनिफिट्स चुन सकते हैं , एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव के कुछ खास फीचर्स क्या हैं?

अपने नगद प्रवाह निर्धारित करने की क्षमता, जिसे आप अपने सभी सपने पूरे कर सकेंगे और साथ ही गारंटी के रूप में अतिरिक्त सुरक्षा।

## वीवो अपने स्विचऑफ़ के पांचवें एडिशन के साथ लौटा है

पारिवारिक संबंधों को फिर से जगाने के लिए यूजर से 20 दिसंबर को अपने स्मार्टफ़ोन को स्विच ऑफ़ करने का कर रहा है आग्रह



**लखनऊ।** स्मार्टफोन के प्रभुत्व वाले युग में, सार्थक रिश्तों का सार, खासकर माता-पिता और बच्चों के बीच, अक्सर पीछे छूट जाता है। इस चिंता को आगे बढ़ाते हुए, ट्रस्टेड ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, वीवो, स्विचऑफ कैम्पेन का पांचवां संस्करण पेश कर रहा है।स्विचऑफ इनीशिएटिव को आगे बढ़ाने के लिए, वीवो ने 20 दिसंबर, 2023 को स्विच ऑफ डे के रूप में मनाने का संकल्प लिया है। भारतीय कस्टमर को इसमें शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते हुए, वीवो ने लोगों से इस दिन रात 8 बजे से 9 बजे के दौरान अपने स्मार्टफोन ऑफ करने का आग्रह किया है, जिससे वे अपने परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिता सकें। सार्थक टेक्नोलॉजी उपयोग के प्रति लोगों को संवेदनशील बनाने के लिए, वीवो ने प्रसिद्ध स्वास्थ्य और विज्ञान लेखिका कैथरीन प्राइस के साथ कोलेबोरेट किया है। हाउ टू ब्रेक अप विद योर फोन की लेखिका और स्क्रीन/लाइफ बैलेंस की फाउंडर स्मार्टफोन के साथ स्वस्थ संबंध को बढ़ावा देने के लिए सॉल्यूशन तैयार करने के लिए वीवो को सलाह देंगी।इस अवसर पर, वीवो इंडिया के कॉर्पोरेट स्ट्रेटजी हेड, गीताज चन्नाना ने कहा, ÷हालांकि स्मार्टफोन हमारे जीवन में अमूल्य उपकरण के रूप में काम करते हैं, लेकिन सार्थक उपयोग की वकालत करना महत्वपूर्ण है। इस कैम्पेन के पांचवें एडिशन के साथ, हम अपने ऑडियंस को अपना स्विचऑफ टाइम चुनने, प्यार का इजहार करने और परिवार के साथ मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आइए सामूहिक रूप से 20 दिसंबर को अपने परिवारों के लिए स्विचऑफ की प्रतिज्ञा करें और साथ बिताए गए मोमेंट में वास्तव में लीव द जॉय पाएं।

इसके अतिरिक्त, इन चिंताओं को सक्रिय रूप से संबोधित करने की हमारी प्रतिबद्धता में, हमने अपने स्मार्टफोन रिलेशनशिप एडवाइजर, कैथरीन प्राइस के कोलेबोरेशन से एक पर्सनलाइज्ड प्लान भी पेश किया है। वीवो इंडिया न्यूज़रूम पर उपलब्ध, यह प्लान यूजर को उनके रिश्तों और डिजिटल एक्सपोज़र के बीच सामंजस्यपूर्ण संतुलन खोजने में सहायता करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मैं सभी उपभोक्ताओं को इस पहल में शामिल होने के लिए दिल से निमंत्रण देता हूं, जो हमारे वास्तविक कनेक्शन को समृद्ध करने के लिए एक सामूहिक आंदोलन को बढ़ावा देता है।

कैम्पेन के बारे में बात करते हुए, एफसीबी इंडिया के प्रेसिडेंट अभिनव कौशिक ने कहा, ÷टेक्नोलॉजी हमारे दैनिक जीवन का एक निर्विवाद हिस्सा है, लेकिन जिस तरह से यह हमारे जीवन में व्याप्त हो गई है, हम एक ऐसी संस्कृति का हिस्सा बन रहे हैं जहां टेक्नोलॉजी खासकर की स्मार्टफोन, हमारे प्रियजनों के साथ हमारे संबंधों में अवरोधक बनना शुरू हो गई है।

## विशेषज्ञ ने स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) के आम लक्षणों के बारे में जानकारी दी

**मुंबई।** स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) एक दुर्लभ आनुवांशिक विकृति है, जो स्पाइनल कॉर्ड के मोटर न्यूरॉन्स पर असर डालती है। इससे मांसपेशियाँ कमजोर होती हैं और धीरे-धीरे गतिहीनता आती है। यह सर्वाइवल मोटर न्यूरॉन 1 (एसएमएन1) जीन में म्यूटेशन के कारण होता है। इसमें सर्वाइवल मोटर न्यूरॉन प्रोटीन (एसएमएन) कम हो जाता है, जोकि मोटर न्यूरॉन्स की सामान्य कार्यात्मकता और जीवन जीने के लिये महत्वपूर्ण है। किसी दूसरी आनुवांशिक बीमारी की तुलना में एसएमए के कारण दुनिया में सबसे ज्यादा शिशुओं की मौत होती है। एक अध्ययन के अनुसार, भारत में पैदा होने वाले 7744 बच्चों में से 1 बच्चे को एसएमए होता है और हर साल ऐसे लगभग 3200 बच्चे होते हैं। स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी (एसएमए) की गंभीरता उसके विशिष्ट प्रकार पर निर्भर करती है। टाइप 1 को आमतौर पर इसका सबसे खतरनाक और गंभीर रूप माना जाता है। एसएमए के हर वैरियेंट/टाइप के अलग लक्षण होते हैं। एसएमए बीमारी के महत्वपूर्ण लक्षण जन्म के बाद छह माह से लेकर एक वर्ष के बीच उभरते हैं। एसएमए के लक्षणों को जल्दी पहचानना जरूरी है, ताकि सही समय पर निदान और मध्यस्थता हो सके। संजय गांधी पोस्ट-ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ में मेडिकल जीनेटिक्स डिपार्टमेंट के एडिशनल प्रोफेसर डॉ. कौशिक मंडल ने कहा कि, ''चूंकि एसएमए एक आनुवांशिक विकृति है, जो मुख्य रूप से स्पाइनल कॉर्ड के मोटर न्यूरॉन्स को प्रभावित करती है, इसलिये एसएमए के मरीजों को मांसपेशियों में धीरे-धीरे और अक्सर गंभीर कमजोरी का अनुभव होता है। इसके साथ ही, गतिशीलता में कठिनाइयाँ भी हो सकती है, जो खासकर शिशुओं और छोटे बच्चों में दिखाई देती हैं।

## वैरिकोज वेन के लिए मेडिकल एडहेसिव अब लखनऊ में उपलब्ध



**लखनऊ।** वैरिकोज नसें पैरों में दिखने वाली बड़ी टेढ़ी-मेढ़ी हरी नसें होती हैं और इनका आकार छोटे से लेकर बड़े तक हो सकता है। आंकड़ों के अनुसार, लगभग 40 प्रतिशत वयस्क वैरिकाज नसों से पीड़ित हैं और यह समस्या दुनिया भर में बढ़ रही है समय के साथ, ये वैरिकोज वेन के दौरान दिखाई देने वाले लक्षण खराब हो सकते हैं और रक्तस्राव, थक्के और अल्सर जैसी गंभीर जटिलताओं का कारण बन सकती हैं और इससे जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। शीघ्र निदान और हस्तक्षेप से वैरिकाज नसों को बदतर होने से रोकने में मदद मिल सकती है।

संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के कंसल्टेंट जनरल सर्जन डॉ.ब्रजेश सिंह के अनुसार पिछले कुछ दशकों में, रेडियोफ्रीक्वेंसी या लेजर के रूप में थर्मल एब्लेशन सर्जरी का कम आक्रामक विकल्प रहा है। शिरा उच्छेदन समस्याग्रस्त नस को बंद करने और उसे खत्म करने के लिए लक्षित गर्मी का उपयोग करता है। लेकिन अब, लखनऊ में पहली बार, कोई व्यक्ति चिपकने वाली थेरेपी नामक एक अभिनव उपचार के साथ अपनी परेशानी वाली वैरिकोज नसों को बंद कर सकता है।

तकनीकों और उपकरणों में प्रगति ने अस्पताल में भर्ती होने में कमी, स्वास्थ्य लाभ, अधिक आराम के साथ जटिलताओं और रोगी-अनुकूल परिणामों के साथ उपचार को कम आक्रामक बना दिया है।

वैरिकाज नसों के लिए आधुनिक चिकित्सा चिपकने वाला एफडीए द्वारा अनुमोदित है और पारंपरिक लेजर या रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन उपचारों की तुलना में इसके कई फायदे हैं। रोगी को केवल 2-3 मिमी की एक छोटी सी चुभन से गुजरना पड़ता है। वे तुरंत ऑपरेशन थिएटर से बाहर निकल सकते हैं और काम पर वापस जा सकते हैं। प्रक्रिया के बाद स्टॉकिंग्स की कोई आवश्यकता नहीं है और दीर्घकालिक सफलता दर लगभग 98-99 प्रतिशत है।

# रीजेंसी हेल्थकेयर ने कॉम्प्लेक्स एयरवे सर्जरी सफलता पूर्वक करके अपनी असाधारण क्षमता का किया प्रदर्शन



**कानपुर।** कानपुर और लखनऊ स्थित प्रमुख मल्टी-सुपर-स्पेशिलिटी हॉस्पिटल रीजेंसी हेल्थकेयर उत्कृष्टता प्रदान करने और मरीज के अच्छे स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए एक बहुत ही मुश्किल एयरवे सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देने की घोषणा करते हुए काफी गर्व महसूस कर रहा है। न्यूरोसर्जन डॉ. अभिजीत सिंह सचान ने इस सर्जरी के लिए मेडिकल टीम का नेतृत्व किया। इस केस की सफलता ने कॉम्प्लेक्स केसों को सटीकता से संभालने की रीजेंसी हेल्थकेयर की मजबूत क्षमता का प्रमाण दिया है।

यह केस एक 25 साल के व्यक्ति का था। यह व्यक्ति लंबे सेगमेंट वाले ट्रेकिअल (श्वासनली) स्टेनोसिस (एक ऐसी स्थिति जहां श्वासनली में सूजन या निशान होने से ऊतक वायु प्रवाह ब्लॉक हो जाता है) के कारण सांस लेने में कठिनाई महसूस कर रहा था। मरीज के गर्दन पर घाव था क्योंकि सांस लेने में जब उसे शुरुआत में तकलीफ हो रही थी तब उसने ट्रेकियोस्टोमी (गर्दन में एक सर्जिकल ओपनिंग, जिससे सांस लेने में मदद मिलती है) के साथ कहीं और इलाज करवाया था। ब्रोंकोस्कोपी के माध्यम से बारीकी से जांच करने पर थोरेटिक इनलेट (वक्षीय प्रवेश) तक फैले एक लंबे सेगमेंट वाले श्वासनली स्टेनोसिस की पहचान की गई।

## एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज में हुई पहली लिस्टिंग



**कानपुर।** एनएसई सोशल स्टॉक एक्सचेंज में आज भारत की पहली लिस्टिंग हुई। एसजीबीएस उन्नति फाउंडेशन भारत के सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध होने वाला पहला एनजीओ बन गया। सूचीकरण के दिन, दानदाताओं को एक प्रमाणपत्र जारी किया गया जो दान की गई राशि की पहचान करता है। लिस्टिंग के बाद, सामाजिक प्रभाव मूल्यांकनकर्ता हर एक वर्ष में परियोजना की प्रगति का मूल्यांकन करेंगे और दानदाताओं को विकास से अवगत रखेंगे। यह लिस्टिंग आशीषकुमार चौहान (प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) की उपस्थिति में हुई और इस मौके पर डॉ. आर बालासुब्रमण्यम (अध्यक्ष, सलाहकार समिति, सोशल स्टॉक एक्सचेंज, सेबी), श्री रमेश स्वामी (संस्थापक निदेशक, उन्नति), श्री अश्वनी भाटिया (पूर्णकालिक सदस्य, सेबी) तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति अपने आज के एनएसई दौरे के दौरान मौजूद रहे।

## आईकू ने भारत का पहला स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 स्मार्टफोन लॉन्च किया आईकू 12



**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने सुपर कंप्यूटिंग चिप क्यू1 - आईकू 12 के साथ स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 वाला भारत का पहला स्मार्टफोन लॉन्च किया है। आईकू 12 एक बेजोड़ और लुभावना फ्लैगशिप एक्सपीरियंस देने के लिए बीएमडब्ल्यू एम मोटरस्पोर्ट से इंस्पायर्ड है।

12 जी बी +256 जी बी के लिए कीमत 52,999 रुपए (प्रभावी कीमत 49,999 रुपए) और 16 जी बी +512 जी बी वैरिएंट के लिए कीमत 57,999 रुपए (प्रभावी कीमत 54,999 रुपए) है। प्रायोरिटी पास उपभोक्ता विशेष रूप से आईकू 12 की अपनी खरीदारी 13 दिसंबर से पूरी कर सकते हैं, जो कि सेल शुरू होने से 24 घंटे पहले है। आईकू 12 14 दिसंबर 2023 से आईकू ई-स्टोर और अमेजॉन पर दोपहर 12 बजे से दो कलर ऑप्शन - लीजेंड और अल्फा में खरीदने के लिए उपलब्ध होगा।

फ्लैगशिप स्मार्टफोन के लॉन्च के बारे में, आईकू इंडिया के सीईओ निपुन मार्या ने कहा, आईकू में, हम उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए लेटेस्ट मोबाइल टेक्नोलॉजी लाने के लिए समर्पित हैं, और हम उन कुछ ब्रांडों में से एक होने पर गर्व करते हैं। 2022 और 2023 में लॉन्च होने वाले स्मार्टफोन को अमेजनडॉटइन पर 4-स्टार से ऊपर रेटिंग दी गई है। आईकू 12, एक बेहतरीन डुअल चिप स्मार्टफोन जो भारत के पहले स्नैपड्रैगन 8 जेन 3, सुपरकंप्यूटिंग चिप क्यू1 और एक शानदार डिजाइन में बेहतरिन कैमरा सिस्टम के साथ यूनिक पावर पैक करता है, हमारा लक्ष्य ऐसे हाई परफॉर्मेंस वाले प्रोडक्ट्स को सीरीज में जोड़ना जारी रखना है।

## सेंटर फॉर नॉलेज सॉवरेनटी और एसरी इंडिया ने हाथ मिलाया



**नई दिल्ली।** अग्रणी इंडियन पब्लिक पॉलिसी थिंक टैंक सेंटर फॉर नॉलेज सॉवरेनटी (सीकेएस) और एंड टु एंड जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जीआईएस) सॉल्यूशंस में उद्योग की अग्रणी एसरी इंडिया टेक्नोलॉजीज़ प्राइवेट लिमिटेड ने इस देश में ÷मास्टर मेंटर्स जियो एनेबलिंग इंडियन स्कॉलर्स (एमएमजीईआईएस) प्रोग्राम लांच करने के लिए आज हाथ मिलाया। इस प्रोग्राम का लक्ष्य आठवीं कक्षा से स्नातक स्तर के विद्यार्थी हैं और इसके तहत भारत को जियोस्पैटियल टेक्नोलॉजी के लिए भारत को एक ग्लोबल स्किलिंग और इन्नोवेशन हब बनाने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रोग्राम एक मजबूत आईपी रूपरेखा तैयार करने की दिशा में भी काम करेगा जिससे एक वैश्विक जियोस्पैटियल इन्नोवेशन हब बनने की दिशा में अपनी यात्रा में भारत अधिक से अधिक पेटेंट हासिल कर सके। यहां इसरो के पूर्व चेयरमैन श्री किरण कुमार की मौजूदगी में इस सहमति ज्ञापन पर सेंटर फॉर नॉलेज सॉवरेनटी के सचिव श्री विनीत गोयनका और एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री अगेंद्र कुमार द्वारा हस्ताक्षर किया गया।

प्रति वर्ष एक लाख विद्यार्थियों को समर्थ बनाने के लक्ष्य के साथ स्कूल और कॉलेज स्तर पर जियोस्पैटियल के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसरो के पूर्व चेयरमैन किरण कुमार, आईएमडी के पूर्व महानिदेशक डाक्टर केजे रमेश और भारत के पूर्व महासर्वेक्षक श्री गिरीश कुमार जैसे अग्रणी वैज्ञानिकों के निर्देशन में उदीयमान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर अगली पीढ़ी के जियोस्पैटियल रिसर्च एवं इन्नोवेशन के लिए मंच तैयार करने के लिहाज से इस प्रोग्राम को डिजाइन किया गया है। इस प्रोग्राम का दायरा अखिल भारतीय होगा जिसमें एक समग्र प्रक्रिया के जरिए विद्यार्थियों को मास्टर मेंटर्स से वार्ता कर उनसे विजन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। साथ ही उन्हें विशेषज्ञों द्वारा व्यक्तिगत स्तर पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इस प्रोग्राम को पायलट प्रोजेक्ट के तौरपर जनवरी, 2024 में शुरू किया जा रहा है और पूर्ण रूप से इसे जून, 2024 में प्रारम्भ किया जाएगा। यह प्रयोगात्मक रूप से सीखने और वास्तविक दुनिया की परिस्थितियों में जानकारी लागू करने पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के भी अनुरूप है।

सेंटर फॉर नॉलेज सॉवरेनटी के सचिव श्री विनीत गोयनका ने कहा, ÷एक कुशल मार्गदर्शक के भीतर एक विद्यार्थी के जीवन का वृहद विस्तार करने की क्षमता होती है। जब हमने एमएमजीईआईएस की अवधारणा तैयार की, हमारा इरादा इस विचार का विस्तार करने और विद्यार्थियों को एक ऐसे प्लेटफॉर्म की पेशकश करने का था जहां ऐसे कौशल का विकास हो जो उन्हें चिंतक के रूप में आकार दे सके। एमएमजीईआईएस के जरिए हमारा लक्ष्य उत्सुकता, गहन चिंतन और समस्या हल करने वाले कौशल पैदा कर विद्यार्थियों का व्यक्तिगत विकास करना है।

## इन्फिनिक्स स्मार्ट 8एचडी, 6299 रु. में अपने सेगमेंट का सबसे स्टाईलिश स्मार्टफोन

प्रीमियम टेक्सचर में बैक पैनल, चार कलर वैरिएंट, रिंग फ्लैश के साथ शानदार कैमरा मॉड्यूल, और साईड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर



**लखनऊ।** मोबाईल टेक्नॉलॉजी उद्योग में ट्रेलब्लेज़र, इन्फिनिक्स ने अपनी स्मार्ट सीरीज़ में नया स्मार्टफोन, इन्फिनिक्स स्मार्ट 8एचडी पेश किया है। 6299 रु. में उपलब्ध स्मार्ट 8एचडी में शानदार फीचर्स हैं, जो इस सेगमेंट के लिए नए मानक स्थापित करते हुए स्मार्टफोन का अत्याधुनिक अनुभव प्रदान करेंगे।

इन्फिनिक्स 8एचडी में यूज़र्स को परफॉर्मेंस और सुंदरता का बेहतरीन मिश्रण प्रदान करने के लिए स्मार्ट सीरीज़ के पिछले स्मार्टफोंस के मुकाबले बड़े अपग्रेड किए गए हैं। इसमें 90 हट्ज़् का रिफ्रेश रेट, 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा, साईड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर, और डायनामिक एक्सपैंडेबल नॉच फीचर दिया गया है, जिनकी मदद से यह किफायती स्मार्टफोन के सेगमेंट में नए कीर्तिमान बना देगा।

अनीश कपूर, सीईओ, इन्फिनिक्स इंडिया ने कहा, ''वर्तमान में 10 हजार से कम कीमत वाले सेगमेंट में इनोवेटिव स्मार्टफोन की कमी है। अपनी स्मार्ट 8 सीरीज़ के साथ हम इस सेगमेंट में प्रीमियम डिज़ाईन और इनोवेटिव फीचर्स के साथ अत्याधुनिक स्मार्टफोन पेश करना चाहते हैं। अपने टिम्बर टैक्सचर डिज़ाइन और शानदार कैमरा मॉड्यूल के साथ, स्मार्ट 8एचडी, उन यूज़र्स को आकर्षित करेगा, जो स्टाइलिश स्मार्टफोन चाहते हैं। इसमें इनोवेटिव मैजिक रिंग फंक्शन यूज़र के इंटरैक्शन को बढ़ाता है और स्मार्टफोन को इस्तेमाल करना बहुत आसान बना देता है।

उन्नत डिज़ाइन और बेहतरीन सॉफ्टवेयर क्षमताओं के अलावा भी इस स्मार्टफोन कई शानदार फीचर्स दिए गए हैं, 6.6 एचडी.पंच होल 90 हट्ज़् डिस्प्ले, साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर और फ्लैश के साथ 8 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा शामिल है।'' उन्होंने आगे कहा, ''हमें स्मार्टफोन के क्षेत्र में लगातार सीमाओं का विस्तार करते हुए यूज़र्स की पसंद के अनुरूप स्मार्टफोन पेश करने पर गर्व है। हम स्मार्टफोन सेगमेंट में नए कीर्तिमान बनाने के इस सफर में अपने यूज़र्स के शामिल होने के लिए उत्सुक हैं।''

**स्टाईलिश डिज़ाईन और डायनामिक फीचर्स**

स्मार्ट 8एचडी स्टाईलिश होने के साथ-साथ इसमें जबरदस्त शक्ति भी है। यह टिंबर टैक्सचर फिनिश बैक पैनल के साथ चार आकर्षक रंगों में उपलब्ध है, जो एक प्रीमियम और कुशल डिज़ाईन निर्मित करता है।

## सोच की रेड डॉट सेल के साथ इस विंटर में स्टाइलिश बने




सोच की रेड डॉट सेल वापस आ गई है और पहले से कहीं बेहतर है, जो 50त्न तक की छूट पर एथनिक परिधानों के विस्तृत चयन की पेशकश करती है। 7 दिसंबर को शुरू हुई इस बहुप्रतीक्षित रेड डॉट सेल से, साड़ी, सलवार सूट, कुर्ता, कुर्ता सेट, ड्रेस मटेरियल, ट्यूनिक्स और काफ्तान सहित अपने सभी पसंदीदा सोच लुक का स्टॉक करने के लिए तैयार हो जाइए।

भारत के अग्रणी ईवनिंग और प्रासंगिक वेयर ब्रांड सोच ने अपने लाखों वफादार ग्राहकों को हर एथनिक चीजों पर अद्वितीय डील्स प्राप्त करने का मौका देने के लिए इस द्वि-वार्षिक बिक्री की घोषणा की है। चाहे वह शादी के लिए सदाबहार साड़ी हो, आपकी शाम की दावत के लिए स्टाइलिश सलवार सूट हो, या आपके शीतकालीन परिधान में ग्लैमर जोड़ने के लिए ट्रेंडी कुर्ता हो, प्रत्येक विशेष अवसर के लिए तैयार किए गए उत्तम परिधानों की एक श्रृंखला खोजें। अपनी स्टाइल को उन्नत करें और भारतीय एथनिक पहनावे के आकर्षण को सर्वोत्तम रूप में अपनाएँ।


## माघ एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड की बोर्ड ऑफ डिरेक्टस की मीटिंग 20 दिसंबर को

**मुंबई।** मुंबई स्थित विज्ञापन और मार्केटिंग सोल्यूशन्स कंपनी माघ एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड बोनस इश्यू और स्टॉक स्प्लिट पर विचार कर रही है। बोर्ड ऑफ डिरेक्टस की मीटिंग 20 दिसंबर को होने वाली है जिसमे बोनस शेयरों और स्टॉक विभाजन को मंजूरी देने के प्रस्ताव पर विचार होगा. मौजूदा शेयरधारकों को पुरस्कृत करने के अलावा, बोनस और स्टॉक विभाजन से कंपनी में तरलता बढ़ेगी। कंपनी के शेयर मूल्य एक महीने में 150प्रतिशत से अधिक बढ़कर 13 दिसंबर, 2023 को रु.138 प्रति शेयर हो गया, जो 15 नवंबर, 2023 को रु.54.6 प्रति शेयर था। अधिक जानकारी साझा करते हुए, कंपनी के प्रबंध निदेशक ने कहा कंपनी ने एच1एफवाई24 के लिए कंपनी ने उत्कृष्ट परिणाम दर्ज किया हैं। हमें अपने सभी हितधारकों को यह बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि कंपनी अपने दीर्घकालिक विकास रोडमैप पर अच्छी प्रगति कर रही है। कंपनी लगातार मजबूत हो रही है, राजस्व, मार्जिन और लाभप्रदता में स्वस्थ वृद्धि बनाए रखते हुए मजबूत परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन प्रदान कर रही है।

## रक्षित, स्मार्ट और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का किया प्रदर्शन

**बेंगलुरु।** भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन बनाने वाली कंपनीटाटा मोटर्स ने आज दक्षिण एशिया की प्रमुख कंस्ट्रक्शन उपकरण प्रदर्शनी एक्सकॉन 2023 में भविष्य के लिए तैयार मोबिलिटी समाधानों की अपनी अत्याधुनिक और एडवांस्ड श्रृंखला को प्रदर्शित किया। मूविंग इंडिया फॉरवर्ड थीम को आगे बढ़ाते हुए, कंपनी ने राष्ट्र सेवा के समर्पण के साथ इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और उत्कृष्टता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। टाटा मोटर्स ने तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और बैटरी इलेक्ट्रिक सहित ग्रीन फ्युल से चलने वाले वाहनों के साथ-साथनिर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों के लिए पूरी तरह से उपयुक्त अपने ट्रकों और टिपर्सका प्रदर्शन किया। साथ ही कंपनी ने अपने एग्रीगेट्स की विस्तृत श्रृंखला का भीअनावरण किया, जिसमें औद्योगिक उपकरण, एक्सेल और जेनसेट के लिए डिजाइनकिए गए इंजन शामिल हैं। टाटा मोटर्स ने अपने एलएनजी-संचालित टाटा प्राइमा रेंज के ट्रकों और टिपर्स केकमर्शियल लॉन्च के साथ पर्यावरण के अनुकूल परिवहन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है, यह एक बड़ी उपलब्धि है, जिसमें टाटा प्राइमा 5528.एस एलएनजी और भारत की पहली एलएनजी संचालित टिपर टाटा प्राइमा 3528.के एलएनजी शामिल हैं। टाटा मोटर्स ने शून्य-उत्सर्जन तकनीकी समाधानों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए कॉन्सेप्ट इलेक्ट्रिक टिपर टाटा प्राइमा ई.28K का भी प्रदर्शन किया। ये वाहन न केवल उद्योग जगत के पर्यावरण की रक्षा करने वाले ऊर्जा स्रोतों को अपनाए जाने की दिशा में हो रही प्रगति पर जोर देते हैं बल्कि टाटा मोटर्स के 2045 तक नेट-जीरो ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करने के प्रयासों को भी दिखाते हैं।

## फेफड़े का पानी की बिमारी से पिडित मरीजों में थोरैकोस्कोपी प्रक्रिया फायदेमंद



**कानपुर।** फेफड़े का पानी की बिमारी से पिडित मरीजों में थोरैकोस्कोपी प्रक्रिया काफी फायदेमंद साबित हो रही हैं। फेफड़े, डायाफ्राम और छाती की दीवार के बीच गति को सुविधाजनक बनाता है। जब इस क्षेत्र में अत्यधिक मात्रा में तरल पदार्थ इकट्ठा हो जाता है, तो इसे फेफड़े का पानी बहाव कहा जाता है। इस कारण बैक्टीरिया होने का खतरा रहता हैं। इससे फेफड़ों को नुकसान भी हो सकता है। थोरैकोस्कोपी प्रक्रिया के कारण मरीज को सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ती हैं। कानपुर के अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल के सलाहकार पल्मोनोलॉजिस्ट और इंटरवेंशनिस्ट डॉ. संदीप कटियार ने कहॉ की, फेफड़े का पानी बहाव के मरीजों को खांसी, सीने में दर्द और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण होता हैं। यह स्थिति टीबी, निमोनिया, फेफड़े का पानी अन्तः शल्यता, हृदय विफलता, सिरोसिस या गुर्दे की बीमारी के कारण हो सकती है। सीटीस्कैन और एक्स-रे के माध्यम से इसकी जाचं कराई जाती हैं। फेफड़े का पानी का बहाव और एम्पाइमा दोनों मे तत्काल चिकित्सा ध्यान देने की आवश्यकता होती है। फेफड़ों की इन गंभीर स्थितियों वाले मरीजों के लिए थोरैकोस्कोपी प्रक्रियाएं फायदेमंद होती हैं। पिछले वर्ष में, फेफड़े का पानी बहाव वाले कई मरीजों को थोरैकोस्कोपी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा है।

## दुबई में क्रिसमस की सर्वश्रेष्ठ मार्केट्स



खरीददारी के शानदार गंतव्यों से लेकर लाइट डिस्प्ले और विंटर वंडरलैण्ड तक, दुबई उन लोगों के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन है जो अरबी आकर्षण और ऐश्वर्य के साथ क्रिसमस का जश्न मनाना चाहते हैं। सोने का शहर दुबई छुट्टियों के इस सीज़न यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है, परम्परा का यह अनूठा संयोजन सिर्फ दुबई में मिल सकता है! दुबई में छुट्टियों का सीज़न सालाना मदिनत जुमैरा फेस्टिव मार्केट के बिना अधूरा है, यह मार्केट 15 दिसम्बर 2023 से 7 जनवरी 2024 के बीच आगंतुकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करेगी। 36 फीट उंचे पेड़ से लेकर सीज़नल फूड स्टॉल्स, परिवार के अनुकूल गतिविधियों के साथ इस क्रिसमस बाज़ार में हर किसी के लिए कुछ न कुछ मौजूद है। यहां आने वाले यात्री लाइव बैण्ड की धुनों का लुत्फ़ उठाते हुए होमग्रोन ब्राण्ड्स पर खरीददारी का आनंद ले सकते हैं। अब्रा और ट्रेड में बच्चे सैंटा के साथ खूबसूरत वैनेटियन कैरोज़ल की राइड का लुत्फ़ उठा सकते हैं। यह चार-लेन की बंजी और नोर्थ पोल ट्रेन निश्चित रूप से छोटे बच्चों को खूब लुभाएगी। इसके लिए एंट्री बिल्कुल मुफ्त है।

# सीएम योगी करेंगे राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता

- महायोगी गोरखनाथ विवि में 15 दिसंबर से शुरू होगी तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी
- एरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश होंगे उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय व फार्मेसी संकाय के संयुक्त तत्वावधान एवं ट्रांसलेशन बायोमेडिकल रिसर्च सोसायटी के सहयोग से 15 दिसंबर से शुरू होने जा रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. जी. सतीश रेड्डी और विशिष्ट अतिथि के रूप में भारत सरकार के औषधि महानियंत्रक डॉ. राजीव सिंह रघुवंशी उपस्थित रहेंगे।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने बताया कि एडवांसेज एंड ऑपर्चुनिटीज इन ड्रग डिस्कवरी फ्रॉम नेचुरल प्रोडक्ट्स (बायोनेचर कॉन-2023) विषयक तीन दिन की इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश-दुनिया में प्रतिष्ठित वैज्ञानिक अपने कार्य अनुभवों से प्रतिभागी शोधार्थियों व विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। इसमें प्राकृतिक संसाधनों से बन रही औषधियों और जानलेवा बीमारियों के निदान में उनके महत्व पर विशद मंथन होगा।

संगोष्ठी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के पंचकर्म केंद्र के ऑडिटोरियम में 15 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे सीएम योगी की अध्यक्षता में होगा। संगोष्ठी को यादगार बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रथम दिवस में उद्घाटन, दो तकनीकी सत्र, द्वितीय दिवस में छह तकनीकी सत्र एवं तृतीय दिवस दो तकनीकी सत्र के बाद 17 दिसंबर को पूर्वाह्न 11:30 बजे से समारोप समारोह आयोजित होगा।

समारोप सत्र की अध्यक्षता प्रो उदय प्रताप सिंह, प्रति कुलाधिपति, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति प्रो. उदय प्रताप सिंह करेंगे। जबकि मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ जी.एन. सिंह व विशिष्ट अतिथि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो. संजय सिंह होंगे।

## जाम से निजात के लिए ट्रैफिक पुलिस तैनात

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** डीएम व एसएसपी द्वारा दो दिन पूर्व बड़हलगंज में महाजाम की स्थिति अवलोकन के बाद जाम से निजात के लिए कार्रवाई शुरु हो गई हैं। इसी के मद्देनजर बड़े वाहनों को रोकने के लिए मंगलवार को पटनाघाट चौकी व सिधुआपार फोरलेन पर नो इंट्री बैरियर लगाया गया हैं। वही पटना चौराहे पर स्थाई रूप से छ की संख्या में ट्रैफिक पुलिस तैनात कर दी गई हैं। कोतवाल अंजुल कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक बड़े वाहनों की इंट्री बंद रहेगी। किन्तु इस बीच दो बजे से चार बजे तक दो घंटे तक बड़े वाहनों के लिए नो इंट्री खोली जायेगी। कोतवाल ने कहा कि पटना चौराहे पर 06 की संख्या में ट्रैफिक पुलिस तैनात कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी वाहनो को लाइन में चलना अनिवार्य हैं। दुसरी/तीसरी लाइन बनाने पर चालान कटेगा। बहरहाल विधायक राजेश त्रिपाठी के प्रयास व अधिकारियों के दौरे से बड़हलगंज में नासूर बन चुके जाम की समस्या से अब निजात मिलने की संभावना बनने लगी हैं।

# देश के विकास की अहम कुंजी है शिक्षा एवं शिक्षालय: मानुष पारिक

- छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोहा



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** उपनगर गोला स्थित वीएसएवी पीजी कालेज पर मंगलवार को कालेज के संस्थापक स्व. घनानन्द तिवारी की स्मृति में आयोजित 30 वां संस्थापक दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया।

समारोह में आगंतुकों ने मां सरस्वती एवं संस्थापक स्व.घनानन्द तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तदोपरांत कालेज के छात्र-छात्राओं ने छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत, एकल व सामुहिक नृत्य तथा नाट्य मंचन समेत एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आईपीएस सीओ कैंट मानुष पारिक ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो ज्ञान को कर्म में रूपांतरित करती है और कर्म से देश विकास के पथ पर अग्रसर होता है । ऐसे में समाज सेवा के लिए शिक्षालय बनाने में जीवन समर्पित करने वाला व्यक्ति महान होता है। विशिष्ट अतिथि अन्तरराष्ट्रीय हास्य-व्यंग कवि एवं ठिप्पड़ीकार डा दिनेश मिश्र वावरा एवं डीटीयू के प्रोफेसर दिग्विजय नाथ मौर्य ने कहा कि समाज आज भौतिकवादी होता जा रहा है और लोग भौतिकता के पीछे भागते हुए अपने सांस्कृतिक मूल्यों को भूलते जा रहे हैं जबकि वहीं प्राचीन शिक्षा व्यवस्था को तोड़ शिक्षण संस्थाएं व शिक्षक आज समाज के सभी वर्गों को शिक्षित करते हुए सभ्य समाज का निर्माण कर रहे हैं जिससे समाज में सांस्कृतिक व आत्मिक मूल्यों का विकास हो सके। इसके अलावा कार्यक्रम को डीडीयू के सह आचार्य सांख्यिकी विभाग डा राजेश पाण्डेय एवं डा सृंजय मिश्र ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्षता करते हुए सेवानिवृत्त आचार्य डा रामदरश राय,उप प्रबंधक डा अनिल तिवारी, पूर्व प्रधानाचार्य डा विजयानंद तिवारी, प्रवीण तिवारी तथा सभी अतिथितियों ने महाविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर पुरष्कृत किया। अंत में प्राचार्य डा. फूलचंद तिवारी ने सभी आगंतुकों के प्रति स्वागत भाषण के साथ आभार प्रगट किया तथा संचालन डा.चन्द्रभान मिश्र ने किया। इस अवसर पर योगेंद्र नाथ सिंह, आर बी यादव, प्रदीप सिंह, मनोज उमर, उमेश कुमार यादव, सत्यव्रत तिवारी, डा. दिलीप दूबे, संजय राय, डा. मुरारी मिश्र, सुधीर तिवारी, डा.प्रमीला दूबे, परमात्मा मिश्र, प्रेरणा शुक्ला, बेनीमाधव तिवारी, विष्णुदत्त मिश्र, कृष्णमोहन मिश्र, विन्ध्यवासिनी तिवारी आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीणों के द्वार पहुंच रहा शासन-प्रशासन: त्रिपाठी

**देवरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के तहत देवरिया विधानसभा के ग्राम मुकुंदपुर के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण मे आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ शलभ मणि त्रिपाठी देवरिया सदर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की संकल्पना विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से देश के कोने कोने में पहुंच रही है। यात्रा के माध्यम से ग्रामीणों के द्वार शासन प्रशासन पहुंच रहा है। गरीब महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन 12 करोड़ महिलाओ को दिया गया है और देश के करोड़ों गरीब लोगों को निःशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड किया जा रहा है, जिससे 5 लाख तक का इलाज निःशुल्क हो रहा है। सदर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में करोना जैसी महामारी से भारत ने अपने दम पर लड़कर जीता है। देश के करोड़ों लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपना घर दिया गया है।

# घर-घर जाएगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

- खोजेंगे कुष्ठ रोगी
- अधीक्षक और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** वर्ष 2030 तक जनपद को कुष्ठ से मुक्त करने के लिए प्रयासों की कड़ी में 21 दिसम्बर से चार जनवरी तक कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया जाएगा । इस बार का अभियान पल्स पोलियो की तरह चलेगा, जिसमें घर घर जाकर स्वास्थ्य विभाग की टीम नये कुष्ठ रोगियों को खोजेगी। इस संबंध में सभी अधीक्षक और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के धनवंतरि सभागार में बुधवार को प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय गुप्ता ने की। डॉ गुप्ता ने कहा कि नये रोगी खोजने के साथ साथ समाज में यह संदेश प्रसारित करना होगा कि कुष्ठ रोग न तो अनुवांशिक है और न ही यह पूर्व जन्म के कर्म का फल है । यह एक बीमारी है, जो बेक्टेरिया से होती है। अगर कुष्ठ की समय से पहचान हो जाए तो यह छह माह से एक वर्ष के भीतर इलाज से ठीक हो जाता है। इलाज की सुविधा ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों,बीआरडी मेडिकल कॉलेज और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर में उपलब्ध है। कुष्ठ की पहचान कर शीघ्र इलाज कर देने से मरीज दिव्यांगता और विकृति के खतरे से बच जाता है। अगर शरीर के किसी अंग में कोई सुन्न दाग या धब्बा है जिसका रंग चमड़ी के रंग से हल्का है तो यह कुष्ठ भी हो सकता है । ऐसा लक्षण दिखने पर अभियान के दौरान घर आने वाली स्वास्थ्य विभाग की टीम को सभी लोग जानकारी दें। ऐसे लोगों की जांच कराई जाएगी और कुष्ठ मिलने पर सम्पूर्ण इलाज किया जाएगा। जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ इरशाद आलम ने बताया कि कुष्ठ में सुन्न दाग धब्बों की संख्या जब पांच या पांच से कम होती है और कोई नस प्रभावित नहीं होती या केवल एक नस प्रभावित होती है तो मरीज को पासी बेसिलाई (पीबी) कुष्ठ रोगी कहते हैं जो छह माह के इलाज में ठीक हो जाता है। अगर सुन्न दाग धब्बों की संख्या छह या छह से अधिक हो और दो या दो से अधिक नसें प्रभावित हों तो ऐसे रोगी को मल्टी बेसिलाई (एमबी) कुष्ठ रोगी कहते हैं और इनका इलाज होने पर साल भर का समय लगता है । कुष्ठ रोगी को छूने और हाथ मिलाने से इस रोग का प्रसार नहीं होता। रोगी से अधिक समय तक अति निकट संपर्क में रहने पर उसके ड्रॉपलेट्स के जरिये ही बीमारी का संक्रमण हो सकता है। इस मौके पर डिप्टी सीएमओ डॉ आरपी यादव, उपेंद्र दत्त राय, मृत्युंजय उपध्याय, एमपी तिवारी आदि प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

**प्रत्येक टीम में दो सदस्य होंगे-** जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ इरशाद आलम ने बताया कि अभियान के लिए जिले में 3654 टीम बनाई जाएंगी। प्रत्येक टीम में एक पुरूष और एक आशा कार्यकर्ता होंगी। एक टीम एक दिन में 30 से 35 घरों में जाकर स्क्रीनिंग करेगी। जिले में इस समय सक्रिय कुष्ठ रोगियों की संख्या 193 है और व्यापकता दर 0.42 है । पथरदेवा सीएचसी के अधीक्षक डॉ प्रभात ने बताया कि प्रशिक्षण में संचार और स्क्रीनिंग संबंधी जो जानकारी मिली है उसे ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण के जरिये आशा कार्यकर्ता तक पहुंचाया जाएगा। ब्लॉक के प्रत्येक घर पर पहुंच कर विभागीय टीम कुष्ठ रोगी खोजेगी।

# डीएम ने बरहज स्थित गौशाला का किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज सायं बरहज स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों को ठंड से सुरक्षित रखने के संबंध में आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। साथ ही गोवंशों को चारे के रूप में विगत एक माह से दिए जा रहे साइलेज के प्रभाव का अवलोकन भी किया।

जिलाधिकारी आज शाम नगर पालिका परिषद गौरा बरहज द्वारा संचालित गोशाला पहुंचे। निरीक्षण के समय गोशाला में 210 नर एवं 26 मादा गोवंश संरक्षित मिले। जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव के संबंध में किये जा रहे इंतजाम के विषय में जानकारी प्राप्त की। ईओ गौरा बरहज चंद्र कृष्णा पांडे ने बताया कि इस बार तिरपाल के स्थान पर टीनशेड से शेल्टर को कवर किया जाएगा, जिससे शीतलहर की स्थिति में ठंडी हवा चलने से गो वंश सुरक्षित रह सकें। डीएम ने गोवंशों के लिए काऊ कोट एवं अलाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गोवंश ठंड के दुष्प्रभाव से सुरक्षित रहें, यह सुनिश्चित किया जाए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने चारे के स्टॉक के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की। बताया गया कि 210 कुंतल साइलेज तथा 30 कुंतल भूसा स्टॉक में उपलब्ध है। डीएम ने निर्देशित किया कि गोवंशों को मुख्य चारे के रूप में साइलेज ही दिया जाए। चारे के लिए नए भूसे का क्रय न किया जाए और जो भूसे का जो स्टॉक पहले से है उसे खपाया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि साइलेज विभिन्न पोषक तत्वों से परिपूर्ण है, इसके सेवन से गोवंशों के स्वास्थ्य सुधरेंगे। डीएम ने नर गोवंश एवं मादा गोवंश को अलग-अलग रखने का निर्देश देते हुए कहा कि मादा गोवंश की विशेष निगरानी कर उन्हें दुधारू गाय में परिवर्तित किया जाए और सहभागिता योजना के अंतर्गत उसे किसी कुपोषित बच्चों वाले परिवार को दिया जाए।

## सुनील सिंह को प्रांतीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर शिक्षकों ने किया जोरदार स्वागत



**खड्डा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष जितेंद्र शाही एक बार फिर उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष पद का जिम्मेदारी लेकर नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक का नए सिरे से गठन की है। साथ ही उन्होंने इस एसोसिएशन का प्रान्तीय उपाध्यक्ष सुनील सिंह को बताया जिसपर पूरे ब्लाक के शिक्षा मित्रों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री शाही ने कहा कि आप धैर्य रहे आप का मान सम्मान वर्तमान सरकार अवश्य देगी। बता दे जितेंद्र शाही मूल ब्लॉक नेबुआ है उन्हें ब्लॉक में ही एक्सीडेंट हो जाने से लंबे समय से ब्लाक कार्यकारिणी का गठन नहीं किया था। आज पूरे गर्मजोशी से संगठन का गठन किया। नौरंगिया ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामप्रवेश, सह उपाध्यक्ष ईश्वर शरण यादव, महामंत्री सत्येंद्र दुबे, कोषाध्यक्ष रामचंद्र प्रसाद तथा अनीता सिंह को नेबुआ नौरंगिया ब्लॉक के महिला प्रभारी बनाया गया। जिसपर सभी शिक्षा मित्रों ने स्वागत किया। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों से कहा कि निराश होने की बात नहीं शिक्षा मित्रों को बहुल जल्द नए साल में नया खुशखबरी मिलने वाला है। इस दौरान पूरे ब्लाक के शिक्षा मित्र मौजूद थे।

## तास के पत्ते के साथ पकड़े गए छह जुआरी



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के बौलिया गांव के पास जुआ खेल रहे छः जुआरियों को पुलिस ने दबिश देकर पकड़ लिया। इन जुआरियों के पास से पुलिस टीम ने तास के पत्ते व 62 सौ रुपए नगदी बरामद कर जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुध्द चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना कप्तानगंज पुलिस द्वारा बौलिया के पास दविश के दौरान छ अभियुक्तगण भीम साहनी पुत्र अलगु साहनी निवासी बौलिया राहुल विश्वकर्मा पुत्र सुरेश विशवकर्मा निवासी बौलिया, आनन्द वर्मा पुत्र द्वारिका वर्मा निवासी पचार, फिरोज पुत्र हबीबुल्लाह निवासी बभनौली, भवन साहनी पुत्र गोबरी साहनी निवासी कप्तानगंज दक्षिणी टोला व आनन्द विश्वकर्मा पुत्र दिनेश विश्वकर्मा निवासी पचार को गिरफ्तार कर उनके पास से जुआ के फंड का 3500 रुपया व जामातलाशी से 2700 रुपया व एक तास की गड्डी बरामद किया गया बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार, उ.नि. संदीप कुमार सिंह, सर्वेश गोड बघेल, बलवंत गोड, आलोक कुमार बबलु प्रजापति व शुभम कुमार शामिल रहे।

### ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बंधु छपरा रेलवे ट्रैक पर बुधवार को एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेलवे ट्रैक से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर बंदूक छपरा गांव के निकट रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात अधेड शख्स की ट्रेन से कटी हुई लाश दिखाई दी। इसके बाद ग्रामीण की सूचना पर पहुंची मुकामी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरिक्षक सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि अज्ञात अधेड़ शख्स की शव दिखाई दिया है। समाचार लिखे जाने तक शव का शिनाख्त नहीं हो पाया था।

## मोहम्मद वाज़िक बने क्षेत्रीय महामंत्री

**गोरखपुर।** शहर के सक्रिय समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता मोहम्मद वाजिक उर्फ शिबू खान को अखिल भारतीय पसमांदा मुस्लिम मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ इमरान अहमद सलमानी सदस्य, उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा गोरखपुर क्षेत्र का क्षेत्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया है। यह सूचना प्रदेश के उपाध्यक्ष डॉ दिलनवाज़ ने दी उन्होंने बताया कि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष जावेद मलिक जी के हाथों को मजबूत करने के लिए एवं माननीय प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास सब का प्रयास को साकार करने के लिए यह जिम्मेदारी मोहम्मद वाजिक शिबू खान को दी गई है। उनको यह जिम्मेदारी मिलने पर गोरखनाथ मंदिर के योग आचार्य सोमनाथ योगी, संगीत नाटक अकादमी के सदस्य डॉ राकेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ समाजसेवी आदिल अमीन, आदि ने फोन करके बधाई दी एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बीआरसी मुख्यालय पर विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** बुधवार को बी आर सी मुख्यालय पर विजेता खिलाड़ियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे के अतिरिक्त शिक्षा परिवार से जुड़े सभी कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नगर पंचायत घघसरा चेयरमैन प्रभाकर दुबे ने कहा कि ब्लाक के यह खिलाड़ी वाकई में सम्मन के हकदार हैं। सभी लोग अपनी प्रतिभा और लगन के बल पर जीत हासिल की है। हमारी शुभकामना है कि ब्लॉक का नाम पूरे जिले में रोशन करें खंड शिक्षा अधिकारी रजनीश द्विवेदी व प्राथमिक शिक्षा संघ के जिला उपाध्यक्ष विपिन बिहारी दुबे ने कहा कि- यदि किसी कार्य की ठान लिया जाए तो एक दिन वह हो कर रहता है। निरंतर अभ्यास से लक्ष्य अवश्य पूरा होता है। उक्त अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ भर्रोहीय के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर गोविंद राय, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रचार मंत्री महेंद्र नाथ चतुर्वेदी, वशिष्ठ त्रिपाठी ,उमेश शुक्ला, अमित राय, अनिरुद्ध त्रिपाठी, मनीराम यादव, अख्तर जमाल,अभिमन्यु, विशाल दुबे, संभू सरन दिवाकर, कुलदीप दुबे, सौरभ राज, कपिल देव यादव, हिमांशु ,कृष्ण गोपाल पांडेय समेत कई लोग मौजूद थे।

# 16 बकायेदारों का कटा विद्युत कनेक्शन, 6,12,334 था बकाया

## एक मुश्त समाधान योजना 15 दिसंबर तक बढ़ा

अवधनामा ब्यूरो



बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन कटवाती विभाग

**कुशीनगर।** एक मुश्त समाधान योजना के तहत पडरौना विद्युत उपकेंद्र पर लगे कैश काउंटर पर 92 उपभोक्ताओं द्वारा योजना का लाभ लेते हुए 12 लाख 376 रुपए जमा किए तथा योजना का प्रचार प्रसार और तगादा अभियान के तहत ओमकार वाटिका कॉलोनी में 612334 के बकाए में 16 उपभोक्ताओं की विभाग द्वारा विद्युत सप्लाई काट दी गई। इस संबंध में विद्युत उपकेंद्र पडरौना के अवर अभियंता सर्वेश दुबे ने बताया कि एक मुश्त समाधान योजना जो 8 नवंबर से प्रभावी है उसका दूसरा चरण 1 दिसंबर से शुरू हो गया है जो 15 दिसंबर तक रहेगा। जिसमें घरेलू 1 किलोवाट के उपभोक्ताओं के विद्युत बिल पर लगे सरचार्ज को पूरी तरह माफ कर दिया गया है तथा अन्य श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को भारी छूट मिलनी है। इसके बाद भी उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बिल जमा नहीं किया जा रहा जिसके कारण अब विद्युत बिल के बकायेदार उपभोक्ताओं की लाइन काटी जा रही है और बिना विद्युत बिल जमा किए लाइन जलाने पर प्राथमिक की भी दर्ज कराई जाएगी। पहली और अंतिम बार एक मुश्त समाधान योजना में विद्युत चोरी के प्रकरणों को भी शामिल किया गया है, जिसमें केवल राजस्व निर्धारण का 40 प्रतिशत और शमन शुल्क जमा करने पर विद्युत चोरी के प्रकरण को समाप्त कर दिया जाएगा। यदि एक बार में पूरे धन की व्यवस्था न हो तो किस्त बनवाकर भी योजना का लाभ लिया जा सकता है।

# पुण्यतिथि और जन्मदिन पर गोद लिये गये तीन टीबी मरीज

## डीटीओ ने जनपदवासियों से की अपील, टीबी मरीजों को गोद लेकर निक्षय मित्र के रूप में दें योगदान



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने में निक्षय मित्रों की अहम भूमिका है। निक्षय मित्र टीबी मरीज को गोद लेकर उन्हें इलाज चलने तक प्रति माह पोषक सामग्री देते हैं और उन्हें मानसिक संबल भी प्रदान करते हैं। इससे टीबी मरीज भावनात्मक तौर पर और पोषण के स्तर पर मजबूत हो जाता है और ठीक होने में मदद मिलती है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के पब्लिक प्राइवेट मिक्स (पीपीएम) समन्वयक अभय नारायण मिश्र ने पिता की पुण्यतिथि पर एक टीबी मरीज युवक को और चिकित्सक डॉ मुस्तफा खान ने अपने जन्मदिन पर एक 42 वर्षीय टीबी मरीज एवं तीन वर्षीय टीबी उपचाराधीन बच्ची को गोद लिया है। तीनों मरीजों के लिए पोषण पोटली देकर उन्हें सहयोग का आश्वासन दिया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) ने जनपदवासियों से अपील की है कि वह अपने जीवन के प्रमुख अवसरों जैसे जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, बच्चों के जन्मदिन, घर के प्रमुख व्यक्ति की पुण्यतिथि पर टीबी मरीजों को गोद लेकर निक्षय मित्र बने और टीबी मुक्ति में योगदान दें। उन्होंने बताया कि जिले में इस समय 880 निक्षय मित्रों द्वारा 2535 टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी मनोवैज्ञानिक और पोषण संबंधी सहायता की जा रही है। गोद लेने वाले निक्षय मित्र को इलाज चलने तक प्रति माह टीबी मरीज से सम्पर्क कर स्वेच्छा से फल, गुड़, चना, मूंगफली का दाना जैसी पौष्टिक सामग्री उसे देनी होती है । वह मरीज कोमानसिक संबल देने के साथ साथ पात्रता के अनुसार सामाजिक सहायता योजनाओं से जोड़ने में मदद कर सकते हैं। डॉ यादव ने बताया कि टीबी मरीज को लगातार यह विश्वास दिलाना है कि यह बीमारी ठीक हो जाती है लेकिन बीच में दवा बंद नहीं होनी चाहिए। गोद लेने के जरिये समाज में यह संदेश भी देना है कि टीबी की दवा शुरू हो जाने के तीन सप्ताह बाद इसके एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में पहुंचने की आशंका नहीं रहती है ।इस अवसर पर सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर मयंक, टीबी एचवी भरत जायसवाल, स्वतंत्र कुमार, स्वास्थ्यकर्मा अमरनाथ जायसवाल और आशा कार्यकर्ता रिंकी प्रमुख तौर पर मौजूद रहीं। पीपीएम समन्वयक अभय नारायम मिश्र ने बताया कि उनके पिता स्व दिग्विजयन नारायण की तीसरी पुण्यतिथि 09 दिसम्बर को थी। उन्होंने इस मौके पर गांव पर सम्पन्न कार्यक्रम के दौरान ही उन्होंने एक टीबी मरीज को गोद लेने का संकल्प लिया था। गांव से वापस लौटने पर पादरी बाजार के रहने वाले 36 वर्षीय टीबी मरीज के घर वह बुधवार को गये और उसे पोषण पोटली देने के साथ हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। वहीं टीबी मरीज युवक ने बताया कि इसी साल अगस्त माह में उनकी दवा शुरू हुई है। टीबी के कारण वह तीन महीने मजदूरी नहीं कर पाए और बेडरेस्ट करते रहे । बीआरडी मेडिकल कॉलेज से उनका इलाज चल रहा है । पहली बार उनके घर कोई खुद पोषक सामग्री लेकर पहुंचा तो उन्हें काफी अच्छा लगा । उनसे इलाज के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत होने पर सम्पर्क करने के लिए कहा गया है।

### टीबी की वर्तमान स्थिति

ड्रग सेंसिटिव टीबी मरीज-9102
ड्रग रेसिस्टेंट टीबी मरीज-374
कुल टीबी नोटिफिकेशन-112 प्रतिशत

### निक्षय मित्र बनने के लिए करें सम्पर्क

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि टीबी मरीजों को गोद लेकर निक्षय मित्र बनने के इच्छुक लोग जिला क्षय रोग केंद्र के हेल्पलाइन नंबर 8299807923 पर सम्पर्क कर सकते हैं। अच्छा योगदान देने वाले निक्षय मित्रों को प्रतिष्ठित मंचों पर सम्मानित भी किया जाता है।

# आराध्या व यज्ञानशी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जीता गोल्ड, विद्यालय में हुआ सम्मान

**आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी: तारा सिंह**



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विवेकानंद नगर की कक्षा छह की छात्रा आराध्या मिश्रा, कथा कथन और गणित प्रदर्श में यज्ञानशी पांडेय ने विद्या भारती की अखिल भारतीय सांस्कृतिक ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता है। विद्यालय ने चौथी बार कथा कथन में राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान पाकर गोल्ड मेडल जीता है। विद्यालय के वंदना सभा में बुधवार को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आर्य कन्या इंटर कालेज अयोध्या की प्रधानाचार्या तारा सिंह, प्रबंधक डॉ पवन कुमार सिंह व प्रधानाचार्य श्री राकेश मणि त्रिपाठी ने छात्राओं को उनके माता-पिता के साथ सम्मनित किया। साथ ही इनकी तैयारी में उल्लेखनीय योगदान देने वाले आचार्य वेद प्रकाश शर्मा व शशि द्विवेदी को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या तारा सिंह ने कहाकि आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। जिस तरह से बालिकाएं अपने आत्मबल से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल कर रही हैं। जल्द ही भारत अपनी खोई प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेगा। माता -पिता की वंदना और आज्ञापालन आपको बहुत प्रगति देगा। माता ही आपकी निर्माता हैं। जिस दिन माता पिता गुरु के आज्ञा और सम्मान करना सीख जायेगे, आप निश्चित रूप से सफल होंगे। उन्होंने कहाकि वीर सावरकर को कितनी यातनाएं झेलनी पड़ी। समय ने उन्हें भुला दिया था किंतु फिर उनके बलिदान को याद करने का दिन आ गया है। हम गांधी की अहिंसा की बदौलत ही नही मिला। न जाने कितनी माताओं ने अपने लाल, बहनों ने भाई और महिलाओं ने अपने सुहाग बलिदान किया है। हमारी संस्कृति और सभ्यता हमारी पहचान है। हम उधार की संस्कृति में जी रहे हैं इसे छोड़ना होगा। तभी हमारी पहचान बनेगी। हमें अपनी विरासत सजोना होगा। तभी आप अपने परिवार समाज और राष्ट्र को सम्मान दे सकेगें। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य राज नारायण शर्मा ने किया।

# लैंगिक उत्पीड़न के आरोप में किया गया बचाव

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने 22 जून 2023 को जिला जेल सुल्तानपुर में दो विचाराधीन कैदियों करिया उर्फ विजय पासी और मनोज रैदास की हत्या के आरोपी जेल अधीक्षक उमेश सिंह का पूर्व में लैंगिक उत्पीड़न के आरोप में भी गलत बचाव किए जाने के आरोप लगाए हैं।उन्होंने कहा है कि सीजेएम सुल्तानपुर सपना त्रिपाठी की मजिस्ट्रियल जांच से मृतकगण को किसी नशीले पदार्थ के प्रभाव में जबरदस्ती फांसी पर लटकाए जाने और जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप लगाए जाने की रिपोर्ट लगभग 10 दिन से शासन में लंबित होने के बाद भी अब तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुआ है।अमिताभ ठाकुर ने कहा कि इस घटना के बाद सुल्तानपुर से वाराणसी जेल अधीक्षक के पद पर ट्रांसफर होने पर उमेश सिंह के खिलाफ दो महिला डिप्टी जेलरों द्वारा सितंबर 2023 में सबूतों के साथ लैंगिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए गए थे।जहां लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम के अनुसार निष्पक्ष जांच हेतु उमेश सिंह का तत्काल वाराणसी से ट्रांसफर किया जाना चाहिए था।वहीं उनके इस जेल में रहते मामले की जांच कराई गई, जो कानूनन गलत है।क्योंकि आरोपी अफसर के जेल अधीक्षक रहते अधीनस्थ कर्मियों द्वारा कभी भी निष्पक्ष व सही गवाही नहीं दी जा सकती थी।इसी प्रकार जहां कानूनन जांच रिपोर्ट की एक प्रति पीड़ित कर्मियों को दी जानी चाहिए थी।वहीं जांच रिपोर्ट के प्रति भी पीड़ित कर्मियों को नहीं दी गई।अमिताभ ठाकुर ने कहा कि प्राप्त जानकारी अनुसार उमेश सिंह को शासन के उच्च स्तर पर संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण उनका लगातार विधि विरुद्ध बचाव किया जा रहा है।

# सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल के छात्र शौर्य ने बढ़ाया जिले का मान

**अंडर 17 में सी के नायडू ट्रॉफी नेशनल प्रतियोगिता में हुआ चयन**



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** 4 दिसंबर से लेकर 8 दिसंबर तक अंडर 17 एस जी एफ आई का टूर्नामेंट प्रयागराज में चल रहा था। जिसमें झांसी मंडल की टीम ने प्रतिभाग किया तथा इतिहास बनाया । 291 रन एक पारी में बनाए जिसमें सेंट्रल पब्लिक स्कूल (सीनियर सेकंडरी) स्कूल, राजपूत कॉलोनी आजादपुरा ललितपुर, के छात्र शौर्य सिंह सबसे ज्यादा रन बनाए। इस बल्लेबाज ने 65 गेंदों में 159 रिकार्ड रन बनाए । इस पारी में शौर्य ने 25 चौक एवं 06 छक्के लगाए । जिसके परिणाम स्वरूप शौर्य प्रताप सिंह पिता चन्द्र प्रकाश सिंह का चयन, ÷सी के नायडू ट्रॉफी नेशनल प्रतियोगिता÷ के लिए हुआ है । इस उपलब्धि के लिए ललितपुर के क्रिकेट एसोसिएशन एवं ललितपुर के सारी टीम और मैनेजर ने शौर्य को बधाई दी। इस कार्यक्रम में अहम भूमिका, कोच सुख साहब (राजकीय इंटर कॉलेज ललितपुर) तथा सेंट्रल पब्लिक स्कूल के कोच ब्रगभान सिंह ने अहम भूमिका निभाई । इस अवसर पर सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल के प्रबंधक/डायरेक्टर श्री डी. एस. विवेक एडवोकेट ने शौर्य सिंह के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसको ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। विद्यालय से वे सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने की घोषणा की,जो उसके उज्वल भविष्य के लिए आवश्यक हो। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टॉफ उसके स्वागत में मिठाईयां बांटकर खुशी मनाते हुए,उत्साह पूर्वक अपने छात्र शौर्य सिंह का स्वागत तथा उत्साहबर्धन किया। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहन सैनी ने संगठन की ओर से शौर्य सिंह को सीके नायडू ट्रॉफी नेशनल प्रतियोगिता के अन्डर 17 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### बैग चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार,



**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक रेलवे लखनऊ पूजा यादव के निर्देशन में ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चोरी लूट/ जहरखुरानी की घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे संजीव कुमार सिन्हा के कुशल पर्वेक्षण में व थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में थाना जीआरपी सुलतानपुर की गठित टीम द्वारा दिनांक- 13/12/2023 को थाना जीआरपी सुलतानपुर द्वारा ट्रेन नं0- 20414 महाकाल एक्सप्रेस का कोच अटेन्डेट शातिर चोर अभि0 नाम धर्मेन्द्र कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद नि0 भैरोपुर थाना कुडेभार जिला सुल्तानपुर उम्र करीब 24 वर्ष को रेलवे स्टेशन सुल्तानपुर के प्लेटफार्म नं0 01 के दक्षिणी छोर से गिरफ्तार किया गया। वादिनी मुकदमा गिरीश कुमारी जायसवाल पत्नी फूलचन्द गुप्ता निवासी पुत्र सन्निधि 777/2 सिविल लाइन -1 निकट किडजी प्री स्कूल जिला सुलतानपुर से शिनाख्त कराकर अभि0 को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

### सिंचाई विभाग में रामगंज रजबहा के सिल्ट सफाई में किया गया लंबा खेल

**सुल्तानपुर।** रामगंज राजबहा के जलभोक्ता समिति की अध्यक्ष शांति देवी द्वारा विभागीय अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अधिशासी अभियंता द्वारा अपने मनचाहे ठेकेदारों को बिना एस्टीमेट स्वीकृत कराए ही कार्य दे दिया गया। अधिशासी अभियंता द्वारा किलोमीटर 34 से किलोमीटर 65 .500 तक सिल्ट सफाई का कार्य बिना अनुबंध के दे दिया गया है।अधीक्षण अभियंता द्वारा भी मौके का निरीक्षण कर महज खानापूर्ति ही की गई। शिकायत के बाद भी कार्यवाही न होने के कारण अधिशासी अभियंता और सहायक अभियंता का मनोबल बढ़ रहा है। रामगंज रजबहा के किलोमीटर 34 से 65 .500 तक लाइनिंग /पक्का कार्य ताली में करोड़ों रुपए खर्च करके कराया गया है। उसके बावजूद भी विभाग द्वारा पैसे के बंदर बाट की नीयत से सिल्ट सफाई का कार्य कराया गया।

# सीडीओ ने विद्यालय व पेयजल परियोजना का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**समूह की महिलाओं के कार्यों का भी लिया जायजा**

**बहराइच।** विकास खण्ड बलहा में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. द्वारा निर्देश दिये गये कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गॉवों में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाय जिससे अधिक से अधिक लोग सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सके। साथ ही समूह की महिलाओं को सभी आवश्यक रजिस्टर के रख रखाव हेतु भी निर्देशित किया। बैठक के दौरान खण्ड विकास अधिकारी बलहा संदीप त्रिपाठी, सहायक विकास अधिकारी (आई.एस.बी.) भी मौजूद रहे।



इसके उपरान्त सीडीओ द्वारा विकास खण्ड बलहा के प्राथमिक विद्यालय सलारपुर का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में शिक्षक उपस्थित पाये गये परन्तु विद्यालय परिसर में समुचित साफ-सफाई न पाये जाने पर सीडीओ कड़ी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए शिक्षण स्टाफ को निर्देश दिये गये कि विद्यालय भवन व परिसर की समुचित साफ-सफाई करायें। साथ ही प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि अभिभावकों को प्रेरित करें कि बच्चों को निर्धारित यूनिफार्म में विद्यालय भेजे। साथ ही बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार एमडीएम का भोजन व अन्य सुविधाएं बच्चों को उपलब्ध कराये और रसोई घर की समुचित साफ-सफाई रखी जाय। खण्ड विकास अधिकारी बलहा श्री त्रिपाठी को निर्देश दिये गये कि मिशन कायाकल्प के अवशेष कार्यो को पूर्ण कर अवगत कराये। इसके पश्चात् ब्लाक के ग्राम लगदीहा में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल परियोजना का निरीक्षण के दौरान सहायक अभियन्ता डी.बार.डी.ए., जल निगम विभाग एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि परियोजना का कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किया जाय। परियोजना के निर्माण कार्य में गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर कार्रवायी की जायेगी। परियोजना के तहत पाईप लाइन डालते समय इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाय कि जल की गुणवत्ता किसी प्रकार प्रभावित न होने पाये।

## युवक की पीट पीट कर हत्या

**सुल्तानपुर।** थाना देहात कोतवाली क्षेत्र के सोनबरसा में युवक की लाठी डंडो से पीट पीट कर हत्या कर दी गई। घटना के पीछे खेत का मेड काटने का विवाद बताया जा रहा है। कोतवाल श्यामसुंदर ने बताया कि पानी सींचने के विवाद में एक पक्ष हमलावर हो गया। मौके पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जा रही है। देहात कोतवाली क्षेत्र के सोनबरसा में युवक की लाठी डंडो से पीट पीट कर हत्या कर दी गई।सूचना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मंगलवार की सुबह हुई दुस्साहसिक वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है।

## वित्तविहीन शिक्षक सम्मान योजना शुभारंभ करे सरकार

**ललितपुर।** झांसी प्रयागराज क्षेत्र के शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी जनपद ललितपुर में भ्रमण के समय नेहरू महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में क्षेत्रीय युवाओं को संबोधित किया। नालंदा डिजिटल लाइब्रेरी में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड के युवाओं को क्षेत्रीय आरक्षण न मिलने से सरकारी नौकरियों में उचित अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। आज आवश्यकता है कि प्रत्येक प्रकार की सरकारी नौकरियों में उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना जैसे क्षेत्रों के विशिष्ट कोटे के साथ-साथ बुंदेलखंड का कोटा भी प्रारंभ किया जाना चाहिए।

# ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** युवा कल्याण एवं प्रा.वि.द. विभाग के तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय विकास खण्ड-महरौनी में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण स्टेडियम गुढ़ा में आयोजित की गयी। जिसका शुभारम्भ ग्राम पंचायत प्रधान गुढा बब्बू राजा द्वारा किया गया। जिसमें कई ग्रामों के युवक एवं युवतियों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस कार्यक्रम में एथलेक्टिस, लम्बीकूद, ऊंची कूद, कबड्डी, बॉलीबाल आदि खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बालक सीनियर वर्ग में 100 मी.दौड़ में प्रथम-राजेन्द्र सिंह, 200 मी.दौड में प्रथम-अजीत कुमार, 400 मी. प्रथम-सोनू प्रजापति प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में कबड्डी में राजवीर राजा की टीम विजेता रही। उपविजेता मनीष की टीम रही इत्यादि खेल कराये गये है। बालक सब जूनियर वर्ग में 100 मी. दौड़ में प्रथम-अजीत, 200 मी. दौड़ में प्रथम-राजेन्द्र, 400 मी. प्रथम-राघवेन्द्र प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में डिसकस थ्रो प्रथम-राजवीर राजा, द्वितीय-अरविन्द्र, गोला फेक प्रथम-राजवीर राजा इत्यादि खेल कराये गये है। इसी प्रकार बालक जूनियर वर्ग में 100 मी. दौड में प्रथम-अजीत, 200 मी. दौड में प्रथम-सौरभ, 400 मी. प्रथम-सौरभ प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में लम्बी कूद प्रथम-अंकित, द्वितीय-राजेश एवं तृतीय स्थान पर हरीश रहे। बॉलीबाल विजेता पवन कुमार की टीम रही, उपविजेता राजवीर राजा की टीम रही, एवं उपरोक्त खेलों के अलावा इत्यादि खेल भी कराये गये। जिसमें बालिका सीनियर वर्ग में 100 मी. दौड में प्रथम-उर्मिला, 200 मी. दौड में प्रथम-रूबीना, 400 मी. प्रथम-उर्मिला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, बालिका वर्ग में रही कबड्डी में अर्चना साहू की टीम विजेता रही। उपविजेता सीमा की टीम रही इत्यादि खेल कराये गये। बालिका सब जूनियर वर्ग में 100 मी. दौड़ में प्रथम-राजाबेटी, 200 मी. दौड में प्रथम-वन्दना, 400 मी. प्रथम-सीमा प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में डिसकस थ्रो प्रथम-नीलम, द्वितीय-रजनी, गोला फेक प्रथम-नेहा राजा रही के साथ इत्यादि खेल कराये गये है।




# सांसद निधि से मंजूर फोर लेन सड़क का हुआ शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** शहर के गोलाघाट से टेढुई के बीच 2.71 किमी सड़क चौड़ीकरण की सांसद मेनका गांधी ने जिलेवासियों को सौगात दी।अपने कार्यकाल में पूर्व केंद्रीय,सांसद मंत्री मेनका गांधी द्वारा अपने लोकसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा दिया है।बीते काफी दिनों से उक्त प्रमुख सड़क के चौड़ीकरण करने की मांग होती रही है। बुधवार को सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह व ए एल सी शालेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में 67 करोड़ की योजना के शिलापट का बटन दबाकर सांसद ने अनावरण किया।सांसद मेनका गांधी ने पीडब्ल्यूडी एक्सईएन संतोषमणि को हिदायत दिया कि प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर हरे पेड़ों को बिना काटे ही चौड़ीकरण किया जाय। पर्यावरण प्रेमी सांसद ने इंजीनियरों को पौधों को बचाने की सख्त हिदायत दी है। सहयोग के लिए सांसद मेनका गांधी ने विधायक विनोद सिंह और एमएलसी शैलेंद्र सिंह का मंच से आभार जताया।जनपद सुल्तानपुर व अमेठी से दशकों से एम एल सी के पद पर काबिज शैलेंद्र प्रताप सिंह की विधायक निधि का कोई भी विकास कार्य आज तक नही दिख सका है। उनकी निधि कमीशन खोरी की भेंट चढ़ती रहीं है। उक्त बहुप्रतीक्षित सड़क के शिलान्यास के अवसर पर नागरिकों ने तालियां बजाकर सांसद का अभिवादन किया।

## धूमधाम से मनाया गया समर्पण दिवस

**ललितपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय का दिव्य समर्पण अलौकिक निशा बहन जो बहुत ही हर्षोल्लास के साथ हजारों लोगों के साक्षी बनी। मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश जोन की प्रभारी दीदी अवधेशानंद के परम सानिध्य में भगवान शिव को समर्पित करते हुए बहन निशा शिव की सजनिया बनी। इससे पूर्व बग्गी में सभी बहने गाजे बाजे के साथ वरदानी भवन से जुलूस के रूप में शहर की परिक्रमा करते हुये शहर में जगह-जगह इस अलौकिक समर्पण कार्यक्रम का स्वागत हुआ। पुष्प बरसाए गए। इसके ठीक बाद सभी बहने स्थानीय एक मैरिज गार्डन में पहुंची। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए बाहर से आई सभी बहनों का एवं अतिथियों का चुनरी उढ़ा कर सम्मान, स्वागत अभिनंदन किया गया। स्वागत नृत्य करते हुए झूम-झूम काली शुभ स्वागतम गीत पर एक बहन ने सुंदर नृत्य किया, जिसे सभी आगुंतक ने बालिका का उत्साह वर्द्धन किया। वरदानी भवन की सेवा कर रही बी.के.चित्ररेखा दीदी ने सभी बहनों का परिचय कराते हुये सभी का अभिवादन किया। सीहोर से शैलजा दीदी ने समर्पण का रहस्य बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री मनोहर लाल उपस्थित रहे। उन्होंने गीता के श्लोक पढ़कर संबोधित किया। राजयोगिनी शैलजा बहन ने कहा कि समर्पण अर्थात अपनी बुद्धि, मैं पन का समर्पण प्रभु पर करना है। जिसके उदाहरण स्वरूप उन्होंने राधे-कृष्ण का दृष्टांत सुनाया कि एक बार राधे जी ने कृष्ण से पूछा कि मैं आपको इतना प्रेम करती हूं लेकिन ऐसा इस बांसुरी में क्या है। जो यह मुझसे भी ज्यादा आपके समीप रहती है। तब कृष्ण मुस्कुराकर बोले कि बांसुरी का वर्तमान स्वरूप इतना सुंदर सुखदाई है कि कभी भी इसको देखकर इसके पिछले स्वरूप की स्मृति नहीं आती।

# काशी गुरु श्री सम्मान से सम्मानित होंगे ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए काशी गुरु श्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें काशी साहित्यिक संस्थान द्वारा वाराणसी के ऐतिहासिक पराड़कर भवन में सोलह दिसंबर को आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ सुनीता चौधरी ने पत्र भेजकर सम्मान की जानकारी दी है। उल्लेखनीय है कि ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि साहित्य, शिक्षा, समाजसेवा व पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में दर्जन भर से अधिक सम्मान पा चुके हैं। वे पिछले एक दशक से जनपद में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने में जुटे हैं। अपने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच पुस्तकों को लोकप्रिय बनाने में लगे ज्ञानेन्द्र जनपद के अन्य नागरिकों को भी पुस्तकों से लगातार जोड़ते रहते हैं। पिछले कई वर्षों से जनपद के विभिन्न मंचों पर नई पुस्तकों के विमोचन,समीक्षा , पुस्तक चर्चा आदि कार्यक्रमों को आयोजित कर ज्ञानेन्द्र ने पुस्तकों के प्रचार में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। यही नहीं यह ज्ञानेन्द्र के प्रयास का ही फल था कि पुस्तकों से दूरी बनने के माहौल में भी जनपद में सफल पुस्तक मेलों का आयोजन हुआ।

## नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म करने वाला पिता पुलिस हिरासत में

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्रांतर्गत शहर के एक मोहल्ले में रहने वाली नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म करने का घिनौना मामला प्रकाश में आया था। इस मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये देर रात आरोपित पिता को हिरासत में ले लिया है। गौरतलब है कि विगत दिवस शहर की रहने वाली एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया था कि जब वह मजदूरी करने के लिए अपने पुत्र के साथ इन्दौर गयी हुयी थी। इसी बीच उसकी नाबालिग पुत्री के साथ पिता द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता ने बताया कि उसकी पुत्री ने मामले की जानकारी जब उसे दी तो वह तत्काल ललितपुर पहुंची और उसने पुत्री के साथ कोतवाली पहुंच कर शिकायत दर्ज करायी। महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने धारा 376 (3) व 323 और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं पीड़ित नाबालिक को चिकित्सीय उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने मामले में जांच करते हुये आरोपित को हिरासत में ले लिया।

# जन जन को जागरूक करने में आपकी भूमिका होगी सबसे महत्वपूर्ण: राजकिशोर

**कल्पीपारा में संपन्न हुआ भारत स्काउट गाइड का दीक्षांत**

अवधनामा संवाददाता





**बहराइच।** जनपद के विकास खण्ड चित्तौरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय कल्पीपारा में भारत स्काउट गाइड अंतर्गत तीन दिवसीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का आज दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर रहे इस दौरान अलग अलग आठ टोलियों द्वारा अपने अपने कैम्प लगाए गए बैज अलंकरण करके स्काउट गाइड का सोपान कर चुके बच्चो को शपथ दिलाई गई। कल्पीपारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में भारत स्काउट गाइड अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय सोपान प्रशिक्षण शिविर के दीक्षांत समारोह के अवसर पर बच्चो की आठ टोलियों द्वारा अलग अलग कैम्पों को लगाया जिसके जिसके द्वार पर खड़े होकर टोली नायकों ने मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर के सम्मान में स्वागत गीतों को गाकर अपनी प्रतिभाओं की जानकारी दी जिसके उपरांत सभी बच्चों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आज आप सभी को ये भी प्रण लेना होगा की आप लोग अपने घर परिवार के साथ साथ ग्रामसभा के सभी लोगो को जागरूक किये जाने का वादा करते हुए शिक्षा के महत्व को जन जन तक पहुंचाना होगा लोगो को उनके अधिकार के प्रति जागरूक करते हुए लोगो को देश और प्रदेश के प्रति समर्पित जीवन जीने की भावना को जगाना होगा तभी हमारा जिला प्रदेश और देश आत्मनिर्भर बन जायेगा।इस अवसर पर जिला संगठन कमिश्नर गाइड सायमा पीटीआई चित्तौरा मोहम्मद कलीम जिला काउंसलर सुहेल अहमद रज़ा शफीक अध्यक्ष प्रबंध समिति वकार अहमद प्रधान अध्यापिका समर फिरदौस रमा पाण्डेय उजरा शाहीन रीता देवी सहित अन्य लोग मौजूद रहे

# हज यात्रा: स्थापित किया गया फैसिलीटेशन सेन्टर

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, विधानसभा मार्ग, लखनऊ द्वारा बताया गया कि हज यात्रा 2024 के लिये ऑनलाइन हज आवेदन पत्र की सुविधा प्रारम्भ हो गयी है। हज यात्रा हेतु ऑनलाइन आवेदन 04 से 20 दिसम्बर 2023 तक भरे जाएगें। जिले से आवेदन करने वाले यात्रियों को ऑनलाइन आवेदन करने एवं प्रपत्रों को अपलोड कराये जाने की सुविधा उपलब्ध कराने के लियेहज फैसिलीटेशन सेन्टर खोले गये है, जनपद ललितपुर में हज फैसिलीटेशन सेन्टर की सुविधा मस्जिद कदीम, जिला अस्पताल के पास के परिसर में स्थापित किया गया है। हाजी मौलाना इब्राहीम इसके देख-रेख करेंगे और हज यात्रा के लिये आवेदन करने वाले लोगो को आवश्यक सुविधायें उपलब्ध करायेंगे। हज आवेदन भरने के पूर्व प्रत्येक आवेदन को हज यात्रा के दिशा-निर्देशों को भली-भाती पड़ लेना चाहिए तथा यात्रा के लिये अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट भी जारी करा लेनी चाहिए, जिसकी वैधता 31 जनवरी 2025 होनी चाहिए। हज सत्र 2024 के ऑनलाइन आवेदन हज कमेटी ऑफ इण्डिया की बेवसाइड व मोबाइल एप हज सुविधा पर भी भरे जा सकते है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार बघेल के द्वारा अवगत कराया गया कि हज यात्रा 2024 में एक परिवार से अधिकतम पांच व न्यूनतम एक व्यस्क तथा दो बच्चे आवेदन कर सकते है। 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले समूह में केवल चार व्यस्क आवेदन कर सकते है। बिना महरम श्रेणी की महिलाएं जिनकी आयु आवेदन के समय 45 वर्ष से कम ना हो, वह महिलाएं अकेले अथवा अधिकतम पांच के ग्रुप में आवेदन कर सकती है। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदन पत्र का प्रिन्ट आउट डाउनलोड करना होगा, जिस पर आवेदक, नोमिनी व महरम के हस्ताक्षर होंगे। आवेदकों के न्यूनतम एवं अधिकतम आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना सं.: यौं/246/1/15/23-24/ओटी–32

मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये निविदा पत्र में अंकित योग्यता मापदंडो के अनुसार ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

**क्रम सं.-1,** कार्य का संक्षिप्त विवरण: यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर में 01 वर्ष के लिये 1600 एचपी डेमू पावर कार के 10 नग ट्रैक्शन अल्टरनेटर (मेसर्स मेधा मेक) की छोटी मरम्मत / सर्विसिंग / सफाई / ओवरहालिंग का कार्य कराया जाना (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार)। अनुमानित मूल्य (रू. में): ₹ 61,47,405/- (रूपये इकसठ लाख सैंतालिस हजार चार सौ पांच मात्र), बिड सिक्योरिटी (रू.में):₹1,23,000/-(रूपये एस लाख तेइस हजार मात्र), निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.): शून्य, कार्य अवधि: 01 वर्ष। निविदा खुलने की तिथि व समय: 03-01-2024, 15:30 बजे।

**नोट :–** (1) उपरोक्त ई–निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित दिनांक 11-12-2023 को समय 17:00 बजे से वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर टेंडर खुलने की तिथि 03-01-2024 को 15:00 बजे तक उपलब्ध है। (2) उपरोक्त निविदा में ई–बिड के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेंडरों को चाहिये कि वो अपने आपको IT Act 2000 के अंतर्गत CCA द्वारा जारी क्लास–III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित ऑनलाइन दर्ज करने पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जायेगा। (4) ई–निविदा हेतु बिड सिक्योरिटी का भुगतान निविदा प्रपत्र के अनुसार स्वीकार की जायेगी।

उपमुयौंइं/प्लांट, यांत्रिक कारखाना,
मुजाधि/यॉंत्रिक–103 इज्जतनगर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# जिला अस्पताल में नहीं है दिल का डॉक्टर

- सर्दी में बढ़ रहे हृदय रोगी




**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** किसी भी क्षेत्र में यदि मूलभूत सिविधाओं का अभाव है तो वह क्षेत्र अतिपिछड़ा ही कहा जाएगा मूल भूत सुविधाओं में सब से महत्वपूर्ण होती है स्वास्थ सुविधा जिस से जनपद हमीरपुर सदैव सदैव से ही जूझ रहा है जिला अस्पताल में दल जैसे महत्वपूर्ण अंग का कोई डाक्टर नही है। जिला अस्पताल में दिल के मरीजों का कोई इलाज नहीं है। सर्दी के कारण इस समय हृदय की बीमारी के मरीजों की संख्या में काफी ज्यादा हो रही है। जिस वजह से अस्पताल में ऐसे मरीजों की भीड़ लग रही है। लेकिन डाक्टर न होने के कारण उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद कानपुर रेफर कर दिया जाता है। जिससे समय के साथ-साथ आर्थिक परेशानी से भी उन्हें सामना करना पड़ रहा है। हमीरपुर जिला अस्पताल में वर्षो से दिल का डॉक्टर नहीं है। सर्दी के मौसम में सबसे ज्यादा यहां के लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे मरीजों के लिए जिला अस्पताल में किसी भी प्रकार की व्यवस्था न होने के कारण उन्हें कानपुर की दौड़ लगानी पड़ती है। लिहाजा कई मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं। कई बार शासन को भी इस संबंध में पत्राचार किया गया है।लेकिन आज तक जिला अस्पताल में दिल के डॉक्टर की कुर्सी में कोई नहीं बैठा। मौजूदा समय में सर्दी शुरू होते ही दिल के मरीजों की संख्या अस्पताल में बढ़ने लगती है और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कानपुर रेफर किया जाता है।

### शासन को कई बार पत्र भी लिखा गया है, सीएमएस

सीएमएस डॉ.एसपी गुप्ता ने बताया कि डॉक्टर न होने के कारण मरीजों को डॉक्टर कानपुर रिफर करना पड़ता है कई बार पत्र भी लिखा गया। ऐसे मरीजों को फिजिशियन डॉ.आरएस प्रजापति के द्वारा देखा जा रहा है और जो गंभीर होते हैं उन्हें कानपुर या दूसरे जनपद के लिए रेफर किया जाता है।

## एनसीसी कैडेट को तीन युवकों को दबोचा, छेड़छाड

**बांदा।** बीए की छात्रा और एनसीसी कैडेट बुधवार की सुबह मॉर्निंग वाक को निकली थी। रास्ते में तीन युवकों ने उसे दबोच लिया और छेड़छाड़ की। छात्रा ने विरोध किया तो आरोपी युवक मौके से भाग निकले। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुये कार्यवाही की मांग की है।

मामला मटौंध थाना क्षेत्र के एक गांव का है। वहां रहने वाली 18 वर्षीय बीए की छात्रा व एनसीसी कैडेट रोज की तरह बुधवार को तड़के मॉर्निंग वाक के लिए निकली थी। इसी दौरान बीच रास्ते में तीन युवकों ने उसे रोक लिया और छेड़छाड़ की। एनसीसी कैडेट ने इसका विरोध किया तो आरोपी युवक मौके से भाग निकले। छात्रा वापस अपने घर पहुंची और परिजनों को जानकारी दी।

# हिण्डाल्को कॉलोनी में नुक्कड़ नाटक व स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन




**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को प्रबंधन द्वारा संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों तथा रेणुकूट वासियों को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 8 से 14 दिसंबर 2023 तक उर्जा संरक्षण सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 एवं निर्मला कान्वेन्ट स्कूल के बच्चों को उर्जा संरक्षण के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से ऊर्जा बचाओ विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती ऋतु भारद्वाज एवं सिस्टर एलिना का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को ऊर्जा संरक्षण के विषय में जागरूक किया गया व ऊर्जा संबंधी प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया व बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में कॉलोनी परिसर में नगरवासियों के बीच जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन विभिन्न स्थानों पर किया गया। स्मेल्टर प्लांट हेड श्री जेपी नायक के नेतृत्व में ऊर्जा विभाग के विवेक अग्रवाल, राजीव सिंह एवं रजनीश सिंह ने पेंटिंग प्रतियोगिता तथा नुक्कड़ नाटक को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## रोडवेज बस ने आटो में मारी टक्कर, चालक की मौत

**बांदा।** खाली आटो लेकर घर जाते समय मंगलवार की शाम सामने से आ रही रोडवेज बस ने आटो में टक्कर मार दी। इस हादसे में आटो चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिवारीजनों में कोहराम मच गया।

गिरवां थाना क्षेत्र के तिंदुही रहूसत निवासी धर्मराज (22) पुत्र नत्थू आटो चलाने का काम करता था। मंगलवार की शाम को खाली आटो लेकर अपने घर जा रहा था, तभी अनथुवा रोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने आटो में टक्कर मार दी। सड़क हादसे में आटो चालक धर्मराज गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा मे भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान धर्मराज की मौत हो गयी। मालूम हो कि धर्मराज अपने पिता का इकलौता पुत्र था। उसके 6 बहने हैं। अचानक हुई इस घटना से पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता खेती किसानी करके परिवार का भरण-पोषण करते हैं।

## युवती ने जहर खाया, भर्ती

**बांदा।** शहर के कटरा मोहल्ला निवासी पूजा (28) पत्नी शनि ने मंगलवार की रात को अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हो सकी। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# चीनी मिल की संचय क्षमता बढ़ाने हेतु नोटिस जारी किया जाए

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद की चीनी मिलों द्वारा विगत तीन वर्षो में गन्ने से उत्पादित वगास का विवरण। 3 वर्षो में कितने कुंटल गन्ने की पराई तथा गन्ने से कितने कुंटल सिरे का उत्पादन किया गया। उन्होंने शीरे के उत्पादन, संभरण, अवशेष का विवरण की भी जानकारी ली। जिला आबकारी अधिकारी उदय प्रकाश ने जनपद के विभिन्न चीनी मिलों द्वारा विगत 3 वर्षो में किए गए शीरे के उत्पादन, संभरण, अवशेष तथा गाने की पेराई से शीरे के उत्पादन, चीनी मिलों के संचय क्षमता, टैंकवार विवरण, आदि के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने आबकारी विभाग द्वारा की गई परवर्तन कार्यवाही के संबंध में भी जिलाधिकारी को जानकारी दी। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि चीनी मिल की संचय क्षमता बढ़ाने हेतु नोटिस जारी किया जाए। शीरे की निकासी डिजिलॉक व जीपीएस युक्त वाहनों द्वारा ही की जाए। साथ ही जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग के सभी अधिकारियों को सघन चेकिंग कर परवर्तन कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नियमित रूप से दुर्घटना होने तथा दुर्घटना के कारण लोगों की मृत्यु होने की घटनाएं घटित हो रही हैं। अतः इन्हें रोकने हेतु हर संभव प्रयास किया जाए। बैठक को केवल खानापूर्ति ना बनाया जाए। आबादी क्षेत्र/ ब्लैक स्पॉट पर वाहनों की गति कम करने हेतु सभी जरूरी संकेतक यथा कैट आई, रिफ्लेक्टर, रिपीटेड बार आदि लगवाए जाएं।उन्होंने कहा कि वर्तमान ठंड / कोहरे आदि के दृष्टिगत दुर्घटना होने की संभावनाएं बढ़ जाती है अतः इन्हें रोकने हेतु हर संभव प्रयास करें। कहा कि दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने हेतु जागरूक किया जाए तथा समझाने के बावजूद भी हेलमेट न लगाने वालों पर प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाए। कहा कि जनपद की मुख्य सड़कों के आबादी भागों में ,चौराहों पर सड़कों पर प्रकाश की व्यवस्था की जाए। आबादी क्षेत्र में ,तीव्र मोड़ो पर रिफ्लेक्टर एवं अन्य सुरक्षात्मक उपकरण लगाए जाए।गोल्डन आवर में पीएनसी द्वारा एंबुलेंस की



उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। सड़कों पर से अवैध अतिक्रमण/ अवैध पार्किंग हटाए जाने हेतु नियमित रूप से प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूलों में छात्र छात्राओं को लाने - ले जाने वाले विद्यालय द्वारा अनुबंधित वाहन नियमानुसार पूर्णतया फिट होना चाहिए तथा उसमे सभी वैध प्रपत्र होने चाहिए। अनफिट/गैर मानक वाले वाहन किसी भी दशा में सड़को पर नहीं चलने चाहिए। कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थलों/हॉट स्पॉट का चिन्हांकन कर वहां पर जरूरी यातायात संकेतक, साइन बोर्ड आदि लगवाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग सड़क सुरक्षा हेतु अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें तथा दुर्घटना पूर्व ,दुर्घटना होने पर तथा दुर्घटना पश्चात उससे निपटने की कार्ययोजना तैयार कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि ओवरलोड वाहनों तथा अनफिट वाहनों पर लगातार प्रवर्तनीय कार्रवाई की जाय। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सभी विभागों द्वारा समेकित प्रयास किए जाएं। बड़ी संख्या में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, एआरटीओ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# पेनाल्टी कार्नर का फायदा नहीं उठा सकी हैदराबाद, झांसी 5-2 से विजयी

- यूपी पुलिस ने 3-1 से दर्ज की जीत

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के रहमानिया खेल ग्राउंड में चल रहे खेल महोत्सव के अंतिम चरण में आयोजित किए जा रहे अखिल भारतीय हाकी टूर्नामेंट का तीसरा मैंच बुधवार को झांसी और हैदराबाद के बीच खेला गया।जिसमें शुरुआत से ही झांसी ने पहले मिनट में ही मिले दो पेनल्टी कार्नर में दूसरे का फायदा उठाकर पहला गोल कर दिया और मैच के पहले ही मिनट में 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद डेक्कन हैदराबाद को लगातार दस पेनाल्टी कार्नर मिले लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा सके और झांसी ने पांच दो से मैच जीत लिया।वहीं दूसरे मुकाबले में यूपी पुलिस ने करमपुर की टीम को 3-1 हरा कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया जिसमें यूपी पुलिस के अंकित को मैन आफ द मैच चुना गया। इसी दौरान हाफ टाइम के पहले झांसी ने शानदार तालमेल दिखाते हुए दूसरा गोल कर न केवल निर्णायक बढ़त हासिल कर ली बल्कि मैंच में अपने इरादे जाहिर कर दिए। इसी दौरान झांसी को मिले सटोक का झांसी ने फायदा उठाते हुए गोल में बदलकर अपनी बढत को 3-0 कर लिया और अब मैंच मात्र औपचारिकता रह गया था। लेकिन इसी दौरान हैदराबाद की ओर से शानदार फील्ड गोल कर मैंच में रोमांच पैदा कर दिया। इसी दौरान हैदराबाद ने दूसरा गोल कर मैंच में वापसी के संकेत दे दिए।इसी दौरान झांसी ने पांचवा गोल दागकर मैंच 5-2 से जीत लिया, मैंच में शानदार प्रदर्शन करने के लिए झांसी के सुशील को मैन आफ द मैंच घोषित किया गया। वहीं दूसरा मैंच कस्बे सहित क्षेत्र की फेवरेट बन चुकी मेघबरन सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी करमपुर और यूपी पुलिस के बीच खेला गया जिसमें मैंच के कुछ ही मिनट बाद करमपुर ने पहला गोल कर बता दिया कि वह इस ग्राउंड की एक बार की विजेता और एक बार की उपविजेता ऐसे नहीं बनी है।उसके बाद यूपी पुलिस को दो मिनट में लगातार तीन पेनल्टी कार्नर मिले लेकिन वह करमपुर के मजबूत किले को नहीं भेद सकी।वहीं मैच के चौथे क्वार्टर यानी दूसरे हाफ के आखिर में यूपी पुलिस ने एक के बाद एक दो गोल कर मैंच में रोमांच पैदा करने के साथ ही मैंच में निर्णायक बढ़त हासिल कर ली।और मैंच के आखिरी क्षणों में यूपी पुलिस ने एक गोल और कर मैंच 3-1 से जीत लिया।मैंच में शानदार प्रदर्शन करने के लिए यूपी पुलिस के अंकित को मैन आफ द मैच चुना गया।

## ग्यारह महीने पहले हुई घटना का मामला दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** लगभग ग्यारह महीने पहले शौच करने गई महिला से छेड़छाड़ और गुप्तांग में हाथ लगाने के मामले में पुलिस ने दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि जनवरी के आखिर में वह अपनी सहेलियों के साथ शौच करने खेतों में गई थी तभी गांव के कुलदीप ने उसे पकड़ लिया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा लगा इतना ही नहीं महिला ने बताया कि उक्त कुलदीप ने उसकी साड़ी उठाकर उसके गुप्तांग में भी हाथ डाल दिया था लेकिन दूसरी महिलाओं द्वारा शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर चला गया और तब से लगातार धमकी दे रहा है जिसके डर से महिला खेतों में भी नहीं जा पा रही है।महिला ने बताया कि उसने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी लेकिन कार्यवाही नहीं हुई तब जाकर न्यायालय की शरण लेना पड़ी पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 160 परिषदीय विद्यालयों के अध्यापकों का रोका वेतन

- जनपद के 160 विद्यालयों के अध्यापकों से जवाब तलब

**अवधानामा ब्यूरो**

**हमीरपुर।** बेसिक शिक्षा के नवंबर माह की जांच में 50 प्रतिशत से कम छात्र-छात्राओं की उपस्थिति होने की वजह से 160 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोका गया। यह कार्रवाई शासन के निर्देश पर हुई। अध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह ने बताया कि स्कूलों में आईवीआरएस काल प्रतिदिन आती है। जिसमें विद्यार्थियों की उपस्थिति व एमडीएम की रिपोर्ट विद्यालय के प्रधानाध्यापक से ली जाती है। नवंबर माह में छात्र संख्या सत्यापन में जिले के 160 विद्यालय ऐसे पाए गए हैं जिसमें 50त्न से भी कम छात्र संख्या है। इस आधार पर शिक्षकों के प्रति कार्यवाही की गई। जबकि शासन के आदेश है कि सभी विद्यालयों में छात्र संख्या शत-शत होनी चाहिए। ताकि निपुण भारत कार्यक्रम को पूरी तरह सफल बनाया जा सके। एमडीएम को लेकर भी सजक किया जाता है। शिक्षा अधिकारी ने बताया कि गैर हाजिर में सबसे ज्यादा खराब स्थिति कुरारा ब्लाक के स्कूलों की है। शिक्षकों का वेतन रोके जाने से जिले में हलचल मच गई है। वहीं शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को बताया कि जिले में ज्यादातर विद्यालयों के छात्र अपने अभिभावकों के साथ गैर जिले में ईट भट्टे में काम करने जाते हैं। कुछ छात्र दो-दो विद्यालयों में नाम लिखवाये हुए हैं। उपस्थिति कम हो जाती है। अधिकारियों का कहना है कि शिक्षक की जिम्मेदारी है कि वह किसी तरह बच्चों को स्कूल के लिए प्रेरित करें।

## सड़क हादसे में वृद्ध किसान की मौत

**हमीरपुर।** फसल की रखवाली के लिए खेत में जा रहे किसान को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किसान की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार युवक भी सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर किसान के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

चिकासी निवासी 70 वर्षीय किसान सुंदरलाल घर से खेतों में फसल की रखवाली के लिए पैदल जा रहा था। रास्ते में जिगनी गांव के निवासी शराब के नशे में धुत बाइक सवार युवक ने खेत जा रहे किसान सुंदर लाल को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे किसान सुंदर लाल की मौत हो गई और बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# स्वच्छता को लेकर हमारी आपकी भी हो विशेष भागीदारीः भूपेश

- सफाई नायक ही हमारे असली योद्धा जिनका करें हम सम्मानः रूबी
- सभी वार्डो में सभासद सहित ब्रांड एंबेसडर के साथ चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा



**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** बुधवार को शासन के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद सोनभद्र के प्रत्येक वार्ड में ''स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति'' की सक्रियता सुनिश्चित कराने हेतु ''स्वच्छता जन जागृति दिवस'' एवं ''स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति'' के सदस्यों को पूर्ण रूप से सक्रिय करने के उददेश्य से को आर.टी.एस. क्लब रावर्ट्सगंज सोनभद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता रूबी प्रसाद, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष द्वारा स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताते हुए नगर के प्रत्येक वार्ड को स्वच्छ रखना, वार्ड के प्रत्येक हाउसहोल्ड द्वारा घर में कूड़े का अलग-अलग (सेग्रिगेशन) किये जाने हेतु प्रोत्साहित करना, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था की देख-रेख करना, वार्ड में सड़क, गली नाले व नाली की पूर्ण सफाई अपनी देख-रेख में करवाना और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए स्वच्छता के महत्व व उपायों को वार्ड के प्रत्येक निवासरत नागरिक तक पहुंचाना। इस प्रकार के समस्त कार्यो में वार्ड के निवासियों की भागीदारी को प्रोत्सहित करना तथा प्रधानमंत्री , भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार द्वारा किये जा रहे जनहित के कार्यो के बारे में विस्तार से बताया गया जिस पर उपस्थित लोगों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुये अध्यक्ष को धन्यवाद दिया गया। उक्त कार्यक्रम में भूपेश चौबे सदर विधायक सोनभद्र एवं ओमप्रकाश ब्रान्ड एंबेसडर स्वच्छ भारत मिशन सोनभद्र द्वारा उपस्थित लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन प्रख्ताक कवि जगदीश प्रसाद पंथी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद सोनभद्र के सभी सदस्यगण एवं ''स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति'' के नामित सदस्यगण, तथा सत्यम पाण्डेय जिला कार्यक्रम प्रबधन्क सोनभद्र, तथा जनप्रतिनिधि कौशल शर्मा नगर अध्यक्ष, सुमन केशरी, संजय जायसवाल, नगर पालिका के कर्मचारी सर्वश्री सुजीत कुमार, आकाश रावत, संत कुमार सोनी, राम बिलास गुप्ता, खुशबू मिश्रा, पारा गुप्ता, राजीव कुमार गुप्ता, तौसीफ अहमद, नीरज कुमार, प्रिंस सोनकर, सूरज मिश्रा, आदि लोग उपस्थित रहे।

# के.वाई.सी. अपडेट नहीं कराये जाने पर एडीएम ने नाराजगी व्यक्त की

**अवधनामा संवाददाता**

**शाहजहाँपुर।** आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ. प्र. जवाहर भवन लखनऊ के द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में उज्ज्वला गैस योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में राशिद अली एडीएम (न्यायिक) शाहजहांपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में उज्ज्वला गैस कनेक्शनधारकों को दिए जाने वाले निःशुल्क गैस रिफिल के कार्य की समीक्षा की गई। समीक्षा में यह तथ्य प्रकाश में आया कि 346830 उज्ज्वला गैस कनेक्शन धारकों के सापेक्ष अभी तक 173105 गैस कनेक्शनधारकों द्वारा अपना के0वाई0सी0 अपडेट नहीं कराया गया है, जिसके कारण उनके बैंक एकाउण्ट में सब्सिडी की धनराशि प्रेषित नहीं की जा सकी है। जिस हेतु एडीएम (न्यायिक) के द्वारा गहरी नाराजगी प्रकट की गई। उन्होने सख्त निर्देश दिये कि इस कार्य में गैस कम्पनियों के सेल्स आफिसर और गैस एजेन्सियों के मालिकों एवं कर्मचारियों के द्वारा कोई रूचि नहीं ली जा रही है, जबकि यह कार्य प्रथम चरण में प्रत्येक दशा में 31 दिसम्बर 2023 तक पूर्ण किया जाना है। मौके पर किसी भी गैस एजेन्सी मालिक एवं सेल्स आफीसर यह बताने में असमर्थ रहे कि उनके द्वारा उक्त योजना के प्रचार-प्रसार के लिए क्या कार्य किया गया। एडीएम (न्यायिक) ने निर्देश दिया कि एक सप्ताह में इस कार्य में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए । योजना के प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर एवं बैनर लगाए जाएं। यदि उपभोक्ताओं से सम्बन्धित शिकायतें आई0जी0आर0एस0 के पोर्टल पर प्राप्त होंगी तथा उपभोक्ताओं द्वारा शान्ति भंग किए जाने के प्रयास किए गए तो सम्बन्धित गैस एजेन्सी के साथ - साथ गैस कम्पनी के सेल्स आफीसर को दोषी मानते हुए धारा 151 सी0आर0पी0सी0 के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। बैठक में एडीएम (न्यायिक) के द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि उक्त योजना में जिन गैस एजेन्सियों द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है, उनकी विशेष जांच कराई जाए।

# स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समितियों को चेयरमैन ने किया सम्मानित

- नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सामाजिक जन की सहभागिता भी है जरूरी



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/डाला।** स्वच्छ भारत मिशन नगरीय की सफलता के लिए व्यापक जन सहभागिता एवं जनांदोलन के लिए नगर के प्रत्येक वार्ड में गठित स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का सम्मान स्वछता जन जागृति दिवस के रूप में बुधवार को नगर पंचायत डाला में अध्यक्ष फुलवन्ती देवी और अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडे के द्वारा किया गया। निकाय से जुड़े सभी 10 वार्डों में स्वच्छता जागरूकता अभियान में जन सहभागिता के लिए सभी को जागरूक किया गया। नगर पंचायत के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वार्डों में नामित प्रोत्साहन समिति सदस्यों को टी शर्ट और टोपी,बिल्ला व परिचय पत्र बांटे गए। अध्यक्ष फुलवन्ती देवी ने बताया कि वार्ड वार नामित किए गए स्वच्छता प्रोत्साहन समिति में नामित पदाधिकारी व सदस्यों को अपने अपने वार्डों में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया तथा सभागार में मौजूद लोगों को भी जागरूक किया गया क्योंकि नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सामाजिक जन की सहभागिता भी जरूरी है। इस मौके पर सभासद विशाल कुमार, शबाना खान, आशा देवी, बालवीर, संतोष कुमार, दीक्षा पटेल, बिंदु पटेल, अवनीश कुमार, नीतीश कुमार लिपिक ऋषि कुमार , हनुमान सिंह, मुकेश जैन , सुभाष पाल, संतोष त्रिपाठी, सुरेश कुमार, मधु सिंह, संगीता देवी, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# बेटियों को आगे बढ़ाने में माताओं का असीम सहयोगः बेबी

- मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता नारी शक्ति समागम में बोलीं कैबिनेट मंत्री
- विजेता प्रतिभागियों के साथ ही महिला पुलिस आरक्षियों को किया सम्मानित



**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** पुलिस लाइन ग्राउंड में बुधवार को आयोजित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता नारी शक्ति समागम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग बेबी रानी मौर्य ने सबसे पहले खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली बालिकाओं के साथ आई माताओं को प्रणाम करते हुए कहा कि मातायें बेटियों को आगे बढ़ाने में बहुत बड़ा सहयोग कर रही हैं। कहा कि बेटियों के जन्म से लेकर विवाह तक की जिम्मेदारी लेते हुए केन्द्र व प्रदेश सरकार ने ली है। मण्डल स्तरीय इस प्रतियोगिता में 641 बालिकाओं ने 13 विभिन्न खेलों में प्रतिभाग कर नारी शक्ति समागम को वृहद स्वरूप प्रदान किया है। केन्द्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन बिल के द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं को भी गिनाया। उन्होंने बताया कि अगले वित्तीय वर्ष से कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत मुख्यमंत्री द्वारा 25 हजार रूपये की धनराशि दी जायेगी। मुख्य अतिथि ने खेलकूद प्रतियोगिता में विजयी बालिकाओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इसके साथ ही महिला पुलिस आरक्षियों को भी सम्मानित कर हौसला बढ़ाया।

विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि बेटियां माता-पिता व गुरू का सदैव सम्मान करें। साक्षर के साथ-साथ शिक्षित भी बनें ताकि किसी भी महिला-पुरूष को वृद्धाश्रम न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि बेटियां जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपने चरित्र को उज्वल व मजबूत बनाये रखें। विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत का आरक्षण नारी शक्ति वंदन बिल के द्वारा दिये जाने के लिए पारित कराया गया है। विधायक नरैनी ओममणि वर्मा ने कहा कि बेटियां किस प्रकार आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनें, इसके लिए सरकार ने विभिन्न कार्यक्रम एवं योजनायें महिला हितों में संचालित कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की खेलकूद की प्रतियोगिताओं से बालिकाओं का मानसिक एवं शारीरिक विकास होने के साथ उन्हें प्रतिस्पर्धा में आगे बढने का अवसर मिलता है। चित्रकूटधाम मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही गौरव पूर्ण है, जिसमें मण्डल के चारों जनपदों की बालिकाओं ने बडे उत्साह के साथ ही इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि इस आयोजन से छात्राओं में आत्मविश्वास व फिजिकल फिटनेश के साथ खेलों के प्रति रूझान बढ़ेगा। इस समागम में बालिकाओं के साथ-साथ माताओं की प्रतियोगिता रस्साकसी का भी आयोजन किया गया है, बच्चियों को आगे बढाने में माताओं का विशेष सहयोग रहता है।

# ए.के. शर्मा ने "सम्भव" के तहत राज्य स्तरीय जनसुनवाई की

**जनसुनवाई में सीवर चोक व क्षतिग्रस्त होना, पानी के बिल, स्ट्रीट लाइट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, गंदगी व कूड़ा, पाइप लाइन लीकेज जैसी समस्याओं का हुआ निस्तारण**

- शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारियों से वर्चुअल बात कर समस्याओं का मौके पर किया समाधान
- निकायों में आई जनसमस्याओं का शीघ्र निराकरण करने हेतु हर संभव कदम उठायें जाए
- अधिकारियों की कार्यशैली ऐसी हो, कोई भी समस्या लोगों के लिए परेशानी बने, इससे पहले ही समाधान हो जाए
- सभी नगरीय निकाय कार्यों के सुचारू व समयबद्ध संचालन हेतु डिजिटल प्रणाली को अपनाये: मंत्री ए.के. शर्मा



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सभी नगरीय निकाय अधिकारियों को निर्देशित किया कि निकायों में आई जनसमस्याओं की अनदेखी न करें, इसका शीघ्र निराकरण करने हेतु हर संभव कदम उठायें जाए, जिससे कि लोगों को शीघ्र राहत मिले। अधिकारियों की कार्यशैली ऐसी हो कि कोई भी समस्या लोगों के लिए परेशानी का कारण बने, इससे पहले ही समाधान हो जाए। इसके लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लें। उन्होंने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आनलाइन बनाने तथा अन्य कार्यों को समयबद्ध रूप से करने के लिए अलीगढ़ नगर निगम द्वारा संचालित ई-आफिस प्रणाली का प्रस्तुतीकरण देखा और नगरीय निकाय निदेशक को निर्देशित किया कि सभी नगरीय निकायों में कार्यों के सुचारू व समयबद्ध रूप से संचालन हेतु डिजिटल प्रणाली को अपनाये। इसके लिए कार्य किया जाए। स्ट्रीट वेन्डर्स को अपने कार्यों में समस्या न हो, अलीगढ़ नगर निगम की तरह अन्य निकायों में भी स्मार्ट वेन्डर कार्ड बनाने की व्यवस्था की जाए। स्ट्रीट वेन्डर तथा सफाई कर्मियों को केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का भी लाभ मिले, इसके लिए भी प्रयास किये जाए।

नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा बुधवार को नगरीय निकाय निदेशालय में सम्भव के तहत राज्य स्तरीय जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारियों से शिकायत के संबंध में वर्चुअल बात भी की। सीवर चोक व क्षतिग्रस्त होना, पानी के बिल, स्ट्रीट लाइट, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, गंदगी व कूड़ा, पाइप लाइन लीकेज जैसी आदि समस्याओं का निस्तारण कराया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज न करें। बल्कि उनका गम्भीरता से निराकरण करायें। ए.के. शर्मा ने जनसुनवाई में वाराणसी निवासी शिवम रस्तोगी के कायवले धाम कालोनी में 09 माह से सीवर चोक की शिकायत पर नगर आयुक्त वाराणसी ने बताया कि पुरानी सीवर लाइन होने से समस्या है, इसके स्थाई समाधान के लिए नई सीवर लाइन हेतु स्टीमेट बनाया गया है तथा 3.84 लाख रूपये की लागत से इस 45 मी. लम्बी सीवर लाइन को जल्द ही बदला जायेगा। लखनऊ निवासी सचित्र मिश्रा की कालोनी कन्हैया माधवपुर वार्ड में सीवर का गंदा पानी भरने से कालोनी में दुर्गंध व मच्छरों की संख्या बढ़ने की शिकायत पर नगर आयुक्त लखनऊ इन्द्रजीत ने 04-05 दिन में इस समस्या का निराकरण करने की बात कही। इसी प्रकार कानपुर निवासी पूजा शर्मा के आवास में जलकर व सीवर बिल ज्यादा आने की शिकायत पर कानपुर जीएम ने बताया कि बिल का संशोधन कर दिया गया है। वर्ष 2021 में सीवर लाइन पड़ी थी। बलिया निवासी गौरव यादव की प्रोफेसर कालोनी में कूड़ा उठान न होने की समस्या पर मंत्री ने अधिकारियों को जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिये तथा लोग कूड़ा इधर-उधन न फेके, इसके लिए भी जागरूक किया जाए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर पर्यटन, सांस्कृतिक और सिंचाई मंत्री (उत्तराखंड सरकार) सतपाल महाराज ने शिष्टाचार भेंट की।

## पर्यटन मंत्री ने नव-निर्मित अवध वीथिका का लोकार्पण किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज यहाँ राज्य संग्रहालय लखनऊ में अवध वीथिका के लोकार्पण के अवसर पर कहा कि इसके माध्यम से दर्शक अवध की गौरवशाली संस्कृति के विविध आयामों को देख सकेंगे। इस वीथिका में अवध की गौरवशाली संस्कृति एवं हस्तशिल्प आदि की झलक प्रस्तुत की गयी है। इसके साथ ही विभिन्न कलाकृतियों एवं पुरावशेषों का संग्रह कर उन्हें जनसामान्य के अवलोकनार्थ किया गया है। जयवीर सिंह ने कहा कि 171.80 लाख रूपये की लागत से अवध वीथिका का सुदृढ़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य कराया गया है। वीथिका में अवध की संस्कृति से संबंधित मीनाकारी, मिट्टी के खिलौने, वाद्य यंत्र एवं अन्य वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया है।

# बिगड़ती जा रही है यूपी की कानून व्यवस्था: अखिलेश

- उद्योगपति यहां नहीं करना चाहते हैं निवेश



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश लगातार पिछड़ता जा रहा है। सरकार के पास न तो प्रदेश की प्रगति का कोई दृष्टिकोण है और न ही इच्छाशक्ति है। सात वर्षों से लगातार सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा सरकार ने अब तक जनहित में एक भी काम नहीं किया है। सिर्फ समाजवादी सरकार के कामों को ही अपना बता कर वाहवाही लेने की कोशिश कर रही है।

अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास के लिए निवेशक सम्मेलन की नींव सपा सरकार में रखी गई थी। तब निवेश के तमाम एमओयू को जमीन पर भी उतारा गया। लखनऊ के चकगंजरिया में आईटी हब बना। एचसीएल कंपनी के साथ अन्य आईटी कम्पनियां भी यहां काम कर रही है। अमूल दूध का प्लांट लगा। नौजवानों को तमाम नौकरियां मिलीं। अनेक फिल्म निर्माता प्रदेश में आए थे। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है, जो उद्योगपति आना चाहते थे, वे भी नहीं आ रहे हैं। पता चला है अब सरकार उन्हें ढूंढ रही है। भाजपा सरकार ने दावा किया कि प्रदेश में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव मिले, लेकिन अभी तक कहीं एक भी उद्योग नहीं लगा। उद्यमियों को भाजपा सरकार प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए भूमि नहीं दे पा रही है।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ।** प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह ने पंचायतीराज निदेशालय में आज 13 दिसम्बर, 2023 को पंचायतीराज समिति की अध्यक्षता में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये कहा कि पचांयती राज संस्थाओं की कार्यशैली में विगत 07 वर्षों से व्यापक परिवर्तन आये हैं। जिन अभिलेखों की भौतिक रूप से उपलब्धता नहीं हो पा रही थी, वह सब आनलाइन आमजन के लिए उपलब्ध हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि भारत सरकार के पोर्टल पर कार्ययोजना अपलोड किये जाने, कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की रिपोर्टिंग के साथ परिसम्पत्तियों की जियो टैगिंग के कार्य से संबंधित विवरण भी ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर उपलब्ध है।

# 68वां राष्ट्रीय रेलवे पुरस्कार समारोह-2023 नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा

अवधनामा ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** 16 अप्रैल, 1853 को भारत में पहली रेलगाड़ी चलने के उपलक्ष्य में हर साल 10 से 16 अप्रैल तक रेल सप्ताह मनाया जाता है। रेल सप्ताह के दौरान पूरी भारतीय रेल पर समारोह आयोजित किये जाते हैं। इस वर्ष, 68वां रेल सप्ताह केंद्रीय समारोह - अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2023 का आयोजन 15 दिसंबर, 2023 को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस समारोह के दौरान, माननीय रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा चयनित रेलकर्मियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कार दिया जाएगा। विशेष क्षेत्र में सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए क्षेत्रीय रेलवे/पीएसयू को शील्ड भी प्रदान की जायेंगी ।

इस अवसर पर माननीय रेल, कोयला और खनन राज्य मंत्री, रावसाहेब पाटिल दानवे, माननीय रेलवे और कपड़ा राज्य मंत्री श्रीमती दर्शना जरदोश, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ और सदस्य, सभी क्षेत्रीय रेलवे, रेलवे की उत्पादन इकाईयों और रेलवे के सार्वजनिक उपक्रमों के महाप्रबंधक भी उपस्थित रहेंगे।

कुल मिलाकर, पूरे देश में विभिन्न क्षेत्रीय रेलों, उत्पादन इकाईयों और रेलवे के सार्वजनिक उपक्रमों के 100 रेलवे कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर 21 शील्डें भी प्रदान की जाएंगी।

यह भारतीय रेल के प्रमुख समारोहों में से एक है जहां रेलवे का पूरा सेट-अप, भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में मौजूद रहेगा। भारतीय रेल, भारत मंडपम में पहली बार इस समारोह का आयोजन करने पर गर्व महसूस कर रही है।

# परमाणु दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षा हेतु दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण संपन्न



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** क्राइसिस मैनेजमेन्ट ग्रुप, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ की सहभागिता में प्रदेश में प्रथम बार परमाणु दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षा जैसे संवेदनशील तथा महत्वपूर्ण विषय पर 02 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज दिनांक 13 दिसम्बर 2023 को दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बक्शी का तालाब, लखनऊ में किया गया।

कार्यक्रम के समापन में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ले. जनरल रविन्द्र प्रताप साही (ए.वी.एस.एम.) की अध्यक्षता में Nuclear and Radiological Emergency के ऊपर एक माक एक्सरसाइज़ का आयोजन राष्ट्रीय आपदा मोचक बल, लखनऊ 11 वी बटालियन, राज्य आपदा मोचक बल, लखनऊ ,परमाणु ऊर्जा विभाग, अग्निशमन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने किया। एन.डी.आर.एफ. द्वारा माक एक्सरसाइज़ के माध्यम समस्त प्रतिभागियों को Nuclear and Radiological Emergency की घटना होने पर कैसे कार्यवाही की जाये इसके सम्बन्ध में जागरूक किया गया एवं पूरी रेस्क्यू प्रकिया के बारे में भी बताया गया।

कार्यक्रम में भारत सरकार से परमाणु ऊर्जा विभाग, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, नई दिल्ली, राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ, अमेटी युनिवर्सिटी नोएडा तथा राज्य एवं जनपदों से मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिला अधिकारी, उपजिलाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, आपदा विशेषज्ञ आदि लगभग 300 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सरस सेठ, मेम्बर सेक्रेटरी, परमाणु ऊर्जा विभाग, प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी राम केवल, आई.ए.एस., प्राधिकरण की परियोजना निदेशक डॉ कनीज फातिमा तथा सभी अन्य अधिकारी एवं समस्त परियोजना एक्सपर्ट उपस्थित रहे।

## डॉ. मोहम्मद अब्दुल जलील फरीदी की 111वीं पुण्यतिथि किया गया याद

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस के संस्थापक डॉ. मोहम्मद अब्दुल जलील फरीदी की 111वीं पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर उन्हें याद किया गया। पार्टी के तौफीक अली जाफरी ने स्वर्गीय फरीदी की देश और राष्ट्र के प्रति सेवाओं को याद करते हुए उन्हें एक उच्च बौद्धिक और व्यवहारिक व्यक्तित्व बताया। श्री जाफरी ने कहा कि आज देश में मुस्लिम नेतृत्व में जो कमी है, आजादी के बाद अगर वह काम किसी मुस्लिम शख्सियत ने की तो वह देश के नेता अब्दुल जलील फरीदी हैं। एक मुस्लिम नेता में जो गुण होना चाहिए वे उनमें थे। उन्होंने कहा कि 1974 के चुनाव में अगर कांग्रेस ने यूपी में मुस्लिम लीग को न चुना होता तो देश और कौम का पतन काफी हद तक रुका होता। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से देश के बुद्धिजीवी वर्ग ने उनकी सेवाओं की सराहना नहीं की।

# जरूरतमंद तक पहुँच रही योगी सरकार में पुलिस रेस्पोंस वैन: डॉ. राजेश्वर सिंह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मजबूत तथ्यों के साथ अपनी बात रखने के लिए मशहूर सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बुधवार को अपने आधिकारिक एक्स (ट्विट्टर) पर योगी सरकार में अपराध से घटे आंकड़े रखे। डॉ. सिंह ने एक्स एकाउंट पर लिखा कि संसाधनों का समुचित उपयोग कर मोदी -योगी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार सुशासन के संकल्प को भलीभाँति पूरा कर रही है, इसी का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में डायल 112 सेवा आम जनता को कहीं भी, किसी भी समय आपात स्थिति में त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने में मददगार साबित हुई है। सरोजनीनगर विधायक ने आगे लिखा कि, वर्ष 2016 में



पुलिस रिस्पांस वाहन (पीआरवी) द्वारा पीड़ित तक कॉल करने या पहुंचने में लगभग एक घंटा लगता था जो आज घटकर 9.44 मिनट पर आ गया है। योगी सरकार की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए डॉ. सिंह ने लिखा कि महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 181, मेडिकल हेल्पलाइन 108, साइबर हेल्पलाइन 1930 आदि जैसी सेवाओं का 112 के साथ एकीकरण और जीपीएस, रेडियो वायरलेस, मोबाइल/वेब ऐप जैसी तकनीक के उपयोग ने डायल 112 की सेवा को अत्यधिक व्यावहारिक बना दिया है। योगी सरकार के प्रयासों से अपराध में गिरावट के आंकड़े प्रदर्शित करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने लिखा कि, इन कदमों से डकैती के मामलों में 468 प्रतिशत की कमी, लूट के मामलों में 202 प्रतिशत की कमी, हत्या के मामलों में 59 प्रतिशत की कमी, बलात्कार के मामलों में 77 प्रतिशत तक कमी और फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में 2016 की तुलना में 103 प्रतिशत तक कमी आई है। सरोजनी नगर विधायक ने डॉ. मोहन यादव को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद तथा राजेंद्र शुक्ला व जगदीश देवडा को मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पद शपथ लेने पर बधाई दी।

## राज मिस्त्रियों के प्रशिक्षण से उनके रोजगार के खुल रहे हैं नये द्वार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्रामीण राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षण देकर और अधिक कुशल,दक्ष और हुनरमंद बनाया जा रहा है, इससे, मिस्त्रियों के लिए रोजगार के नये द्वार खुल रहे हैं और राज मिस्त्रियों के प्रशिक्षण से उनकी आय में बढ़ोतरी भी हो रही है , यही नहीं प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना -ग्रामीण के तहत बनाये जा रहे आवासों की गुणवत्ता में भी और अधिक सुधार होगा।ग्रामीण क्षेत्र के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुरूष / महिला को सर्टिफिकेशन के बाद बड़े जगहों एवं निर्माण एजेन्सियों में कार्य करने का अवसर मिलता है, जिससे उनकी कार्य क्षमता के उपयोग के साथ उन्हें बेहतर मजदूरी भी मिलती है।ग्राम्य विकास विभाग ग्रामीण परिवारों के उत्थान के लिए सतत् प्रयासरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत रूरल मेसन ट्रेनिंग इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# यूपी जोड़ो यात्रा: नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी भागीदरी की सुनिश्चित

- यूपी जोड़ो यात्रा आगामी 20 दिसम्बर से सहारनपुर से होगी शुरू
- कांग्रेस से कंधे से कंधा मिला कर चलने का लिया संकल्प

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** कांग्रेस की यूपी जोड़ो यात्रा के समर्थन में बुधवार को नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रभूषण पाण्डेय ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के समक्ष साथी पार्टी के रूप में जुड़ कर 2024 लोकसभा चुनाव में कंधे से कंधा मिला कर चलने का संकल्प लिया। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. हिलाल अहमद नकवी ने बताया कि यूपी जोड़ो यात्रा आगामी 20 दिसम्बर से सहारनपुर से शुरू होगी। 16 दिसम्बर से खरमास शुरू होने की वजह से यात्रा का औपचारिक आरम्भ 15 दिसम्बर से महादेव की नगरी काशी से बाबा विश्वनाथ का दर्शन कर संकल्प के साथ प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सांकेतिक रूप से करेंगे। 20 दिसम्बर को सहारनपुर से शुरू होकर यात्रा मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर, लखीमपुर-खीरी होते हुए सीतापुर पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि यात्रा प्रदेश के 10 जनपदों से होकर गुजरेगी। यात्रा के दौरान नुक्कड़ सभाएं होगी और जनसम्पर्क किया जाएगा। यात्रा में किसानों, युवाओं, कारीगरों, बेरोजगारों और महिलाओं से सम्पर्क कर उनकी समस्याएं सुनी जाएंगी और घोषणा पत्र में उनकी आवाज को जगह दी जाएगी। श्री नकवी ने कहा कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकार की आर्थिक नीतियों और जीएसटी के गलत तरीके से लागू होने से छोटे और मंझोले व्यापारियों का कारोबार लगभग खत्म हो गया है। यात्रा के दौरान सहारनपुर के लकड़ी के नक्काशी उद्योग के कारीगरों और व्यापारियों से भेंट वार्ता की जाएगी। इसी तरह मुजफ्फरनगर के गुड़ व्यापारियों से बिजनौर के किसानों, अमरोहा के गन्ना किसानों, मुरादाबाद के पीतल कारोबारियों, बरेली में बांस उद्योग से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की जाएगी और उनके समाधान के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र में जगह दी जाएगी। लखीमपुर-खीरी के थारू जनजाति के लोगों के साथ वार्ता की जाएगी।

प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि 20 दिसम्बर को सहारनपुर से शुरू होने वाली यूपी जोड़ो यात्रा में अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। यात्रा को लेकर विभाग के पदाधिकारियों की बैठक में उन्होंने कहा कि जिन जिलों में यात्रा नहीं गुजरेगी वहां के पदाधिकारी पूरी यात्रा में चलेंगे। यात्रा में अल्पसंख्यक कांग्रेस की ओर से हर जिले पर एक प्रदेश उपाध्यक्ष की समन्वय समिति बनाने का भी निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि जिस तरह मोदी सरकार चुनाव आयोग को सरकार के मातहत लाने का प्रयास कर रही है, उससे आगामी चुनाव देश का आखिरी चुनाव भी साबित हो सकता है। मोदी सरकार जैसी स्थिति बनाने की तरफ बढ़ रही है, उसमें सबसे अधिक नुकसान अल्पसंख्यक और दलित वर्ग का होगा। यात्रा के दौरान अल्पसंख्यक कांग्रेस कार्यकर्ता मुस्लिम और दलित मोहल्लों में लोगों को बताएंगे कि प्रदेश में मुसलमानों की आबादी 20 प्रतिशत और दलितों की आबादी 21 प्रतिशत है। अगर यह दोनों वोट बैंक एक साथ आ जाएं तो हम भाजपा को आसानी से हरा देंगे। बैठक में उपाध्यक्ष खालिद मोहम्मद खान, अनवर अनीस, वसी अहमद रिजवी, मुनीर अकबर, हुमायूं बेग अपने प्रभार वाले क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ शामिल हुए। बैठक का संचालन मेरठ शहर अध्यक्ष मोहम्मद जामिन ने किया।

## मंत्री अनिल राजभर कल सहारनपुर में

**लखनऊ।** प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर कल 14 दिसम्बर, को पूर्वान्ह 10:30 बजे सर्किट हाउस, सहारनपुर पहुंचेंगे। मंत्री पूर्वान्ह 11:00 बजे श्रमिकों के हितार्थ संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत हितलाभ वितरण कार्यक्रम में भवन एवं अन्य सनिन्नर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा निर्माण हेतु जनमंच, निकट गांधी पार्क, सहारनपुर में सम्मिलित होंगे। इसके बाद वृहद रोजगार मेला कार्यक्रम के तहत राजकीय आई.टी.आई. परिसर, दिल्ली रोड, सहारनपुर में सम्मिलित होंगे।

# प्रदेश में अब तक 18.33 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रूपये प्रति कुं. और धान ग्रेड-ए 2203 रूपये प्रति कुं. की निर्धारित दर से खरीद की जा रही है। विभिन्न धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 18.33 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान किसानों से सीधे क्रय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 274094 किसानों को लाभान्वित करते हुए 3430.439 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 89552.51 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। खरीद केन्द्रों पर किसानों को कोई असुविधा न हो, इसका पूरा-पूरा ध्यान रखते हुए खरीद की जा रही है।

# आधी भरने पर ही चलेंगी रात्रि सेवा की रोडवेज

- एमडी ने लोड फैक्टर की समीक्षा की



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रात्रि सेवा की बसें आधी भरने के बाद ही रवाना किया जाना चाहिए। परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने क्षेत्रीय स्तर पर लोड फैक्टर की समीक्षा कर इस बाबत अधिकारियों को निर्देश दिए।

परिवहन मुख्यालय से जारी पत्र में कहा गया है कि 50 प्रतिशत लोड फैक्टर से कम पर बसें संचालित न हों। सभी नोडल अधिकारी सुनिश्चित करके ही बसों को रवाना करें। दरअसल, क्षेत्रीय स्तर पर उचित समीक्षा न होने के कारण बहुत से क्षेत्रों से कम लोड फैक्टर पर बसें संचालित हो रही हैं। इसी मुद्दे को लेकर निगम एमडी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने अधीन प्रत्येक डिपो की दिल्ली के लिए चलने वाली बसों की समीक्षा कर मुख्यालय को 22 दिसंबर तक रिपोर्ट दें। उन्होंने कहा कि बताया कि दिल्ली से आने वाली अधिकांश बसों का लोड फैक्टर बेहतर रह रहा है लेकिन दिल्ली जाने वाली बसों का लोड फैक्टर औसत से भी कम है।

उन्होंने कहा कि नई बस सेवाओं को सफल बनाने के लिए दो माह तक छूट दी गई है, जिससे लोड फैक्टर में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। 50 प्रतिशत से ऊपर लोड फैक्टर पर ही बसों को चलाया जाए। ऐसा नहीं करने वाले अफसरों पर कार्रवाई की जाएगी।

# मरियम रिज़वी ने क्लैट में 93.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किये

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हाई कोर्ट में कार्यरत जाफ़र रज़ा की बेटी मरियम रिज़वी ने क्लैट परीक्षा में 93.25 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के साथ ऑल इंडिया रैंक में 535वां स्थान प्राप्त किया है। इसके बाद मरियम को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है और घर पर ख़ुशी का माहौल है। अम्बर फॉउण्डेशन के चेयरमैन वफ़ा अब्बास ने मरियम के घर पहुंचकर उसको सम्मानित किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। मरियम ने बताया के वो अब पीसीएसजे की तैयारी करेगी। इस



अवसर पर मुहम्मद काज़िम जामी, सैयद इफ्तिकार हुसैन आबिदी, ज़मानत अली, रिज़वान अली दानिश, अच्छन साहब आसिफ़ हसन, रज़ा इमाम, अज़ादार हुसैन सहित मोहल्ले के कई संभ्रांत लोग मौजूद थे।

# पर्यटन मंत्री ने आपरेशनल होटल एवं रिसॉर्ट्स के स्टार वर्गीकृत पोर्टल का किया शुभारम्भ



- न्यू होटल वर्गीकरण पर्यटकों को आकर्षित करने के साथ हास्पिटेलिटी सेक्टर में निवेश को गति प्रदान करेगा: जयवीर

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने नये स्टार होटल वर्गीकरण पोर्टल का उद्घाटन करते हुए कहा कि होटलों के इस वर्गीकरण से उनकी एवं रिसॉटस गुणवत्ता, सेवाओं और समग्र सुविधाओं तथा अतिथि अनुभव के आधार पर किया गया है। इससे होटलों के कारोबार को गति मिलेगी। नई संशोधित वर्गीकरण प्रणाली में 05 अलग-अलग श्रेणियॉ शामिल की गयी हैं। उन्होंने कहा कि नई स्टार होटल वर्गीकरण प्रणाली के लाभ बहुआयामी हैं। इस प्रणाली के अंतर्गत मान्यता प्राप्त होटल कई प्रकार के प्रोत्साहनों के पात्र होंगे और उन्हें उद्योग मानक के तहत सब्सिडी और टैक्स का लाभ मिलेगा।

पर्यटन मंत्री आज पर्यटन विभाग के सभागार में न्यू स्टार वर्गीकरण प्रणाली के शुभारम्भ के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग ने प्रदेश के संचालित होटलों और रिसॉट्स के स्टार वर्गीकरण की मंजूरी के लिए एक नई स्टार वर्गीकरण प्रणाली शुरू की है। इसका उद्देश्य राज्य में अधिक होटल कमरों की उपलब्धता, बेहतर सुविधाओं के साथ हास्पिटेलिटी उद्योग में सुधार के साथ-साथ होटल और रिसॉट्स को उद्योग के बराबर सब्सिडी और प्रोत्साहन प्राप्त होगा।

जयवीर सिंह ने कहा कि उ.प्र. अपने सांस्कृतिक विरासत एवं ऐतिहासिक स्थलों और जीवंत शहरों के लिए जाना जाता है। राज्य सरकार निरन्तर पर्यटन उद्योग को बढ़ावा दे रही है। नई संशोधित वर्गीकरण प्रणाली में 05 अलग-अलग श्रेणियॉ शामिल हैं।